सूर्योदय 6:45 सूर्यास्त 5:25

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 8 न्यू | 21 अधि |
| धर्मशाला | 14 न्यू | 23 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 83,535 |
| निफ्टी | 25,574 |
| सोना 1,22,087 | चांदी 1,50,975 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | मंगलवार, 11 नवंबर 2025 | 27 कार्तिक, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 314, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702







# आपदा प्रभावितों को मिले 4-4 लाख

## मुख्यमंत्री ने मंडी में 4,914 प्रभावित को बांटी 81.28 करोड़ रुपए की राहत राशि

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने सोमवार को मंडी के पड्डल मैदान में आपदा प्रभावित परिवारों को राहत राशि प्रदान की। उन्होंने प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण के माध्यम से 4,914 प्रभावितों को 81.28 करोड़ रुपए की राहत राशि वितरित की। उन्होंने कहा कि आपदा प्रभावित परिवारों को अब सात लाख के स्थान पर आठ-आठ लाख रुपए की राहत राशि दी जाएगी। इस अवसर पर पूरी तरह से क्षतिग्रस्त मकानों के लिए 1,513 लाभार्थियों को 7 लाख रुपए में से 4-4 लाख रुपए की पहली किस्त प्रदान की गई। इनमें से 781 लाभार्थी मंडी, 631 लाभार्थी कुल्लू तथा 101 लाभार्थी बिलासपुर जिले से संबंधित हैं। इसके अतिरिक्त, आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त मकानों के लिए 3,401 प्रभावितों को एक-एक लाख रुपए प्रदान किए गए। राहत राशि प्राप्त करने वाले 1,547 लाभार्थी मंडी, 1,541 लाभार्थी कुल्लू और 313 लाभार्थी बिलासपुर जिले से संबंधित हैं। अब तक, मंडी जिले के 4,375 प्रभावित परिवारों को 14.46 करोड़ रुपए की राहत सहायता वितरित की जा चुकी है। वर्तमान में राज्य सरकार द्वारा मंडी में 72 करोड़ रुपए की लागत से 27 आपदा न्यूनीकरण परियोजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त, राज्य कार्यकारी समिति ने 18.84 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत की पांच और परियोजनाओं को मंजूरी दी है।

**कहा- 7 लाख के बजाय अब 8 लाख मिलेगी राहत राशि**



मंडी में आपदा प्रभावितों को राहत राशि के चेक बांटते सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू।

### 'मधु मांडव' पहल का किया शुभारंभ

**मुख्यमंत्री** ने 'मधु मांडव' पहल का शुभारंभ भी किया। इस पहल को मुख्य रूप से जिले के आपदा प्रभावित क्षेत्रों में शुरू किया जाएगा। इसके तहत प्रभावित परिवारों को मधुमक्खी पालन को आजीविका के साधन के रूप में अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। लाभार्थियों को वित्तीय सहायता के साथ-साथ मधुमक्खी पालन इकाइयां स्थापित करने के लिए प्रशिक्षण और सहायता प्रदान की जाएगी।

### निकिता को दिया 7.95 लाख का चेक

**मुख्यमंत्री** सुक्खू ने सराज विधानसभा क्षेत्र के पंगलूर में बाढ़ में अपने माता-पिता को खोने वाली एक बच्ची निकिता को 7.95 लाख रुपए का चेक प्रदान किया। मुख्यमंत्री ने निकिता के लिए 21 लाख रुपए की अतिरिक्त वित्तीय सहायता की भी घोषणा की। उन्होंने कहा कि निकिता जैसी बेटियां अकेली नहीं हैं और प्रदेश सरकार इन बच्चियों के साथ खड़ी है।

### आपदा राहत के नाम पर कितना पैसा आया व कितना खर्च किया, श्वेतपत्र जारी करें जयराम

**मुख्यमंत्री** सुक्खू ने कहा कि भाजपा आपदा के नाम पर भी राजनीति कर रही है। पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर पर प्रहार करते हुए कहा कि भाजपा नेता आपदा राहत के नाम पर नाटक करते हैं, बयानबाजी करने के सिवाय कुछ नहीं करते। उन्होंने कहा कि जयराम ठाकुर आपदा राहत के नाम पर मिले पैसे को लेकर श्वेतपत्र जारी कर बताएं कि कितनी राहत राशि उन्हें मिली है और उसे कहां खर्च किया गया। उन्होंने कहा कि मंडी के आज आपदा प्रभावित परिवारों को पहली किस्त के रूप में 4-4 लाख रुपए की राशि आवंटित गई है। कितना अच्छा होता कि जयराम ठाकुर और मंडी जिला के भाजपा के सभी विधायक यहां मौजूद होते, लेकिन निमंत्रण पत्र न मिलने का बहाना बनाकर इस समारोह में नहीं आए। अगर वे यहां आते तो सभी को मंच पर बोलने का मौका दिया जाता। सीएम ने कहा कि आपदा की स्थिति में प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने संवेदनशीलता का परिचय देते हुए केंद्र सरकार के राहत मैन्युल में बड़ा बदलाव कर सात लाख पूर्णरूप से क्षतिग्रस्त मकानों का मुआवजा दिया। जिसमें अब एक लाख बर्तनों और घर के सामान के नुकसान के बदले दिए जाएंगे।

**कहा- बयानबाजी के सिवाय कुछ भी नहीं करते भाजपा के नेता**

# दिल्ली में लाल किले के पास कार में ब्लास्ट; 10 की मौत, 24 जख्मी

## मेट्रो स्टेशन के गेट नंबर-1 के पास हुआ धमाका, कई गाड़ियां जलीं



**एजेंसी, नई दिल्ली**

दिल्ली के लाल किला मेट्रो स्टेशन के गेट नंबर-1 के पास सोमवार शाम 6 बजकर 55 मिनट पर पार्किंग में खड़ी एक कार में धमाका हो गया। ब्लास्ट के बाद आग इतनी तेजी से फैली कि आसपास खड़ी तीन और गाड़ियां भी जल गईं। धमाके में 10 लोगों की मौत हो गई, वहीं, 24 घायल हैं। ब्लास्ट की वजह अभी साफ नहीं है। कई घायलों को एलएनजीपी अस्पताल ले जाया गया है। फायर विभाग के अधिकारियों ने बताया कि धमाके के कारणों की जांच की जा रही है। पुलिस ने पूरे इलाके को घेर लिया है और फॉरेंसिक टीम घटनास्थल पर मौजूद है। घटना स्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। वहीं, दिल्ली, हरियाणा, यूपी और हिमाचल में हाई अलर्ट जारी किया गया है। एक दुकानदार ने बताया, मैंने अपनी जिंदगी में इतना जोरदार धमाका कभी नहीं सुना। मैं धमाके की वजह से तीन बार गिरा। (अनंत ज्ञान)

**दिल्ली, यूपी, हरियाणा हिमाचल में हाई अलर्ट**

### फरीदाबाद में मिला 2900 किलो विस्फोटक एक डॉक्टर गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** हरियाणा के फरीदाबाद में एक डॉक्टर के घर से 360 किलो विस्फोटक (संदिग्ध अमोनियम नाइट्रेट) बरामद किया गया है। इसके साथ ही असॉल्ट राइफल और कारतूस भी मिले हैं। यहां जम्मू-कश्मीर पुलिस ने छापा मारा था। वहीं, उसकी निशानदेही पर फरीदाबाद में ही एक और घर से 2563 किलो विस्फोट मिला है। गिरफ्तार डॉक्टर का नाम मुजम्मिल शकील है। यह फरीदाबाद की अलफलाह यूनिवर्सिटी में पढ़ाता था। यह पुलवामा के कोइल का रहने वाला है। जानकारी के मुताबिक, डॉ. मुजम्मिल ने फरीदाबाद के धौज गांव में 3 महीने पहले किराए पर कमरा लिया था। वह यहां रहता नहीं था, केवल सामान रखने के लिए कमरा लिया था। इससे पहले 7 नवंबर को जम्मू-कश्मीर पुलिस ने सहारनपुर (यूपी) से डॉ. आदिल अहमद को गिरफ्तार किया था। वह अनंतनाग का रहने वाला है।

# क्या भाजपा में गुटबाजी की खाई अब और गहरी होगी ?

**विक्रम ढटवालिया, अनंत ज्ञान**

**हमीरपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र के बाद अब बुधवार को हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र के लंबलू में भी गरजेंगे। विधायक आशीष शर्मा की पत्नी स्वाति के जन्मदिन पर आयोजित हो रहे महिलाओं के एक कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री की मौजूदगी को लेकर चर्चाओं का दौर अब नए माहौल में पहुंच रहा है। कारण यह है कि प्रदेश भाजपा में पिछले कुछ समय से जो हालात बने हुए हैं, वह गुटबाजी के माहौल को अब जोर आजमाइश में बदलने के लिए चर्चित हो चुके हैं।

सुजानपुर के भरेटा में बीते रविवार को वहां के पूर्व विधायक राजेंद्र राणा ने जिस अंदाज में पूर्व सीएम को बुलाकर कार्यक्रम आयोजित किया, अब सिलसिलेबार जयराम ठाकुर एक बार फिर हमीरपुर जिला में ही हमीरपुर के विधायक आशीष शर्मा के एक कार्यक्रम में जब शिरकत करने पहुंचेंगे, तो मतलब तो सीधा यही माना जाएगा कि राजनीति में चुनौती का सिलसिला अब नए 'मरहले' में पहुंच गया है। हमीरपुर जिला में पूर्व मुख्यमंत्री के इस तरह के कार्यक्रमों से पार्टी की भीतरी राजनीति खूब गरमा गई है। कारण यह भी है कि जयराम ठाकुर ने नाम न लेकर मंडी जिला में हुए कार्यक्रम में जिस तरीके से जोरदार हमला किया था, उसकी वकालत विरोधी पक्ष ने भी अपने अंदाज में करने से कोई गुरेज नहीं छोड़ा।

अब हमीरपुर जिला में विधायक आशीष शर्मा, इंद्रदत्त लखनपाल और पूर्व विधायक राजेंद्र राणा की मौजूदगी जिस नई राजनीतिक उधेड़बुन में चल रही है। इसका मतलब सीधा है कि जयराम ठाकुर या फिर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के इशारे पर उनके समर्थन में माहौल बनाने का हमीरपुर जिला में प्रयास शुरू हो गया है? इस तरह का यह माहौल समीरपुर से राजनीति चलाने वालों के लिए चुनौती पेश करने लगा है।

### सियासी गलियारों में इसलिए भी हो रही चर्चा

**सूबे** के पूर्व सीएम जयराम ठाकुर के दोबारा हमीरपुर आने की चर्चा इसलिए हो रही है, क्योंकि हमीरपुर जिला की राजनीति में पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल के रुतबे का जलवा रहा है उनके पुत्र अनुराग ठाकुर सांसद हैं। और वर्ष 2027 में होने वाले विधानसभा चुनावों के लिए पार्टी के भीतर नेताओं की जोर अजमाइश का दौर खींचतान को बढ़ाए हुए हैं। वहीं, संगठनात्मक चुनावों से ही इस जिला में भाजपा की भीतरी राजनीति की खूब चर्चा होती रही है। संगठन के ढांचे पर अपने लोगों को बिठाने की सभी ने अपने-अपने अंदाज में कोशिश की है। विधानसभा स्तर पर जो कुछ हुआ, वह किसी से छिपा नहीं है, लेकिन अब इस नई मुहिम का अंजाम क्या होगा वक्त ही बताएगा।



**कल लंबलू में फिर दहाड़ेंगे जयराम**

# बिहार में अंतिम चरण की आज होगी वोटिंग

**एजेंसी, पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे फेज की 122 सीटों पर वोटिंग 11 नंवबर को होगी। मतदान मंगलवार सुबह 7 बजे से शुरू होगा। इसके लिए 45,399 बूथ बनाए गए हैं। सोमवार शाम तक चुनाव कर्मी ईवीएम लेकर बूथों पर पहुंच गए। 122 सीटों पर 1302 उम्मीदवार मैदान में हैं। विधानसभा चुनाव का रिजल्ट 14 नवंबर को आएगा।

इमामगंज प्रखंड के हेरहज, पथरा और केवलडीह गांव के मतदाता लगभग 25 साल बाद अपने गांव में ही मतदान कर सकेंगे। 2001 में आखिरी बार वोटिंग के बाद से इन तीनों गांवों के लोग वोट नहीं डाल पा रहे थे। गौर रहे कि बिहार विधानसभा चुनाव में पहले पहले चरण में रिकॉर्ड 65% वोटिंग हुई थी। (अनंत ज्ञान)

# महिलाएं देश की सबसे बड़ी अल्पसंख्यक : सुप्रीम कोर्ट

## 33% महिला आरक्षण तुरंत लागू करने की याचिका पर सरकार को नोटिस

**एजेंसी, नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने वाले नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 को तुरंत लागू करने की मांग वाली याचिका पर केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया है। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को केंद्र सरकार और कानून मंत्रालय को नोटिस जारी कर पूछा कि लोकसभा और विधानसभा में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने वाला कानून लगभग कब से लागू किया जाएगा, हालांकि अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि कानून लागू करने का क्षेत्र कार्यपालिका का है, लेकिन उसने इस आरक्षण के उद्देश्य की सराहना करते हुए कहा कि यह महिलाओं की राजनीतिक समानता से जुड़ा कदम है। जस्टिस बीवी नागरत्ना ने सुनवाई के दौरान कहा कि यह महिलाओं की राजनीतिक समानता का मामला है। अदालत ने यह भी टिप्पणी की कि महिलाएं देश की सबसे बड़ी अल्पसंख्यक हैं।

यह याचिका मध्य प्रदेश की कांग्रेस नेता जया ठाकुर ने दायर की है, जिसमें मांग की गई थी कि महिलाओं के लिए आरक्षण कानून को जनगणना और परिसीमन जैसी पूर्व-शर्तों के बिना तुरंत लागू किया जाए। (अनंत ज्ञान)



### याचिका में क्या?

**याचिका** में कहा गया कि महिलाओं को राजनीतिक प्रतिनिधित्व देने के लिए बनाए गए इस ऐतिहासिक कानून को लागू करने में देरी संविधान की मूल भावना के खिलाफ है। याचिकाकर्ता ने मांग की है कि अधिनियम में शामिल 'जनगणना और परिसीमन के बाद लागू' होने की शर्त को हटाया जाए और इसे आगामी आम चुनावों से पहले प्रभावी किया जाए।

# डोनाल्ड ट्रंप हर अमेरिकी को देंगे 1.7 लाख रुपए


**एजेंसी, वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रविवार को ट्रुथ सोशल पर पोस्ट कर दावा किया कि टैरिफ से अरबों डॉलर की कमाई हो रही है। उन्होंने कहा कि इस कमाई से अमीरों को छोड़कर हर अमेरिकी नागरिक को 2,000 डॉलर (करीब 1.7 लाख रुपए) का डिविडेंड मिलेगा। ट्रंप ने पोस्ट में टैरिफ के आलोचकों को 'मूर्ख' करार दिया। उन्होंने कहा, 'टैरिफ के खिलाफ बोलने वाले लोग मूर्ख हैं। हमारी सरकार ने अमेरिका को दुनिया का सबसे अमीर और सम्मानित देश बना दिया है, जहां महंगाई न के बराबर है और शेयर बाजार रिकॉर्ड स्तर पर है।' हालांकि, ट्रंप ने यह नहीं बताया कि ये प्रॉफिट किसे मिलेगा, इसकी पात्रता मानदंड (जैसे आय सीमा क्या होगी?) या समयसीमा पर कोई साफ जानकारी नहीं दी। (अनंत ज्ञान)

# अमृतपाल की याचिका पर सुनवाई से 'सुप्रीम' इनकार

**एजेंसी, नई दिल्ली।** पंजाब के खडूर साहिब से सांसद अमृतपाल सिंह द्वारा नेशनल सिक्योरिटी एक्ट के तहत हिरासत को चुनौती दी गई। अमृतपाल सिंह की ओर से इसे लेकर एक याचिका दाखिल की गई, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने इस पर सुनवाई से इनकार कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने अमृतपाल सिंह से हाईकोर्ट जाने को कहा है। (अनंत ज्ञान)

# रूस में पाक की खुफिया एजेंसी आईएसआई का एजेंट गिरफ्तार

**एजेंसी, मॉस्को।** रूस ने पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के जासूसी नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है। वहां एक आईएसआई एजेंट को गिरफ्तार किया गया है, जो एस-400 के फॉर्मूले की चोरी करना चाहता था। दरअसल, यह नेटवर्क रूस से एडवांस्ड एयर डिफेंस सिस्टम जैसे एस-400 और हेलिकॉप्टर टेक्नॉलजी चुराने की कोशिश में था। रूस की यह कार्रवाई भारत की सुरक्षा दृष्टि से बेहद अहम मानी जा रही है। (अनंत ज्ञान)




## न्यूज ब्रीफ

### इंटर कॉलेज महिला बैडमिंटन चैंपियनशिप शुरू

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** गौतम कॉलेज हमीरपुर में सोमवार को हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय (एचपीयू) इंटर कॉलेज महिला बैडमिंटन चैंपियनशिप का उत्साहपूर्ण शुभारंभ हुआ। यह प्रतियोगिता 10 और 11 नवंबर तक आयोजित की जा रही है। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सरकारी महाविद्यालय नादौन के प्राचार्य प्रो. डॉ. चंदन भारद्वाज उपस्थित रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता गौतम ग्रुप ऑफ कॉलेज के प्रबंध निदेशक जगदीश गौतम ने की। उद्घाटन मैच में सरकारी महाविद्यालय पालमपुर ने पीजी सेंटर शिमला को हराकर जीत दर्ज की, वहीं दूसरा मुकाबला सरकारी महाविद्यालय झंडूता और हमीरपुर के बीच खेला गया। मुख्य अतिथि ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि खेल व्यक्तित्व के सर्वांगीण विकास का माध्यम हैं। अंत में आयोजन सचिव डॉ. विनय शर्मा ने सभी अतिथियों और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।

### धूमल को दिया बेटी की शादी का निमंत्रण



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने सोमवार को गांव समीरपुर में पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल से शिष्टाचार भेंट की। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री को अपनी बेटी डॉ. आस्था अग्निहोत्री और सचिन शर्मा की शादी का निमंत्रण दिया। इसके बाद वह पालमपुर रवाना हो गए।

### ब्राह्मणी गांव के पास मिला लापता व्यक्ति का शव

**संजीव चौहान, अनंत ज्ञान, टौणी देवी।** पुलिस थाना सदर हमीरपुर के अंतर्गत ब्राह्मणी गांव के पास एक व्यक्ति का शव बरामद हुआ है। मृतक की पहचान जाट राम (58) पुत्र बुद्धू राम, निवासी गांव गवारड़ू, तहसील टौणी देवी, जिला हमीरपुर के रूप में हुई है, जो पिछले तीन-चार दिनों से घर से लापता था। गुमशुदगी की रिपोर्ट परिजनों द्वारा कुछ दिन पूर्व थाना सदर में दर्ज करवाई गई थी। ग्रामीणों ने गांव के समीप संदिग्ध अवस्था में शव देखा और इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू की। पुलिस ने बताया कि मामले की प्रारंभिक जांच जारी है और मृत्यु के कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल सकेगा। घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं। परिजनों और क्षेत्र में घटना को लेकर शोक की लहर है।

### ड्राइविंग टेस्ट और वाहनों की पासिंग कल

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** उपमंडल भोरंज प्रशासन ने सूचित किया है कि क्षेत्र में वाहनों की पासिंग और ड्राइविंग टेस्ट का आयोजन 12 नवंबर को किया जाएगा। एसडीएम भोरंज कार्यालय के अनुसार, ड्राइविंग टेस्ट प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक जाहू खेल मैदान (पुराने पुल के साथ) में होगा। इसके बाद वाहनों की पासिंग की प्रक्रिया दोपहर 2:30 बजे से शाम 4:30 बजे तक उसी मैदान के माथ पर संपन्न की जाएगी। एसडीएम भोरंज ने अभ्यर्थियों से निर्धारित समय पर आवश्यक दस्तावेजों सहित उपस्थित होने की अपील की है, ताकि प्रक्रिया सुचारू रूप से पूरी की जा सके। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि निर्धारित समय के बाद कोई टेस्ट या पासिंग नहीं होगी तथा मौसम संबंधी बदलाव की स्थिति में समय पर सूचना दी जाएगी।

### शिक्षक पदोन्नति में विलंब पर सीएम लें संज्ञान

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश बिजली बोर्ड कर्मचारियों को पदोन्नति मिलने के बाद अब प्रदेश के लगभग 70 हजार शिक्षक भी समान तर्ज पर पदोन्नति आदेश जारी होने की अपेक्षा कर रहे हैं। राजकीय टीजीटी कला संघ ने सोमवार को मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर शिक्षा विभाग में लंबित प्रमोशन सूचियों को एक सप्ताह के भीतर जारी करने की मांग की है। संघ के प्रदेशाध्यक्ष सुरेश कौशल ने बताया कि प्रिंसिपल, हेडमास्टर, प्रवक्ता, टीजीटी, जेबीटी और सी एंड वी पदों पर पदोन्नति लंबे समय से अटकी हुई है, जबकि विभाग में हजारों पद रिक्त हैं। संघ ने कहा कि यह कोई वित्तीय मांग नहीं बल्कि शिक्षकों का न्यायसंगत अधिकार है। उन्होंने मुख्यमंत्री से अपेक्षा की है कि वे इस मुद्दे पर शीघ्र संज्ञान लेकर पदोन्नति आदेश जारी करें।

### 25 हजार रुपए की सहायता राशि दी

**अनंत ज्ञान, भोटा।** फोटोग्राफर स्व. सुनील कुमार, निवासी गांव कैहडरू की लंबी बीमारी के कारण हुई मृत्यु के उपरांत फोटोग्राफर एसोसिएशन हमीरपुर ने उनके परिवार की आर्थिक सहायता की है। एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने स्व. सुनील कुमार की पत्नी सीमा देवी को उनके घर जाकर 25,000 रुपये की सहायता राशि प्रदान की। एसोसिएशन के प्रधान सुजीत सिंह ने बताया कि संस्था अपने सभी सक्रिय (एक्टिव) सदस्यों की कठिन परिस्थितियों में मदद करती है। गंभीर बीमारी की स्थिति में 10,000 रुपए और सदस्य की मृत्यु होने पर 25,000 रुपए की सहायता दी जाती है। एसोसिएशन में वर्तमान में 450 सदस्य पंजीकृत हैं, जिनमें से लगभग 270 सक्रिय सदस्य हैं। संगठन कांगड़ा, बिलासपुर, मंडी, उना, हमीरपुर और सोलन जिलों के फोटोग्राफरों को जोड़ता है।

### संदीप ने मास्टर गेम्स में झटके 3 पदक

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** अणु के सिंथेटिक ट्रैक ग्राउंड में 8 और 9 नवंबर को आयोजित राज्य स्तरीय मास्टर गेम्स में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भोटा के डीपीई संदीप कुमार ने 3 पदक जीतकर एक और उपलब्धि हासिल की है। विद्यार्थी जीवन से ही उम्दा एथलीट रहे संदीप कुमार ने जूडो में गोल्ड मेडल, 200 मीटर दौड़ और ट्रिपल जंप में सिल्वर मेडल और 100 मीटर दौड़ में कांस्य पदक प्राप्त किए। इस सराहनीय प्रदर्शन के बाद वह 27 जनवरी से 31 जनवरी तक पुणे में आयोजित होने वाली राष्ट्र स्तरीय प्रतियोगिता में हिमाचल प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भोटा की प्रधानाचार्य सनम और अन्य शिक्षकों ने इस उपलब्धि के लिए संदीप कुमार को बधाई दी।

### स्वस्थ नारी अभियान में एनीमिया जांच जरूरी

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी हमीरपुर डॉ. प्रवीण चौधरी की अध्यक्षता में सीएमओ कार्यालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में जिला स्तरीय मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सुनील वर्मा सहित सभी खंड चिकित्सा अधिकारी, स्वास्थ्य शिक्षक, पर्यवेक्षक एवं ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर उपस्थित रहे। सीएमओ ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान दिवस पर स्वास्थ्य कर्मियों की ड्यूटी सुनिश्चित की जाए और एनीमिया ग्रस्त महिलाओं व किशोरियों का नियमित परीक्षण किया जाए। उन्होंने कहा कि आंगनवाड़ी केंद्रों और स्कूलों में स्वास्थ्य टीमें तंबाकू उन्मूलन पर चर्चा करें। डॉ. चौधरी ने उच्च जोखिम गर्भावस्था की नियमित निगरानी, स्वास्थ्य आंकड़ों के विश्लेषण और विभागीय निधि के समय पर व्यय की भी आवश्यकता पर बल दिया।

### एआई के उपयोग पर दिया व्याख्यान

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्मारक राजकीय महाविद्यालय हमीरपुर में रसायन शास्त्र विभाग के तत्वावधान में पांच दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सेमिनार एवं वर्कशॉप का आयोजन सोमवार से शुरू हुआ। उप प्राचार्य प्रो. नीलम गुलेरिया ने शुभारंभ किया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय और आईआईटी हैदराबाद के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है। सेमिनार का विषय 'रसायन विज्ञान में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का प्रयोग' है। पहले दिन भारतीय विज्ञान संस्थान के डॉ. अखिल भारद्वाज ने रसायन विज्ञान में एआई के उपयोग पर व्याख्यान दिया, जबकि एनआईटी हमीरपुर के प्रो. कल्याण सुंदर घोष ने केमोसेंसर और पर्यावरण संरक्षण पर विचार साझा किए। जापान और अजीम प्रेमजी विश्वविद्यालय के विशेषज्ञों ने छात्रों को मार्गदर्शन दिया। 70 से अधिक एमएससी छात्र-छात्राएं इसमें भाग ले रहे हैं।

### ओमप्रकाश की मौत से शोक की लहर

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** उपमंडल की ग्राम पंचायत कक्कड़ में ओमप्रकाश की आकस्मिक मृत्यु ने एक गरीब परिवार को गहरे दुख और संकट में डाल दिया है। परिवार पहले से ही आर्थिक तंगी से जूझ रहा था। कुछ समय पूर्व ओमप्रकाश के पैर में गंभीर चोट लगने के कारण उनकी टांग काटनी पड़ी थी। स्वास्थ्य और आर्थिक परेशानियों के बीच गुजर-बसर कर रहे परिवार पर अब उनके निधन से दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। बेटे साहिल ने बताया कि परिवार बीपीएल श्रेणी में आता है और अंतिम संस्कार के लिए भी धन की कमी है। ग्राम पंचायत प्रधान विनोद कुमार सहित ग्रामीणों ने प्रशासन और स्थानीय विधायक से तत्काल आर्थिक सहायता की मांग की है। ओमप्रकाश के निधन से पूरे गांव में शोक की लहर है।

### चकमोह में एनएसएस पर्यावरण शिविर शुरू

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** बीबीएन डिग्री कॉलेज चकमोह में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा पर्यावरण संवर्द्धन एवं संरक्षण पर आधारित सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्राचार्य डॉ. नरेश कुमार ठाकुर ने किया और युवाओं को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक होने का आह्वान किया। उन्होंने स्वयंसेवकों को स्वच्छता, वृक्षारोपण और जल संरक्षण अभियानों में सक्रिय योगदान देने का संदेश दिया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सुनील दत्त ने बताया कि शिविर में स्वयंसेवक जनजागरण अभियानों, विशेषज्ञ व्याख्यान, सांस्कृतिक कार्यक्रम, रैली और ग्राम स्तर पर जनसंपर्क गतिविधियों में भाग लेंगे।

# एक भी जमीन का नाम बताएं राणा, उसी जमीन को उनके नाम करवा देंगे : सुरेश

## विधायक ने दुबई समेत कई कंपनियों से संस्था को मिलने वाले पैसों पर मांगा ऑडिट

**विक्रम ढटवालिया, अनंत ज्ञान**



प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए विधायक सुरेश कुमार व अन्य।

**हमीरपुर।** भोरंज के विधायक सुरेश कुमार ने सुजानपुर के पूर्व विधायक राजेंद्र राणा पर जोरदार पलटवार किया है। उन्होंने कहा है कि जमीनें खरीदने के राणा के आरोप बेबुनियाद हैं। वे यदि किसी एक जमीन का नाम भी बता दें, तो वह जमीन उन्हीं के नाम करवाने में कांग्रेस को कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। क्योंकि राणा इस तरह की जमीनों की खरीद-फरोख्त के माहिर हैं और उन्हें ही इसका ज्ञान है।

सुरेश कुमार ने आरोप लगाया कि दुबई की 'डिवोशन कॉरपोरेशन सर्विसेज' सहित आधा दर्जन कंपनियों से उनकी संस्था को दो-दो लाख रुपए मिलने जैसी घटनाएं बेहद खतरनाक हैं और इसका ऑडिट होना चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनता को जानना चाहिए कि पैसा कहां से आ रहा है और राणा को इस पर जवाब देना चाहिए। उन्होंने कहा कि रविवार को सुजानपुर में आयोजित महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम वास्तव में महिलाओं को शक्ति देने के लिए नहीं बल्कि सांसद अनुराग ठाकुर के मंडी जिला में लगाए गए नारों के जवाब देने के लिए किया गया था। इस अवसर पर जयराम ठाकुर की उपस्थिति इस बात की पुष्टि करती है। सुरेश कुमार ने कहा कि वुडबिल्ला कांड की सच्चाई राणा को जनता के सामने रखनी चाहिए बजाय दूसरों पर आरोप लगाने के।

सुरेश कुमार ने भाजपा के भीतर संभावित बिखराव की चेतावनी देते हुए कहा कि पार्टी के अंदर जो कुछ हो रहा है, उससे बड़ा विस्फोट होने वाला है। उन्होंने कहा कि हमीरपुर जिला में पार्टी कार्यक्रमों में न सांसद अनुराग ठाकुर को बुलाया जा रहा है, न पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल के नारे लगाए जा रहे हैं। यहाँ तक कि राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के नारे भी जयराम ठाकुर की जनसभा में नहीं लगाए गए।

सुरेश कुमार ने महिला लाभ योजना में ₹1500 देने के भाजपा आरोपों को बेबुनियाद बताते हुए कहा कि योजना हर हाल में जारी रहेगी, चाहे पिछली राशि बैक डेट से क्यों न देनी पड़े। इस अवसर पर सुजानपुर के विधायक कैप्टन रंजीत राणा, पूर्व विधायक कुलदीप पठानिया, हमीरपुर कांग्रेस के नेता डॉ पुष्पेंद्र वर्मा, राजेश आनंद सहित अन्य कांग्रेसी नेता व कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।

## 14वीं स्टेट लेवल मास्टर गेम्स में हमीरपुर बना ओवरआल चैंपियन

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** 14वीं स्टेट लेवल मास्टर गेम्स हमीरपुर के सिंथेटिक ग्राउंड में 8 और 9 नवंबर को आयोजित की गई। इसमें कई प्रकार की प्रतियोगिताएं आयोजित की गई जिसमें विजेताओं को मेडल व ट्राफी देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता के समापन पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डॉ पुष्पेंद्र वर्मा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उन्होंने प्रदेश भर से मास्टर गेम्स में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को बधाई दी खेलों से जुड़े रहने का आहवान किया। इस प्रतियोगिता में हमीरपुर जिला ओवरआल चैंपियन बना तथा मंडी जिला रनर अप रहा। मुख्य अतिथि पुष्पेंद्र वर्मा ने प्रतियोगिता में विजेता प्रतिभागियों को मेडल देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि जिला हमीरपुर शिक्षा के साथ साथ अब खेलों का भी हब बनता जा रहा है जो बेहद सुखद बात है। उन्होंने कहा कि खेल व्यक्ति का दूसरा सच्चा साथी होता है जो हमें नशे से दूर रखता है। मास्टर खिलाड़ियों ने इस प्रतियोगिता में भाग लेकर आज की युवा पीढ़ी को नशे से दूर रहने का आहवान किया तथा स्वस्थ् होने के महत्व क्या होता है उसका जीता जागता उदाहरण पेश किया। इस प्रतियोगिता में 0 वर्ष से लेकर 87 वर्ष तके लगभग पेदश भर से 00 खिलाड़ियों ने भाग लिया। इस प्रकार की खेल प्रतियोगिता को करवाने का मुख्य उद्देश्य है अपने आप को फिट रखने व हिमाचल तथा भारत को नशा मुक्त करना है। इस अवसर पर राज्य अध्यक्ष विनोद शर्मा, महासचिव तेजस्वी शर्मा, जिला हमीरपुर के अध्यक्ष सुरेश हांडा, महासचिव हमीरपुर संदीप डडवाल, प्रदेश उपाध्यक्ष विजय शर्मा व राज्य कार्यकारिणी के सभी सम्मानित सदस्य व जिला हमीरपुर की कार्यकारिणी के सभी सम्मानित सदस्य उपस्थित रहे।

## पढ़ाई, अनुशासन और संस्कार ही सफलता की कुंजी: ढटवालिया



मुख्यातिथि ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी सम्मानित किए, 5100 रुपए की प्रोत्साहन राशि भी दी।

**अनंत ज्ञान, बड़सर**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गारली के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में मुख्य अतिथि सुभाष ढटवालिया ने बच्चों को शिक्षा, अनुशासन और संस्कार के महत्व पर मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा कि पढ़ाई और अनुशासन विद्यार्थियों को अपनी मंजिल तक पहुंचाने में सहायक होते हैं और कठिन परिश्रम करने से सफलता आसानी से मिलती है। उन्होंने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे अपने गुरुजनों, माता-पिता और वरिष्ठों का सम्मान करें क्योंकि यह दर्शाता है कि बच्चे राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभा रहे हैं।

मुख्य अतिथि ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहन स्वरूप 5100 रुपए की धनराशि भी प्रदान की। स्कूल प्रांगण में पहुंचने पर प्रबंधन द्वारा सुभाष ढटवालिया का भव्य स्वागत फूल मालाओं से किया गया।

कार्यक्रम को आकर्षक बनाने के लिए छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं, जिन्हें दर्शकों ने खूब सराहा। विशेषकर उनकी प्रस्तुतियों ने मुख्य अतिथि सहित सभी अतिथियों का ध्यान खींचा। प्रधानाचार्य ने समारोह में स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट पढ़कर साझा की और बच्चों की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अंत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कांग्रेस नेता पवन कालिया, संजय शर्मा, परमजीत डैंफा, डैनी जसवाल सहित बच्चों के अभिभावक भी उपस्थित रहे।

## हिमुडा डायरेक्टर राजेश बन्याल ने भोटा स्कूल का किया निरीक्षण



हिमुडा डायरेक्टर इंजीनियर राजेश बन्याल भोटा स्कूल का निरीक्षण करते हुए।

**एसके ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**बड़सर।** हिमुडा के डायरेक्टर राजेश बन्याल ने सोमवार को भोटा स्कूल का विजिट किया। 50 लाख के लंबित कार्यों को जल्द शुरू करने के लिए हिमुडा के अधिकारियों से विशेष चर्चा की।

पिछले दिनों प्रधानाचार्य सनम ने उनसे मुलाकात कर स्कूल की लैब के कार्य को शुरू करवाने की मांग रखी थी। बन्याल ने स्टाफ और ठेकेदार को तलब कर चार दिन में कार्य शुरू करने के दिशा निर्देश निर्देश जारी किए हैं। इससे पूर्व, उन्होंने आईटीआई बणी में 17 लाख रुपए के निर्माण कार्य को भी शुरू करने के निर्देश दिए थे। डायरेक्टर राजेश बन्याल के प्रयासों से इन कार्यों को जल्द पूरा करने की उम्मीद है। जब से बन्याल ने हिमुडा का जिम्मा संभाला है। उनके कार्यों में तेजी देखी जा रही है। उनकी कार्य शैली की सराहना की जा रही है।

## दो सगे अध्यापक भाइयों ने किया कमाल हमीरपुर को बनाया खो-खो का सरताज

**अनिल कुमार, अनंत ज्ञान**



**हमीरपुर।** प्रदेश अंडर-18 खो खो चैंपियनशिप का आयोजन बिलासपुर (जुखाला) में 8 और 9 नवंबर को किया गया। इस प्रतियोगिता में शिमला, सोलन, मंडी, हमीरपुर, ऊना, सिरमौर, कुल्लू और बिलासपुर जिला के बेहतरीन खो खो खिलाड़ियों ने भाग लिया था जिसमें हमीरपुर जिला के खो-खो खिलाड़ियों सभी को हराते हुए विजय हासिल की है। हमीरपुर के लड़के और लड़कियां दोनों सारे प्रदेश में पहले स्थान पर रहे हैं। प्रदेश के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार भी हमीरपुर के राहुल और कृतिका राणा ने अपने नाम किया। बालक और बालिका वर्ग में हमीरपुर ने शानदार तरीके से शिमला, मंडी और सिरमौर को पारी और काफी अंकों के अंतराल से हराते हुए ये चैंपियनशिप अपने नाम की। खो-खो कोच भानु और लक्की ने बताया कि ये पहली बार हुआ है कि हमीरपुर जिला ने ओपन खो खो चैंपियनशिप लड़कों और लड़कियों की एक साथ जीती हो। उन्होंने बताया कि स्कूली स्टेट खो खो प्रतियोगिता को हमीरपुर जिला पिछले तीन सालों से जीत रहा है और अब ओपन स्टेट खो खो चैंपियनशिप को भी अपने नाम कर लिया है।

बता दें कि जिन खिलाड़ियों ने हमीरपुर जिला को खो-खो का चैंपियन बनाया है उनके कोच दो सगे भाई हैं जो खुद अध्यापक हैं और अपनी छुट्टियों में लगातार बच्चों को खो खो का खेल सिखाते हैं। उनके पास हर दिन 100 से 150 बच्चे खो खो का खेल सीखने आते हैं।

**कार्यक्रम** हिम अकादमी स्कूल विकासनगर में वार्षिक समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया

# 375 विद्यार्थियों को किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**




हिम अकादमी पब्लिक स्कूल विकासनगर में वार्षिक समारोह में प्रस्तुति देती छात्राएं।

हिम अकादमी पब्लिक स्कूल विकासनगर में वार्षिक समारोह 4 का भव्य आयोजन हर्षोल्लास और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की वंदना से हुआ, इसके बाद स्कूल प्रधानाचार्य इंजीनियर नैना लखनपाल ने मुख्यातिथि सहित सभी गणमान्य अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर मुख्यातिथि डॉ. संजीव शर्मा उपमंडलाधिकारी ज्वालामुखी एवं उनकी धर्मपत्नी डॉ. पूनम शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में विद्यालय के चेयरमैन प्रो. आरसी लखनपाल, उपाध्यक्ष चंद्रप्रभा लखनपाल, निदेशक पंकज लखनपाल, अकादमिक प्रधानाचार्य डॉ. हिमांशु शर्मा, प्रधानाचार्य वनिता गुप्ता, मुख्य अध्यापिका कंचन लखनपाल, उपप्रधानाचार्य अश्विनी कुमार, प्रशासनिक अधिकारी प्राकृत लखनपाल, छात्र कल्याण संघ के अध्यक्ष संजीव ठाकुर व उपाध्यक्ष कमल सिंह सहित कई उपस्थित रहे। मुख्यातिथि डॉ. संजीव शर्मा एवं उनकी धर्मपत्नी डॉ. पूनम शर्मा ने अन्य विशिष्ट अतिथियों के साथ संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। डॉ. शर्मा ने विद्यार्थियों को परिश्रम, अनुशासन और निष्ठा को जीवन का आधार बनाने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का सशक्त माध्यम हैं। प्रधानाचार्य इंजीनियर नैना लखनपाल ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए वर्षभर की शैक्षणिक, खेलकूद एवं सह-पाठ्यक्रम उपलब्धियों का विस्तार से उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि विद्यालय के विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है।

इसके उपरांत पुरस्कार वितरण समारोह में लगभग 375 विद्यार्थियों को उनकी उल्लेखनीय उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का शुभारंभ पांचवीं कक्षा की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत देवी दुर्गा पर आधारित भक्ति नृत्य से हुआ, जिसने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। इसके बाद पांचवीं कक्षा के छात्रों ने पुरानी व नई जनरेशन पर आधारित मनोरंजक नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। छठी कक्षा के छात्रों द्वारा प्रस्तुत देशभक्ति नृत्य ने दर्शकों में राष्ट्रप्रेम की भावना जागृत की। बारहवीं कक्षा की छात्राओं ने एपिक दशावतार की प्रस्तुति के माध्यम से भारतीय संस्कृति की अद्भुत झलक दर्शाई। थाई छात्रों के आकर्षक नृत्य, कार्निवल थीम डांस, छाप तिलक गीत पर मनमोहक प्रस्तुति, एआई आधारित नाट्य अभिनय, योग शो, ओर्केस्ट्रा प्रदर्शन, तथा भक्ति पर आधारित अभिनय ने सभी दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के कुशल संचालन का दायित्व कक्षा बारहवीं के तन्मय पंडित, वर्तिका महाजन, सादिक निरंकारी एवं त्रिशला ने निभाया। आयोजन की सफलता में समन्वयक मनीषा मारवाह, इवेंट संयोजक पूजा ठाकुर, इवेंट प्रबंधक सीमा देवी, मोनिका, निशा कुमारी एवं शैली ठाकुर का विशेष योगदान रहा।

## गरसाहड़ पुली के पास गिरा डंगा वाहन चालकों की बढ़ी मुसीबत

- सरकाघाट मार्ग पर दरकता हिस्सा बना खतरा
- ग्रामीणों ने शीघ्र मरम्मत की उठाई मांग

**अनंत ज्ञान, भोरंज**

उपमंडल भोरंज के तहत भरेड़ी से सरकाघाट मार्ग पर गरसाहड़ पुली के समीप डंगा गिरने से मार्ग पर सफर कर रहे वाहन चालकों की परेशानियां बढ़ गई हैं। पहले से ही यह सड़क कई स्थानों पर संकरी और क्षतिग्रस्त हालत में है, जिस कारण वाहन चालकों को जोखिम उठाकर आवागमन करना पड़ रहा है। अब डंगा गिरने के बाद स्थिति और भी खतरनाक हो गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस मार्ग पर प्रतिदिन सैकड़ों वाहन आवाजाही करते हैं। डंगा गिरने से सड़क का एक हिस्सा नाले में धंस गया है, जिससे किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता है। ग्रामीणों ने लोक निर्माण विभाग से आग्रह किया है कि जल्द से जल्द डंगा लगाया जाए ताकि आने-जाने वालों को राहत मिल सके।

ग्रामीणों का कहना है कि बरसात के समय से ही सड़क की हालत खराब बनी हुई है और अब डंगा गिरने से यह सड़क पूरी तरह खतरे में आ गया है। उन्होंने विभाग से इस स्थान पर मजबूत सुरक्षा दीवार निर्माण करने की मांग उठाई है।

इस संबंध में लोक निर्माण विभाग के कनिष्ठ अभियंता प्रवीण कुमार ने बताया कि विभाग को डंगा गिरने की सूचना मिल चुकी है। उन्होंने कहा कि जैसे ही नाले में पानी का स्तर कम होगा, डंगे का निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा। स्थानीय लोगों ने उम्मीद जताई है कि विभाग जल्द कदम उठाकर सड़क को सुरक्षित बनाएगा ताकि वाहन चालकों और राहगीरों को राहत मिल सके।

### कांगू दा गलू-कलाहू सड़क 15 तक बंद

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** लोक निर्माण विभाग के समीरपुर उपमंडल के अंतर्गत कांगू दा गलू-कलाहू सड़क के मरम्मत कार्य के चलते इस सड़क पर यातायात 15 नवंबर तक बंद किया गया है। इस संबंध में आदेश जारी करते हुए एसडीएम शशिपाल शर्मा ने बताया कि कांगू दा गलू-कलाहू सड़क के मरम्मत कार्य को सुचारू रूप से जारी रखने तथा इसे अतिशीघ्र पूरा करने के लिए इस सड़क पर वाहनों की आवाजाही 15 नवंबर तक बंद की गई है। उन्होंने बताया कि इस दौरान क्षेत्र के वाहन चालक भरेड़ी से चंबोह, अवाह देवी-कमलू बडू सड़क या कलाहू मोड़ से चंबोह, अवाहदेवी-कमलू बडू सड़क या कलाहू मोड़ से हनोह, भरेड़ी, कमलू बडू सड़क से आवाजाही कर सकते हैं। उन्होंने सभी वाहन चालकों से सहयोग की अपील की है।

### 13 तक बाधित रहेगी पानी की सप्लाई

**अनंत ज्ञान, नादौन।** उपमंडल के भूंपल क्षेत्र में एनएचएआई द्वारा पाइप लाइनों की बाईपास व्यवस्था की जाएगी। जिसके चलते ग्राम पंचायत लाहड़ कोटलू व भूंपल की पानी की सप्लाई तीन दिन तक वाधित रहेगी। यह जानकारी देते हुए जल शक्ति विभाग के सहायक अभियन्ता ने जारी प्रैस विज्ञप्ति में बताया कि एनएचएआई द्वारा पानी की पाइप लाइनों की बाईपास व्यवस्था की जा रही है इस लिए लाहड़ कोटलू व भूंपल क्षेत्र की पानी की सप्लाई 11 नवंबर से 13 नवंबर तक वाधित रहेगी। उन्होंने उपभोक्ताओं से सहयोग दिए जाने का आग्रह किया है।

### जेई सिविल परीक्षा का अंतिम परिणाम घोषित

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** प्रदेश राज्य चयन आयोग एचपीआरसीए हमीरपुर ने जेई सिविल पोस्ट कोड-970 की परीक्षा का अंतिम परिणाम घोषित कर दिया है। आयोग के सचिव डॉ. विक्रम महाजन ने बताया कि इस पोस्ट कोड के तहत 10 उम्मीदवारों का चयन किया गया है। सामान्य वर्ग-अनारक्षित का एक पद जांच प्रक्रिया एवं कोर्ट केस के कारण खाली रखा गया है। उन्होंने बताया कि इन पदों के लिए 8616 आवेदन आए थे इनमें से 7177 आवेदन अस्थाई तौर पर लिखित परीक्षा के लिए स्वीकार किया था। उन्होंने बताया कि 10 सितंबर 2022 को हुई लिखित परीक्षा में 5524 उम्मीदवार उपस्थित हुए जबकि 1653 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि लिखित परीक्षा और डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन के बाद 10 उम्मीदवारों का चयन किया गया है जबकि एक पद सामान्य श्रेणी का कोर्ट केश की वजह से रिक्त रह गया है। चयनित उम्मीदवारों के रोल नंबर 970000449, 97001262, 970001333, 970001360, 970002181, 970002460, 970002222, 970005682, 970006219, 970006236 इस प्रकार हैं। डॉ. विक्रम महाजन ने बताया कि परीक्षा परिणाम आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध करवा दिया गया है।

### जरूरतमंदों को आर्थिक सहायता प्रदान की

**शशि सोनल, अनंत ज्ञान, नादौन।** प्रसिद्ध समाजसेवी संस्था हिंद संग्राम परिषद की नादौन इकाई की बैठक नौंहगी में आयोजित हुई, जिसमें प्रदेश प्रभारी मोहन सिंह ठाकुर और परिषद के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पंडित वासुदेव शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में रक्कड़ गांव के राकेश कुमार, जो पीजीआई चंडीगढ़ में इलाजाधीन हैं, को 15 हजार रुपये आर्थिक सहायता प्रदान की गई। इसके अलावा मझेली की गरीब परिवार की कन्या की शादी के लिए 8,100 रुपए और पीरस्लूही जिला कांगड़ा के गरीब परिवार के राजीव कुमार को पढ़ाई के लिए 5,000 रुपए की सहायता दी गई। बैठक में आए 15 प्रार्थना पत्रों में से 5 को पात्र पाया गया। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वासुदेव शर्मा ने कहा कि परिषद 25 वर्षों से निस्वार्थ भाव से दीन-दुखियों की सेवा में लगी है। उन्होंने समाज के समर्थवान लोगों से आग्रह किया कि वे इस मुहिम में शामिल होकर गरीबों की मदद करें।

### मिलेट्स व पर्यावरण संरक्षण पर दिया जोर

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला हमीरपुर में सतत विकास हेतु जीवन शैली विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम का उद्घाटन डिप्टी डायरेक्टर स्कूल एजुकेशन एलिमेंट्री कमल किशोर भारती ने किया। कार्यशाला में मिलेट्स (श्री अन्न) के सेवन से स्वास्थ्य लाभ, हर्ब व औषधीय पौधों का महत्व, कचरा प्रबंधन, ऊर्जा और जल संरक्षण जैसे विषयों पर विशेषज्ञ मंजरी वी महाजन व विमला देवी ने जानकारी दी। मुख्य अतिथि ने प्राकृतिक चिकित्सा और औषधीय पौधों के प्रयोग पर जोर दिया। प्रतिभागियों ने पर्यावरण संरक्षण के उपाय अपनाने का संकल्प लिया। 125 सरकारी और निजी स्कूलों के इको क्लब प्रभारियों ने इसमें भाग लिया।

### लंबित आर्थिक लाभ न मिलने पर जताई नाराजगी

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिम आंचल पेंशनर्ज संघ, हमीरपुर जिला इकाई की मासिक बैठक पेंशनर भवन में आयोजित की गई। वरिष्ठ उपप्रधान रत्न चन्द डोगरा की अध्यक्षता में हुई बैठक में महासचिव शम्भू राम जसवाल ने गतिविधियों और एजेंडा की जानकारी दी। बैठक में पेंशनरों ने 1.1.2016 से जनवरी 2022 तक सेवानिवृत्त पेंशनरों की लंबित ग्रेच्युटी, लीव-एनकैशमेंट और कम्युटेशन की बकाया राशि का मुद्दा उठाया। उन्होंने सरकार के प्रति असंतोष जताते हुए कहा कि इन आर्थिक लाभों के न मिलने से पेंशनरों को गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। 8 नवंबर को संघ का प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री से मिला और ज्ञापन सौंपा। मुख्यमंत्री ने शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। बैठक में वरिष्ठ पदाधिकारी और जिले के पेंशनर बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### कुलदीप ठाकुर को मिनी डॉक्टरेट की उपाधि

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** बिझड़ी तहसील के पंथयानी गांव के निवासी कुलदीप सिंह ठाकुर को विवेकानंद ग्लोबल यूनिवर्सिटी, जयपुर द्वारा हिमाचल प्रदेश की पंचायती राज संस्थाओं पर अनुसंधान के लिए डॉक्टरेट की डिग्री प्रदान की गई। वर्तमान में वह गृह मंत्रालय के तहत लक्षद्वीप में निदेशक विशेष सचिव के पद पर कार्यरत हैं। कुलदीप ने अपनी थीसिस में पाया कि वित्तीय, प्रशासनिक और सामाजिक चुनौतियों के कारण पंचायती राज संस्थान अपनी पूर्ण क्षमता का उपयोग नहीं कर पा रहे हैं। उनकी रिसर्च में यह भी सामने आया कि बैठकों का नियमित आयोजन न होना, भ्रष्टाचार और कमजोर समन्वय इनकी प्रभावशीलता पर विपरीत असर डालते हैं। बावजूद इसके, पंचायती राज संस्थाओं ने ग्रामीण लोकतंत्र को सुदृढ़ किया और महिलाओं तथा कमजोर वर्गों को प्रतिनिधित्व दिया।

### राष्ट्रीय परिसंवाद में प्रस्तुत किए शोधपत्र

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** करियर प्वाइंट विश्वविद्यालय, हमीरपुर के भाषा एवं सामाजिक विज्ञान विभाग के विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों ठाकुर राम सिंह शोध संस्थान, नेरी में आयोजित राष्ट्रीय परिसंवाद 'हिमाचल प्रदेश की सामाजिक संरचनाः निरंतरता और परिवर्तन' में सक्रिय रूप से प्रतिभागिता करते हुए शोधपत्र प्रस्तुत किए। इस राष्ट्रीय अकादमिक मंच पर विभाग से श्री एम. आर. शर्मा, डॉ. प्रियंका कौशल, श्री कुंदन लाल तथा सुश्री पुनम देवी ने विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों व शोधार्थियों ने हिमाचल प्रदेश की सामाजिक एवं सांस्कृतिक परंपराओं, बदलती सामाजिक संरचना, शिक्षा व महिला सहभागिता सहित विभिन्न विषयों पर आधारित अपने शोधपत्र प्रस्तुत कर सार्थक विचार-विमर्श किया।

# प्रभावी नीतियों से शिक्षा में आए सुधार : रोहित

## शिक्षा मंत्री ने ठियोग के देहा में 2.87 करोड़ से बने राजकीय उत्कृष्ट स्कूल भवन का किया लोकार्पण

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने ठियोग उपमंडल के अंतर्गत राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय देहा बलसन के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने स्थानीय लोगों, विद्यार्थियों और शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि हिमाचल प्रदेश सरकार गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को सुदृढ़ बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। प्रदेश के प्रत्येक क्षेत्र में आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित विद्यालय भवनों का निर्माण किया जा रहा है ताकि विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षण वातावरण उपलब्ध हो सके। उन्होंने कहा कि नई पीढ़ी को शिक्षित और सक्षम बनाना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है, जिससे वे प्रदेश के विकास में सक्रिय भूमिका निभा सकें। उन्होंने बताया कि देहा विद्यालय का भवन लगभग 2 करोड़ 87 लाख रुपये की लागत से निर्मित किया गया है, जिससे क्षेत्र के विद्यार्थियों को अब गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और सुविधाओं का लाभ मिलेगा।



शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर देहा में नवनिर्मित विद्यालय भवन का लोकार्पण करते हुए।

शिक्षा मंत्री ने कहा कि हिमाचल प्रदेश ने शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। एनएएस सर्वेक्षण में प्रदेश 21वें स्थान से उठकर 5वें स्थान पर पहुंचा है, जो राज्य सरकार की प्रभावी नीतियों और शिक्षकों के समर्पित प्रयासों का परिणाम है। इसी प्रकार, असर रिपोर्ट में प्रदेश प्रथम स्थान पर तथा परख रिपोर्ट में द्वितीय स्थान पर रहा है। उन्होंने कहा कि वर्ष 1947 में प्रदेश की साक्षरता दर मात्र 7 प्रतिशत थी, जो अब 99.30 प्रतिशत तक पहुंच चुकी है। सरकार ने प्रथम कक्षा से ही अंग्रेजी विषय को आरंभ करने का निर्णय लिया है, जिससे विद्यार्थियों को राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में बेहतर अवसर मिल सकें। उन्होंने बताया कि प्रदेश में स्कूल एडॉप्शन योजना शुरू की गई है।

रोहित ठाकुर ने कहा कि राज्य सरकार ने शिक्षा क्षेत्र को प्राथमिकता में रखते हुए अब तक विभिन्न श्रेणियों के लगभग 7 हजार नियमित शिक्षकों की नियुक्ति की है, जबकि 9 हजार से अधिक पदों को भरने की प्रक्रिया जारी है। इन नियुक्तियों से दुर्गम क्षेत्रों में शिक्षकों की कमी दूर हुई है। उन्होंने बताया कि एसएमसी के तहत कार्यरत शिक्षकों को एलडीआर के माध्यम से नियमित करने का निर्णय लिया गया है।

### 3 करोड़ से अधिक राशि स्कूल भवनों को स्वीकृत

**शिक्षा** मंत्री ने कहा कि इस वित्त वर्ष में शिक्षा क्षेत्र के लिए लगभग 10 हजार करोड़ का बजट निर्धारित किया गया है, जो राज्य के कुल बजट का लगभग 18 प्रतिशत है। चौपाल विधानसभा क्षेत्र में पिछले कुछ महीनों में 3 करोड़ रुपये से अधिक की राशि स्कूल भवनों के लिए स्वीकृत की गई है, जिससे शिक्षा के बुनियादी ढांचे में महत्वपूर्ण सुधार आएगा।

- कहा- शिक्षा में राज्य की लंबी छलांग, एनएएस में 21वें से 5वें स्थान पर पहुंचा प्रदेश

# अब स्मार्टफोन से घर बैठे जमा कर सकेंगे जीवन प्रमाणपत्र

- ऊना और कांगड़ा में होंगे विशेष जागरूकता शिविर
- पेंशनभोगियों के डिजिटल सशक्तिकरण की दिशा में बड़ा कदम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

केंद्र सरकार ने पेंशनभोगियों के लिए एक बड़ी राहत दी है। अब उन्हें जीवन प्रमाणपत्र जमा कराने के लिए बैंक या कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। पेंशन एवं पेंशनभोगी कल्याण विभाग, कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय द्वारा राष्ट्रव्यापी डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र (डीएलसी) अभियान 4.0 की शुरुआत की गई है। यह अभियान 1 से 30 नवंबर तक पूरे देश में चलेगा। हिमाचल प्रदेश में इसके तहत ऊना में 11 नवंबर और कांगड़ा में 12 नवंबर को विशेष जागरूकता शिविर आयोजित किए जाएंगे, जिनमें पेंशनभोगियों को डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र प्रक्रिया की जानकारी दी जाएगी।

जानकारी के अनुसार ऊना में एसबीआई की मुख्य शाखा और आसपास की शाखाओं में यह अभियान सुबह 10 बजे से शुरू होगा। वहीं, कांगड़ा जिले के पालमपुर में 12 नवंबर को शिविर का आयोजन किया जाएगा, जिसमें भारत सरकार के अवर सचिव सुभाष चंद्र भी भाग लेंगे। वे शिविर का निरीक्षण करेंगे और बैंक, डाक विभाग, यूआईडीएआई, एनआईसी तथा स्थानीय पेंशनभोगी संघों के बीच समन्वय की समीक्षा करेंगे। इस अभियान के तहत फेस ऑथेंटिकेशन तकनीक का उपयोग किया जाएगा, जिससे पेंशनभोगी बिना बायोमेट्रिक उपकरण के केवल स्मार्टफोन से घर बैठे अपना जीवन प्रमाणपत्र जमा कर सकेंगे।

सरकार का यह अभियान डिजिटल इंडिया और ईज ऑफ लिविंग मिशन से जुड़ी एक अहम पहल है। इसका लक्ष्य देशभर के दो करोड़ से अधिक पेंशनभोगियों तक पहुंच बनाना है। विशेष रूप से अति-वरिष्ठ और दिव्यांग पेंशनरों के लिए इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक द्वारा डोरस्टेप डीएलसी सेवा उपलब्ध कराई जाएगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी अपने 'मन की बात' और संविधान दिवस संबोधन में इस पहल की सराहना की थी। यह प्रयास न सिर्फ पेंशन प्रक्रिया को सरल बनाएगा, बल्कि वरिष्ठ नागरिकों को डिजिटल रूप से आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

## न्यूज ब्रीफ

### पुराना बस स्टैंड के पास शव मिलने से सनसनी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** राजधानी शिमला के पुराना बस स्टैंड के पास सोमवार सुबह एक युवक का शव मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। राहगीरों ने सड़क किनारे पड़े शव को देखकर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची थाना सदर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक की पहचान राजेंद्र सिंह (37) पुत्र कुलदीप सिंह निवासी मिडिल बाजार, डीएवी प्राथमिक पाठशाला के पास के रूप में हुई है। घटना के बाद पुलिस ने आसपास के इलाके की घेराबंदी कर जांच शुरू कर दी है। फिलहाल मौत के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है, लेकिन प्रारंभिक जांच में किसी तरह की चोट के निशान नहीं पाए गए हैं। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही वास्तविक कारणों का पता चल पाएगा। इस घटना से शहरवासियों में दहशत का माहौल है, क्योंकि पिछले कुछ हफ्तों में शिमला में संदिग्ध हालात में शव मिलने के कई मामले सामने आ चुके हैं। पुलिस हर पहलू से जांच कर रही है।

### 110 वरिष्ठ नागरिकों का किया चेकअप

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा ग्राम पंचायत अढाल, रोहड़ू में एनजीओ सम्भव के सहयोग से जिला स्तरीय जागरूकता स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर में कुल 110 वरिष्ठ नागरिकों का चिकित्सकों की टीम ने स्वास्थ्य परीक्षण किया और उन्हें मुफ्त दवाएं वितरित की गईं। शिविर में विभाग द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी जिला कल्याण अधिकारी शिमला कपिल शर्मा ने दी। इस अवसर पर एनजीओ सम्भव की अध्यक्ष आशा कंवर, बाल कल्याण समिति की सदस्य उषा, तहसील कल्याण अधिकारी आदर्श दत्ता, भीष्म ठाकुर, कंता ठाकुर, पंचायत प्रधान प्रेम लाल तथा उपप्रधान अनिल भी उपस्थित रहे।

### शिमला में शारदा लिपि पर कार्यशाला आज से

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** भाषा एवं संस्कृति विभाग द्वारा कला और संस्कृति के संरक्षण व संवर्धन की दिशा में किए जा रहे निरंतर प्रयासों के तहत राजीव गांधी राजकीय महाविद्यालय, चौड़ा मैदान, शिमला-4 में उत्तर भारत की प्राचीन लिपि 'शारदा' पर सात दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यशाला 11 नवम्बर से 17 नवम्बर 2025 तक चलेगी, जिसका शुभारंभ 11 नवम्बर को प्रातः 11 बजे गेटी थियेटर शिमला में विभाग के सचिव भाषा-संस्कृति राकेश कंवर के मुख्य आतिथ्य में होगा। मुंबई विश्वविद्यालय से प्रबंधन अध्ययन में स्नातकोत्तर एवं कंप्यूटर अनुसंधान व शिक्षा क्षेत्र में 15 वर्ष से अधिक अनुभव रखने वाली विदुषी नीलम राजदान इस कार्यशाला में विशेषज्ञ के रूप में भाग लेंगी। विभाग की निदेशक सीमा कंवर ने बताया कि शारदा लिपि भारतीय उपमहाद्वीप के उत्तर-पश्चिमी भाग में विकसित हुई एक प्राचीन लेखन प्रणाली है, जिसकी उत्पत्ति गुप्त युग के अंतिम चरण में मानी जाती है। इस लिपि में संस्कृत और प्राकृत ग्रंथों के अतिरिक्त धार्मिक, साहित्यिक और प्रशासनिक विषयों पर भी महत्त्वपूर्ण ग्रंथ लिखे गए हैं। उन्होंने बताया कि इस कार्यशाला का उद्देश्य युवाओं और नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक धरोहर से जोड़ना तथा इस प्राचीन लिपि के ज्ञान को आगे बढ़ाना है। सात दिवसीय यह कार्यशाला प्रतिदिन प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक गेटी थियेटर के सम्मेलन कक्ष में आयोजित की जाएगी, जिसमें 70 प्रतिभागी ऑफलाइन और 120 प्रतिभागी ऑनलाइन माध्यम से भाग ले सकेंगे।

### चायल-कोटी कॉलेज के खिलाड़ियों ने ताइक्वांडो चैंपियनशिप में जीते तीन पदक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** शिमला के आरकेएमवी में आयोजित अंतर-महाविद्यालय ताइक्वांडो चैंपियनशिप में राजकीय महाविद्यालय चायल-कोटी के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एक रजत और दो कांस्य पदक अपने नाम किए। इस उपलब्धि के साथ कॉलेज ने पहली बार अंतर-महाविद्यालय स्तर पर पदक जीतकर इतिहास रचा है। प्रतियोगिता में उदय कुमार ने रजत पदक जबकि भावना और आयुष ने अपने-अपने वर्गों में कांस्य पदक हासिल किए। सोमवार को कॉलेज लौटने पर प्राचार्य डॉ. दीपशिखा भारद्वाज तथा अन्य स्टाफ सदस्यों ने फूलमालाओं से खिलाड़ियों का गर्मजोशी से स्वागत किया और उनकी सफलता पर बधाई दी। डॉ. भारद्वाज ने कहा कि खिलाड़ियों की यह सफलता कॉलेज के लिए गर्व का क्षण है और इससे अन्य छात्रों को भी खेल गतिविधियों में भाग लेने की प्रेरणा मिलेगी। उन्होंने बताया कि खिलाड़ियों को प्रतियोगिता के लिए प्रोफेसर हरिंदर ठाकुर ने प्रशिक्षित किया था। मेहनत, अनुशासन और एकाग्रता के बल पर खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

# शिमला में दिसंबर माह के पहले सप्ताह शुरू होगी आइस स्केटिंग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल की राजधानी शिमला में सर्दियों का लोकप्रिय खेल आइस स्केटिंग एक बार फिर शुरू होने जा रहा है। ऐतिहासिक आइस स्केटिंग रिंक में इस साल दिसंबर के पहले सप्ताह से स्केटिंग सत्र शुरू करने की तैयारी जोरों पर है। क्लब प्रबंधन ने रिंक की सफाई का काम शुरू कर दिया है और जल्द ही मैदान को समतल करने के बाद पानी का छिड़काव किया जाएगा ताकि रिंक में बर्फ की परत जमाई जा सके।

आइस स्केटिंग क्लब शिमला के सचिव रजत मल्होत्रा ने सोमवार को बताया कि मौसम अनुकूल रहने पर दिसंबर के पहले सप्ताह से स्केटिंग सत्र की शुरुआत कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि इस बार उम्मीद है कि पिछले वर्षों की तुलना में अधिक सत्र आयोजित किए जा सकेंगे। ग्राउंड की सफाई के बाद जल्द ही बर्फ जमाने की प्रक्रिया शुरू होगी। उन्होंने बताया कि इस बार भी स्केटिंग पूरी तरह प्राकृतिक परिस्थितियों पर निर्भर करेगी क्योंकि ऑल वैदर आइस स्केटिंग रिंक बनाने की योजना अब तक पूरी नहीं हो पाई है। रैफ्रिजरेशन प्लांट स्थापित न होने के कारण कृत्रिम बर्फ जमाने की सुविधा इस वर्ष भी उपलब्ध नहीं है।

रिंक के एक हिस्से में फिलहाल कुछ निर्माण सामग्री पड़ी हुई है, जिससे मैदान का उपयोग सीमित हो सकता है। इस पर क्लब प्रबंधन ने संबंधित विभाग से आग्रह किया है कि सत्र शुरू होने से पहले इस सामग्री को हटा लिया जाए ताकि पूरा रिंक स्केटिंग के लिए इस्तेमाल हो सके।

बता दें कि शिमला का आइस स्केटिंग रिंक शिया का सबसे पुराना प्राकृतिक आइस स्केटिंग रिंक माना जाता है। हर साल सर्दियों में यहां देश-विदेश से पर्यटक और खिलाड़ी स्केटिंग का आनंद लेने पहुंचते हैं। वर्ष 1920 में शिमला के लक्कड़ बाजार में आइस स्केटिंग रिंक को स्थापित किया गया था। ये एशिया का सबसे बड़ा प्राकृतिक आइस स्केटिंग रिंक हैं। यहां आज भी प्राकृतिक तौर पर बर्फ जमती है। हर साल यह रिंक पर्यटकों और स्केटिंग प्रेमियों के लिए आकर्षण का केंद्र रहता है।

# एचआरटीसी पेंशनरों के साथ हो रहा अन्याय : डॉ. बिंदल

## सरकार से की तत्काल भुगतान की मांग, कर्मचारियों के साथ वित्तीय भेदभाव का आरोप

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

भाजपा के अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने कहा कि हिमाचल प्रदेश पथ परिवहन निगम के सेवानिवृत्त कर्मचारी उम्र के आखिरी पड़ाव में पहुंच चुके हैं, लेकिन सरकार ने उनके प्रति संवेदनशीलता खो दी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार से भाजपा मांग करती है कि पेंशन और मेडिकल बिलों का भुगतान बिना किसी भेदभाव के नियमित रूप से किया जाए। डॉ. बिंदल ने कहा कि जब से प्रदेश में कांग्रेस की सरकार आई है, तब से हर वर्ग विशेषकर कर्मचारी वर्ग बुरी तरह से परेशान है। एचआरटीसी पेंशनर लंबे समय से विरोध कर रहे हैं और उनका धैर्य अब जवाब दे रहा है। सरकार की उदासीनता और वित्तीय भेदभाव के कारण यह वर्ग वर्षों की सेवाओं के बाद भी अपने अधिकारों से वंचित है।

डॉ. बिंदल ने शिमला से जारी बयान में कहा कि प्रदेश का यह दूसरा सबसे बड़ा सार्वजनिक उपक्रम गंभीर वित्तीय संकट से जूझ रहा है और इसका सबसे बड़ा खामियाजा सेवानिवृत्त कर्मचारियों को भुगतना पड़ रहा है। वर्ष 2024 से अब तक सेवानिवृत्त हुए लगभग 250 कर्मचारियों को न तो पेंशन मिली है और न ही ग्रेच्युटी या अर्जित अवकाश का पैसा। वर्षों तक निगम को अपनी सेवाएं देने वाले कर्मचारी अब निगम कार्यालयों के चक्कर काटने को मजबूर हैं। प्रबंधन हर बार खराब वित्तीय हालत का हवाला देकर उन्हें टालता रहा है। उन्होंने बताया कि एचआरटीसी का घाटा बढ़कर 2200 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है, जबकि वर्ष 2023 में यह 1966 करोड़ था। निगम पर बढ़ते लोन और ओवरड्राफ्ट ने भी स्थिति को और बिगाड़ दिया है।



### इलेक्ट्रिक बसें बनीं घाटे का कारण

**डॉ.** बिंदल ने कहा कि सरकार के जल्दबाजी में शुरू किए गए इलेक्ट्रिक बस प्रोजेक्ट ने एचआरटीसी की हालत और खराब कर दी है। इन बसों में न तो यात्रियों की रुचि है और न ही यह लंबे रूटों पर चल पा रही हैं। कई बसें महीनों से खड़ी हैं क्योंकि इनके कलपुर्जे तक उपलब्ध नहीं हैं। चालकों के अनुसार, ये बसें जरा सी चढ़ाई आने पर सड़क पर ही रुक जाती हैं। उन्होंने कहा कि करोड़ों रुपये खर्च कर चलाई गई यह योजना अब घाटे का कारण बन चुकी है और प्रदेश सरकार को चाहिए कि वह एचआरटीसी के पुनर्गठन के लिए ठोस कदम उठाए ताकि कर्मचारियों और पेंशनरों को राहत मिल सके।

## हिमाचल में खाद्य सुरक्षा को मजबूत बनाने की दिशा में एफसीआई की राज्य स्तरीय बैठक

# सांसद सुरेश कश्यप ने भंडारण क्षमता बढ़ाने पर दिया जोर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

फूड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया की राज्य स्तरीय परामर्श समिति की बैठक में शिमला सांसद सुरेश कश्यप ने खाद्य सुरक्षा, भंडारण क्षमता, वितरण प्रणाली और भविष्य की योजनाओं की व्यापक समीक्षा की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एफसीआई देश की खाद्य सुरक्षा का मजबूत स्तंभ बना है और हिमाचल जैसे पहाड़ी राज्य में इसकी भूमिका और अधिक महत्वपूर्ण हो जाती है। कश्यप ने एफसीआई के चार प्रमुख जनादेश किसानों के हितों की रक्षा, खाद्य सुरक्षा, सार्वजनिक वितरण प्रणाली और मूल्य स्थिरीकरणको केंद्र की प्राथमिकताओं के अनुरूप बताया।


एफसीआई राज्यस्तरीय परामर्श समिति की बैठक में खाद्य सुरक्षा और भंडारण योजनाओं की समीक्षा करते सांसद सुरेश कश्यप।

बैठक में बताया गया कि हिमाचल में वर्तमान में एफसीआई के पास 21 डिपो हैं, जिनमें 98.16 प्रतिशत क्षमता का उपयोग किया जा रहा है। कुल भंडारण क्षमता 1,00,584 मीट्रिक टन है जबकि वर्तमान स्टॉक 98,347 मीट्रिक टन है। सांसद कश्यप ने कहा कि पहाड़ी राज्यों में भंडारण की चुनौती को देखते हुए क्षमता में त्वरित वृद्धि की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि हिमाचल में भंडारण की कुल कमी 2.34 लाख मीट्रिक टन है और इसे पूरा करने के लिए पीएसीएस योजना के तहत 1 लाख मीट्रिक टन क्षमता निर्माण को प्राथमिकता दी जाएगी। बिलासपुर में 3,000 मीट्रिक टन का पीएसीएस गोदाम शीघ्र स्वीकृत करने का आग्रह भी किया गया।

सांसद कश्यप ने पीईजी, पीडब्ल्यूएस और पीएसीएस योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए तीन माह के भीतर टेंडरों को अंतिम रूप देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हिमाचल को 'विश्व की सबसे बड़ी भंडारण योजना' के मॉडल राज्य के रूप में विकसित किया जाएगा। डीसीपी मोड में खरीद प्रक्रिया को और पारदर्शी व डिजिटल बनाने पर भी जोर दिया गया। सांसद ने कहा कि हिमाचल में खाद्य सुरक्षा, किसान कल्याण और राशन वितरण को सशक्त बनाने के लिए केंद्र, राज्य और एफसीआई के बीच समन्वय अत्यंत आवश्यक है और वे स्वयं इसकी नियमित निगरानी करेंगे।

# वेतन न मिलने पर एचपीयू शिक्षकों और गैर-शिक्षकों का विरोध जारी

- शिक्षक संघ ने प्रदेश सरकार पर सौतेले रवैये के लगाए आरोप
- छात्र संगठनों ने भी आंदोलन को दिया समर्थन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय में वेतन संकट गहराता जा रहा है। अक्तूबर माह का वेतन अब तक जारी न होने से शिक्षकों और गैर-शिक्षक कर्मचारियों में भारी नाराजगी है। सोमवार को विरोध प्रदर्शन दसवें दिन में पहुंच गया, जिससे विश्वविद्यालय की सभी शैक्षणिक और प्रशासनिक गतिविधियां ठप हो गई हैं। कक्षाएं बंद हैं, दफ्तरों में ताले लटके हैं और विद्यार्थी विभिन्न विभागों में अपने कार्य निपटाने के लिए परेशान हैं। विश्वविद्यालय के लगभग 1600 कर्मचारी लगातार धरने पर हैं और उन्होंने चेतावनी दी है कि जब तक वेतन जारी नहीं किया जाता और स्थायी अनुदान व्यवस्था नहीं बनती, तब तक न तो कक्षाएं होंगी और न ही प्रशासनिक कार्य।

वेतन संघर्ष समिति और शिक्षक कल्याण संघ ने सरकार पर विश्वविद्यालयों के प्रति सौतेला रवैया अपनाने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि प्रदेश सरकार अन्य विभागों को समय पर वेतन दे रही है, लेकिन विश्वविद्यालयों के लिए अनुदान में जानबूझकर देरी की जा रही है। कर्मचारियों ने कहा कि बैंक ऋण, बच्चों की फीस और घरेलू खर्चों के लिए वे अब संकट में हैं। यह स्थिति केवल प्रशासनिक लापरवाही नहीं बल्कि उच्च शिक्षा के प्रति उपेक्षा का प्रतीक है। छात्र संगठनों ने भी इस आंदोलन का समर्थन करते हुए सरकार से तुरंत हस्तक्षेप कर संकट का स्थायी समाधान निकालने की मांग की है।

# शिक्षा मंत्री करते हैं छल और कपट की राजनीति: शारदा

- भाजपा महिला मोर्चा जुब्बल की महामंत्री ने मंत्री पर साधा निशाना
- कहा-झूठे प्रचार से जनता को कर रहे गुमराह

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

भाजपा महिला मोर्चा मंडल जुब्बल की महामंत्री शारदा लुद्रेटा ने शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर पर गंभीर आरोप लगाते हुए उनकी कार्यशैली को छल और कपट से भरी राजनीति बताया है। उन्होंने कहा कि शिक्षा मंत्री हाल ही में मादल पंचायत के दौरे पर आए थे, जहां वे अपने निजी कार्य से उपस्थित थीं। मौके पर दबाव डालकर उन्हें माला पहनाई गई और बाद में मीडिया में यह झूठा प्रचार किया गया कि उन्होंने भाजपा छोड़कर कांग्रेस का दामन थाम लिया है। शारदा ने इसे कांग्रेस की भ्रामक और सस्ती राजनीतिक चाल बताया।

उन्होंने स्पष्ट किया कि वह भाजपा की सक्रिय कार्यकर्ता हैं और अपने परिवार सहित भाजपा नेता चेतन बरागटा के साथ चट्टान की तरह मजबूती से खड़ी हैं। शारदा लुद्रेटा ने कांग्रेस पर कटाक्ष करते हुए कहा कि गरीब और आम लोगों पर राजनीतिक दबाव बनाकर झूठा प्रचार करना लोकतंत्र की भावना के विपरीत है। उन्होंने कहा कि जनता अब कांग्रेस की इस तरह की राजनीति को भलीभांति समझ चुकी है और आने वाले समय में इसका जवाब जरूर देगी।

**तैयारी** आपातकालीन हालात से निपटने को तैयारी शुरू, सुरक्षा, आपूर्ति और सतर्कता को लेकर डीसी ने की समीक्षा बैठक

# राजधानी में बर्फबारी से निपटने को प्रशासन ने कसी कमर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

राजधानी शिमला में शीत ऋतु की आहट के साथ ही जिला प्रशासन ने बर्फबारी से निपटने की कमर कस ली है। आसमान में तैरते बादल और सुबह-शाम की बढ़ती ठंड ने बर्फबारी की दस्तक का संकेत दे दिया है। ऐसे में उपायुक्त ने सोमवार को एक अहम बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि किसी भी आपातकालीन स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया सुनिश्चित की जाए, ताकि जनजीवन प्रभावित न हो। उन्होंने कहा कि सभी विभाग मिल-जुलकर समन्वय बनाए रखें और यह सुनिश्चित करें कि किसी भी नागरिक को कठिनाई न झेलनी पड़े।



बैठक में बर्फबारी के दौरान उत्पन्न हो सकने वाली परिस्थितियों की तैयारी पर विस्तार से चर्चा की गई। उपायुक्त ने निर्देश दिए कि शोघी से आगे राजमार्ग के दोनों ओर खड़े वाहनों को तुरंत हटाया जाए ताकि बर्फ हटाने में किसी प्रकार की बाधा न आए। उन्होंने संबंधित विभागों को मशीनों के ट्रायल करने और सभी उपकरणों को कार्यशील स्थिति में रखने के निर्देश भी दिए। उपायुक्त ने आगाह किया कि लोग अंगीठी जलाकर न सोएं और सभी बिजली उपकरणों को सावधानीपूर्वक बंद करें। साथ ही, पर्यटन विभाग को पर्यटकों के लिए एडवाइजरी जारी करने और होटल एसोसिएशन के साथ बैठक करने के निर्देश भी दिए गए।

उपायुक्त ने सभी उपमंडल दंडाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में बैठक आयोजित कर एक सप्ताह के भीतर आकस्मिक योजना तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हर क्षेत्र में आवश्यक वस्तुओं राशन, गैस सिलेंडर, डीजल और दवाइयों—का पर्याप्त भंडारण सुनिश्चित किया जाए। स्वास्थ्य संस्थानों में आपात स्थितियों के लिए आवश्यक उपकरण और दवाइयां उपलब्ध रहनी चाहिए। जल शक्ति विभाग और शिमला जल प्रबंधन निगम को पीने के पानी की निर्बाध आपूर्ति बनाए रखने और क्षतिग्रस्त योजनाओं की मरम्मत के लिए शीघ्र कार्रवाई करने को कहा गया। इसी प्रकार बिजली विभाग को निर्देश दिए गए कि बर्फबारी के दौरान बिजली आपूर्ति सुचारू रखी जाए और वन क्षेत्रों से गुजरने वाली लाइनों की विशेष निगरानी की जाए।

### आपदा प्रबंधन व परिवहन व्यवस्था को लेकर दिए निर्देश

**उपायुक्त** ने हिमाचल पथ परिवहन निगम के चालकों से बर्फबारी के दौरान जोखिम न उठाने की अपील की। उन्होंने कहा कि जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा संचालित आपातकालीन परिचालन केंद्र 24 घंटे कार्यरत रहेगा और किसी भी आपदा की सूचना टोल फ्री नंबर 1077 पर दी जा सकती है। उन्होंने बताया कि बिजली विभाग के कर्मचारियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए उनके लिए जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के माध्यम से एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की जाएगी। साथ ही, अस्पतालों में एक्सपायर्ड दवाइयों को निर्धारित प्रक्रिया के तहत नष्ट करने और इमरजेंसी के लिए एंबुलेंस के टायरों पर चेन लगाने के भी निर्देश दिए गए हैं ताकि बर्फ में भी सेवाएं प्रभावित न हों।

### 5 सेक्टरों में बांटा शिमला

**जिला** प्रशासन ने बर्फबारी से निपटने के लिए शिमला को पांच सेक्टरों में विभाजित किया है और हर सेक्टर में एक नोडल अधिकारी तैनात किया गया है। प्राथमिकता के आधार पर आईजीएमसी, कैंसर अस्पताल, सचिवालय, राजभवन, रिज, यूएस क्लब और कार्ट रोड से जुड़े मार्गों को पहले खोला जाएगा। उपायुक्त अनुपम कश्यप ने कहा कि शिमला की सुंदरता बर्फ से और निखरती है, परंतु प्रशासन का दायित्व है कि इस सुंदरता के बीच लोगों की सुविधा और सुरक्षा दोनों बनी रहें।

# तपोवन में शीतकालीन सत्र के दौरान सुरक्षा में न बरती जाएगी कोई कोताही : कुलदीप

## विधानसभा अध्यक्ष बोले- सीसीटीवी और ड्रोन से होगी निगरानी, 26 से 5 दिसंबर तक चलेगा सत्र

**बैठक में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर दिए सख्त निर्देश**

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**विधानसभा** अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि तपोवन में आगामी शीतकालीन सत्र के दौरान सुरक्षा में किसी भी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

उन्होंने निर्देश दिए कि विधानसभा भवन और परिसर की निगरानी सीसीटीवी और ड्रोन कैमरों के माध्यम से सुनिश्चित की जाएगी। सत्र में भाग लेने वाले सभी सरकारी अधिकारियों, कर्मचारियों और सदस्यों को जारी शासकीय पास प्रमुखता से प्रदर्शित करना अनिवार्य होगा, ताकि सुरक्षा कर्मियों द्वारा फ्रिस्किंग की आवश्यकता न्यूनतम रहे। तपोवन विधानसभा भवन में शीतकालीन सत्र की तैयारियों को लेकर आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि हिमाचल प्रदेश की चौदहवीं विधानसभा का दसवां सत्र 26 नवंबर से 5 दिसंबर तक आयोजित होगा। इस सत्र में कुल 8 बैठकें होंगी, जबकि 4 दिसंबर को गैर सरकारी सदस्य कार्य दिवस रहेगा। 29 और 30 नवंबर को अवकाश रहेगा। यह शीतकालीन सत्र तपोवन में आयोजित होने वाला अब तक का सबसे लंबा सत्र होगा।


तपोवन विधानसभा भवन में विस अध्यक्ष कुलदीप पठानिया की अध्यक्षता में हुई बैठक।

### मोबाइल, लैपटॉप और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के प्रवेश पर पूर्ण प्रतिबंध

**सत्र** के दौरान मोबाइल, लैपटॉप और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के प्रवेश पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। भवन और परिसर को कृत्रिम दुधिया रोशनी से सुसज्जित किया जाएगा। जिलाधीश, पुलिस अधीक्षक, पर्यटन विभाग, नगर निगम, लोक निर्माण, जल शक्ति और विद्युत विभाग सहित सभी संबंधित अधिकारियों को समय पर कार्य पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। कुलदीप सिंह पठानिया ने सभी अधिकारियों से अपील की कि वे पूर्ण समर्पण के साथ कार्य करें ताकि सत्र सफलतापूर्वक और व्यवधान रहित रूप से संपन्न हो। इस अवसर पर मंडलायुक्त विनोद कुमार, विधानसभा सचिव, उपायुक्त हेमराज बैरवा, पुलिस अधीक्षक अशोक रत्न, नगर निगम आयुक्त जफर इकबाल, एडीएम शिल्पी बेक्टा और अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

सत्र की तैयारियों के लिए जिला प्रशासन की ओर से मुरम्मत, साफ-सफाई और सदस्य ठहरने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए स्वास्थ्य विभाग की ओर से एंबुलेंस, डॉक्टर और पैरा मेडिकल स्टाफ तैनात रहेंगे।

## सुक्खू सरकार ने हिमाचल को बनाया वोट चोरी का मॉडल : राकेश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** प्रदेश भाजपा प्रवक्ता राकेश शर्मा ने प्रेस विज्ञप्ति में सुक्खू सरकार पर आरोप लाया कि कांग्रेस सरकार ने हिमाचल को वोट चोरी का मॉडल बनाकर रख दिया है। जनता से झूठ बोलो और वोट चोरी करो, यह कांग्रेस की आदत बन चुकी है। सीएम सुक्खू बताएं कि उन्होंने प्रदेश में कौन सी गारंटी को पूरा किया, जिसका ढिंढोरा उन्होंने बिहार चुनाव प्रचार के दौरान पीटा। राकेश शर्मा ने कहा कि कांग्रेस को जल्द आईना दिखने वाला है। हिमाचल की जनता भी सुक्खू सरकार को सबक सिखाने के लिए तैयार बैठी हुई है। सुक्खू सरकार ने इस लिए पंचायती राज चुनावों को लटकाया हुआ है, क्योंकि कांग्रेस सरकार को पता है आने वाले विधान सभा चुनावों की कलेई इन्ही चुनावों से खुल जाएगी। उन्होंने कहा कि भाजपा और एनडीए ने कभी वोट चोरी कर राज नहीं किया है। यह काम कांग्रेस पार्टी का रहा है।

## न्यूज ब्रीफ

### संदीप शर्मा ने संभाला डीएसपी का कार्यभार




**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** बैजनाथ में संदीप शर्मा ने संभाला डीएसपी का कार्यभार संभाल लिया है। थाना प्रभारी यादेश ठाकुर ने नवनियुक्त डीएसपी संदीप शर्मा का स्वागत किया। संदीप शर्मा इससे पहले शिमला में डीएसपी ट्रैफिक के पद पर कार्यरत थे। उन्होंने पालमपुर व जोगिंद्रनगर में भी थाना प्रभारी के रूप में कार्य किया है। नवनियुक्त डीएसपी संदीप शर्मा को बैजनाथ में यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करना नशाखोरी पर लगाम तथा उपद्रवियों पर नकेल कसना मुख्य चुनौती रहेगी। डीएसपी बैजनाथ ने कार्यभार संभालने से पहले भोलेनाथ के मंदिर में पूजा-अर्चना की।

### सेवानिवृत्त रक्षा कर्मी संघ की बैठक 16 को

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** सेवानिवृत्त रक्षा कर्मी संघ के अध्यक्ष ब्रिगेडियर सुभाष पाठक ने बताया कि संघ की अगली मीटिंग जिला सैनिक बोर्ड के प्रांगण में 16 नवंबर को प्रातः साढ़े दस बजे प्रायोजित की जाएगी। मीटिंग में सैनिकों व उनके परिवारों के विषय में आदान-प्रदान किया जाएगा। उन्होने सभी सदस्यों से सही समय पर मीटिंग में पहुंचने की अपील की है।

### दुर्गा माता मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा 18 को

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** दुर्गा माता (पंजपीरी) मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा अब 18 नवंबर को प्रातः कैलाश आश्रम, गोपालपुर में होगी। बेंगलुरु गुरुकुल स्थित देवी मंदिर से शीतला माता 16 नवंबर को पधारेंगी। 18 नवंबर को होने वाले पवित्र कलश स्थापना समारोह में शामिल होने के लिए सभी लोग सादर आमंत्रित हैं।

### मरीजों को वितरित की निशुल्क दवाइयां

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** विवेकानंद मेडिकल इंस्टिट्यूट, पालमपुर द्वारा रविवार को दमन क्लीनिक बिल्डिंग कॉम्प्लेक्स, अमरटेक्स के निकट, जोगिंदरनगर में निःशुल्क बहुविशेषज्ञ चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। शिविर में हृदय, गुर्दा, मूत्र, स्नायु, अस्थि, स्त्री एवं प्रसूति, बाल रोग तथा ईएनटी विशेषज्ञों ने 350 से अधिक मरीजों को निःशुल्क परामर्श दिया। मरीजों की ईसीजी, ब्लड शुगर, रक्तचाप आदि जाँचें कर निःशुल्क दवाइयां वितरित की गईं। शिविर में डॉ. राजिंदर थपलू, डॉ. कुलदीप, डॉ. साहिल कपूर, डॉ. रूपाक्षी, डॉ. अजय आदित्य, डॉ. नेहा सिंह, डॉ. सोनाली यादव और डॉ. हेमाद्रि रॉय ने सेवाएं दीं। एयर कमोडोर (डॉ.) विमल दुबे, यूनिट हेड ने कहा कि संस्थान का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएँ पहुंचाना है। स्थानीय लोगों ने इस प्रयास की सराहना की।

### टीयूसीसी का राष्ट्रीय अधिवेशन 15 नवंबर से

**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान, डरोह।** ट्रेड यूनियन को-ऑर्डिनेशन सेंटर (टीयूसीसी) के हिमाचल प्रदेश राज्य महासचिव रविंदर सिंह ने बताया कि टीयूसीसी का राष्ट्रीय अधिवेशन 15 नवंबर से दिल्ली में शुरू होने जा रहा है, जो 17 नवंबर तक चलेगा। इसमें देशभर के श्रमिक प्रतिनिधि शामिल हो रहे हैं। इस कॉन्फ्रेंस का उद्घाटन केंद्रीय श्रम व रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया करेंगे। इस अधिवेशन की अध्यक्षता यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष हंसराज अकेला करेंगे। इसमें भविष्य निधि, कर्मचारी राज्य बीमा निगम, कंस्ट्रक्शन मजदूर औद्योगिक श्रमिक, आशा वर्कर, मिड डे मील, एवं अन्य असंगठित कामगारों की समस्याओं पर गहन मंथन किया जाएगा। वहीं, देशभर के श्रमिक वर्ग को पेश आ रही समस्याओं को माननीय मंत्री के ध्यान में लाया जाएगा।

## महिला स्वयंसेविकों को बताया स्वच्छता का महत्व



रेहलू स्कूल में आयोजित एनएसएस शिविर संपन्न।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** रेहलू स्कूल में सात दिवसीय एनएनएस शिविर संपन्न हो गया। एनएनएस अधिकारी अनिल कुमार ने बताया कि शिविर में 28 स्वंयसेवियों ने भाग लिया। विभिन्न दिवसों पर स्वयंसेवकों नें विद्यालय परिसर, मंदिर तथा मैदान की सफाई की। विद्यालय के प्रवक्ता नरेश कुमार, ज्योत्सना, अशोक शर्मा ने स्वयंसेवकों को नैतिक-मूल्यों, आधुनिक-समाज, सड़क-सुरक्षा नियम, नशा-निवारण इत्यादि पर व्याख्यान दिए। महिला अधिकारी मंजू वाला ने महिला स्वयंसेविकों को व्यक्तिगत स्वच्छता के बारे में बताया। शाहपुर थाना के साइबर क्राइम की जानकारी के लिए स्वयंसेवकों को थाना ले जाया गया। प्रधानाचार्या ऋषु कुमारी ने एनएनएस के नियमों को जीवन में उतारने के लिए प्रेरित किया।

## हमले की प्रदेश अध्यापक संघ ने की कड़ी निंदा

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय संसारपुर टैरस में आयोजित एनएसएस शिविर के दौरान एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी व प्रवक्ता पर हुए हमले की घटना ने शिक्षकों में आक्रोश पैदा कर दिया है। प्रदेश राजकीय अध्यापक संघ ब्लॉक डाडा सीवा के प्रधान एवं राज्य वरिष्ठ उपाध्यक्ष अश्वनी सपेहिया, सदस्य राकेश मेहता, रविंद्र सिंह, अवतार सिंह और मंजीत पटियाल ने इस घटना की कड़ी निंदा की है। संघ पदाधिकारियों ने कहा कि एक शिक्षक पर इस तरह का हमला अत्यंत निंदनीय और असहनीय है। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि हमले में शामिल आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। ब्लॉक कार्यकारिणी के सदस्यों ने कहा कि यदि दोषियों को शीघ्र दंडित किया जाए। उन्होंने शिक्षकों की गरिमा और सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग करते हुए कहा कि शिक्षक समाज के मार्गदर्शक हैं और उन पर हमला पूरे शिक्षा जगत का अपमान है।

## धर्मशाला कॉलेज बना कबड्डी विजेता


सिंगल बैडमिंटन प्रतियोगिता में धर्मशाला कॉलेज की प्रतिभाशाली छात्रा ने भी प्रथम स्थान हासिल किया।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय (एचपीटीयू) द्वारा आयोजित वार्षिक स्पोर्ट्स मीट में धर्मशाला कॉलेज ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए गौरवशाली उपलब्धि हासिल की है। कॉलेज की कबड्डी टीम ने शानदार खेल भावना और टीमवर्क का प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया।

साथ ही, बालिकाओं की सिंगल बैडमिंटन प्रतियोगिता में धर्मशाला कॉलेज की प्रतिभाशाली छात्रा ने भी प्रथम स्थान हासिल कर कॉलेज का नाम रोशन किया है। कॉलेज प्रबंधन और प्राचार्य ने विजेता खिलाड़ियों को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, अनुशासन और समर्पण का परिणाम है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि भविष्य में भी कॉलेज के खिलाड़ी इसी तरह प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर पर कॉलेज का नाम ऊंचा करते रहेंगे।

## किसानों को खाद नहीं मिलना सरकार की विफलता : मनजीत

**अजय पाल, अनंत ज्ञान, पालमपुर।** गेहूं की फसल की बिजाई का समय चल रहा है और किसानों ने गेहूं बिजाई की पूरी तैयारी कर ली है, लेकिन खाद उपलब्ध नहीं होने के कारण किसान परेशान हैं। किसान नेता एवं समाजसेवी मनजीत डोगरा ने कहा कि किसान को समय पर खाद उपलब्ध नहीं हो पाना दुर्भाग्यपूर्ण है तथा प्रदेश सरकार की खाद पूर्ति प्रबंधन की विफलता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि समय पर खाद नहीं मिलने के कारण फसल बिजाई का कार्य रुक गया है, तथा फसल की देरी से बिजाई होने पर उत्पादन पर भी प्रभाव पड़ेगा, जिसका नुकसान किसान को ही उठाना पड़ेगा। मनजीत ने कहा कि पहले ही किसान कृषि क्षेत्र में कई गंभीर चुनौतियों का सामना कर रहा है जैसे- बंदर, लावारिस पशु, जंगली जानवर, सिंचाई की व्यवस्था की बदहाली, प्रतिकूल मौसम ऊपर से समय पर खाद बीज उपलब्ध न हो पाना किसानों की समस्याएं और भी बढ़ गई हैं। डोगरा ने प्रदेश सरकार से मांग की कि अविलंब किसानों को खाद की पूर्ति की जाए, ताकि किसान समय पर फसल बिजाई कर सकें।

## दिव्यांगजनों को बांटे सहायता उपकरण

### बोले- गरीबों, असहायों और जरूरतमंदों की सेवा ही रेडक्रॉस का मुख्य उद्देश्य

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

अध्यक्ष जिला रेडक्रॉस सोसायटी एवं उपायुक्त कांगड़ा हेमराज बैरवा की अध्यक्षता में सोसायटी की वार्षिक सामान्य बैठक उपायुक्त कार्यालय के सभागार में आयोजित हुई। बैठक में वर्ष 2021-22 से 2024-25 तक की वार्षिक गतिविधि रिपोर्ट जारी की गई। डीसी ने कहा कि रेडक्रॉस सोसायटी का उद्देश्य केवल सेवा नहीं, बल्कि स्थायी आय सृजन के माध्यम से गरीब, असहाय और जरूरतमंद लोगों की अधिक प्रभावी सहायता करना है। उन्होंने संस्था से संसाधनों के विकास और नवाचार पर बल देने का आग्रह किया।

बैठक में बताया गया कि प्रयास भवन, धर्मशाला में संचालित फिजियोथेरेपी यूनिट के माध्यम से अब तक 1777 रोगियों का सफल उपचार किया गया है। वहीं, जिला पुनर्वास केंद्र की ओर से 370 शिविरों के माध्यम से 1007 दिव्यांग व्यक्तियों को सहायता उपकरण उपलब्ध कराए गए। सोसायटी ने 38 रक्तदान शिविरों का आयोजन कर 1900 यूनिट रक्त एकत्रित किया। पिछले तीन वर्षों में रेडक्रॉस द्वारा 784 गरीब और जरूरतमंद लोगों को 35,75,143 रुपए की वित्तीय सहायता दी गई। रेडक्रॉस एंबुलेंस सेवाओं से 105 मरीजों को आपातकालीन सहायता मिली, जबकि 3850 लोगों को प्राथमिक उपचार प्रशिक्षण दिया गया। नूरपुर स्थित नशा मुक्ति केंद्र से अब तक 1077 व्यक्तियों ने लाभ प्राप्त किया है और शीघ्र ही धर्मशाला में नया नशा मुक्ति केंद्र शुरू किया जाएगा। डॉ. आरपीजीएमसी टांडा में संचालित सराय भवन ने 1483 मरीजों और उनके परिजनों को आवासीय सुविधा प्रदान की है। भवन की दो और मंज़िलों के निर्माण के लिए 19 करोड़ 12 लाख रुपये का प्रस्ताव स्वीकृत किया गया है। संस्था द्वारा 201 विद्यालयों के 7584 विद्यार्थियों को जूनियर रेडक्रॉस यूनिट से जोड़ा गया है। साथ ही 13 मूल्यांकन शिविरों में 951 दिव्यांगों का परीक्षण और 14 शिविरों में 545 उपकरण वितरित किए गए। वहीं, डीसी ने दिव्यांगजनों को सहायता उपकरण वितरित किए।


उपायुक्त की अध्यक्षता में हुई रेडक्रॉस सोसायटी की वार्षिक बैठक।

## न्यू बस स्टैंड नगरोटा बगवां से पुलिस स्टेशन तक नो पार्किंग जोन घोषित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला दंडाधिकारी हेमराज बैरवा ने मोटर वाहन अधिनियम, 1988 (1988 अधिनियम संख्या 59) की धारा 115 के तहत शक्तियों का प्रयोग करते हुए न्यू बस स्टैंड नगरोटा बगवां से गांधी ग्राउंड सब्जी मंडी होते हुए पुलिस स्टेशन नगरोटा बगवां तक सुबह 7:00 बजे से रात 9:00 बजे तक नो पार्किंग जोन घोषित किया है।

उन्होंने बताया कि न्यू बस स्टैंड नगरोटा बगवां से गांधी ग्राउंड होते हुए सब्जी मंडी होते हुए पुलिस स्टेशन नगरोटा बगवां तक सड़क के दोनों ओर दो पहिया, चार पहिया और अन्य वाहन खड़े रहते हैं, जिसके कारण न्यू बस स्टैंड नगरोटा बगवां से गांधी ग्राउंड, सब्जी मंडी होते हुए पुलिस स्टेशन नगरोटा बगवां तक भीड़भाड के कारण यातायात में बाधा आती है। उन्होंने कहा कि स्थानीय लोगों को असुविधा से बचाने और क्षेत्र में यातायात को सुचारु रखने के दृष्टिगत यह आदेश जारी किए गए हैं।

## छात्रों को सभ्य नागरिक बनाने में शिक्षकों की अहम भूमिका : ऋतुला

**कोहली, अनंत ज्ञान**

**शाहपुर।** महाराणा प्रताप पब्लिक स्कूल सिंहवां में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह मनाया गया। समारोह की थीम 'बॉलीवुड में फोक का तड़का' रही। कार्यक्रम में विभिन्न नेशनल और इंटरनेशनल स्कूलों में कार्यरत शिक्षिका एवं शैक्षिक परामर्शदाता ऋतुला सिंह ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। स्कूल के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने 'ये चांद सा रोशन चेहरा', 'होंठों पे ऐसी बात' और 'जय जय शिव शंकर' गीतों पर मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। केजी वर्ग के बच्चों द्वारा प्रस्तुत पर्यावरण संरक्षण पर लघु नाटिका ने सभी को प्रभावित किया। कक्षा नवमी से बारहवीं तक के छात्रों ने वीर मराठा की झलक प्रस्तुत कर दर्शकों को रोमांचित किया। तीसरी कक्षा के बच्चों ने राम-रावण युद्ध का जीवंत मंचन किया, जबकि सातवीं और नवमी कक्षा के छात्रों ने शिव नुआला पर बेहतरीन नृत्य प्रस्तुत किया। चतुर्थ और पंचम कक्षा की छात्राओं ने ताल नृत्य से सबका मन मोह लिया। भारत की विविध लोक संस्कृतियों की झलक प्रस्तुत करते हुए छात्रों ने अरे जा रे हट नटखट, उत्तराखंडी लोक नृत्य, निंबुड़ा, गरबा, प्रेम रतन धन पायो, झांसी की रानी, इंग्लिश प्ले मुलान और एकल अभिव्यक्तियां पेश कर खूब सराहना बटोरी।

**महाराणा प्रताप पब्लिक स्कूल ने मनाया वार्षिक समारोह**

स्कूल अध्यक्ष कर्नल एसएस राणा और मीनू राणा ने बच्चों को वर्षभर की उपलब्धियों पर पुरस्कृत किया। प्रधानाचार्या शालिनी राणा ने विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की और मुख्य अतिथि व अभिभावकों का आभार जताया। ऋतुला सिंह ने बच्चों की प्रतिभा की प्रशंसा करते हुए कहा कि हर बच्चे में एक अलग चमक होती है, जिसे सही दिशा देकर ही उन्हें आदर्श नागरिक बनाया जा सकता है।

## संसारपुर टैरेस स्कूल में स्टूडेंट्स को बताए सड़क सुरक्षा नियम

**पिंकी, अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला संसारपुर टैरेस में चल रहे एनएसएस शिविर में सोमवार को जिला पुलिस देहरा द्वारा चलाए जा रहे कानून विद्यालय जागरूकता अभियान के तहत पुलिस थाना संसारपुर टैरेस से थाना प्रभारी संजय शर्मा और उनकी टीम द्वारा पंचायत प्रधान व स्थानीय लोगों व छात्रों को सड़क सुरक्षा, कानून व्यवस्था, साइबर फ्रॉड व नशे के खिलाफ जागरूक किया गया। संजय शर्मा ने बताया कि सड़क पर जब भी दोपहिया वाहन लेकर जाएं, तो हमेशा हेलमेट पहनकर ही चलाएं। 18 साल से कम उम्र बच्चे दोपहिया वाहन का उपयोग न करें। उन्होंने नशा और साइबर फ्रॉड के बारे में भी बताया और अपना मोबाइल ओटीपी किसी के साथ शेयर नहीं करना है, ताकि आप ऑनलाइन ठगी का शिकार न हों। इस दौरान स्कूल के प्रधानाचार्य पृथ्वीराज चौहान, स्कूल अध्यापक, पंचायत प्रधान राजेश्वर सिंह व स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

## रिड़कमार कॉलेज के केंद्रीय छात्र संघ के पदाधिकारियों को दिलाई शपथ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**राजकीय** महाविद्यालय रिड़कमार में केंद्रीय छात्र संघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संचालन इतिहास विभाग के प्रोफेसर मनोज कुमार ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. युवराज सिंह ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई और उन्हें अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि छात्र संघ का पद केवल सम्मान का प्रतीक नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के अधिकारों की रक्षा और महाविद्यालय के विकास में सहयोग देने का माध्यम है। उन्होंने पदाधिकारियों से अनुशासन, परिश्रम और सहयोग की भावना के साथ कार्य करने का आह्वान किया।

नवनिर्वाचित पदाधिकारियों में ममता देवी अध्यक्ष, आरती चौहान उपाध्यक्ष, कल्पना देवी सचिव तथा राजीव कुमार संयुक्त सचिव बनीं। इसके अलावा सकीना देवी तृतीय वर्ष, रेखा देवी द्वितीय वर्ष और अक्षय कुमार प्रथम वर्ष के कक्षा प्रतिनिधि नियुक्त किए गए। सांस्कृतिक प्रभारी का दायित्व मीनाक्षी देवी और सुहानी को सौंपा गया, जबकि खेल प्रभारी के रूप में रोहित कुमार और पूजा देवी ने शपथ ग्रहण की।

एनएसएस इकाई से शगुन कुमारी और आरती प्रतिनिधि रहीं, वहीं निखिल एवं अवंतिका को क्लब एवं सोसायटी सदस्य के रूप में चुना गया। प्राचार्य ने सभी पदाधिकारियों को बधाई दी और उनसे अपेक्षा जताई कि वे विद्यार्थियों और संस्थान के बीच समन्वय स्थापित करने में सेतु की भूमिका निभाएंगे।

## डाडासीबा में पौड़ी से टकराई कार, चालक सुरक्षित

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** डाडासीबा से संसारपुर टैरस मार्ग पर सोमवार तड़के एक मारुति ऑल्टो कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई, जिससे बड़ा हादसा टल गया। जानकारी के अनुसार, लगभग सुबह 2 बजे डाडासीबा से संसारपुर टैरस की ओर जा रही कार पीएनबी बैंक के समीप अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बनी सीमेंट की पौड़ी से जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार के दोनों एयरबैग खुल गए, जिससे चालक और सवार यात्रियों की जान बच गई। हादसे में गाड़ी को काफी नुकसान हुआ, जबकि सवार लोगों को मामूली चोटें आई हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि दुर्घटना तेज रफ्तार या नींद आने के कारण हो सकती है, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। खबर लिखे जाने तक घटना की सूचना डाडासीबा पुलिस को नहीं दी गई थी।

## हर्षिल और वैष्णवी पठानिया करेंगे राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में हिमाचल का नेतृत्व

**अनंत ज्ञान, इंदौरा**

**नूरपुर** की लदोड़ी पंचायत के निवासी नवीन पठानिया के प्रतिभाशाली बच्चे हर्षिल सिंह पठानिया और वैष्णवी सिंह पठानिया ने तीरंदाजी में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है। दोनों ने हिमाचल प्रदेश का नाम रोशन करते हुए आगामी राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में राज्य का नेतृत्व करने का गौरव हासिल किया है। हाल ही में शाहपुर में आयोजित तीसरी हिमाचल प्रदेश राज्य तीरंदाजी चैंपियनशिप 2025 में, आर्मी पब्लिक स्कूल पठानकोट के इन दोनों खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। हर्षिल सिंह पठानिया ने सब-जूनियर वर्ग (इंडियन राउंड) में द्वितीय स्थान (रजत पदक) और जूनियर वर्ग में तृतीय स्थान (कांस्य पदक) हासिल किया। वहीं, वैष्णवी सिंह पठानिया ने सीनियर वर्ग (इंडियन राउंड) में तृतीय स्थान (कांस्य पदक) प्राप्त किया। अब हर्षिल सिंह पठानिया 28 नवंबर को इटानगर (अरुणाचल प्रदेश) में सब-जूनियर नेशनल और 28 से 31 दिसंबर 2025 तक रायपुर (छत्तीसगढ़) में जूनियर नेशनल आर्चरी चैंपियनशिप में हिमाचल प्रदेश का नेतृत्व करेंगे। वैष्णवी सिंह पठानिया 10 से 13 दिसंबर तक हैदराबाद (तेलंगाना) में सीनियर नेशनल चैंपियनशिप में भाग लेंगी। दोनों खिलाड़ियों ने अपनी सफलता का श्रेय अपने कोच प्रमोद कुमार को दिया, जिनके कठिन परिश्रम, मार्गदर्शन और समर्पण से उन्होंने यह उपलब्धि हासिल की है।

## नौरा स्कूल में एनएसएस शिविर का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, डरोह।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला नौरा में मुख्य अतिथि समाजसेवी महेंद्र पटियाल ने 10 से 16 नवंबर तक सात दिवसीय एनएसएस शिविर का शुभारंभ किया। उन्होंने अनुशासन और भाईचारे का महत्व बताया। प्रधानाचार्य प्रेम सागर ने छात्रों को नशे से दूर रहने और देश की सेवा करने की प्रेरणा दी। शिविर में 40 वालंटियर्स (21 लड़कियां, 19 लड़के) भाग ले रहे हैं। छात्राओं और छात्रों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी और नशे से दूर रहने तथा पढ़ाई पर ध्यान देने की शपथ ली।

## लंबागांव की श्रेष्ठा देवी बनी महिलाओं के लिए प्रेरणा

**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** लंबागांव की 63 वर्षीय महिला श्रेष्ठा देवी ने यह साबित कर दिखाया कि अगर इरादे मजबूत हों, तो उम्र की कोई सीमा नहीं होती। जिस उम्र में अकसर लोग आराम करने की सोचते हैं, उस समय श्रेष्ठा देवी ने स्वाद का उधम शुरू कर दिया। श्रेष्ठा देवी ने 2023 में स्वयं सहायता समूहों से परीक्षण लेकर अपने घर से ही नींबू, कटहल, आम का आचार, चंबा चुख और चटनी बनाने का काम शुरू कर किया।



**2023 में परीक्षण लेकर किया था आचार बनाने का काम**

श्रेष्ठा देवी हार्ट और थायराइड जैसी बीमारियों से जूझते हुए भी उनकी लगन और गुणवता की ध्यान देने की रणनीति ने उन्हें न केवल आर्थिक रूप से निर्भर बनाया है, बल्कि वह आज प्रतिमाह हजारों रुपए कमाकर अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणादायक स्रोत बन गई हैं। उनकी अथक मेहनत और लगन का परिणाम है कि उनके उत्पादों की मांग अब स्थानीय बाजारों के साथ आस पास के क्षेत्रों में भी बढ़ती जा रही है। श्रेष्ठा देवी का मानना है कि इस कार्य को शुरू करने के लिए किसी बड़ी पूंजी या विशेष साधन की नहीं बल्कि सिर्फ लगन और सही समय का उपयोग और उत्पादों की गुणवत्ता पर ध्यान देने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि समय की कीमत समझना बहुत जरूरी है। मोबाइल पर समय गंवाने से बेहतर इसका सही दिशा में करना चाहिए, ताकि घर की आय में बढ़ोतरी हो और आत्मसंतोष भी मिल सके।

## डेढ़ सप्ताह में धर्मशाला के आसपास तीन चोरियां, दो आरोपी गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** सर्दियों के आगाज के साथ ही चोरियों को घटनाएं बढ़ना शुरू हो गई हैं। जिला मुख्यालय धर्मशाला के आसपास के क्षेत्रों में पिछले डेढ़ सप्ताह में चोरियों के तीन मामले सामने आ चुके हैं। चोरी के मामलों पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने दो चोरों को गिरफ्तार किया है। ये चोर कहीं बाहर के नहीं, बल्कि धर्मशाला के ही निकले हैं। एएसपी कांगड़ा बीर बहादुर ने कहा कि धर्मशाला में जो तीन चोरियों की वारदातें सामने आई थीं, उस पर थाना धर्मशाला की पुलिस टीमों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए जिन दो आरोपियों को चोरी के केस में गिरफ्तार किया है, उनमें से एक 22 वर्षीय रॉबिन सिंह धर्मशाला के झियोल का रहने वाला है, जबकि भीमसेन नाम का- आरोपी दाड़ी का रहने वाला है। एएसपी ने बताया कि दोनों आरोपियों को गिरफ्तार करके अदालत में पेश करने के बाद रिमांड पर ले लिया है और पूछताछ जारी है। उन्होंने कहा कि धर्मशाला सीसीटीवी से लैस है। यहां हर अगर कोई भी अपराधी किसी अपराध को अंजाम देता है तो उसका भागना तो सुनिश्चित है, मगर आवाजाही की हर हरकत पर पैनी नजर है क्योंकि धर्मशाला के_ हर उस मार्ग को हाइटेक कर दिया गया है। यहां अपराधियों के बचने की कोई गुंजाइश नहीं है।

## न्यूज ब्रीफ

### धीरा स्कूल में स्वयंसेवी किए सम्मानित

**अनंत ज्ञान, डरोह।** राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला धीरा में सात दिवसीय एनएसएस शिविर का सोमवार को समापन हो गया। समारोह में मुख्य अतिथि धीरा पंचायत प्रधान रही, जबकि अध्यक्षता प्रधानाचार्य विजय शर्मा ने की। शिविर में 33 छात्राएं और 22 छात्र भाग ले रहे थे। मुख्य अतिथि ने सभी स्वयंसेवियों को सम्मानित किया। जमा दो के पायल शर्मा और पीयूष को बेस्ट वॉलंटियर के रूप में सम्मानित किया गया और प्रत्येक को 2100/- रुपये प्रदान किए गए। पूर्व दिवस, वाइस प्रिंसिपल राजेश रोशन ने मधुर गीतों से कार्यक्रम को रंगीन बनाया।

### चयनित छात्रों को प्रदान किए प्रमाण पत्र

**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** कंवर दुर्गा चंद राजकीय महाविद्यालय जयसिंहपुर में सोमवार को महाविद्यालय के करियर काउंसिलिंग सेल और क्रैक अकादमी के संयुक्त तत्वावधान में सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन सेल के संयोजक प्रो. रविंद्र कुमार और क्रैक अकादमी के सीनियर काउंसलर नरेंद्र सलारिया व दिलीप कुमार ने किया। कार्यक्रम में 9 अक्तूबर को आयोजित 'मेरे शहर के 100 रत्न' परीक्षा में चयनित छात्रों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। परीक्षा में 202 छात्रों ने भाग लिया, जिनमें से 103 ने उत्तीर्ण किया। इसमें 16 छात्रों ने 100%, 28 ने 75% और 59 ने 50% छात्रवृति प्राप्त की। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. अरुण चंद्र ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि यह महाविद्यालय के लिए गर्व का विषय है और विद्यार्थियों के लिए सही निर्णय लेने में क्रैक अकादमी मार्गदर्शन करेगी।

### बैडमिंटन प्रतियोगिता में लदोह विजेता

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** भारत सरकार युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, मेरा युवा भारत कांगड़ा, हिमाचल प्रदेश के सौजन्य से ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का समापन ब्लॉक पंचरुखी के टटेहल में किया गया। समापन में भाजपा के जिला महामंत्री राजेश रानू मुख्य अतिथि तथा जिला परिषद श्रेष्ठ चौधरी बतौर विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे। बैडमिंटन प्रतियोगिता में लदोह विजेता तथा टटेहल उप विजेता रहा, वॉलीबाल में पहाड़ा विजेता तथा खुंडिया उपविजेता तथा कबड्डी में लदोह विजेता तथा रामनगर की टीम उप विजेता रही। इस मौके पर समिति सदस्य राकेश सुलक्षणा देवी उपप्रधान राजेश राजू, महिला मंडल प्रधान रशमा देवी, अंबिका देवी सचिव, बार सदस्य गोल्डी शर्मा, भारतीय जनता युवा मोर्चा प्रदेश कार्य समिति अमन राणा और विशाल राजपूत लकू शर्मा, नितेश, सुमित, नरेश, दीपू उपस्थित रहे।

### साइंस क्विज स्पर्धा में सुभाष चंद्र बोस सदन प्रथम

**अनंत ज्ञान, डरोह।** राजकीय माध्यमिक विद्यालय साई भ्रांता में अंतरराष्ट्रीय विज्ञान दिवस के तहत विज्ञान प्रश्नोत्तरी (साइंस क्विज) का आयोजन किया गया। इसमें विद्यालय के तीनों सदनों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में सुभाष चंद्र बोस सदन के गोकुल, हर्षित राणा, दिया राणा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। विज्ञान अध्यापिका ब्रजेश्वरी कश्यप ने छात्रों को अपने जीवन में वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने के लिए प्रेरित किया ।

# पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए 21 दिसंबर से होगा कांगड़ा वैली कॉर्निवल का आगाज

## ड्रोन शो, फैशन शो तथा सांस्कृतिक संध्याएं और मैराथन व खेल स्पर्धाएं होंगी : डीसी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला



डीसी ने अधिकारियों के साथ बैठक की।

**पर्यटन** को बढ़ावा देने के लिए धर्मशाला में 21 दिसंबर को कांगड़ा वैली कॉर्निवल का आगाज होगा। धर्मशाला के पुलिस मैदान में होने वाला यह आयोजन 21 दिसंबर से 25 दिसंबर तक चलेगा।

डीसी कांगड़ा हेमराज बैरवा ने अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक में बताया कि कॉर्निवल में सांस्कृतिक संध्याओं के साथ साथ मैराथन, विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं, ड्रोन शो, फैशन शो तथा लोक संस्कृति की छटा बिखरेती विभिन्न राज्यों तथा हिमाचल के कलाकरों की प्रस्तुतियां भी आकर्षण का केंद्र रहेंगी। उन्होंने बताया कि कांगड़ा वैली कॉर्निवल के सफल आयोजन के लिए कमेटियां गठित कर दी गई हैं इसमें एडीसी विनय कुमार को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया। इसके साथ ही स्थानीय लोगों की सहभागिता भी सुनिश्चित की जाएगी। डीसी हेमराज बैरवा ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा कांगड़ा जिला को पर्यटन राजधानी के रूप में विकसित करने के लिए विभिन्न कार्य परियोजनाओं को मंजूरी भी प्रदान की है तथा इसी दिशा में कांगड़ा वैली कॉर्निवल का आयोजन भी सरकार के दिशा निर्देशों पर आयोजित किया जा रहा है, ताकि पर्यटकों को आकर्षित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रशासन द्वारा सोशल मीडिया पर इसकी लाइव स्ट्रीमिंग भी की जाएगी, ताकि जो लोग इस कार्यक्रम देखने नहीं आ पाएंगे वे घर बैठे इसका आनंद ले सकें। उन्होंने कहा कि प्रशासन का प्रयास है कि इस कांगड़ा घाटी कॉर्निवल के आयोजन के लिए सबका सहयोग मिले और यह इवेंट स्मरणीय रहे।

# डिप्टी सीएम ने विधायक परमार को दिया बेटी के विवाह का निमंत्रण



विधायक परमार को बेटी की शादी का निमंत्रण देने पहुंचे डिप्टी सीएम अग्निहोत्री।

राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान

**डरोह।** उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री सोमवार को कांगड़ा जिले के सुलह विधानसभा क्षेत्र के विधायक, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री विपिन सिंह परमार के निवास पर पहुंचे।

उन्होंने अपनी पुत्री प्रोफेसर आस्था अग्निहोत्री के विवाह का व्यक्तिगत निमंत्रण दिया। दोनों वरिष्ठ नेताओं के बीच यह भेंट पूरी तरह सौहार्दपूर्ण और आत्मीय रही। राजनीतिक मतभेदों से इतर यह मुलाकात आपसी सम्मान और मधुर संबंधों की मिसाल के रूप में देखी जा रही है। सूत्रों के अनुसार, विवाह समारोह में प्रदेश के कई प्रमुख राजनीतिक एवं प्रशासनिक हस्तियों के शामिल होने की संभावना है। इस दौरान उपमुख्यमंत्री के साथ पालमपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक आशीष शर्मा और हिमफेड के अध्यक्ष महेश्वर सिंह चौहान भी उपस्थित रहे।

# 70 में से 69 नाम मतदाता सूची में यथावत रहेंगे, कटेगा एक नाम

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

**विकास** खंड धर्मशाला की गगल पंचायत में 70 मतदाताओं के नाम सूची में यथावत रखने के बीडीओ के फैसले पर की गई अपील पर जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त कांगड़ा ने निर्णय दिया है कि 69 मतदाताओं के नाम यथावत रखे जाएं और एक नाम को सूची से हटाया जाए। जिस नाम को हटाए जाने के आदेश दिए हैं, संबंधित नाम का व्यक्ति विकास खंड रैत की घरोह पंचायत में निवास करता है। यह भी निर्देश दिया कि गगल पंचायत के परिवार रजिस्टर में गलत तरीके से नाम शामिल होने का मामला जांच का विषय है, जिस पर आवश्यक कार्रवाई की जाए। यदि कोई अनियमितता पाई जाती है तो संबंधित के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाए।

**बीडीओ के फैसले पर डीसी कांगड़ा ने दिया निर्णय**

परिवार रजिस्टर में दर्ज व्यक्ति पंचायत के स्थायी निवासी होते हैं, जबकि मतदाता सूची में मतदाता शामिल होने के लिए निरर्हता उसके साधारण निवासी न होने से है, इसलिए पंचायत क्षेत्र में निवास कर रहे साधारण निवासी मतदाता सूची में दर्ज किए जाने के लिए पात्र हैं। गौरतलब है कि बीडीओ के फैसले पर गगल पंचायत प्रधान रेणू पठानिया ने 31 अक्तूबर को उपायुक्त के पास अपील दायर की थी। इस संबंध में चार नवंबर को सुनवाई के लिए नोटिस जारी किए गए और अपीलकर्ता, पंचायत से संबंधित 70 मतदाताओं, पंचायत सचिव व विकास खंड में कार्यरत पंचायत निरीक्षक को छह नवंबर को व्यक्तिगत रूप से सुनवाई के लिए बुलाया गया। सुनवाई के समय अपीलकर्ता, 70 में से 36 मतदाता, विकास खंड धर्मशाला में कार्यरत पंचायत निरीक्षण उपस्थित हुए, जबकि पंचायत सचिव उपस्थित नहीं हुए। उधर, जिला पंचायत अधिकारी कांगड़ा विक्रम सिंह ने बताया कि विकास खंड धर्मशाला की गगल पंचायत के 70 मतदाताओं के मामले को लेकर जो अपील जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त के पास की गई थी, उसमें फैसला आ गया है। इसमें जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त कांगड़ा ने 70 में से 69 मतदाताओं को गगल पंचायत की मतदाता सूची में यथावत रखने, जबकि एक का नाम हटाने के आदेश दिए हैं। साथ ही उन्होंने परिवार रजिस्टर में गलत तरीके से नाम शामिल होने के मामले में जांच कर अनियमितता पाए जाने पर कार्रवाई के भी आदेश दिए हैं।

# बैजनाथ कॉलेज की टीम ने ताइक्वांडो प्रतियोगिता में किया शानदार प्रदर्शन

**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला की ओर से आयोजित अंतर महाविद्यालयीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में पंडित संत राम राजकीय महाविद्यालय बैजनाथ की टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए महाविद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। यह प्रतियोगिता राजकीय कन्या महाविद्यालय, शिमला (आरकेएमबी) में आयोजित की गई, जिसमें प्रदेश के विभिन्न महाविद्यालयों की टीमों ने भाग लिया। बैजनाथ महाविद्यालय की टीम ने कुल सात पदक जीते हैं।

पुरुष टीम ने प्रदेशभर में प्रथम स्थान प्राप्त कर विजेता ट्रॉफी अपने नाम की। पंकज ने स्वर्ण पदक, रितेश ने स्वर्ण पदक, शोभा ने रजत पदक, सिया ने रजत पदक हासिल किए हैं। वहीं, आशीष, अभियांश और काजल ले कांस्य पदक जीता है।

टीम के इस शानदार प्रदर्शन में टीम प्रबंधक एवं स्पोर्ट्स इंचार्ज डॉ. राजेश चौधरी और शिवाली भारद्वाज ने खिलाड़ियों का मार्गदर्शन किया। प्राचार्य डॉ. प्रदीप कौंडल ने विजेता खिलाड़ियों, टीम प्रबंधकों और खेल प्रभारी को हार्दिक बधाई दी और कहा कि यह उपलब्धि महाविद्यालय और पूरे बैजनाथ क्षेत्र के लिए गौरव का विषय है।

# आलमपुर के सूर्यांश शर्मा का राष्ट्रीय कला उत्सव के लिए चयन

**नरेंद्र डोगरा, अनंत ज्ञान, आलमपुर/जयसिंहपुर।** उपतहसील आलमपुर की जांगल पंचायत के साई गांव के सूर्योंश शर्मा पुत्र राजीव शर्मा ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए राष्ट्रीय स्तर पर चयन हासिल किया है। हाल ही में चंबा जिले में आयोजित राज्य स्तरीय कला उत्सव में सूर्यांश ने एकल हारमोनियम वादन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया। सूर्यांश के इस शानदार प्रदर्शन के चलते अब उनका चयन राष्ट्रीय स्तरीय कला उत्सव के लिए हुआ है। इस उपलब्धि से न केवल उनके परिवार, बल्कि पूरे आलमपुर क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है।



प्रदेश में हासिल किया पहला स्थान।

सूर्यांश वर्तमान में हमीरपुर स्थित एक निजी स्कूल में दसवीं कक्षा के विद्यार्थी हैं। उनके पिता राजीव शर्मा शिक्षा विभाग में कार्यरत हैं, जबकि माता वनिता शर्मा गृहिणी हैं। सूर्यांश ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और शिक्षकों को दिया है। अब सूर्यांश राष्ट्रीय मंच पर हिमाचल प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे, जिससे क्षेत्रवासियों में गर्व और उत्साह का माहौल है।

# केंद्र सरकार की योजनाओं का श्रेय लेने का प्रयास कर रहे सीएम सुक्खू: संजय शर्मा

अंनत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

**प्रदेश** भाजपा प्रवक्ता संजय शर्मा ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू केंद्र सरकार द्वारा प्रायोजित योजनाओं का श्रेय लेने का प्रयास कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि लगभग आधा दर्जन ऐसे कार्य हैं, जिनके लिए धन केंद्र सरकार ने उपलब्ध कराया, लेकिन मुख्यमंत्री प्रशासन पर दबाव डालकर स्वयं उद्घाटन कराना चाहते हैं। संजय शर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार अपनी वित्तीय स्थिति के कारण सड़कों की मरम्मत तक अपने खर्च से नहीं करवा सकती, जबकि धर्मशाला में विधानसभा सत्र के लिए सड़कों और अन्य कार्य स्मार्ट सिटी के केंद्र सरकार के धन से करवाए जा रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि यूनिटी मॉल और अंतरराष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर जैसी परियोजनाओं को रोका है। केंद्रीय विश्वविद्यालय के धर्मशाला कैंपस के लिए 30 करोड़ रुपए की राशि पिछले ढाई वर्षों से अटका दी गई है। मुख्यमंत्री जनता की मांगों को अनसुना कर नित नए बहाने बनाते हैं और केंद्र द्वारा उपलब्ध कराई गई योजनाओं का श्रेय स्वयं लेने का प्रयास कर रहे हैं।

# घरोह में निमार्णाधीन अपार्टमेंट की सातवीं मंजिल से गिरा मजदूर, मौत

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

**जिला** मुख्यालय के समीपवर्ती घरोह में एक निर्माणाधीन अपार्टमेंट की सातवीं मंजिला से गिरने से मजदूर की मौत हो गई।

मृतक की पहचान सरदार मल स्वामी (40) पुत्र सुंदा राम स्वामी निवासी दौलतपुरा हरदास, तहसील श्री माधोपुर, जिला सीकर (राजस्थान) के रूप में हुई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, सरदार मल स्वामी अपने दो अन्य भाइयों के साथ घरोह स्थित अपार्टमेंट की सातवीं मंजिल पर मार्बल डालने का कार्य करता था। रविवार देर रात को वह अपार्टमेंट की लिफ्ट की तरफ गया था और अचानक नीचे गिर गया। इसके बाद उसे गंभीर अवस्था में धर्मशाला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। एएसपी कांगड़ा बीर बहादुर ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम के उपरांत परिजनों को सौंप दिया है। उन्होंने बताया कि पुलिस मामले में व्यक्ति के गिरने के कारणों को लेकर सभी पहलुओं पर जांच कर रही है।

# थलेहड़ स्कूल के पुनः संचालन के लिए लिखा पत्र

**अनंत ज्ञान, डरोह।** राजकीय प्राथमिक पाठशाला थलेहड़ स्रह्य एसएमसी प्रधान, सदस्यों और अभिभावकों ने उपमंडलाधिकारी धीरा सलीम आजम के माध्यम से हाईकोर्ट शिमला द्वारा जारी आदेशों की अनुपालना सुनिश्चित करने के लिए प्राथमिक शिक्षा विभाग को प्रार्थना पत्र लिखा है। प्रार्थना पत्र में बताया कि शिक्षा विभाग द्वारा सही तथ्य सरकार तक न पहुंचाने के कारण पाठशाला को बंद/मर्ज करने के निर्देश दिए गए। 28 जुलाई, 2025 के निर्देशानुसार प्राइमरी तक की पढ़ाई बंद कर दी गई थी, जिसके कारण अभिभावकों और एसएमसी ने न्यायालय की शरण ली। इस मामले में माननीय न्यायालय ने आदेश दिया कि 31 अक्तूबर तक पाठशाला में पढ़ाई पुनः शुरू करवाई जाए, लेकिन आज तक पढ़ाई प्रारंभ नहीं हुई है।

शिक्षा विभाग के अधिकारी बीईईओ धीरा भी स्पष्ट जवाब नहीं दे रहे हैं। अभिभावकों और एसएमसी ने प्राथमिक शिक्षा विभाग से अनुरोध किया है कि न्यायालय के आदेशों की पूरी तरह अनुपालना सुनिश्चित की जाए। इस दौरान एसडीएम धीरा सलीम आजम ने कहा कि थलेहड़ विद्यालय के बच्चों के अभिभावकों और स्थानीय जनता द्वारा बंद पाठशाला को पुनः प्रारंभ करने की गुहार लगाई गई है, जिसे शिक्षा विभाग के उपनिदेशक को आवश्यक कार्रवाई के लिए भेज दिया गया है।

# वृद्ध समाजसेवी मामले में मिनी सचिवालय के बाहर प्रदर्शन, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



समाजसेवी देशबंधु मामले में एसडीएम देहरा को ज्ञापन सौंपते प्रदर्शनकारी।

शिव गुलेरिया, अनंत ज्ञान

**देहरा।** देहरा में शुक्रवार को हुई घटना के विरोध में सोमवार को वरिष्ठ नागरिक मंच, स्थानीय लोगों, भाजपा पदाधिकारी और आरएसएस कार्यकर्ताओं ने मिनी सचिवालय के बाहर रोष प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने समाजसेवी देशबंधु के पक्ष में एसडीएम देहरा को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन मुख्यमंत्री के नाम भेजा गया है, जिसमें मामले की निष्पक्ष जांच और संबंधित अधिकारियों के तबादले की मांग की गई है। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने एसपी देहरा मयंक चौधरी से भी मुलाकात की।

एसपी ने निष्पक्ष जांच और न्याय का आश्वासन दिया और कहा कि मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, महिलाएं और भाजपा नेता उपस्थित रहे। बीजेपी जिलाध्यक्ष अजय खट्टा, महासचिव सुशील कालिया, नेता अचल पठानिया, विश्व हिंदू परिषद पवन शर्मा, सुरेंद्र सूद, रंजीत चौहान, सुनील शर्मा सहित अनेक लोग शामिल थे। ज्ञापन में कहा कि शुक्रवार को एसडीएम कोर्ट देहरा में पेशी के दौरान एक महिला ने वृद्ध समाजसेवी देशबंधु पर मिट्टी का तेल फेंका और जूतों की माला पहनाने की कोशिश की। आरोप लगाया गया कि पुलिस और कुछ अधिकारियों का रवैया पक्षपाती रहा, एफआईआर मीडिया में मामला आने तक दर्ज नहीं की गई। देशबंधु रक्कड़ क्षेत्र के रहने वाले हैं और सामाजिक कार्यों व जनहित के मुद्दों के लिए जाने जाते हैं। प्रदर्शनकारियों ने सरकार से आग्रह किया कि दोषी अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए और भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों।

# शिक्षण कला में परांगत होंगे केंद्रीय विश्वविद्यालय के संकाय सदस्य

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** धर्मशाला में हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के धौलाधार परिसर एक में सोमवार को एक नया अध्याय शुरू हुआ है। विश्वविद्यालय में यूजीसी-मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सत प्रकाश बंसल ने किया। इस अवसर पर केंद्र ने भारतीय ज्ञान प्रणालियों अपने पहले अल्पकालिक कार्यक्रम (शार्ट टर्म प्रोग्राम) की भी शुरुआत की।

देशभर से 100 से अधिक शिक्षकों ने इस कार्यक्रम में पंजीकरण करवाया है, जहां वे भारतीय ज्ञान परंपरा को प्रमाण सहित प्रस्तुत करने के तरीकों पर विचार-विमर्श कर रहे हैं। केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सत प्रकाश बंसल ने कहा कि हमें भारत को भारत की दृष्टि से देखने की आवश्यकता है। जब तक हम भारतीय दृष्टिकोण से नहीं सोचेंगे, तब तक हमारी चिंतन धारा श्रेष्ठ नहीं हो सकती। आज जो सपना एक साल पहले देखा था, वह अब मूर्त रूप में हमारे सामने है। कुलपति ने कहा कि यह केंद्र न सिर्फ शिक्षकों को प्रशिक्षण देगा, बल्कि भारत के प्राचीन ज्ञान, चिंतन और दर्शन को आधुनिक शिक्षा प्रणाली से जोड़ने का काम करेगा। कुलपति ने विश्वास जताया कि यह केंद्र आने वाले समय में शिक्षण के क्षेत्र में देश के लिए मील का पत्थर साबित होगा।

# पठानकोट के माधोपुर डिफेंस रोड टी-प्वॉइंट पर वाहन की चपेट में आने से दो महिलाओं की मौत

अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान

**पठानकोट।** पठानकोट के माधोपुर डिफेंस रोड टी-प्वॉइंट पर दर्दनाक हादसा पेश आया है। एक वाहन की चपेट में आने से दो महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक महिलाओं की पहचान ज्योति पत्नी राम दास, गांव मैरा, जबकि नीरू बाला पत्नी काला राम, निवासी खलकी जैनी के रूप में हुई है। मृतक नीरू बाला के पति काला राम ने बताया कि उसकी साली ज्योति को उसके ससुराल वाले परेशान कर रहे थे, जिसके बाद सुजानपुर थाने में शिकायत दर्ज कराई गई थी और दोनों बहनें किसी सुनवाई के लिए थाने जा रही थीं। इसी दौरान माधोपुर डिफेंस रोड स्थित टी प्वॉइंट पर एक ट्रक चालक ने दोनों बहनों को कुचल दिया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। शवों को पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल पठानकोट लाया गया।

जांच अधिकारी एएसआई नरेश कुमार ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच जारी है और ट्रक चालक को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। एसएसपी दलजिंदर सिंह ढिल्लों ने मामले की पुष्टि की है।

**शुभारंभ** उपमुख्य सचेतक पठानिया ने नेशनल नेचर कैंप को झंडी दिखाकर किया रवाना

# शाहपुर में नेशनल नेचर कैंप का शुभारंभ

अनंत ज्ञान, शाहपुर




एटीसी परिसर से कैंप को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया।

**उपयुक्त** प्रौद्योगिकी संस्थान (एटीसी) शाहपुर के तत्वाधान में सोमवार को विद्यार्थियों के लिए तीन दिवसीय नेशनल नेचर कैंप की शुरुआत हुई। शाहपुर के विधायक एवं उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने एटीसी परिसर से कैंप को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। नेचर कैंप में शाहपुर विधानसभा क्षेत्र के विज्ञान संकाय से जुड़े 21 स्कूलों के 52 उत्कृष्ट छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। छात्र शाहपुर से रवाना होकर करेरी पहुंचे, जहां उन्होंने ऑटोमैटिक वेदर स्टेशन का भ्रमण किया। वन एवं पर्यावरण संरक्षण पर विशेषज्ञों से जानकारी प्राप्त की तथा ट्रैकिंग गतिविधियों के माध्यम से प्रकृति से निकटता का अनुभव किया। विधायक केवल सिंह पठानिया ने कहा कि यह जिला का पहला नेचर कैंप है, जो छात्रों को पर्यावरण संरक्षण के महत्व को समझने और प्रेरित करने में मदद करेगा। उन्होंने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया, जिन्होंने करेरी में ऑटोमैटिक वेदर स्टेशन की स्थापना करवाई। उन्होंने धारकंडी क्षेत्र में पांच बसों के संचालन और सड़क निर्माण व सुधार कार्यों की जानकारी भी साझा की। एटीसी शाहपुर की प्रभारी एवं वैज्ञानिक अधिकारी सुनंदा पठानिया ने मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए तीन दिवसीय कैंप की रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने कहा, प्रकृति हमारी दूसरी मां है और इसका संरक्षण हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने बताया कि कैंप के दूसरे दिन बच्चे पालमपुर साइंस सिटी का भ्रमण करेंगे, जबकि अंतिम दिन आईटीआई शाहपुर में तकनीकी शिक्षा से संबंधित जानकारी प्राप्त करेंगे। कार्यक्रम के दौरान फ्लावर पॉट्स वितरण, निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने चामुंडा महिला मंडल को 11,000 की प्रोत्साहन राशि भेंट की। इस अवसर पर एसडीएम शाहपुर, उपनिदेशक कृषि, बीएमओ, अधिशासी अभियंता, बीडीओ, प्रधानाचार्य, वैज्ञानिक अधिकारी, एचआरटीसी निदेशक, स्कूल स्टाफ और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। कैंप ने छात्रों और स्थानीय लोगों में प्रकृति के प्रति जागरूकता बढ़ाने का महत्वपूर्ण कार्य किया।

# धर्मशाला कॉलेज में मीडिया एवं सांस्कृतिक कल्पना विषय पर कार्यशाला

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** राजकीय महाविद्यालय धर्मशाला में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ और मीडिया लिटरेरी क्लब के संयुक्त तत्वावधान में 'रील, रियल और रिप्रेजेंटेड: मीडिया एंड कल्चरल इमेजिनेशन' विषय पर एक सप्ताहिक कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का दीप प्रज्वलन महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. राकेश पठानिया द्वारा मां सरस्वती के समक्ष किया गया। मुख्य वक्ता डॉ. चंदन आनंद, सहायक आचार्य, हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय ने मीडिया और सार्वजनिक धारणा की भूमिका पर विद्यार्थियों को मार्गदर्शन दिया। उन्होंने मीडिया की शक्ति, सामाजिक प्रभाव और सूचना की सटीकता पर जोर देते हुए विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे सोशल मीडिया का उपयोग विवेक और सकारात्मक सोच के साथ करें। कार्यशाला के दूसरे सत्र में तरसेम जरयाल ने सोशल मीडिया के सही उपयोग और इसके माध्यम से समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के अनुभव साझा किए।

# पंचरुखी की गदयाड़ा पंचायत में सामुदायिक भवन बना खंडहर

अजय पाल, अनंत ज्ञान

**पालमपुर।** विधानसभा क्षेत्र जयसिंहपुर, विकास खंड पंचरुखी की गदयाड़ा पंचायत में टेलीफोन एक्सचेंज के साथ लाखों रुपए से बना सामुदायिक भवन कम जंज घर अधूरा होने के कारण खंडहर बना हुआ है। इस भवन तक जाने के लिए रास्ता तक नहीं है। भवन के आसपास घास और कांटेदार झाड़ियां होने से जंगल बना हुआ है।

इस भवन पर लाखों रुपए खर्च किए गए हैं, लेकिन अभी तक भवन अधूरा है।



गदयाड़ा में सामुदायिक भवन कम जंज घर अधूरा होने के कारण खंडहर बना हुआ है।

आम आदमी पार्टी जयसिंहपुर के सचिव कालिदास ने बताया जाता कि लगभग छह साल पहले इस भवन का निर्माण ग्राम पंचायत के माध्यम से शुरू हुआ था जो कि अभी तक अधूरा है। यदि इस भवन का कार्य पूरा कर लिया जाता है तो स्थानीय जनता को इसका लाभ मिलता है, लेकिन ऐसा प्रतीत होता है की 5 साल एक पार्टी और 5 साल दूसरी पार्टी जनता के पैसे को बर्बाद करके जनता को सुविधा से वंचित कर रही है। आम आदमी पार्टी हिमाचल प्रदेश सरकार, विधायक व मंत्री व पंचायतीराज विभाग, खंड विकास अधिकारी पंचरुखी तथा ग्राम पंचायत गदयाड़ा से मांग करती है कि जल्द से जल्द इस भवन का कार्य पूरा करके जनता को समर्पित किया जाए, ताकि जनता इसका सदुपयोग कर के इसका लाभ उठा सके। यदि आम आदमी पार्टी की इस मांग पर इसका निर्माण कार्य पूर्ण नहीं किया गया तो पार्टी आगे की रणनीति बनाने पर विचार करेगी, जो भी जनता के हित में होगा वह फैसला लिया जाएगा।

## न्यूज ब्रीफ

### तकनीकी शिक्षा मंत्री धर्माणी कल घुमारवीं में

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** नगर एवं ग्राम नियोजन, आवास, तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी 12 नवंबर को दोपहर 2:30 बजे बीडीओ कार्यालय घुमारवीं में उपमंडल स्तरीय जन शिकायत निवारण समिति बैठक की अध्यक्षता करेंगे। इस बारे जानकारी देते हुए विभागीय प्रवक्ता ने बताया कि राजेश धर्माणी 13 नवंबर को प्रातः 11 बजे डीएवी स्कूल घुमारवीं के वार्षिक दिवस कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि 16 नवंबर को प्रातः 11 बजे ग्राम पंचायत छत में 7वें अखिल भारतीय सहकारी सप्ताह कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि शामिल होंगे।

### नकराणा की अर्चना का नेशनल के लिए चयन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** कांगड़ा के धर्मशाला में अभी हाल ही में संपन्न अंडर-14 (गर्ल्स) राज्य स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता में बिलासपुर के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला नकराणा की दो बेटियों अर्चना ठाकुर और तन्वी ठाकुर ने अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्कूल व इलाके का नाम रोशन किया है। इनमें अर्चना ठाकुर का चयन अंडर-14 गर्ल्स राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए हुआ है। शतरंज का यह नेशनल इवेंट झारखंड के रांची में होगा। गौर हो कि इससे पहले भी अर्चना ठाकुर का चयन दो बार प्राथमिक स्तर से राज्य स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता के लिए और दो बार माध्यमिक स्तर से हो चुका है। इसी पाठशाला की अंडर-19 गर्ल्स की दो छात्राओं का चयन राज्य स्तर पर शतरंज खेल के लिए हुआ था।

### बिलासपुर के धमथल में मनाया वन हेल्थ डे

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** खंड स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुरेंद्र सिंह बावा के दिशा-निर्देश में ग्राम धमथल में वन हेल्थ डे कैंप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य, पर्यावरण और पशु कल्याण के समन्वय पर जागरूकता फैलाने पर जोर दिया गया। स्वास्थ्य शिक्षक मस्तराम ने वन हेल्थ की अवधारणा पर विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि मानव, पशु और पर्यावरण स्वास्थ्य एक-दूसरे से गहराई से जुड़े हैं। उन्होंने स्वच्छता, टीकाकरण, पशु देखभाल और पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर बल दिया। कार्यक्रम के दौरान तंबाकू मुक्त युवा अभियान 3.0 पर भी चर्चा की गई। इसी अवसर पर भाषण और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। भाषण प्रतियोगिता में पूनम प्रथम, रीना द्वितीय और अंजली तृतीय रहीं। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में रामा प्रथम, बलवीर कौर द्वितीय और लता देवी तृतीय रहीं। कार्यक्रम में कुल 37 लोगों ने भाग लिया। प्रतिभागियों को रजिस्टर और बॉल पेन पुरस्कारस्वरूप दिए गए तथा अंत में सभी को फल वितरित किए गए।

### बिलासपुर लेखक संघ की काव्य गोष्ठी कल

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** बिलासपुर लेखक संघ की मासिक बैठक एवं काव्य गोष्ठी 12 नवंबर (मंगलवार) को संघ के सदस्य श्री हेम राज शर्मा के गांव देलग (कलरी कॉलेज के पास) में प्रातः 11 बजे आयोजित की जाएगी। यह जानकारी देते हुए संघ के महासचिव श्री रवींद्र कुमार शर्मा ने बताया कि बैठक का प्रथम सत्र साहित्यिक चर्चा के लिए तथा द्वितीय सत्र काव्य गोष्ठी के लिए निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर संघ के सदस्य श्री हेम राज शर्मा के पुत्र के विवाह पर उन्हें बधाई और आशीर्वाद भी देंगे। महासचिव ने सभी सदस्यों से समय पर पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

### राष्ट्रस्तरीय इनामी कबड्डी टूर्नामेंट का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, बरमाणा।** धार टटोह में जय मां हिडिम्बा स्पोर्ट्स क्लब के बैनर तले आयोजित नेशनल लेवल इनामी कबड्डी टूर्नामेंट का शुभारंभ भारतीय सेना में सेवारत मंडी के खिलाड़ी महेंद्र ठाकुर ने किया। संयोजक राजेश ठाकुर ने बताया कि यह क्षेत्र का पहला नेशनल लेवल टूर्नामेंट है, जिसमें कबड्डी प्रीमियर लीग के स्टार खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। विजेता टीम को 41 हजार व उपविजेता टीम को 31 हजार रुपए नकद पुरस्कार व ट्रॉफी दी जाएगी। पदमश्री व भारतीय कबड्डी टीम के पूर्व कप्तान अजय ठाकुर समापन समारोह में विजेताओं को सम्मानित करेंगे। राजेश ठाकुर ने कहा कि आयोजन का उद्देश्य नशे की प्रवृत्ति रोककर युवाओं को खेलों से जोड़ना है। मुख्यातिथि महेंद्र ठाकुर ने युवाओं से नशे से दूर रहकर खेलों को जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया।

# विभागीय उदासीनता से सोलधा में अधर में लटके विकास कार्य

## विधायक के नेतृत्व में ग्रामीणों ने डीसी को सौंपा ज्ञापन, हस्तक्षेप करने की मांग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

ग्राम पंचायत सोलधा के कई महत्वपूर्ण विकास कार्य प्रशासनिक देरी और विभागीय उदासीनता के कारण अधर में लटके हुए हैं। पंचायत प्रधान ने उपायुक्त को इस संबंध में ज्ञापन सौंपकर स्थिति से अवगत करवाया है और शीघ्र हस्तक्षेप की मांग की है। यह ज्ञापन नयना देवी क्षेत्र के विधायक रणधीर शर्मा के नेतृत्व में दिया गया।

विधायक रणधीर शर्मा ने भी प्रशासन से आग्रह किया है कि पंचायत क्षेत्र के लोगों की समस्याओं का शीघ्र समाधान किया जाए और रुके हुए विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा कराया जाए। पंचायत घर का नया मॉडल वर्ष 2021 में प्रस्तावित हुआ था, जिसके लिए 1.15 करोड़ रुपए की स्वीकृति अक्तूबर, 2024 में मिल थी। स्वीकृति के बाद भी ठेका आवंटित करने में दस महीने से अधिक समय लगा। 30 सितंबर 2025 को ठेका दिए जाने के बावजूद ठेकेदार ने अब तक कार्य आरंभ नहीं किया है।

**प्रशासन से रुके पड़े कार्यों को जल्द पूरा करवाने की मांग**



विधायक रणधीर के नेतृत्व में डीसी को ज्ञापन सौंपने जाते पंचायत निवासी।

### खेल मैदान अधूरा

**मुख्यमंत्री** खेल प्रोत्साहन योजना के तहत गांव खलैह, पंचायत सोलधा में खेल मैदान निर्माण कार्य फरवरी 2025 में स्वीकृत हुआ था, जिसकी राशि 15 लाख तय की गई थी। यह कार्य 17 अप्रैल 2025 को प्रारंभ हुआ, लेकिन अब तक केवल आंशिक कार्य ही हो पाया है। पंचायत के अनुसार, कई बार विभागों से संपर्क करने के बावजूद कार्य में प्रगति नहीं हुई। ठेकेदार को 9.54 लाख का ठेका दिया गया था, परंतु मैदान अब तक उपयोग योग्य नहीं बन पाया।

### सड़क और एफआरए स्वीकृति भी लंबित

**सोलधा** स्कूल से सोलधा गांव तक की सड़क की स्थिति अत्यंत दयनीय बताई गई है। पंचायत ने इस सड़क की मरम्मत को अत्यंत आवश्यक बताया है। वहीं, दो मामलों में वन अधिकार अधिनियम की स्वीकृति अप्रैल-मई 2025 से लंबित है। एक मामला सोलधा गांव में सामुदायिक केंद्र निर्माण से जुड़ा है और दूसरा पुल निर्माण से संबंधित है। पांच महीने बीत जाने के बाद भी विभागीय संशोधन व अनुमोदन न होने के कारण दोनों कार्य रुके पड़े हैं। प्रधान ने उपायुक्त से आग्रह किया है कि सभी लंबित कार्यों की समीक्षा हेतु राजस्व विभाग व संबंधित अधिकारियों के साथ संयुक्त बैठक शीघ्र आयोजित की जाए, ताकि जमीनी स्थिति का आकलन कर निश्चित समयावधि में कार्य पूर्ण कराए जा सकें।

# झंडूता को 8 वर्ष में दी 250 करोड़ की योजनाएं : कटवाल



**अनंत ज्ञान, झंडूता**

आत्मनिर्भर-विकसित भारत संकल्प ग्राम केंद्र पदयात्रा के तहत विधायक जीतराम कटवाल ने सोमवार को कोटधार क्षेत्र के कोसरियां ग्राम केंद्र में आयोजित टिफिन बैठकों में लोगों के सामने अपना आठ वर्ष का रिपोर्ट कार्ड पेश किया। उन्होंने बताया कि पिछले वर्षों में झंडूता क्षेत्र में लगभग 250 करोड़ रुपए की योजनाएं लागू की गई, जिनमें 15 सड़कों का नवीनीकरण, बड़े पुलों का निर्माण और कोसरियां पंचायत में 1.20 करोड़ रुपए के विकास कार्य शामिल हैं। विधायक ने कहा कि कुटबैंगड उठाऊ पेयजल योजना का 90 प्रतिशत कार्य तीन वर्ष पहले पूरा हो चुका है, लेकिन प्रदेश की कांग्रेस सरकार अब तक इसका बिजली कनेक्शन तक नहीं दे पाई। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार जनता को मूल सुविधाओं से वंचित रखकर झूठे श्रेय लेने में जुटी है।

**विधायक ने जनता के सामने रखा रिपोर्ट कार्ड**

कटवाल ने कहा कि केंद्र सरकार के प्रयासों से पिछड़े क्षेत्रों में तेजी से विकास हो रहा है और झंडूता का कोटधार क्षेत्र भी इससे अछूता नहीं रहा। उन्होंने स्थानीय लोगों का समर्थन के लिए आभार जताया और कई समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया। बैठक में डॉ. रामप्रकाश शर्मा, देशराज, अजय शर्मा, रविंद्र चौहान, सोहनलाल, देशराज और रीना कुमारी सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# शिवा गुरुकुल का नमन मिनर्वा हिम क्वेस्ट टैलेंट सर्च एग्जाम में थर्ड

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**



शिवा गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल झंडूता के विद्यार्थियों ने मिनर्वा स्टडी सर्किल द्वारा आयोजित हिम क्वेस्ट टैलेंट सर्च एग्जाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय तथा ज़िले का नाम रोशन किया है। विद्यालय के कक्षा 10वीं के छात्र नमन चंदेल ने पूरे हिमाचल प्रदेश में तीसरा स्थान तथा जिला बिलासपुर में प्रथम स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। वहीं, विद्यालय की छात्रा वेदांशी ने पूरे हिमाचल प्रदेश में 37वां स्थान हासिल कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। मिनर्वा स्टडी सर्किल की ओर से नमन चंदेल को 5100 की नकद राशि एवं एक लैपटॉप प्रदान किया जाएगा, जबकि वेदांशी को राज्य के शीर्ष 120 विद्यार्थियों में स्थान प्राप्त करने पर स्कॉलरशिप राशि दी जाएगी। विद्यालय के एमडी पंकज चंदेल ने दोनों विद्यार्थियों को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए आशीर्वाद प्रदान किया तथा उन्हें आगे भी उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या दुनेश सूद ने भी छात्रों की इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि शिवा गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल निरंतर विद्यार्थियों को हर क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करता रहेगा।

# राज्यस्तरीय अंडर-18 खो-खो में हमीरपुर चैंपियन

## पूर्व प्रदेश कांग्रेस महासचिव विकास ठाकुर ने विजेता खिलाड़ियों को बांटे इनाम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

बिलासपुर जिला के जुखाला में चल रही दो दिवसीय अंडर-18 राज्य स्तरीय खो-खो चैंपियनशिप सोमवार को संपन्न हुई। इसमें लड़के व लड़कियों दोनों ही वर्गों में हमीरपुर की टीम विजेता बनी। प्रतियोगिता के समापन समारोह में हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व महासचिव विकास ठाकुर ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। उन्हें शॉल टोपी तथा स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित भी किया गया।

अपने संबोधन में विकास ठाकुर ने कहा कि युवाओं एवं समाज को यदि नशे की बढ़ती प्रवृत्ति से निजात दिलानी है तो हमें बच्चों का रुझान खेलों की ओर मोड़ना होगा। इससे ही हम इस बढ़ती कुप्रवृति से छुटकारा पा सकते हैं। उन्होंने कहा जिंदगी में यदि सफलता हासिल करनी है तो उसका मेहनत के सिवाय और कोई शॉर्टकट नहीं हो सकता। सभी को अपने लक्ष्य को ध्यान में रखते रहते हुए कड़ी मेहनत करनी चाहिए। उन्होंने सभी विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी तथा आयोजन कमेटी को प्रतियोगिता को सफलतापूर्वक आयोजन करने के लिए अपनी तरफ से प्रोत्साहन राशि के रूप में 21000 रुपए भेंट किए। इससे पूर्व प्रतियोगिता के अंतिम दिन ब्वॉयज एवं गर्ल्स वर्ग के सेमीफाइनल व फाइनल मुकाबले खेले गए। ब्वॉयज वर्ग का फाइनल मुकाबला हमीरपुर और सिरमौर टीम के बीच खेला गया, जिसमें हमीरपुर ने सिरमौर की टीम को मात दी। वहीं, बालिका वर्ग का फाइनल मैच हमीरपुर और मंडी टीम के बीच में खेला गया, जिसमें एक बार फिर हमीरपुर की टीम ने अपना विजय परचम लहराते हुए ट्रॉफी पर कब्जा किया।

मुख्यातिथि ने दोनों विजेता वह उपविजेता टीमों को ट्रॉफी प्रदान की। बालिका वर्ग में हमीरपुर की कृतिका राणा तथा बाल वर्ग में हमीरपुर के ही राहुल प्रतियोगिता के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए। सभी ऑफिशल्स एवं गणमान्य व्यक्तियों को भी स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रदेश खो खो संघ के महासचिव एल आर वर्मा, जिला खो-खो संघ बिलासपुर अध्यक्ष पवन ठाकुर, महासचिव चुन्नीलाल ठाकुर, प्रदेश मीडिया सह प्रभारी पुरुषोत्तम शर्मा, सोशल मीडिया प्रदेश प्रभारी अश्वनी ठाकुर कोषाध्यक्ष विक्रम सिंह, माकड़ी मार्कंड पंचायत, प्रधान कमल ठाकुर कोटला पंचायत उप प्रधान सुमन ठाकुर, दिनेश ठाकुर, रामपाल ठाकुर, रविंद उर्फ बिंदिया, कुलवीर भडोल कुलदीप भडोल, धीरज गौतम, मनोज पराशर,परमदीप, रामपाल धीमान, मनीष, मुकेश कटवाल, रविंद्र सिंह, सतपाल ठाकुर सहित कई गणमान्य व्यक्ति एवं खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

# सीएम ने आपदा प्रभावितों के लिए खोला राहत का पिटारा : हीरापाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

हिमाचल प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ सचिव हीरापाल सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्रीसुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आपदा प्रभावितों के प्रति संवेदनशीलता दिखाते हुए राहत राशि का पिटारा खोल दिया है। मुख्यमंत्री सोमवार को मंडी में पहुंचकर मंडी, कुल्लू और बिलासपुर जिलों के लगभग 500 आपदा प्रभावित परिवारों को चार-चार लाख रुपए की राहत राशि के चेक वितरित कर रहे हैं।

हीरापाल सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री ने व्यवस्था परिवर्तन की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए आपदा राहत राशि को दो लाख से बढ़ाकर सात लाख रुपये कर दिया है, जिससे हजारों प्रभावित परिवारों को राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने हमेशा जनहित को सर्वोपरि रखा है। चाहे वह असहाय बच्चों की मदद की बात हो, किसानों और बागवानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य देना हो या दुग्ध उत्पादकों को सहारा देना, हर निर्णय जनता के हित में रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू पिछले तीन वर्षों से लगातार आपदा प्रभावितों के बीच जाकर स्वयं राहत राशि बांट रहे हैं, यह एक संवेदनशील नेतृत्व का प्रतीक है।

हीरापाल सिंह ने केंद्र सरकार पर भी निशाना साधते हुए कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा घोषित 15 करोड़ रुपए के राहत पैकेज की राशि अभी तक राज्य को नहीं मिली है। यदि केंद्र सरकार सहयोग करे तो हिमाचल को बार-बार दिल्ली जाकर सहायता मांगने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

# सीएचसी झंडूता को मिलीं नई ईएनटी विशेषज्ञ

## मरीजों को कान, नाक, गला संबंधी समस्याओं के लिए नहीं जाना पड़ेगा दूरदराज के अस्पताल

**गोपाल कपिल, अनंत ज्ञान**

**झंडूता।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र झंडूता को एक बड़ी राहत मिली है। यहां एक नई एमडी ईएनटी कान, नाक, गला विशेषज्ञ डॉक्टर की तैनाती हुई है। डॉक्टर नीरू कमल अब झंडूता सीएचसी में अपनी सेवाएं देंगी, जिससे स्थानीय मरीजों को ईएनटी संबंधी समस्याओं के लिए दूरदराज के अस्पतालों का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा। डॉक्टर नीरू कमल इससे पहले डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज टांडा जिला कांगड़ा में अपनी सेवाएं दे चुकी हैं। टांडा मेडिकल कॉलेज में अनुभव प्राप्त करने के बाद उनकी झंडूता में स्थानांतरण से क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूती मिलेगी। ईएनटी विभाग की कमी के चलते पहले मरीजों को एम्स बिलासपुर या अन्य बड़े अस्पतालों में रेफर किया जाता था, लेकिन अब स्थानीय स्तर पर ही उन्नत इलाज उपलब्ध होगा। झंडूता के खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अखिलेश ने बताया कि डॉक्टर नीरू कमल की नियुक्ति से ओपीडी में मरीजों की संख्या बढ़ने की उम्मीद है। विशेष रूप से सर्दियों में कान, नाक, गले की बीमारियां आम होने से यह तैनाती समय पर साबित होगी। क्षेत्र के निवासियों ने स्वास्थ्य विभाग के इस कदम की सराहना की है।



एमडी ईएनटी डॉक्टर नीरू कमल का स्वागत करते अस्पताल के सदस।

# पात्र लोगों तक सरकारी योजनाओं की जानकारी पहुंचाने का आह्वान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी, जिला शाखा बिलासपुर एवं हेल्पएज इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में वरिष्ठ नागरिकों के लिए सरकारी नीतियों एवं योजनाओं की जागरूकता विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन जिला भाषा कार्यालय, बिलासपुर में किया गया। इस कार्यशाला में बिलासपुर एल्डर्स एसोसिएशन, पेंशनर एसोसिएशन एवं रोटरी क्लब बिलासपुर के लगभग 45 सदस्यों ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्यातिथि कुमार सिंह, पेट्रोल पंप डीलर एसोसिएशन हिमाचल प्रदेश के राज्य अध्यक्ष तथा पूर्व कहलूर रियासत के प्रशासनिक परिवार से संबंध रखने वाले विशिष्ट नागरिक रहे। उन्होंने सभी प्रतिभागियों का धन्यवाद करते हुए कहा कि वरिष्ठ नागरिक समाज में जागरूकता फैलाने के चैंपियन हैं और उन्हें चाहिए कि वे सरकारी योजनाओं की जानकारी उन तक पहुंचाएं, जो वास्तव में सहायता के पात्र हैं। उन्होंने रेडक्रॉस सोसायटी और हेल्पएज इंडिया के कार्यों की सराहना की और सभी से आग्रह किया कि वे रेडक्रॉस का सहयोग करें, ताकि जरूरतमंदों तक सहायता पहुंचाई जा सके। कार्यशाला में आरसी बंसल (जिला कल्याण अधिकारी), मस्त राम वर्मा (महासचिव, एल्डर्स एसोसिएशन), अधिवक्ता प्रकाश बंसल (वरिष्ठ नागरिक भरण-पोषण अधिनियम विशेषज्ञ), अमित कुमार (सचिव, रेड क्रॉस सोसाइटी बिलासपुर), सुशील पुंडीर, आनंद कुमार (मैनेजर, हेल्पएज इंडिया राज्य कार्यालय शिमला), रविंद्र भट्ट (पेंशनर एसोसिएशन), सत्या चंदेल जिला बाल सरक्षण अधिकारी, ओम प्रकाश गर्ग (मुख्या संरक्षक मुक्तिधाम बिलासपुर), चेत राम वर्मा (वरिष्ठ उपाध्यक्ष, संघर्ष समिति पेंशनर संघ), एनआर शर्मा (उपाध्यक्ष, रोटरी क्लब बिलासपुर) , टेक चंद सैनी (उपाध्यक्ष, रोटरी क्लब) ने सहभागिता की इत्यादि व्यक्तियों ने परिचर्चा में भाग लिया।

**वरिष्ठ नागरिकों के लिए जागरूकता कार्यशाला का किया आयोजन**

हेल्पएज इंडिया एवं इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी, बिलासपुर द्वारा 11 से 13 नवंबर तक होटल नीलम, बिलासपुर में तीन दिवसीय जेरियाट्रिक केयरगिवर प्रशिक्षण कार्यक्रम का भी आयोजन किया जा रहा है। प्रशिक्षण प्रतिदिन प्रातः 10:30 बजे से 4:00 बजे तक चलेगा, जिसमें नर्सिंग संस्थानों, वृद्धाश्रमों, आशा कार्यकर्ताओं एवं पारिवारिक देखभाल कर्ताओं सहित लगभग 30 प्रतिभागी भाग लेंगे। यह पहल वरिष्ठ नागरिकों की देखभाल एवं कल्याण के प्रति समाज में जागरूकता बढ़ाने की दिशा में एक सराहनीय कदम है।

# बिलासपुर कॉलेज ने बॉक्सिंग में जीते रजत-कांस्य पदक

## महिला टीम ने रामपुर में आयोजित अंतर महाविद्यालय प्रतियोगिता में किया शानदार प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर की महिला वर्ग की मुक्केबाजी प्रतियोगिता टीम ने हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित अंतर महाविद्यालय मुक्केबाजी प्रतियोगिता में एक कांस्य पदक और एक रजत पदक जीतकर महाविद्यालय का नाम रोशन किया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉक्टर पीएस कटवाल ने बताया कि हमारे महाविद्यालय बिलासपुर की महिला वर्ग की टीम हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित मुक्केबाजी प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए राजकीय महाविद्यालय रामपुर गई थी और वहां शानदार प्रदर्शन करके महिला वर्ग टीम ने महाविद्यालय का मान बढ़ाया है। इस दो दिवसीय प्रतियोगिता का आयोजन 06और 07 नवंबर को राजकीय महाविद्यालय रामपुर में हुआ जिसमें हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के अन्तर्गत आने वाले सभी महाविद्यालय की टीमों ने भाग लिया । विभिन्न भार वर्ग में राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर की 4 खिलाड़ी छात्राओं ने भाग लिया । 57 किलोग्राम भार वर्ग में सोहा खान ने कांस्य पदक और 54 किलोग्राम भार वर्ग में आरती ठाकुर ने रजत पदक प्राप्त किया है।



# अभिमानी मनुष्य से स्वयं ही दूर हो जाते हैं भगवान : आचार्य प्रमोद

**अनंत ज्ञान, शाहतलाई**

बिलासपुर के शाहतलाई में चली श्रीमद्भागवत कथा के छठे दिन आचार्य प्रमोद पुंज ने गोपियों के संग भगवान की श्रेष्ठतम महारास लीला का वर्णन किया। पुंज ने कहा व्यास शुकदेव ने परीक्षित को कथा सुनाते हुए बताया कि रास तो जीव का परब्रह्म ईश्वर के साथ मिलन और आस्था और विश्वास के साथ भगवत प्राप्ति का फल प्राप्त होता है तभी भगवान की इस लीला को रासलीला कहा गया है। आचार्य ने अन्य कथा प्रसंग में भगवान श्रीकृष्ण और रुक्मणी के विवाह की सुंदर झांकी और कथा से अवगत करवाया। आचार्य ने कहा कि जो भक्त ईश्वर प्रेम में आनंदित होते हैं उनकी परेशानियां हमेशा के लिए समाप्त हो जाती है। जब इंसान में अभिमान आता है, भगवान उनसे दूर हो जाता है, लेकिन जब कोई भगवान को न पाकर विरह में होता है तो श्रीकृष्ण उस पर अनुग्रह करते है, उसे दर्शन देते हैं। भगवान श्रीकृष्ण का प्रथम विवाह विदर्भ देश के राजा की पुत्री रुक्मणि के साथ संपन्न हुआ, लेकिन भगवान श्रीकृष्ण द्वारा रुक्मणि का हरण कर विवाह किया गया।

# बस स्टैंड बिलासपुर के मंडी भराड़ी में शिफ्ट होने की कवायद शुरू, दुकानदार परेशान

## कहा, फोरलेन निर्माण से स्थानीय दुकानदारों पर पड़ रहा विपरीत असर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

फोरलेन मार्ग मंडी भराड़ी के पास बस स्टैंड के बनने की कवायद को लेकर बिलासपुर मुख्यालय पर स्थित बस स्टैंड के इर्द गिर्द सैकड़ों दुकानदारों को एक बार फिर अपनी रोटी-रोटी के संकट को लेकर चिंता सताने लगी है। मंडी भराड़ी के पास बनने वाले प्रस्तावित बस स्टैंड को लेकर कागजी औपचारिकताएं पूर्ण कर ली गई हैं। ऐसे में बिलासपुर बस स्टैंड की आवाजाही से अपना व परिवार का पेट पाल रहे सैकड़ों लोगों की चिंता स्वाभाविक है। फोरलेन बनने के बाद बिलासपुर बस स्टैंड की रौनक गायब हो गई है। कई लंबी दूरी की बसें, जो वाया बिलासपुर आया-जाया करती थीं, उनके रूट यहां से बदल दिए गए हैं। अब गिनती की बसें ही यहां आती हैं, जबकि प्राइवेट बसें भी अब कम होने लगी हैं। इससे स्थानीय दुकानदारों की परेशानी और बढ़ गई है। इससे पहले भी दुकानदारों ने यहां के नेताओं और प्रशासनिक अधिकारियों से पुराने रूटों की बहाली और अन्य बसों की आवाजाही की मांग को शिद्दत से उठाया है ताकि लोगों की रोजी रोटी चलती रहे, लेकिन हालात बद से बदतर होते जा रहे हैं और अब मंडी भराड़ी के समीप नए बस स्टैंड बनने की बात से इन दुकानदारों की परेशानी और बढ़ गई है। बस स्टैंड के पास रेहड़ी-फड़ी, खोखाधारक और अस्थायी रूप से रोजी कमाने वाले दुकानदार प्रदीप गुप्ता, दीप चंद, आसिफ, नरेश, संजीद, मस्तराम, धीरज, रवि, मनीष, परवेज, अजय आदि ने बताया कि फोरलेन सड़क निर्माण से बिलासपुर के व्यापार पर विपरीत असर पड़ा है।

**शुभारंभ**

## पर्यटन को नई उड़ान देने की दिशा में ऐतिहासिक पहल, पर्यटकों को भोजन में मिलेगा डिस्काउंट

# गोबिंदसागर में पहली फ्लोटिंग जेट्टी फूड कोर्ट का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

गोबिंदसागर झील में हिमाचल प्रदेश की पहली फ्लोटिंग जेट्टी फूड कोर्ट का शुभारंभ एचपीटीडीसी के प्रबंध निदेशक डॉ. राजीव कुमार ने बतौर मुख्यातिथि किया। कार्यक्रम का आयोजन गोबिंदसागर एडवेंचर एंड वॉटर स्पोर्ट्स एसोसिएशन द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. राजीव कुमार का स्वागत हिमाचली टोपी, शॉल और स्मृति चिन्ह भेंट कर किया गया। इस अवसर पर ढोल-नगाड़ों के साथ भव्य स्वागत किया गया। एसोसिएशन के राज्य अध्यक्ष सराज अख्तर, उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार, निर्मला राजपूत और राज्य महासचिव इशान अख्तर ने संयुक्त रूप से मुख्यातिथि का अभिनंदन किया। मुख्यातिथि डॉ. राजीव कुमार ने कहा कि गोबिंदसागर एडवेंचर एंड वॉटर स्पोर्ट्स एसोसिएशन वर्ष 2009 से झील को विश्व पर्यटन मानचित्र पर लाने के लिए निरंतर कार्यरत है। यह फ्लोटिंग जेट्टी फूड कोर्ट प्रदेश में पर्यटन को नई पहचान देगा। उन्होंने कहाफूड कोर्ट में आने वाले पर्यटकों को हिमाचली व्यंजनों का स्वाद विशेष रियायत के साथ उपलब्ध कराया जाएगा। गोबिंदसागर एडवेंचर एंड वॉटर स्पोर्ट्स एसोसिएशन और एचपीटीडीसी के अधीन होटल लेक व्यू बिलासपुर के मैनेजर तुलसीराम ठाकुर के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर हुए, जिसके तहत फूड कोर्ट में पर्यटकों को भोजन पर आकर्षक डिस्काउंट दिया जाएगा। एसोसिएशन के अध्यक्ष सराज अख्तर ने बताया कि 'चलो बिलासपुर, चलो हिमाचल' अभियान के अंतर्गत यह पहल पर्यटन को बढ़ावा देने और स्थानीय युवाओं को रोजगार से जोड़ने की दिशा में एक बड़ा कदम है। कार्यक्रम में भाखड़ा डैम एडवेंचर एंड वॉटर स्पोर्ट्स सोसायटी के प्रधान प्रभात चंदेल, कहलूर एडवेंचर वॉटर एंड ऐरो एलाइड स्पोर्ट्स एसोसिएशन के प्रधान सरित शर्मा, हिमालय एडवेंचर वॉटर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष असलम खान, रोइंग एसोसिएशन बिलासपुर के प्रधान अन्वेष शर्मा, राफ्टिंग एसोसिएशन के प्रधान सिस्टा गौतम सहित कई लोग शामिल हुए।



फ्लोटिंग जेट्टी फूड कोर्ट का उद्घाटन करते एचपीटीडीसी के एमडी डॉ. राजीव कुमार।

## न्यूज ब्रीफ

### वॉइस ऑफ चंबा व डांस के ऑडिशन 16 को

**अनंत ज्ञान, चंबा।** जिला चंबा के युवाओं के लिए अब सुनहरा अवसर सामने आया है। जिले में पहली बार टीवी रियलिटी शो वॉइस ऑफ चंबा और डांस चंबा डांस आयोजित किया जा रहा है। यह पहल शैडो टू शाइन डांस एकेडमी के संस्थापक विजय भवानी ने की है। इस शो का मुख्य उद्देश्य चंबा की छुपी हुई प्रतिभाओं को पेशेवर मंच देना और उनकी कला को नई दिशा प्रदान करना है। वॉइस ऑफ चम्बा में उभरते गायक अपनी मधुर आवाज़ से दर्शकों को मंत्रमुग्ध करेंगे, जबकि डांस चंबा डांस में युवा नर्तक अपनी लय और ऊर्जा से मंच पर छाएंगे। ऑडिशन 16 नवंबर को दरबार हाल चंबा में प्रातः 9:00 बजे आयोजित होंगे। आयोजक विजय भवानी ने बताया कि यह मंच स्थानीय कलाकारों को राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने का अवसर बनेगा और चम्बा की सांस्कृतिक पहचान को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा।

### शिक्षा, करियर मार्गदर्शन पर रखी प्राथमिकता

**अनंत ज्ञान, चंबा।** होटल जिम्मी रिवर रिज़ॉर्ट, राजपुरा में राजपूत सभा चम्बा की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। बैठक में पिछले कार्यक्रमों की समीक्षा के साथ समाज को संगठित और सशक्त बनाने की योजनाओं पर चर्चा की गई। प्रमुख निर्णयों में ब्लॉक स्तर पर कार्यकारिणी गठित करना, नववर्ष पर परिवार मिलन समारोह आयोजित करना, स्कूलों में काउंसलिंग एवं करियर मार्गदर्शन अभियान चलाना और प्रत्येक ब्लॉक में स्थानीय कमेटियां बनाना शामिल है। बैठक में प्रमुख सदस्यों ने शिक्षा, युवाओं के मार्गदर्शन और समाज की एकता पर जोर दिया। सभा ने सभी योजनाओं के क्रियान्वयन की रूपरेखा तय करने के लिए एक विशेष समीक्षा बैठक आयोजित करने का निर्णय लिया। राजपूत सभा चंबा का संकल्प है एकता, सम्मान और समाज सेवा के पथ पर संगठित कदम।

### समाज सेवा व अनुशासन का दिया संदेश

**अनंत ज्ञान, चंबा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कोलका में सात दिवसीय एनएसएस विशेष शिविर का समापन हर्षोल्लास के साथ किया गया। समारोह में प्रधानाचार्य प्रताप सिंह ठाकुर मुख्य अतिथि रहे और उन्होंने स्वयंसेवियों के योगदान की सराहना की। शिविर में भाग लेने वाले 25 विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिन्हें उपस्थित जनसमूह ने खूब सराहा। स्वयंसेवियों ने मंच से अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि इस शिविर ने उन्हें समाज सेवा, अनुशासन और सहयोग की भावना को समझने का अवसर दिया। कार्यक्रम अधिकारी जोगिंदर सिंह ने शिविर के दौरान स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपण, जनजागरूकता रैली और ग्राम विकास से जुड़ी गतिविधियों की रिपोर्ट प्रस्तुत की। प्रधानाचार्य ने युवाओं को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने और सेवा भावना अपनाने का संदेश दिया। समारोह का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

### मांधा स्कूल में एनएसएस शिविर का समापन

**अनंत ज्ञान, भरमौर।** मांधा स्कूल में सात दिवसीय एनएसएस शिविर का समापन सोमवार को उत्साहपूर्वक किया गया। मुख्य अतिथि समाज सेवी पुरुषोत्तम कुमार ने स्वयंसेवियों के उत्कृष्ट कार्य और अनुशासन की सराहना की और कहा कि एनएसएस युवाओं में सेवाभाव, नेतृत्व क्षमता, अनुशासन और सामाजिक जिम्मेदारी विकसित करने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने स्वयंसेवियों को 4100 रुपए की इनाम राशि प्रदान की। कार्यक्रम अधिकारी सुभाष शर्मा ने संक्षिप्त रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए 'मैं नहीं, बल्कि हम' के जीवन मंत्र का महत्व बताया और कहा कि समय प्रबंधन, आत्मविश्वास और नैतिक मूल्यों को अपनाकर ही हम संवेदनशील और जिम्मेदार नागरिक बन सकते हैं। स्कूल प्रभारी सुशील पठानिया और टीजीटी आर्ट्स अरुण कुमार ने भी स्वयंसेवियों को प्रेरित किया। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

### शूण पंचायत में मनाया जनजातीय गौरव दिवस

**अनंत ज्ञान, पांगी।** उपमंडल पांगी में चल रहे 15 दिवसीय जनजातीय गौरव दिवस के अंतर्गत ग्राम पंचायत शूण में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एआरओ आईटीडीपी पांगी रोहित प्रधान रहे। उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा का जीवन समाज के लिए प्रेरणास्रोत है और उनके संघर्ष एवं योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों ने जन-जागरूकता प्रदर्शनी, स्वास्थ्य जांच, कृषि उपकरण वितरण और आधुनिक खेती तकनीक की जानकारी प्रदान की। स्थानीय लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत प्रधान त्रूपचंद सहित विभागीय अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम ने ग्रामीणों में जनजातीय गौरव और सामाजिक जागरूकता को बढ़ावा दिया।

### श्री माता बंड़ेरी मंदिर में वार्षिक मेला 16 को

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री माता बंड़ेरी मंदिर में वार्षिक मेला धूमधाम से आयोजित किया जाएगा। यह मेला 16 नवंबर 2025, तदनुसार मार्गशीर्ष संक्रांति रविवार के दिन एक दिवसीय रूप में मनाया जाएगा।मेला आयोजन कमेटी के अनुसार इस वर्ष मेले का मुख्य आकर्षण पारंपरिक कुश्ती मुकाबले, बच्चों व महिला मंडलों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम रहेंगे। आयोजन समिति ने पहलवानों और व्यापारियों से अनुरोध किया है कि वे समय पर मेले में पहुंचे और अपने-अपने स्थान सुरक्षित करें।जनसुविधा के दृष्टिगत किला करणपुर तक छोटे वाहन आने-जाने की अनुमति रहेगी। समिति ने सर्व साधारण जनता से अधिक से अधिक संख्या में मेले में पधारकर इस पारंपरिक आयोजन की शोभा बढ़ाने की अपील की है।

### डैहर आश्रम में होगा बाल दिवस समारोह

**भीम बसेडू राजपूत, अनंत ज्ञान, महादेव।** दिव्य मानव ज्योति सेवा ट्रस्ट डैहर की अगुवाई में 14 नवम्बर को बाल दिवस का समारोह गांव डैहर स्थित ट्रस्ट के आश्रम परिसर में धूमधाम से मनाया जाएगा। जाने माने समाजसेवी एवं उक्त आश्रम के अध्यक्ष सत्यप्रकाश शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम में कौशल विकास निगम हिमाचल प्रदेश के अध्यक्ष अतुल करोहता बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे जिनका स्वागत प्रातः 11बजे किया जाएगा तदोपरांत 1बजे तक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे।

### पनसाई कृषि सेवा सभा का चुनाव 5 दिसंबर को

**अनंत ज्ञान, धनेटा।** उपमंडल नादौन की दी सहकारी कृषि सेवा सभा पनसाई का प्रबंधन कमेटी का चुनाव 5 दिसंबर को होना सुनिश्चित हुआ है। सभा के सचिव राजेश कुमार ने बताया कि 17 नवंबर को 11 से 3 तक नामांकन पत्र भरे जाएंगे जिसके लिए सभा के मेंबर जो डिफाल्टर ना हो भाग ले सकते हैं। नामांकन करने वाले व्यक्ति के साथ दो मेंबर अवश्य साथ हों।

# विधायक प्रकरण में पुलिस की कार्रवाई शून्य : भारद्वाज

## पूर्व विधायक बोले- सरकार बताए कहां हैं हंसराज

**आरके सहगल, अनंत ज्ञान**



पूर्व विधायक सुरेंद्र भारद्वाज प्रेसवार्ता करते हुए।

**चंबा।** चुराह विधानसभा क्षेत्र से दो बार विधायक रह चुके सुरेंद्र भारद्वाज ने सोमवार को प्रेसवार्ता में वर्तमान विधायक डॉ. हंसराज से जुड़े चल रहे विवाद पर पुलिस और प्रशासन की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े किए।

उन्होंने कहा कि पिछले चार-पांच दिनों से चुराह का यह मामला पूरे प्रदेश में चर्चा का केंद्र बना हुआ है, जिससे क्षेत्र में अशांति और असमंजस का माहौल व्याप्त है। लोग यह जानना चाहते हैं कि सरकार, पुलिस और प्रशासन इस संवेदनशील प्रकरण में क्या भूमिका निभा रहे हैं, लेकिन अब तक की कार्रवाई पूरी तरह शून्य और असंतोषजनक रही है।

सुरेंद्र भारद्वाज ने कहा कि चुराह की जनता की निगाहें एसपी चंबा पर टिकी हुई हैं। अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। मैंने डीसी चंबा को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा है, जिसमें मांग की गई है कि यह स्पष्ट किया जाए कि डॉ. हंसराज आखिर कहां हैं और पुलिस अब तक उन्हें ढूंढने में क्यों नाकाम रही है। उन्होंने कहा कि पीड़ित युवती ने साहस के साथ सामने आकर न्याय की गुहार लगाई है। अब यह प्रशासन की जिम्मेदारी है कि वह पारदर्शी और निष्पक्ष जांच करे, ताकि सच्चाई सामने आ सके और पीड़िता को न्याय मिल सके।

### हंसराज की अग्रिम जमानत याचिका दाखिल, सुनवाई आज

**पॉक्सो** एक्ट के तहत दर्ज मामले में विधायक डॉ. हंसराज की कानूनी चुनौती सोमवार को आगे बढ़ी। उनकी ओर से अधिवक्ता ने अदालत में अग्रिम जमानत की याचिका दाखिल की, जबकि डॉ. हंसराज स्वयं अदालत में उपस्थित नहीं हुए। प्राप्त जानकारी के अनुसार, जमानत याचिका पर सुनवाई मंगलवार को सेशन और स्पेशल जज द्वारा की जाएगी।

# एनएचपीसी चमेरा पावर स्टेशन ने स्कूलों और स्वास्थ्य संस्थानों में स्थापित किए 350 आरओ वॉटर प्यूरीफायर

**अनंत ज्ञान, चंबा**



स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल की दिशा में एनएचपीसी की ऐतिहासिक पहल 45.85 लाख की परियोजना का डीडी चंबा ने शुभारंभ किया।

स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल की दिशा में जिला चम्बा ने आज एक ऐतिहासिक कदम उठाया है। एनएचपीसी लिमिटेड, चमेरा-II पावर स्टेशन ने अपने कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (CSR) के तहत जिले के विद्यालयों और स्वास्थ्य संस्थानों में कुल 350 आरओ वॉटर प्यूरीफायर स्थापित किए हैं। इस परियोजना पर ₹45.85 लाख की राशि व्यय की गई है। इस महत्वपूर्ण परियोजना का शुभारंभ पीएम श्री राजकीय आदर्श कन्या विद्यालय, चंबा में आयोजित समारोह के दौरान उपायुक्त, जिला चम्बा मुकेश रेपसवाल ने किया। इस अवसर पर एनएचपीसी के महाप्रबंधक पंकज कुमार सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी, विद्यालय प्रबंधन और छात्राएं उपस्थित रहीं।

उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने कहा कि स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल न केवल स्वास्थ्य का आधार है, बल्कि यह आने वाली पीढ़ियों में निवेश भी है। उन्होंने एनएचपीसी की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह प्रशासन के उद्देश्य को सशक्त करती है, जिसके अंतर्गत हर विद्यालय और स्वास्थ्य संस्थान को पेयजल सुविधा उपलब्ध करवाई जा रही है। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता और जनकल्याण के क्षेत्र में निरंतर प्रयासरत है। एनएचपीसी चमेरा-II के महाप्रबंधक पंकज कुमार ने कहा कि एनएचपीसी केवल ऊर्जा उत्पादन तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज के सततं विकास के प्रति भी प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि CS, के तहत संस्था वर्षों से विद्यालयों में फर्नीचर, स्वास्थ्य केंद्रों में उपकरण, वृक्षारोपण और कौशल विकास प्रशिक्षण जैसी कई योजनाएं चला रही है और भविष्य में भी सक्रिय रूप से जनहित कार्यों में भाग लेगी। समारोह के दौरान विद्यालय की छात्राओं ने रंगोली प्रदर्शन किया और महाप्रबंधक ने उपायुक्त का स्वागत पुष्पगुच्छ से किया। उपमहाप्रबंधक शुभ्रा शाह, जनेश कुमार, वरिष्ठ प्रबंधक अमित बंसल, प्रधानाचार्य श्रीकला विज, स्टाफ और छात्राएं भी उपस्थित रहीं। यह पहल जिले में स्वच्छ पेयजल के महत्व और एनएचपीसी के सामाजिक योगदान को उजागर करती है।

### भट्टी नाला से लेकर सुल्तानपुर तक लगा जाम

**अनंत ज्ञान, धरवाला।** जिला मुख्यालय चंबा से महज चंद किलोमीटर की दूरी पर भट्टी नाला से लेकर सुल्तानपुर तक जाम लगना आम बात हो गई है। जिससे राहगिरों को भी दिक्कतें पेश आ रही हैं रविवार शाम 6:30 से 7:00 के बीच भी यहां एक लंबा जाम देखने को मिला। स्थानीय लोगों के अनुसार भट्टी नाला पेट्रोल पंप से लेकर सुल्तानपुर तक जाम लगना आम बात हो गई है। लोगों का कहना है कि एक तो भट्टी नाला के पास तंग पॉइंट है दूसरा ना ही यहां यातायात सिग्नल काम करता है जिससे गाड़ी चालकों की परेशानी और बढ़ जाती है। वहीं किसी भी आपातकालीन स्थिति में भी यहां आपको अच्छी खासी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है दूसरी तरफ स्कूल कॉलेज व अन्य शिक्षण संसाधनों में पढ़ने वाले छात्रट्ठ छात्रों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। स्थानीय लोगों के अनुसार ऐतिहासिक पवित्र मणिमहेश यात्रा तथा अन्तर्राष्ट्रीय मिंजर मेला के दौरान यह परेशानी और बढ़ जाती है।

# चंबा जिले में कल से चलेगा सघन डायरिया-निमोनिया नियंत्रण पखवाड़ा

**अनंत ज्ञान, चंबा**



पखवाड़े के तहत कार्य योजना की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते डीसी।

उपायुक्त मुकेश रेपसवाल की अध्यक्षता में सघन डायरिया-निमोनिया नियंत्रण पखवाड़े के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर उपायुक्त कार्यालय के सभागार में बैठक आयोजित की गई। उन्होंने बताया कि जिले में द्वितीय चरण के अंतर्गत 12 से 27 नवम्बर तक सघन डायरिया-निमोनिया नियंत्रण पखवाड़े का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान 5 वर्ष तक की आयु के 5×295 बच्चों को ओआरएस तथा जिंक की दवा वितरित की जाएगी।

उपायुक्त ने पखवाड़े के सफल क्रियान्वयन को लेकर स्वास्थ्य विभाग द्वारा तैयार कार्य योजना की विस्तृत समीक्षा करते हुए महिला एवं बाल विकास विभाग, कल्याण विभाग, पंचायती राज संस्थाओं, शहरी स्थानीय निकायों तथा स्वयं सहायता समूहों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए ताकि सभी कार्यान्वयन और निगरानी गतिविधियां प्रभावी ढंग से संपन्न हो सकें। मुकेश रेपसवाल ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि पखवाड़े के दौरान प्रवासी बस्तियों तथा संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष प्राथमिकता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने जल शक्ति विभाग के अधिकारियों को सभी पेयजल स्रोतों की शीत ऋतु (प्री-विंटर) से पूर्व सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ में शिक्षा विभाग के अधिकारियों को सभी विद्यालयों के जल भंडारण टैंकों की मानसून उपरांत (पोस्ट-मानसून) सफाई तथा संबंधित व्यवस्थाएं समयबद्ध रूप से पूर्ण करने को निर्देशित किया। उन्होंने बताया कि आशा कार्यकर्ता पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों वाले सभी परिवारों को ओआरएस पैकेट वितरित करेंगी। वे घर-घर जाकर माताओं को डायरिया की रोकथाम, स्वच्छता तथा ओआरएस-जिंक घोल के उपयोग के बारे में जागरूक करेंगी। जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. कविता महाजन,सहायक अभियंता जल शक्ति गौरव कुमार, वरिष्ठ स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.हर्ष महाजन सहित विभिन्न विभागीय अधिकारी बैठक में उपस्थित रहे।

# निचली जुलाहखड़ी में विद्यालय के पास श्मशानघाट निर्माण पर विरोध

**अनंत ज्ञान, चंबा**

**दयानंद मठ प्रबंधन ने डीसी चंबा को सौंपा लिखित निवेदन**

निचली जुलाहखड़ी क्षेत्र में निर्माणाधीन श्मशानघाट को लेकर दयानंद मठ एवं महर्षि दयानंद आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय प्रबंधन समिति ने जिला प्रशासन से हस्तक्षेप की मांग की है। इस संबंध में सोमवार को उपायुक्त चंबा को एक लिखित निवेदन सौंपा गया।

निवेदन में कहा गया है कि रावी नदी के किनारे स्थित प्राचीन श्मशानघाट सदियों से सुरक्षित और सुव्यवस्थित स्थान पर मौजूद है। इसके बावजूद अब इसे हटाकर आबादी क्षेत्र में, विद्यालय से मात्र 50 मीटर की दूरी पर नया श्मशानघाट बनाया जा रहा है। संस्था ने बताया कि इस विद्यालय में लगभग 700 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं और हाल ही में हुए दो दाह संस्कारों के दौरान उठे दुर्गंधित धुएं से विद्यालय परिसर का वातावरण असहनीय हो गया।

संस्था ने कहा कि यह न केवल विद्यार्थियों और शिक्षकों के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है बल्कि आसपास की बस्ती पर भी इसका गंभीर प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने बताया कि जिस स्थान पर यह निर्माण कार्य चल रहा है, वहाँ पहले नगरपालिका द्वारा सुंदर गार्डन और बच्चों के खेलने का स्थान विकसित किया गया था, जिसे अब नष्ट कर दिया गया है।

दयानंद मठ प्रबंधन समिति ने मांग की है कि निर्माणाधीन श्मशानघाट को तत्काल रोका जाए, उसे उसके पुराने पारंपरिक स्थान पर ही स्थायी रूप से पुनः स्थापित किया जाए और वर्तमान स्थल पर पुनः सुंदर गार्डन एवं सार्वजनिक स्थल का निर्माण किया जाए। संस्था ने उपायुक्त चंबा से शीघ्र हस्तक्षेप कर जनहित में न्यायपूर्ण निर्णय लेने की अपील की है।

# मंडी में कैंसर जांच शिविर में की 70 महिलाओं की जांच



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

महिलाओं के स्वास्थ्य और जागरूकता को समर्पित रोटरी क्लब मंडी एवं रोटरी क्लब छोटी काशी, मंडी ने सेरी मंच के समीप निःशुल्क ब्रेस्ट एवं सर्वाइकल कैंसर जांच शिविर आयोजित किया। सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक चले इस विशेष शिविर में 70 महिलाओं की जांच की गई।

शिविर में अत्याधुनिक मशीनरी से सुसज्जित मोबाइल मेडिकल लैब मुख्य आकर्षण रही। इसमें महिला चिकित्सकों व प्रशिक्षित नर्सों ने गोपनीय वातावरण में जांच की। प्रत्येक प्रतिभागी को जांच उपरांत रिपोर्ट दी गई। शिविर का उद्देश्य शुरुआती लक्षणों की पहचान और अर्ली डिटेक्शन के महत्व को बढ़ाना था। महिलाओं को स्तनों में गांठ, दर्द, डिसचार्ज या असामान्य रक्तस्राव जैसे लक्षणों पर सतर्क रहने की सलाह दी गई। यह शिविर रोटरी जिला 3070 के कैंसर जागरूकता अभियान का भाग था, जो 6 से 18 नवंबर तक हिमाचल के पांच जिलों में चल रहा है। इसका नेतृत्व रोटेरियन रोहित ओबराय कर रहे हैं जबकि रोटेरियन कुलदीप सिंह भी इसमें शामिल हैं। रोटरी क्लब मंडी के अध्यक्ष रोटेरियन कौशलैश कपूर ने कहा कि समय पर जांच से कैंसर का इलाज संभव है।

### राज ने लगातार दूसरी बार स्टेट मास्टर्स गेम्स में जीता गोल्ड

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर के स्थानीय व्यापारी एवं खेल प्रेमी राज ठाकुर ने एक बार फिर अपनी खेल प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए स्टेट मास्टर्स गेम्स में शानदार प्रदर्शन किया है। हमीरपुर में आयोजित प्रतियोगिता में उन्होंने 55+ आयु वर्ग बैडमिंटन डबल्स में अपने साथी भूपेंद्र ठाकुर के साथ बेहतरीन तालमेल दिखाते हुए लगातार दूसरी बार स्वर्ण पदक जीता।इसी प्रतियोगिता में राज ठाकुर ने 60+ आयु वर्ग डबल्स कैटेगरी में शेर सिंह के साथ जोड़ी बनाकर रजत पदक अपने नाम किया। उनके इस दोहरे प्रदर्शन से जोगिंदर नगर क्षेत्र में हर्ष का माहौल है और खेल प्रेमियों में गर्व की अनुभूति देखी जा रही है।राज ठाकुर अब आगामी मास्टर्स गेम्स नेशनल प्रतियोगिता, जो पुणे में आयोजित की जाएगी, में हिमाचल प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि उनके लिए सम्मान की बात है और वे राष्ट्रीय स्तर पर भी राज्य व क्षेत्र का नाम रोशन करने के लिए पूरी मेहनत करेंगे।

इस अवसर पर व्यापार मंडल अध्यक्ष भास्कर गुप्ता ने राज ठाकुर को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि उन्होंने न केवल जोगिंद्र नगर बल्कि पूरे मंडी जिले का नाम ऊंचा किया है। उन्होंने कहा कि राज ठाकुर व्यवसाय के साथ-साथ खेलों में भी निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत बने हैं। व्यापार मंडल ने उनके उज्ज्वल भविष्य और राष्ट्रीय प्रतियोगिता में सफलता की कामना की है।

# चुनाव याचिका में विपरीत फैसला आने पर प्रधान के पक्ष में आए पंचायत प्रतिनिधि

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

एसडीएम अदालत धर्मपुर द्वारा एक चुनाव याचिका का फैसला सरसकान पंचायत के प्रधान के विरुद्ध सुनाए जाने पर पंचायत प्रतिनिधियों ने इस फैसले को राजनीति से प्रेरित करार दिया है। याचिकाकर्ता सतीश कुमार पुत्र रोशन लाल गांव कांढा पतन डाकघर बरोटी द्वारा वर्ष 2021 में पंचायत प्रधान का चुनाव हारने के बाद वर्तमान प्रधान उमेश ठाकुर के खिलाफ इलेक्शन पेटिशन दायर की गई थी जिसका फैसला छह नवंबर को याचिकाकर्ता सतीश कुमार के पक्ष में सुनाया गया था। इस फैसले को प्रधान उमेश ठाकुर ने एकतरफा कार्रवाई करार देते हुए कहा कि उनका विवादित जमीन पर न पहले कब्जा था न आज है तथा उन्हें जानबूझकर कर फंसाने की कोशिश की गई। जो साक्ष्य उन्होंने अदालत में पेश किए उनको राजनीतिक दबाव के चलते नजरअंदाज कर दिया गया। लिमिटेशन पर सेक्शन पांच के फैसले की कॉपी जानबूझकर समय पर नहीं दी गई जिससे सक्षम न्यायालय में रिवीजन रिट करने का अधिकार भी छीन लिया गया। प्रधान ने आरोप लगाया कि शिकायतकर्ता सतीश कुमार जिस जगह घर बनाकर रहता है वहां उसकी एक इंच मलकीयत भूमि नहीं है। इस सरकारी जमीन से बेदखल किए जाने के इजेक्टमेंट वॉरंट 1991 से अब तक लंबित हैं। ग्रामीणों द्वारा बार बार शिकायत करने के उपरांत भी लघु हरिद्वार काढापतन स्थित नीलकंठ महादेव मंदिर के आसपास अवैध कब्जों को हटाने की गुहार लगाई गई लेकिन प्रशासन आज तक खामोशी अख्तियार किए हुए है जिससे साफ पता चलता है कि अवैध कब्जाधारी विभागीय सांठगांठ के चलते सरकारी भूमि पर काबिज हैं। प्रधान उमेश ठाकुर ने कहा कि एसडीएम कोर्ट द्वारा दिए गए फैसले के खिलाफ सक्षम न्यायालय में चुनौती देंगे। उन्होंने कहा कि उनका कार्यकाल सत्यनिष्ठा और उपलब्धियों भरा रहा है।

# ईशान, ताशवी, शिवांश और गरिमा बने हिमाचल चैंपियन

## राज्य स्तरीय सब जूनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप मंडी में संपन्न, मुख्यातिथि ने विजेताओं को किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**




विजेता खिलाड़ियों के साथ मुख्य अतिथि राजा सिंह मल्होत्रा व आयोजक मंडी बैडमिंटन एसोसिएशन के सदस्य।

हिमाचल प्रदेश राज्य स्तरीय सब जूनियर अंडर-15 और अंडर-17 बैडमिंटन चैंपियनशिप सोमवार को मंडी के टाउन हॉल में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। इस प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए युवा खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रतिभा का परिचय दिया।

समापन समारोह की अध्यक्षता हिमाचल प्रदेश हॉकी संघ के उपाध्यक्ष व सोच फाउंडेशन के अध्यक्ष राजा सिंह मल्होत्रा ने की, जबकि बलवंत झौटा इस अवसर पर मुख्य अतिथि रहे। मुख्य अतिथि ने विजेता और उपविजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया और आयोजन समिति को अपनी व्यक्तिगत निधि से ₹51,000 देने की घोषणा की। वहीं, बलवंत झौटा ने युवाओं से नशे से दूर रहने का आह्वान करते हुए ₹21,000 की सहायता देने की घोषणा की।

प्रतियोगिता के अंडर-15 वर्ग में हमीरपुर के ईशान बधन ने कांगड़ा के सूर्यांश को कड़े मुकाबले में हराकर हिमाचल चैंपियन का खिताब जीता, जबकि लड़कियों में सोलन की ताशवी गुप्ता ने कुल्लू की तेजल राजपूत को हराकर खिताब अपने नाम किया।

अंडर-17 वर्ग में हमीरपुर के शिवांश राणा ने मंडी के कार्तिक ठाकुर को हराकर पुरुष वर्ग का खिताब जीता, वहीं महिला वर्ग में मंडी की गरिमा वर्मा ने सोलन की ताशवी गुप्ता को हराया। मिक्स डबल्स अंडर-15 में सूर्यांश और तेजल की जोड़ी विजेता रही, जबकि अंडर-17 में कांगड़ा के ऋतुल ठाकुर और अवनी ठाकुर ने जीत हासिल की।

डबल्स मुकाबलों में ऊना के अमित राणा व शौर्य शर्मा की जोड़ी अंडर-15 चैंपियन बनी, वहीं अंडर-17 वर्ग में मंडी के प्रथम ठाकुर व तन्मय ठाकुर विजेता रहे। लड़कियों के अंडर-17 डबल्स में गरिमा वर्मा और श्रेया राणा ने बाजी मारी। इस अवसर पर हिमाचल बैडमिंटन संघ के अध्यक्ष विजय ठाकुर, महासचिव रमेश ठाकुर, कोषाध्यक्ष संजय कालिया, संयोजक बलवंत झौटा व मंडी जिला बैडमिंटन एसोसिएशन के महासचिव दातुल चौहान सहित अनेक खेल अधिकारी व गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

**व अदालत तहसीलदार प्रथम श्रेणी एंव कार्यकारी दण्डाधिकारी नगरोटा बगवां जिला कांगड़ा।**

मिसल न. तह/2025 (RMS)
ता.दा. 25-09-2024
ता. पेशी 10-12-2025

**अनुवान मुकदमा-** प्रार्थना पत्र श्री राज कुमार पुत्र श्री भूमि उपनाम प्रवीण सिंह निवासी महाल व मौजा हटवास तहसील नगरोटा वगवां जिला कांगड़ा। ...प्रार्थी पक्ष

**वनाम**

**आम जनता** ....प्रत्यार्थी पक्ष

**विषयः- प्रार्थना पत्र वराए जाति दरुस्ती करने वारे ।**

**अखवारी ईशतहार-** प्रार्थना पत्र श्री राज कुमार पुत्र श्री भूमि उपनाम प्रवीण सिंह, निवासी महाल व मौजा हटवास, तहसील नगरोटा वगवां ने न्यायालय में उपस्थित होकर जाति दरुस्ती वार प्रार्थना पत्र पेश किया कि शजरा नस्व वन्दोवस्त जदीद महाल दोहदरु उप तहसील लगडू के राजस्व रिकार्ड के मुताविक मेरी जाति राजपूत उपजाति सांगल है परन्तू शजय नस्व महाल व मौजा हटवास के राजस्व रिकार्ड में मेरी जाति घिरथ उप जाति कौण्डल दर्ज है। जोकि गलत है। महाल मौजा हटवास में जाति राजपूत उपजाति सांगल दर्ज करने का आग्रह किया है।

अतः इस अदालती अखवारी ईश्तहार कोर्ट नोटिस द्वारा आम जनता व सगे सम्बन्धियों को सूचित किया जाता हैं कि उपरोक्त प्रार्थीगण की जाति दरुस्ती करने बारे कोई एतराज हो तो वह स्वयं बजिरिया कौंसल एतराज दिनांक 10-12-2025 को अदालत में पेश कर सकते हैं। हाजिर ना आने की सूरत में एक तरफा कार्यवाही अम्ल में लाई जाएगी। और नियमानुसार जाति दरुस्ती के आदेश पारित कर दिए जाएगें।

आज दिनांक 10-11-2025 को मेरे हस्ताक्षर मोहर सहित जारी हुए

**कार्यकारी दण्डाधिकारी तहसील नगरोटा बगवां जिला कांगड़ा, हि.प्र.**

**Office of Municipal Council Nerchowk, Distt Mandi ,H.P.**

**TENDER NOTICE**

Sealed percentage basis tenders are here by invited on behalf of Municipal Council Nerchowk for the works as given below in Nerchowk Town from the approved and eligible contractors/ Firm of appropriate class, duly supported with documentary proof.

| Sr. No. | Name of Work | Estimated Cost Rs. | Earnest Money | Time | Tender form cost |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | C/O Drain at Chamunda Factory at Ner II Ward | 98642.00 | 2000.00 | 3 Month | 350.00 |
| 2 | C/O Road Near Karuna Kumari House at Chalakha Majehatel I Ward No. 6 | 494951.00 | 10000.00 | 3 Month | 500.00 |
| 3 | C/O Road Chalakha to Lunapani Majehatel I Ward No. 6 | 492757.00 | 10000.00 | 3 Month | 500.00 |

**Key Dates:**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Application form shall be received on | 17/11//2025 up to 1:00 PM |
| 2 | Tender form shall be issued on | 17/11//2025 up to 5.00 PM |
| 3 | Last Date to submit the Tender | 18/11//2025 up to 1.00 PM |
| 4 | Tender Opening Date | 18/11/2025 After 4.00 PM |

The Tender must be accompanied with earnest money as mentioned against the aforesaid works. This should be in the shape of cash, National saving certificate/ Cash/ demand draft / banker cheque / saving bank account of any post office in (H.P) , duly pledged in the favor of Executive Officer, Municipal Council Nerchowk. Telephonic as well as conditional tenders without earnest money will not be entertained. Undersigned reserves the right to accept /reject any/ all the tenders without assigning any reason. The offer of the tenders will remain valid for 90 days from the opening of tender. All the contractors will have to bring their attested/ renewal copy of their enlistments .The eligible contractors are liable to pay ESIC, GST & E.P.F. Etc. as per applicable as per Miscellaneous Provisions Act. 1952.

**Conditions :- 1.** The tender documents shall be issued only those contractors who fulfill the special conditions as mentioned below. **2.** The contractors/Firm will have to produce his / her enlistment at the time of submitting applications for issuance of tender forms. **3.** Conditional and incomplete tenders shall be rejected. **4.** Undersigned reserves the right to accept or reject the tenders with out any reason. **5.** If the bid price offered by the lowest bidder is up to 10% below the amount put to tender, no additional performance security is required expect for any particular absurdly low rated item quoted by him quoted, which the competent authority feels necessary for taking additional performance security. **6.** If the bid price offered by the lower then 10% but up to 20% of the amount put to tender, then the additional performance security shall be calculate @ 20 % of the difference in the bid price offered by the lowest bidder. **(a)** Project cost as per working estimate -10% of the project cost as per working estimate and **(b)** the bid price officed by the lowest bidder. **7.** If the bid price offered by the lowest bidder is lower then 20% of the amount put to tender, then the additional performance security shall be calculate As per norms. **(a)** Project cost as per working estimate -10% of the project cost as per working estimate and **(b)** the bid price officed by the lowest bidder. **8.** As Per govt Notification the tenders Above 5% of the estimated cost will be summarily reject. **9.** The lowest bidder has to deposit additional performance security in the shape of bank guarantee of FDR duly pledged in the of Executed Officer Municipal Council Ner Chowk before awarded of work.

**Executive Officer,**
**Municipal Council,**
**Ner Chowk (H.P.)**

पिता की सेवा करना जिस प्रकार कल्याणकारी माना गया है वैसा प्रबल साधन न सत्य है, न दान है और न यज्ञ हैं।

–वाल्मीकि

## संपादकीय

## आपदा राहत और राजनीति

मानसून सीजन में प्राकृतिक आपदाएं पिछले तीन साल से लगातार हो रही हैं। प्राकृतिक आपदाओं में वृद्धि का कारण केवल मानसून या मौसम नहीं है, बल्कि मानवीय गतिविधियां भी इसमें कम जिम्मेदार नहीं हैं। पहाड़ी क्षेत्रों में अतिक्रमण, वनों का कटान, नदी किनारे अवैध निर्माण और बेतरतीब खेती अक्सर आपदाओं की गंभीरता को बढ़ाती हैं। कई बार लोग मजबूरी में भूमि पर कब्जा करते हैं, लेकिन कई बार यह जानबूझकर किया जाता है, लिहाजा आपदाएं अधिक जानलेवा और विनाशकारी बन जाती हैं।

इस बीच, आपदा प्रबंधन और राहत कार्यों का महत्व लगातार बढ़ता जा रहा है। हिमाचल प्रदेश सरकार ने प्रभावित लोगों के लिए राहत कार्यों को त्वरित बनाने की दिशा में कई कदम उठाए हैं। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने मंडी के ऐतिहासिक पड्डल मैदान में आयोजित आपदा राहत वितरण समारोह में राहत राशि बढ़ाकर प्रभावित परिवारों को आठ लाख रुपए प्रदान करने की घोषणा की। इसके अलावा, कपड़े, बर्तन और बिस्तर जैसी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए अतिरिक्त एक लाख रुपए की सहायता भी दी गई। हालांकि राहत कार्यों के बावजूद इसमें राजनीति का असर भी देखने को मिला। मुख्यमंत्री सुक्खू ने साफ तौर पर कहा कि आपदा में राजनीति नहीं होनी चाहिए और विपक्ष, विशेषकर भाजपा और नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर को इस कार्यक्रम में शामिल होना चाहिए था। उनकी यह बात समझ में आती है, क्योंकि प्राकृतिक आपदा किसी राजनीतिक पार्टी की नहीं होती, लेकिन तथ्य यह है कि हिमाचल में कांग्रेस की सरकार है और केंद्र में भाजपा की सरकार होने के कारण राहत और संसाधनों के वितरण में राजनीतिक टकराव नजर आता है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हिमाचल दौरे के दौरान 1,500 करोड़ रुपए की आपदा राहत राशि देने की घोषणा की थी, लेकिन अब तक यह राशि प्रदेश को नहीं मिली है। इस देरी और अस्पष्टता के कारण मुख्यमंत्री सुक्खू ने भाजपा पर तीखा निशाना साधा है और श्वेत पत्र जारी करने की मांग की है। राजनीति से ऊपर उठकर यह आवश्यक है कि सभी पार्टियां प्रभावित परिवारों के साथ खड़ी हों। आपदा का सामना केवल सरकार के बल पर नहीं किया जा सकता। नागरिकों की सुरक्षा, उनकी प्राथमिक आवश्यकताओं की पूर्ति और उनके जीवन यापन को सुचारु बनाना हर राजनीतिक दल की जिम्मेदारी होनी चाहिए। हिमाचल प्रदेश में बुनियादी ढांचे का कमजोर होना आपदाओं की गंभीरता को बढ़ा देता है। इसलिए सरकार और केंद्र को मिलकर दीर्घकालीन रणनीति बनानी चाहिए।

इस दिशा में प्रमुख कदमों में शामिल होना चाहिए–पहाड़ी क्षेत्रों में जमीन का सुरक्षित और नियंत्रित उपयोग, नदियों और जल स्रोतों के किनारों पर अनियंत्रित निर्माण को रोकना, जंगलों और हरित क्षेत्रों का संरक्षण और आपदा पूर्व चेतावनी प्रणाली को मजबूत करना। इसके साथ ही स्थानीय समुदायों में आपदा प्रबंधन के प्रति जागरूकता बढ़ाना भी जरूरी है। स्कूलों, पंचायतों और ग्राम समितियों के माध्यम से लोगों को प्राकृतिक आपदाओं से बचाव और प्राथमिक राहत उपायों के प्रति शिक्षित किया जा सकता है।

मनुष्य और प्रकृति के बीच सामंजस्य बनाए रखना इस चुनौती का सबसे महत्वपूर्ण पहलू है। प्रकृति ने बार-बार संकेत दिए हैं कि अगर हम अपनी अतिक्रमण की आदतों और लालच से बाज नहीं आएंगे, तो आपदाओं का विनाश और भी बढ़ेगा। हिमाचल में जहां हर वर्ष मानसून के दौरान भूस्खलन और बाढ़ की संभावना रहती है, वहां प्राकृतिक आपदा प्रबंधन न केवल राज्य सरकार का दायित्व है, बल्कि सभी नागरिकों और राजनीतिक दलों का कर्तव्य भी है। मुख्यमंत्री सुक्खू का प्रयास राहत और बचाव कार्यों को प्राथमिकता देने का उदाहरण है। उनका यह कदम प्रभावित परिवारों के लिए आत्मविश्वास और सहारा साबित हुआ। इसके साथ ही यह राजनीतिक संदेश भी देता है कि मानव जीवन और सुरक्षा के मामले में किसी भी दलगत राजनीति को पीछे रखा जाना चाहिए। विपक्ष को भी चाहिए कि वह केवल आलोचना के लिए नहीं, बल्कि सक्रिय सहयोग के लिए सामने आए। ■

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

## आज की प्रमुख हस्ती

### स्वतंत्र भारत के पहले शिक्षा मंत्री

**मौलाना** अबुल कलाम आजाद (1888–1958) भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के प्रमुख नेता, विद्वान और विचारक थे। उनका असली नाम अबुल कलाम गुलाम मुहियुद्दीन था। आजाद कई भाषाओं के ज्ञाता थे–अरबी, फारसी, उर्दू, हिंदी, अंग्रेजी और बंगाली। उन्हें धर्म, शिक्षा और समाज सुधार में गहरी रुचि थी। उन्होंने क्रांतिकारी गतिविधियों में भाग लेकर देश की स्वतंत्रता के लिए संघर्ष किया। 1912 में उन्होंने उर्दू साप्ताहिक 'अल-हिलाल' और 'अल-बलाग' शुरू की, जो हिंदू-मुस्लिम एकता और भारतीय राष्ट्रवाद के प्रचार में महत्वपूर्ण रही।



मौलाना अबुल कलाम आजाद
जन्म : 11 नवंबर, 1888
मृत्यु : 22 फरवरी, 1958

गांधीजी के असहयोग आंदोलन में आज़ाद ने सक्रिय भागीदारी निभाई और 1920 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस में शामिल हुए। 1940 से 1946 तक वे कांग्रेस के अध्यक्ष रहे और विभाजन के कट्टर विरोधी थे। आजाद ने भारत में शिक्षा और विज्ञान को प्रोत्साहित करने के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया। स्वतंत्र भारत में वे पहले शिक्षा मंत्री बने और शिक्षा के क्षेत्र में कई सुधार किए। ■



कविता

## मन करदा इक्क छोटा जेया मैं बी टपरू बणाऊं

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

रवींद्र कुमार शर्मा
घुमारवीं, जिला बिलासपुर (हि.प्र)

**कखां** रे मकान हुंदे थे पहले, फेरी खपरैलां स्लेटां रे मकान आये
फेरी आये सरिये सीमेंटा रे, तिन्हें जे सारे संस्कार मुकाये
सै संस्कार वापिस कियां ल्याऊं
मन करदा इक्क छोटा जेया मैं बी टपरू बणाऊं
कच्चे मकान तांजे गए, तां आपसी प्यार भाईचारा भी गया
हुण तां सरिये सिमेंटा रे मकान ही रये
बाकी खत्म हुई गया कुछ नी रहया
सैजे नी रहया तिसजो वापिस किया ल्याऊं, मन करदा...
कदी कदी मन करदा दूर जंगला रे नेड़े,मिट्टी गारे कने इक्क टपरू बणाऊं
चकंदेयां कने बणाइये तिसरी कंधां
बैंजा रे होवे गज्ज कने ऊपर सरवाड़ा ने छावूं
पर सै छाणे वाले हुण किता ते ल्याऊं
मन करदा इक्क छोटा जेया मैं बी टपरू बणाऊं
बैठी कने दिसे बाहरा रा नजारा बौड़ी हो द्वारियां
हुक्के री गुड़गुड़ कलिया री नड़ी धुवां मारे उडारियां
जमणी री होवे कड़ियां कने तुणिये रा हो संतीर
भितर हो गोवे कने लिपिरा हांगां हो बड़ी छैल पाईरियां
पर भितरा हांगा गोलू किसते फराऊं, मन करदा...
खुला जेया हो अंगन पत्थरां रे चक्केयां ने सैलीरा
उक्खल कने सिल बत्तू हो अंगणा ते पार रखीरा
बैठणे जो इक्क कच्चा ब्यूह हो बड़ा मजेदार
हर तवाहरा पर रिस्तेदारां री होवे खूब भरमार
पर एहड़े रिश्तेदार हुण किता ते बुलाऊं, मन करदा...
सियूंटिया री हो द्वारसाखां कने तुणिये रे हो भित
रंदाई मारी कने बणे बधिया डिजाइन चुभे न कोई लित
बौड़ी होवे चुल्ह कने पौड़े होवे ल्यारु
चढ़यातर होवे लकड़ूआं ने भरीरि लगना नी फेरी शीत
यादां ई तां अई इक्क सहारा इन्हांजो कियां मैं भुलाऊं
मन करदा इक्क छोटा जेया मैं बी टपरू बणाऊं

# क्यों हो रहा नैतिक मूल्यों का पतन, अम्मा बोलो ना ?



डॉ. अंकिता चौधरी
सह प्राध्यापक
अभिलाषी विश्वविद्यालय

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र



इस बदलते परिवेश में मूल्य तो जैसे हाथों से रेत की तरह फिसलते जा रहे हैं। आओ हम सब इस गंभीर विषय को एक खूबसूरत कहानी के माध्यम से समझने का प्रयास करते हैं। एक मां अपने बच्चों की परवरिश में कोई कमी नहीं छोड़ती।

उनके खाने-पीने से लेकर हर छोटी से छोटी जरूरत का बखूबी ध्यान रखती है और बड़ी मेहनत मशक्कत कर उन्हें पढ़ा-लिखा कर निश्चित समय आने पर उनका ब्याह कर अपनी जिम्मेदारियों से फारिग हो जाती है। अपने परिवार के साथ बच्चों को हंसी खुशी जीवन बिताता देख चैन की सांस लेती है और उनके सुख में ही अपनी खुशी को तलाश कर अपना जीवन गुजारती है। समय बीता, बच्चों के बच्चे भी बड़े हो गए और सब उन्हें प्यार से 'अम्मा' कहकर बुलाने लगे।

देखते ही देखते अम्मा के बेटे, बहू, दामाद और अंत में पति भी इस संसार से अलविदा हो गए और यह सब मंजर अम्मा चुपचाप अपनी आंखों से देखती रही। एक भी आंसू न टपकाया अम्मा ने आंखों से। मजबूत दीवार सी अम्मा अपने बच्चों के बच्चों को जिनके माता-पिता अब इस दुनिया में नहीं रहे थे पाल पोसकर बड़ा करने लगी। धीरे-धीरे वक्त गुजरा और बच्चे बड़े होकर नौकरी करने बाहर चले गए। अम्मा की बात करें तो अब अम्मा भी पहले की तरह न रही। उनका शरीर भी अब उनका साथ न देता। अम्मा को बच्चों की याद आती तो फोन पर पूछती कि मुझे मिलने कब आओगे, तो बच्चे अम्मा जल्द आएंगे कहकर टाल देते। बेटा-बहू नौकरीपेशा होने के कारण उन्हें समय न दे पाते।

अम्मा अकेलेपन से घिर गई। वक्त गुजरता गया और अम्मा अपने उम्र के आखिरी पड़ाव पर पहुंच गई। अब अम्मा का शरीर भी उनका साथ छोड़ने लगा। एक दिन अम्मा भरी दुपहरी में छत्त पर झाड़ू लगाने गई और वहीं पर बेहोश होकर गिर पड़ी। जब डॉक्टर को दिखाया तो पता चला की अम्मा का एक तरफ का अंग लकवा मार गया है। फिर क्या था परिवार के सभी सदस्यों को मानो सांप सूंघ गया। बड़ा सवाल यह था कि अम्मा की देखभाल कौन करेगा? छोटी बहू बोली मैं नौकरी के साथ अम्मा को नहीं संभाल सकती।

बड़ी बहू ने तपाक से जवाब दिया कि हम खुद बीमार रहते हैं। बहू तो पराये घर से आई थी पर बेटे तो अपने थे। अम्मा सबके लिए गंभीर समस्या बन गई थी। सब दुआ करते कि अम्मा को जल्द मुक्ति मिले और हम भी चैन की सांस लें। जब बेटा-बहू काम पर जाते तो वह अम्मा को नींद की गोली खिला देते, ताकि अम्मा दर्द से चीख चिल्लाकर मोहल्ले को इकट्ठा न कर दे। ये वही अम्मा थी जिसने अपने बच्चों को बिना शिकन के पाल पोसकर इस लायक बना दिया कि वो अपना जीवन हंसी-खुशी बीता सके और आज उसी अम्मा के लिए किसी के पास वक्त नहीं था।

सुबह का समय था अम्मा को चाय बिस्कुट खिला सब अपने अपने काम पर निकल गए। अम्मा एक कोने में सामान की तरह पड़ी अपने अंतिम दिन गिन रही थी। जैसे जैसे नाते रिश्तेदारों को पता चलता सब अम्मा का हाल पूछने पहुंच जाते। अम्मा का रुतबा पूरे गांव में था। उनके जैसी भली औरत ढूंढ पाना आसान न था। यह समाज औपचारिकता निभाने में माहिर है। देखने तो सब आते पर सेवा करने कोई नहीं। होश में आने पर अम्मा दर्द से कराहने लगती। उनके बच्चे उनकी चीख पुकार सुनकर उन्हें गाल पर चांटा जमा देते। इससे वो सहम कर चुप हो जाती। अम्मा मन ही मन प्रार्थना करती कि हे प्रभु! मुझे मुक्ति दे इस जीवन से। मैं और अपने बच्चों को कष्ट नहीं देना चाहती।

अम्मा जब ठीक थी, तब भी उनकी स्थिति ठीक नहीं थी। गर्मियों में वह बिना बिजली के कमरे में पड़ी रहतीं, जबकि घर के दूसरे हिस्से में बेटा-बहू और बच्चे कूलर की ठंडी हवा खाते। अम्मा अंधेरा होने पर टॉर्च की रोशनी में काम चलातीं और पसीने से तर-बतर बिस्तर पर सुबह का इंतजार करतीं।

उन्हें उम्मीद थी कि जिन बच्चों के बच्चों को उन्होंने पाल-पोसकर बड़ा किया, वे आएंगे और उनका ख्याल रखेंगे। इसी उम्मीद में वह उनके हिस्से के घर की सफाई कर देतीं, ताकि जब बच्चे आएं तो घर साफ-सुथरा लगे। एक दिन भरी दोपहरी में अम्मा को छत पर ले जाया गया। लू की चपेट में आकर वह बेहोश हो गईं। जब होश आया तो वह इस हाल में थीं कि जिनके सिर से कभी पल्लू न सरका, आज उनके बाल काट दिए गए थे और उन्हें खटिया पर लिटा दिया गया था।

कुछ ही देर में अम्मा शांत हो गईं। अब केवल सांसों की मद्धम आवाज थी, फिर सब थम गया। अम्मा ने संसार को अलविदा कह दिया। अंतिम यात्रा में कोई कमी नहीं रखी गई-चंदन की लकड़ियां, गुलाब, मोगरा सब सजे थे। मुखाग्नि देते ही अम्मा धू-धू कर जल उठीं। जीते जी अम्मा को कोई सुख नहीं मिला, पर मरने के बाद सारी औपचारिकताएं निभाई गईं। समाज इतना निष्ठुर क्यों हो गया?

इंसानियत कहां खो गई? आज हजारों बुजुर्ग वृद्धाश्रमों में जी रहे हैं, जिन्हें उनके अपने भूल चुके हैं। यही बच्चे जिनकी उंगली पकड़कर उन्होंने चलना सिखाया था, आज उन्हें अकेला छोड़ चुके हैं। इंसान इतना स्वार्थी क्यों हो गया? उत्तर एक ही है-हमें अपनी संस्कृति, सभ्यता और संस्कारों की ओर लौटना होगा। जब तक सेवा, दया, करुणा और प्रेम के गुण नहीं अपनाए जाएंगे, मानवता जीवित नहीं रह सकेगी।

**( ये लेखिका के निजी विचार हैं )**

# सड़कों पर बिखर रहे मानव के चिथड़े, खून से लाल होती सड़कें चिंतनीय



नरेंद्र भारती
स्वतंत्र लेखक, मंडी

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र



देश की सड़कों पर हर दिन हो रहे भीषण हादसे अब एक गंभीर राष्ट्रीय संकट बन चुके हैं। रोजाना कहीं न कहीं इंसानी लाशें बिखर रही हैं, परिवार उजड़ रहे हैं और सड़कें मानव खून से लाल हो रही हैं।

यह स्थिति अत्यंत चिंताजनक है, क्योंकि सड़कें अब जीवन देने की जगह, मौत बांटने का माध्यम बन गई हैं। 3 नवंबर 2025 को जयपुर और तेलंगाना के रंगारेड्डी में हुए भीषण हादसों ने पूरे देश को झकझोर दिया।

जयपुर में तेज रफ्तार डंपर ने कई गाड़ियों को कुचल दिया, जिसमें 13 लोगों की मौत और दर्जनों घायल हुए थे। वहीं, रंगारेड्डी में मिट्टी से भरे डंपर ने राज्य परिवहन की बस को टक्कर मारी, जिससे 24 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई थी। बस में अधिकतर कॉलेज छात्र सवार थे। इसी तरह 24 अक्तूबर को आंध्र प्रदेश में बस और दोपहिया वाहन की टक्कर के बाद आग लगने से 22 लोग जलकर मर गए थे। ऐसे हादसे देश के हर कोने से रोज सामने आते हैं। कभी उत्तर प्रदेश के यमुना एक्सप्रेसवे पर बस नाले में गिर जाती है, तो कभी हिमाचल के बंजार, जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़, या उत्तराखंड के धूमाकोट में सैकड़ों जानें एक पल में खत्म हो जाती हैं। आंकड़े बताते हैं कि भारत सड़क दुर्घटनाओं में विश्व के शीर्ष देशों में शामिल है।

हर वर्ष करोड़ों रुपए सड़क सुरक्षा पर खर्च किए जाते हैं, सड़क सुरक्षा सप्ताह मनाया जाता है, पर नतीजा शून्य रहता है। प्रशासन सिर्फ चालान काटने तक सीमित है, जबकि समस्या की जड़ कहीं गहरी है। असल में 80 प्रतिशत दुर्घटनाएं तेज रफ्तार, नशे की हालत में गाड़ी चलाना, मोबाइल पर बात करना, सीट बेल्ट या हेलमेट न लगाना, ओवरलोडिंग और ट्रैफिक नियमों की अनदेखी जैसी मानवीय लापरवाहियों से होती हैं। अब तो नाबालिग चालक बिना प्रशिक्षण के वाहन चला रहे हैं। फर्जी लाइसेंस बनवाने की प्रवृत्ति भी खतरनाक स्तर पर है। अगर प्रशासन सख्ती से नियमों का पालन करवाए और बिना योग्यता के लाइसेंस जारी करना बंद करे, तो हादसे काफी घट सकते हैं।

सर्दियों में कोहरे के कारण पंजाब, हरियाणा, दिल्ली और उत्तर प्रदेश में दर्जनों वाहन टकरा जाते हैं। यह जानते हुए भी कोई ठोस कदम नहीं उठाया जाता। दुर्घटनाओं के बाद मुआवजे की घोषणाएं और नेताओं के घड़ियाली आंसू ही दिखते हैं, लेकिन असली समाधान पर ध्यान नहीं दिया जाता। जरूरत है एक ठोस राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा नीति की, जिसमें शिक्षा, जागरूकता और सख्त कानून तीनों का समावेश हो। स्कूलों से लेकर ड्राइविंग प्रशिक्षण केंद्रों तक यातायात शिक्षा को अनिवार्य किया जाना चाहिए। हर वाहन में प्राथमिक चिकित्सा बॉक्स और सुरक्षा उपकरणों की व्यवस्था होनी चाहिए। ओवरलोडिंग और नशे में वाहन चलाने वालों को सख्त दंड दिया जाए। सरकारों को सिर्फ चालान पर नहीं, बल्कि व्यवस्था सुधार पर ध्यान देना होगा। हाईवे पेट्रोलिंग को प्रभावी बनाना, सीसीटीवी और सेंसर आधारित ट्रैकिंग सिस्टम लागू करना तथा खराब सड़कों की नियमित मरम्मत सुनिश्चित करना अत्यंत आवश्यक है।

सड़क हादसे केवल आंकड़े नहीं, इंसानी त्रासदियां हैंञ हर हादसे के पीछे एक परिवार का उजड़ना, एक मां का रोना, एक बच्चे का अनाथ होना छिपा है। हमें यह समझना होगा कि वाहन चलाना सुविधा नहीं, जिम्मेदारी है। नियमों का पालन केवल कानून का डर नहीं, जीवन की सुरक्षा का प्रतीक होना चाहिए।

यदि सरकारें और जनता दोनों मिलकर 'सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा' का संकल्प लें तो सड़कों पर बहता यह खून रुक सकता है। वरना आने वाले समय में भारत की सड़कें विकास की नहीं, बल्कि मौत की कहानियों की गवाह बनती रहेंगी।


**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# ...जब एहसास हुआ बच्चे अब बड़े हो गए हैं, 'अब वे सचमुच सक्षम हैं'



मनीश वर्मा 'मनु'
भारतीय राजस्व सेवा

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र



हमें अपने समय में कहां पता था कि मिलेनियल्स या जेन जी क्या होते हैं। हमारे लिए तो बचपन का मतलब बस बचपन था। न किसी दायरे का ज्ञान, न किसी सीमारेखा की पहचान। हम तो बस उड़ना जानते थे, आजाद परिंदों की तरह। कोई रोक-टोक नहीं और न ही किसी प्रदर्शन की चिंता। बस अपनेपन, सादगी और सहजता से भरे हुए दिन।

खैर! बातें बच्चों के बड़े होने की हो रही हैं। वाकई, वो अब सचमुच बड़े हो गए हैं।

जब बच्चे छोटे होते हैं या यूं कहें कि जब वो मां के रज्जु-नाल से अपना पहला नाता तोड़कर इस दुनिया में कदम रखते हैं-तब हमारी सबसे बड़ी चाहत यही होती है कि वे जल्दी से जल्दी बड़े हों जाएं, हमसे बातें करें, मुस्कुराएं। उनकी एक मुस्कान ही हमारे लिए संसार की सबसे बड़ी खुशी होती है। धीरे-धीरे वो घुड़कना शुरू करते हैं, फिर चलना सीखते हैं, फिर बोलने लगते हैं। और हमें लगता है, बस अब तो दुनिया हमारी हो गई। कुछ ही समय बाद उनके छोटे-छोटे हाथों में पेंसिल आ जाती है। दीवारों पर टेढ़ी-मेढ़ी लकीरें बनती हैं, जो घर की दीवारों को नहीं, हमारी उम्मीदों को रंग देती हैं। हर कोना, हर दीवार उनकी उपस्थिति की गवाही देने लगता है कि घर में अब एक विद्यार्थी रहता है जिसने अब पुरी तन्मयता से अपनी पढ़ाई शुरू कर दी है।

शुरुआत में बच्चों की पढ़ाई का अर्थ होता है-स्कूल जाना, हम उम्र बच्चों से मिलना, जमकर खेलना और मनपसंद खाना खाना। इससे हटकर कहां उनकी दुनिया होती है। वाकई इससे बेहतर जिंदगी कहां होती है? हम भी चाहते हैं कि वो जल्दी बड़े हों ताकि हम थोड़ा निश्चिंत हो सकें, अपनी जिम्मेदारियों से कुछ पल का राहत पा सकें, लेकिन यह सोच महज एक मृग-मरीचिका है।

असल सच्चाई यह है कि माता-पिता की जिम्मेदारियां कभी समाप्त नहीं होतीं। वे बस रूप बदलती हैं-दूध के बोतल से लेकर कॉलेज की फीस तक, रिपोर्ट कार्ड से लेकर करियर सलाह तक, और फिर जीवन के हर छोटे-बड़े निर्णय तक। पूरी जिंदगी एक निरंतर यात्रा बन जाती है। छोटे-छोटे लक्ष्यों का निर्धारण और उनकी प्राप्ति की दिशा में अनथक प्रयास। हम बस अनवरत उसी दिशा में आगे बढ़ते रहते हैं । कब हमारे बालों में सफेदी आ गई उसका अहसास ही हमें नहीं हुआ । समय पंख लगाकर उड़ता जा रहा था। शुरुआत में तो भागदौड़ की जिंदगी में समय का पंख लगाकर उड़ना अच्छा लगता था, पर अब जब समय को पकड़ने की कोशिश करते हैं तो वो और भी तेज गति से आगे बढ़ जाता है। फिर कब वो बच्चे, जो हमारे साथ हर बात साझा करते थे, अपनी सफलता की सीढ़ियाँ चढ़ते हुए घर से बाहर निकल गए-हमें पता ही नहीं चला। उन्होंने अपनी-अपनी दुनिया बना ली, अपने सपनों के आसमान में उड़ने लगे। अब वो घर आते हैं तो मेहमानों की तरह। दो-चार दिन रुकते हैं, और फिर अपनी दुनिया में लौट जाते हैं। बिलकुल उन्हीं प्रवासी पक्षियों की तरह जो मौसम के बदलाव के साथ कुछ समय के लिए लौटते हैं, पर ठहरते नहीं। अभी हाल में एक यात्रा के दौरान यह अहसास और गहरा हुआ। हम सपरिवार कहीं जा रहे थे। हाईवे का सफर था-लंबा, खुला, और आत्ममंथन के लिए उपयुक्त। अमूमन माता-पिता अपने बच्चों के प्रति बेहद संवेदनशील होते हैं, कहीं न कहीं अति-संरक्षणशील भी। हम नहीं चाहते कि वे किसी भी प्रकार से अपने आप को असुरक्षित महसूस करें।

रास्ते में मैंने यूं ही अपनी बेटी से कहा, 'चलो, कुछ देर के लिए तुम ड्राइविंग सीट पर आ जाओ।' शुरुआत में मैं उसकी हर हरकत पर नजर रख रहा था-कहीं गाड़ी तेज तो नहीं, कहीं ब्रेक देर से तो नहीं लग रही, पर जल्द ही एहसास हुआ कि उसकी ड्राइविंग मुझसे बेहतर है। उसने न सिर्फ गाड़ी संभाली, बल्कि सफर को आसान बना दिया। मुझे भीतर से सुकून मिला और मैं उसकी बचपन से अब तक की यात्रा को याद करने लगा। लगा जैसे कोई कह रहा हो-'अब वे सचमुच सक्षम हैं।' आज के बच्चे आत्मविश्वासी, तार्किक और तकनीक से जुड़कर दुनिया समझ चुके हैं, पर उन्हें अब भी हमारे अनुभवों की जरूरत है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# बिहार की राजनीति में समाजवाद का उदय और कांग्रेस की गिरती पकड़



डॉ. अवधेश कुमार
सहायक प्रोफेसर, पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग, कुल्लू कॉलेज

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र




बिहार की राजनीति में कांग्रेस की अजेय छवि को 1960 के दशक में धक्का लगा, जिसका कारण पार्टी की आंतरिक गुटबाजी, भ्रष्टाचार के आरोप और विभिन्न सामाजिक आंदोलन थे। 31 जनवरी 1961 को पहले मुख्यमंत्री श्रीकृष्ण सिंह की मृत्यु के बाद कांग्रेस की आंतरिक गुटबाजी ने पार्टी को भीतर से कमजोर कर दिया। के.बी. सहाय के कार्यकाल ने भ्रष्टाचार, भाई-भतीजावाद और प्रशासनिक अकर्मण्यता की छवि को और गहरा कर दिया। जनता, खासकर युवाओं और छात्रों में आक्रोश पनपने लगा।

1967 के चुनावों में यह असंतोष निर्णायक रूप से सामने आया और पहली बार कांग्रेस को सत्ता से बाहर होना पड़ा। राम मनोहर लोहिया ने इसी काल में बिहार में समाजवाद का राजनीतिक और वैचारिक बीज बोया। उन्होंने न केवल कांग्रेस की सत्ता को चुनौती दी, बल्कि सामाजिक न्याय की एक ऐसी विचारधारा को जन्म दिया जो आने वाले दशकों तक बिहार की राजनीति की धुरी बनी रही। लोहिया के 'सप्तक्रांति' सिद्धांत ने जातीय समानता, महिला अधिकार, किसान-श्रमिक एकता, और भाषाई स्वाभिमान को नई दिशा दी। यह विचारधारा आगे चलकर कर्पूरी ठाकुर, बीपी मंडल, लालू प्रसाद यादव और नीतीश कुमार जैसे नेताओं के माध्यम से बिहार की राजनीति का मुख्य स्वर बन गई।

कर्पूरी ठाकुर का शिक्षा सुधार कार्यक्रम-अंग्रेजी की अनिवार्यता समाप्त करना और स्कूल फीस माफ करना—समाजवादी नीतियों का व्यावहारिक रूप था। इससे गरीब, दलित और पिछड़े तबकों के लिए शिक्षा के द्वार खुले। उन्होंने यह सिद्ध कर दिया कि समाजवाद का अर्थ केवल विचार नहीं, बल्कि नीति और व्यवहार में बदलाव है। यही कारण है कि आज भी कर्पूरी ठाकुर को बिहार में 'जननायक' कहा जाता है।

1967 से 1970 तक बिहार की राजनीतिक अस्थिरता ने यह स्पष्ट कर दिया कि जनता अब एकदलात्मक राजनीति से ऊब चुकी है। दस मुख्यमंत्रियों के परिवर्तन और दो बार राष्ट्रपति शासन का लगना इस बात का संकेत था कि सत्ता समीकरण अब स्थायी नहीं रहे। कांग्रेस की पकड़ ढीली पड़ने के साथ ही क्षेत्रीय और वैचारिक दलों का प्रभाव बढ़ने लगा। सामाजिक न्याय, पिछड़ा वर्ग सशक्तिकरण और भ्रष्टाचार विरोध अब स्थायी चुनावी मुद्दे बन गए।

विनोदानंद झा द्वारा डेमोक्रेटिक कांग्रेस का गठन, भोला पासवान शास्त्री और बीपी मंडल का मुख्यमंत्री बनना तथा जनसंघ-सोशलिस्ट एकता के प्रयोग-इन सबने बिहार में गठबंधन राजनीति की परंपरा को जन्म दिया। यह परंपरा आज भी जारी है, जहां विचारधारा से अधिक जातीय और सामाजिक समीकरण अहम हो गए हैं।

राम मनोहर लोहिया की दृष्टि केवल सत्ता परिवर्तन तक सीमित नहीं थी। वे एक सामाजिक क्रांति चाहते थे-जहां समाज के हाशिए पर खड़े व्यक्ति को भी राजनीतिक आवाज मिले। यही कारण है कि लोहिया ने हमेशा कहा, 'पिछड़ों को साठ प्रतिशत मिलना चाहिए।' यह नारा आगे चलकर बीपी मंडल की मंडल आयोग रिपोर्ट में साकार हुआ, जिसने पूरे देश में आरक्षण की राजनीति को नया मोड़ दिया। बिहार का समाजवाद अब केवल वैचारिक आंदोलन नहीं, बल्कि सत्ता का वास्तविक आधार बन गया। कांग्रेस, जो कभी हर गांव की पार्टी थी, 1970 के दशक तक जातीय और सामाजिक समीकरणों में खो गई।

उसका जनाधार टूटने लगा और समाजवादी-वामपंथी दलों ने जनता में गहरी पैठ बना ली। 1960 के दशक की समाजवादी चेतना ने बिहार को राजनीतिक प्रयोगों की भूमि बना दिया। आज जदयू-राजद उसी विरासत के वाहक हैं, जबकि कांग्रेस अब उन्हीं दलों की सहयोगी है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

अनंत ज्ञान
प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# केंद्र ने नहीं दिए 1,500 करोड़: सुक्खू

## मुख्यमंत्री बोले-आत्मनिर्भर हिमाचल सिर्फ नारा नहीं, बल्कि हमारा जुनून

**अनिल शर्मा, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**मंडी।** मुख्यमंत्री सुक्खू ने मंडी के पड्डल मैदान में एक जनसभा को संबोधित करते हुए प्राकृतिक आपदाओं में अपनी संपत्तियां गंवाने वाले लोगों के लिए वित्तीय सहायता राशि 70,000 रुपए से बढ़ाकर एक लाख रुपए करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि सीमित संसाधनों के बावजूद, राज्य सरकार हिमाचल प्रदेश को आत्मनिर्भर राज्य बनाने की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि एक घर बनाने में एक परिवार की पूरी जिंदगी लग जाती है, इसलिए इन स्थितियों में 1.30 लाख रुपए की मुआवजा राशि कैसे काफी हो सकती है। केंद्र सरकार घर के पुनर्निर्माण के लिए केवल इतनी ही सहायता राशि देती है, लेकिन एक साधारण पृष्ठभूमि से संबंध रखने के कारण मैं आम लोगों के दुख-दर्द से भली-भांति परिचित हूं। इसीलिए हमने पूरी तरह क्षतिग्रस्त घरों के लिए मुआवजा राशि को 1.30 लाख रुपए से बढ़ाकर 7 लाख रुपये किया है और आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त घरों के लिए एक लाख रुपये की सहायता राशि दी जा रही है।

भाजपा पर राहत कार्यों का राजनीतिकरण करने का आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि बेहतर होता अगर मंडी जिले के सभी भाजपा विधायक इस कार्यक्रम में शामिल होते, जबकि उन्हें आमंत्रित किया गया था। उन्होंने कहा कि भाजपा नेता आम लोगों की पीड़ा के प्रति असंवेदनशील हैं और उनका एकमात्र उद्देश्य राजनीति करना और झूठ फैलाना है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की घोषणा के दो महीने बाद भी हिमाचल प्रदेश को 1,500 करोड की आर्थिक मदद नहीं मिली है। वह स्वयं केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा के नेतृत्व में दिल्ली जाने के लिए तैयार हैं। मुझमें अहंकार का कोई भाव नहीं है और मेरा एकमात्र लक्ष्य आपदा पीड़ितों की मदद करना है। उन्होंने कहा कि वह केंद्र से बार-बार वन भूमि पर आपदा प्रभावित परिवारों के पुनर्वास की अनुमति प्रदान करने का अनुरोध कर रहे हैं।

इस अवसर पर राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा कि इस वर्ष न केवल हिमाचल, बल्कि उत्तराखंड, जम्मू-कश्मीर और पंजाब भी प्राकृतिक आपदाओं से बुरी तरह से प्रभावित हुए हैं। केंद्र सरकार ने भाजपा शासित राज्यों को अधिक सहायता प्रदान करके हिमाचल के साथ भेदभाव किया है।



सीएम सुक्खू की पड्डल मैदान में आयोजित जनसभा के दौरान मंत्री नेगी, धर्माणी व विधायक चंद्रशेखर।

## पनारसा कॉलेज भवन का किया लोकार्पण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** मुख्यमंत्री सुक्खू ने मंडी जिला के पनारसा में राजकीय महाविद्यालय पनारसा के 13.14 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित भवन का लोकार्पण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने महाविद्यालय पनारसा में अगले सत्र से सेल्फ फाइनेंसिंग आधार पर बीबीए और बीसीए की कक्षाएं शुरू करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि इन पाठ्यक्रमों को शुरू करने से विद्यार्थियों को रोजगारोन्मुख शिक्षा मिलेगी। पूर्व मंत्री कौल सिंह ठाकुर ने मुख्यमंत्री का द्रंग विधानसभा क्षेत्र का तीव्र विकास सुनिश्चित करने के लिए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर राजस्व एवं बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी, पूर्व विधायक जवाहर ठाकुर, एपीएमसी अध्यक्ष कुल्लू राम सिंह मियां, एचपीएमसी निदेशक जोगिंद्र गुलेरिया, जिला परिषद अध्यक्ष अनीता ठाकुर सहित कई उपस्थित रहे।

## आपदा राहत आवंटन कार्यक्रम की झलकियां

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** मंच पर मुख्यातिथि सहित जब सभी विशिष्ट जन अपना स्थान ग्रहण चुके थे तो पूर्व मंत्री प्रकाश चौधरी ने बुके देकर सीएम का स्वागत कर सभी के साथ हाथ मिलाया व एक सीट पर पसर गए। इससे उपायुक्त अपूर्व देवगन कुर्सी रहित हो गए। थोड़ी देर के बाद उनके बैठने की व्यवस्था हो सकी। उपायुक्त के स्वागत भाषण, आपदा वृत्त चित्र प्रदर्शन के बाद जब विधायक चंद्रशेखर का संबोधन चल रहा था तो मुख्यमंत्री जी कुछ समय के लिए मंच से चले गए इसी बीच वरिष्ठ कांग्रेस नेता व पूर्व मंत्री कौल सिंह ठाकुर को संबोधन के लिए पुकारा गया। पहले उन्होंने मना किया फिर संबोधन किया। इसी बीच मुख्यमंत्री फिर मंच पर आ गए। अगले वक्त के रूप में मंत्री निर्माणी जी को बुलाया गया वे माइक तक चले भी गए, लेकिन बीच में उन्हें रोक कर धनिया भाजपा विधायक अनिल शर्मा का संबोधन करवाया गया। स्थानीय भाजपा विधायक अनिल शर्मा ने कहा कि मुझे सरकार ने नहीं एसडीएम ने बुलाया है मुझे तो केवल सीएम का स्वागत करना है।

# मुख्यमंत्री ने आपदा प्रभावितों के सामने भी बहाई अपने पुराने झूठों की नदी: जयराम ठाकुर

**अनंत ज्ञान, बालीचौकी**

विधानसभा क्षेत्र सराज के दौरे पर पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री ने हर बार की तरह इस बार भी मंडी के पड्डल ग्राउंड में आपदा प्रभावितों के बीच अपने पुराने झूठों की नदी बहाई। एक ही झूठ को बार-बार बोलकर वह अपनी नाकामी छुपाना और सत्य को दरकिनार करना चाहते हैं, लेकिन प्रदेश के लोग सब कुछ जानते हैं।

उन्होंने जितनी बातें कहीं वह कितनी सही थी इसका अंदाजा उन्हें जनसभा में बैठे लोगों की प्रतिक्रिया देखकर ही समझ आ गया होगा। आपदा में अपना सब कुछ गंवा चुके लोगों के सामने मुख्यमंत्री द्वारा एक से बढ़कर एक बातें की गई। अपनी हर नाकामी को उन्होंने छिपाने की कोशिश की, लेकिन सवाल है कि मुख्यमंत्री झूठ किसके सामने बोल रहे थे? यह वही आपदा प्रभावित लोग हैं जो 3 महीने से ज्यादा समय से सरकार की नाकामी का दंश झेल रहे हैं। यह वही आपदा प्रभावित लोग हैं जिनसे आपने 2023 में भी बड़े-बड़े वादे किए थे। उन्होंने कहा कि इस बार भी मीडिया के माध्यम से बहुत सारे ऐसे लोग सामने आए जिनका सब कुछ बर्बाद हो गया और उन्हें सरकार द्वारा कुछ नहीं दिया गया। इस तरीके की शिकायतों का मुख्यमंत्री संज्ञान ने और जिम्मेदारों की जवाबदेही सुनिश्चित करें। जयराम ठाकुर ने कहा कि जिन जमीनों पर इंडस्ट्री लगाकर प्रदेश की आय बढ़ाई जा सकती थी और प्रदेश में रोजगार का सृजन किया जा सकता था। वह जमीनें मुख्यमंत्री के प्रॉपर्टी डीलर मित्र बेचने की डील कर रहे हैं। प्रदेश के बाहर और भीतर के लोगों से डीलिंग हो रही हैं। मुख्यमंत्री एक प्रॉपर्टी डीलर की तरह काम कर रहे हैं।

## खेलें अनुशासन और एकता की देतीं प्रेरणा

**जयराम** ठाकुर सराज विधानसभा क्षेत्र के थनेहड़ में आयोजित समर क्रिकेट कप-2025 के समापन समारोह में शामिल हुए। इस दौरान स्थानीय लोगों और क्रिकेट प्रेमियों द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया। उन्होंने विजेता और उपविजेता को ट्रॉफी से सम्मानित करते हुए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि खेल केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि यह अनुशासन, एकता और सकारात्मक जीवनशैली की प्रेरणा देता है। आज के युवा वर्ग को खेल को अपने जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाना चाहिए और नशे जैसी बुराइयों से दूर रहकर एक स्वस्थ और सशक्त समाज के निर्माण में योगदान दे सकें। उन्होंने शानदार क्रिकेट प्रतियोगिता के आयोजन के लिए सभी आयोजकों, खिलाड़ियों व सहयोगियों को साधुवाद दिया। इस मौके पर उनके साथ स्थानीय भाजपा के पदाधिकारी, कार्यकर्ता वन लोग उपस्थित रहे। इसके बाद सराज विधानसभा क्षेत्र के थाटा में जनता से मुलाकात कर जनसभा को संबोधित किया।



# न्यूज ब्रीफ

## संधोल, कुजाबल्ह व कोठुआं में बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, धर्मपुर।** विद्युत उपमंडल संधोल के अंतर्गत संधोल, कुजाबल्ह और कोठुआं क्षेत्रों में 11, 13 और 15 नवंबर 2025 को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। यह व्यवधान आवश्यक मरम्मत कार्य और बिजली लाइनों के पास पेड़ों की कांट-छांट के कारण होगा। मरम्मत कार्य तीन 11 केवी फीडरों संधोल, कुजाबल्ह और कोठुआं पर किया जाएगा। विभाग के अधिकारी ई. उत्तम चंदेल ने बताया कि यह कदम बिजली लाइनों की सुरक्षा और विश्वसनीयता सुनिश्चित करने के लिए जरूरी है। पेड़ों की कटाई से तूफानी मौसम में तार टूटने या शॉर्ट सर्किट का खतरा कम होगा। विभाग ने उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है और सलाह दी है कि वे इस दौरान आवश्यक कार्य पहले ही निपटा लें।

## आस्था ने चमकाया सरकाघाट का नाम

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** सरकाघाट क्षेत्र की बेटी और हिमालयन स्कूल की होनहार प्रतिभाशाली छात्रा आस्था ने राज्य स्तरीय कला उत्सव में प्रथम स्थान हासिल कर एक बार फिर से अपने स्कूल और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। आस्था का चयन राज्य स्तरीय कला उत्सव में विजुअल आर्ट सोलो थ्री डी प्रतियोगिता के लिए हुआ था। राज्य स्तरीय कला उत्सव डाइट चम्बा में आयोजित हुआ जिसमें आस्था ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। बहुत ही गर्व की बात है किअब आस्था राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित कला उत्सव में हिमाचल प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेगी। आस्था ने इस उपलब्धि के लिए अपने अध्यापकों और अभिभावकों का धन्यवाद किया। स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष राजकुमार शर्मा, प्रधानाचार्य प्रेमलता डोगरा तथा समस्त हिमालयन परिवार ने आस्था की शानदार उपलब्धि पर प्रसन्नता और गर्व अभिव्यक्त करते हुए बधाई दी।

## छुट्टी के दिन बस सेवा न चलने से लोगों में रोष

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** सरकाघाट से चोलथरा वाया पपलोग सुबह 08:15 बजे एचआरटीसी की बस नियमित रूप से चलती थी, जबकि वापसी चोलथरा से 09:15 बजे होती थी। यह सेवा पिछले 15 वर्षों से तीन पंचायतों के ग्रामीणों को सुविधा प्रदान कर रही थी। रविवार को बस बंद होने से स्थानीय लोग और मजदूर परेशान हैं। मरीज भी हॉस्पिटल से घर लौटने में कठिनाई का सामना कर रहे हैं। स्थानीय लोगों ने तथा सामाजिक कार्यकर्ता रमेश चन्द भारद्वाज व अमृत लाल रमेश माया देवी अनु कुमारी बलदेव सकलानी करतार सिंह विक्रम ठाकुर ने क्षेत्रीय प्रबंधक से बस को रूट पर जल्दी बहाल करने का आग्रह किया है। पथ परिवहन सरकाघाट डिपो के आरएम अनिल शर्मा ने बताया कि रविवार को आमदनी कम होने के कारण अधिकांश लोकल रूट बंद रहते हैं, लेकिन इस समस्या पर विचार किया जाएगा।

## जोगिंद्रनगर के डोहग ग्राउंड में हुए ड्राइविंग टेस्ट

**अभिषेक, अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर के डोहग ग्राउंड में क्षेत्र के विभिन्न स्थानों से आए युवाओं और अन्य अभ्यर्थियों ने ड्राइविंग टेस्ट दिया। पूरे दिन परिवहन विभाग के अधिकारियों की देखरेख में यह प्रक्रिया शांतिपूर्वक संपन्न हुई। मोटर व्हीकल इंस्पेक्टर (एमवीआई) साहिल धर्मानी ने जानकारी दी कि ड्राइविंग टेस्ट सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित किए गए। उन्होंने बताया कि सुबह के सत्र में लगभग 120 अभ्यर्थियों ने दोपहिया वाहनों–बाइक और स्कूटी के टेस्ट दिए, जबकि दोपहर के सत्र में चारपहिया वाहनों के ड्राइविंग लाइसेंस टेस्ट लिए गए। टेस्ट के दौरान अभ्यर्थियों को ट्रैफिक नियमों, वाहन नियंत्रण, पार्किंग और संतुलन जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं पर परखा गया। एमवीआई साहिल धर्मानी ने बताया कि 25 नवंबर को वाहनों की पासिंग की जाएगी, जबकि 26 नवंबर को चारपहिया व अन्य वाहनों के ड्राइविंग टेस्ट होंगे।

## सरकाघाट कॉलेज के खिलाड़ियों ने जीते पदक

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** राजीव गांधी मेमोरियल महाविद्यालय जोगिंदरनगर में आयोजित इंटर-कॉलेज बॉक्सिंग प्रतियोगिता में रविन्द्र नाथ टैगोर राजकीय महाविद्यालय सरकाघाट के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में कॉलेज के चार खिलाड़ियों ने विभिन्न भार वर्गों में पदक जीतकर संस्थान का गौरव बढ़ाया। 80-85 किग्रा भार वर्ग में अर्मान कटवाल और 75-80 किग्रा में अविनाश ने कांस्य पदक जीते। सुपर हेवीवेट कैटेगरी में आदित्य ने रजत पदक और 65-70 किग्रा में सर्गम ने पदक हासिल किया। खिलाड़ियों ने खेल भावना, अनुशासन और समर्पण की मिसाल पेश की। प्राचार्य डॉ. आरआर कोंडल व अन्य शिक्षक इस उपलब्धि पर खिलाड़ियों को बधाई दी। उन्होंने नियमित अभ्यास, मेहनत और कोच के मार्गदर्शन को सफलता का मुख्य कारण बताया। सहायक आचार्य प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि यह उपलब्धि भविष्य के खिलाड़ियों को प्रेरित करेगी और प्रतियोगिताओं के माध्यम से प्रतिभा निखारने में मदद करेगी।

## कर्मयोगी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

**अनंत ज्ञान, महादेव।** सुंदरनगर स्थित बीएसएल परियोजना, भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड के अंतर्गत जन सेवा कार्यक्रम के तहत अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए 'कर्मयोगी प्रशिक्षण कार्यक्रम' का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण भारत सरकार की पहल 'मिशन कर्मयोगी' के अनुरूप आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य सरकारी कर्मचारियों को आधुनिक प्रशासनिक कार्य प्रणाली, नैतिक मूल्यों, जनसेवा के प्रति समर्पण और तकनीकी दक्षता में प्रशिक्षित करना है। इस कार्यक्रम में 900 से अधिक अधिकारियों और कर्मचारियों ने भाग लिया। उप मुख्य अभियंता इंजी कश्मीर सिंह ठाकुर ने बताया कि प्रशिक्षण से कर्मचारियों की कार्यशैली में सुधार होगा और बोर्ड की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता व दक्षता बढ़ेगी। डॉ. एकता, अभियंता हितेंद्र सिंह, चंदन, लवप्रीत सिंह, सानुल राणा, गगनदीप व शुभम मास्टर ट्रेनर के रूप में उपस्थित रहे। भविष्य में भी इस प्रकार के प्रशिक्षण नियमित रूप से आयोजित किए जाएंगे।

## जोगिंद्रनगर में अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन शुरू

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** राजीव गांधी स्मारक राजकीय महाविद्यालय जोगिंद्रनगर में सोमवार को 'भारतीय ज्ञान परंपरा के आयामः पुनरावलोकन एवं भविष्य की परिकल्पना' विषय पर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि, सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी के कुलपति प्रो. ललित कुमार अवस्थी ने भारतीय ज्ञान परंपरा को राष्ट्र की सांस्कृतिक धरोहर बताते हुए नई शिक्षा नीति 2020 में इसके महत्व पर जोर दिया। सम्मेलन में विशिष्ट अतिथियों ने विभिन्न विषयों पर व्याख्यान प्रस्तुत किए, जिनमें हिमालयन मिथक, स्थानीय आस्था, स्वदेशी विद्या, जल कृषि और मनोविज्ञान में गीता के उपदेश शामिल थे। महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. निशा वैद्य ने अतिथियों का स्वागत किया। संयोजक डॉ. दीप्ति शर्मा एवं सहसंयोजक डॉ. श्रवण ने कार्यक्रम का सफल संचालन किया। दूसरे दिन विभिन्न शोधपत्र प्रस्तुतियों के साथ सम्मेलन सम्पन्न होगा। छात्रों, शिक्षाविदों और केंद्रीय छात्र परिषद के सदस्यों ने भी भाग लिया।

# लोक निर्माण विभाग की भूमि पर तेजी से बढ़ रहा अतिक्रमण

**कविता, अनंत ज्ञान**

**पधर।** लोक निर्माण विभाग मंडल पधर के अधीन द्रंग–बसाही–कुफरी संपर्क मार्ग पर स्थित पंचायतन गांव में पीडब्ल्यूडी विभाग की भूमि पर धड़ल्ले से हो रहे अतिक्रमण को लेकर स्थानीय लोगों में रोष बढ़ता जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि बार–बार अवगत करवाने के बावजूद विभागीय स्तर पर अभी तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई है। स्थानीय निवासी चुड़ामणि पुत्र स्व. सिद्धू राम ने बताया कि सड़क निर्माण के दौरान विभाग ने उनकी निजी मलकियत भूमि राजस्व मुहाल पंचायतन के खसरा नंबर 589 में स्थित 0–2–6 बीघा क्षेत्र पर सड़क का निर्माण कर दिया है।

उन्होंने कहा कि हाल ही में राजस्व विभाग द्वारा उनके 'तकसीम' मामले का निपटारा किया गया। जिसमें स्पष्ट हुआ कि विभाग ने उनकी कुल 2–6–0 बीघा निजी भूमि पर सड़क बिछा रखी है। चुड़ामणि ने आरोप लगाया कि सड़क से सटी विभाग की अपनी भूमि खाली पड़ी है, जिस पर गांव के करीब चार लोगों ने अवैध निर्माण कर रखा है। इनमें से तीन मकान पूरी तरह बन चुके हैं, जबकि एक अन्य मकान का निर्माण 5 नवंबर को शुरू किया गया है। उन्होंने कहा कि ताज़ा अतिक्रमण को रोकने के लिए उन्होंने अधिशासी अभियंता, सहायक अभियंता और कनिष्ठ अभियंता पधर को लिखित रूप से सूचित किया है, लेकिन फिलहाल कोई कदम नहीं उठाया गया। उन्होंने मांग की है कि विभाग तुरंत गांव में अपनी भूमि की निशानदेही कर अतिक्रमण हटाए तथा उनकी निजी भूमि पर बनी सड़क को हटाकर विभाग की खाली पड़ी भूमि से होकर नया सड़क मार्ग तैयार करे।

इस संबंध में अधिशाषी अभियंता पधर विनायक कश्यप ने बताया कि मामला उनके ध्यान में आ चुका है और सहायक अभियंता पधर को संबंधित भूमि का डिमार्केशन करवाने के निर्देश जारी कर दिए गए हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद आगे की आवश्यक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# पंजाई में पहाड़ी से टकराई यात्रियों से भरी निजी बस, आधा दर्जन लोग घायल

**नूतन ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**बालीचौकी।** उपमंडल की बालीचौकी थाची–चलौट मार्ग पर पंजाई के समीप एक निजी बस दुर्घटनाग्रस्त होने से बाल–बाल बची। जिसमें लगभग 25 से 30 यात्री सवार थे। इस हादसे में आधा दर्जन यात्री घायल हुए, जिन्हें पीएचसी नगवाई में उपचार दिया गया। बालीचौकी थाची–चलौट मार्ग पर सोमवार सुबह एक निजी बस रोजाना की तरह बालीचौकी की ओर आ रही थी।

इस दौरान पंजाई के समीप बस में कुछ तकनीकी खराबी आ गई, जिसे भांपते हुए बस चालक ने बस को पहाड से टकरा दिया और एक बड़ा हादसा होने से बच गया। इस हादसे के दौरान निजी बस यात्रियों से पूरी तरह से भरी थी, जबकि लोग देव मतलोड़ा की कार्तिक पूज से लौट कर अपने अपने घरों को जा रहे थे। अगर चालक ने समझदारी नहीं दिखाई होती तो बस साथ लगती गहरी खाई में लुढ़क सकती थी। यदि चालक ने एक पल की भी देरी की होती, तो परिणाम भयावह हो सकता था। यात्री अब चालक को देवदूत मान रहे हैं, जिनकी बहादुरी ने उन्हें एक बड़ी त्रासदी से बचा लिया।



हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग भी घटनास्थल की ओर दौड़ गए। घायलों को बस से निकालकर सुरक्षित स्थान पर बैठा दिया। हादसे के उपरांत घायलों को 108 एंबुलेंस के माध्यम से पीएचसी नगवाई लाया गया,जंहा प्राथमिक उपचार के बाद कुछ लोगों को घर भेज दिया गया है।

वहीं हादसे की सूचना मिलते ही बालीचौकी पुलिस भी घटनास्थल पर पंहुची और हादसे के कारणों की छानबीन में जुट गई।

**बालीचौकी थाची-चलौट मार्ग पर तकनीकी खराबी से हुआ हादसा**

उधर, बालीचौकी के चौकी प्रभारी ज्ञान चंद ने बताया कि हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची है। यह हादसा कैसे हुआ, इसकी पुलिस जांच कर रही है। उन्होंने बताया हादसे में कुछ लोगों को मामूली चोटें आई हैं, जबकि अन्य यात्री सुरक्षित है।

## दीपक की अगुवाई में मुख्यमंत्री का स्वागत

**अनंत ज्ञान, मंडी।** मुख्यमंत्री सुक्खू के मंडी पहुंचने पर पूर्व जिला कांग्रेस कमेटी मंडी के अध्यक्ष दीपक शर्मा की अगुवाई में कांग्रेस कार्यकर्ताओं, युवाओं, महिलाओं और स्थानीय नागरिकों ने भव्य स्वागत किया। कांगनी धार संस्कृति सदन, मोतीपुर के पास स्वागत में कांग्रेस जनों और स्थानीय जनता का भरपूर उत्साह देखने को मिला। मुख्यमंत्री को फूल–मालाओं से लादकर और नारों की गूंज से पूरा परिसर सुखविंद्र सुक्खू जिंदाबाद, हमारा जननायक कैसा हो, सुक्खू भाई जैसा हो जोशीले नारों से गूंज उठा। इस अवसर पर ग्राम पंचायत मझवार के प्रधान अमर सिंह, ग्राम पंचायत डनढाल की प्रधान पूजा देवी एवं उपप्रधान जोध सिंह गुमरा, नगर निगम मंडी के पार्षद योगराज योगा और यशकांत कश्यप, पूर्व पार्षद दीपक ठाकुर, पूर्व शहरी कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अनिल सेन, पूर्व सैनिक कांग्रेस विभाग के अध्यक्ष केहर सिंह कटोच, पूर्व पंचायत प्रधान लाभ सिंह, सन्नी ईपन, प्रदीप शर्मा, हरीश सिप्पी, अनिल शर्मा, अंकुश मोहन, ज्योति नेगी, गीतांजलि, पूनम रावत और चिंता देवी सहित कई मौजूद रहे।

# जूनियर खो–खो में हमीरपुर टीम चैंपियन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**





राज्यस्तरीय खो–खो प्रतियोगिता में शिरकत करते मुख्यातिथि।

राज्य स्तरीय जूनियर खो–खो प्रतियोगिता में हमीरपुर जिला की लड़के व लड़कियों की टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए ट्राफी पर कब्जा किया है। हिमाचल प्रदेश खो–खो संघ द्वारा बिलासपुर जिला के जुखाला में आयोजित दो दिवसीय 12वीं राज्य स्तरीय जूनियर खो–खो प्रतियोगिता संपन्न हो गई। लड़कियों के वर्ग में फाइनल मुकाबला हमीरपुर व मंडी जिला की टीम के मध्य खेला गया, जिसमें हमीरपुर की टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 5 अंकों के अंतर से जीत दर्ज की।

हमीरपुर की टीम ने 12 अंक जबकि मंडी जिला की टीम 7 अंक ही जुटा सकी। इससे पहले सैमीफाइनल मुकाबले में मंडी ने सोलन को जबकि हमीरपुर ने सिरमौर की टीम को पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया। वहीं लड़कों के वर्ग में फाइनल मुकाबला हमीरपुर व सिरमौर के मध्य खेला गया, जिसमें हमीरपुर के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन व तालमेल के साथ खेलते हुए एक पारी व 1 अंक के अंतर से धमाकेदार जीत दर्ज कर ट्राफी पर कब्जा किया। इससे पहले सिरमौर व ऊना जबकि मंडी व हमीरपुर की टीमों के मध्य सैमीफाइनल मुकाबले खेले गए, जिसमें सिरमौर व हमीरपुर की टीम ने जीत दर्ज कर फाइनल में प्रवेश किया। प्रतियोगिता के समापन पर प्रदेश कांग्रेस सचिव विकास ठाकुर ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की और विजेता खिलाड़ियों को ट्राफी भेंट कर सम्मानित किया। इससे पूर्व भारतीय खो–खो महासंघ के संयुक्त सचिव एवं हिमाचल प्रदेश खो–खो संघ के महासचिव एल आर वर्मा व बिलासपुर खो–खो संघ के पदाधिकारियों ने शाल, टोपी व स्मृति चिन्ह भेंट कर मुख्यातिथि को सम्मानित किया।

इस मौके पर हिमाचल प्रदेश खो–खो संघ के मीडिया प्रभारी प्यार चंद सकलानी, बिलासपुर खो–खो संघ के अध्यक्ष पवन ठाकुर, महासचिव चुनी लाल, कोषाध्यक्ष विक्रम ठाकुर, अश्वनी ठाकुर व पुरषोत्तम शर्मा सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

## धर्मपुर के अबनीश ठाकुर बने डीआरडीओ में वैज्ञानिक

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** धर्मपुर की समौड़ पंचायत के आरली परयाल निवासी अबनीश ठाकुर ने भारत सरकार के प्रतिष्ठित संस्थान रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) द्वारा संचालित प्रतियोगी परीक्षा में वैज्ञानिक के पद पर चयनित होकर पूरे देश भर में प्रदेश का सिर गर्व से ऊंचा किया है जिससे समूचे क्षेत्र में खुशी की लहर है। यह उपलब्धि उनकी कड़ी मेहनत, लगन और समर्पण का परिणाम है। बचपन से ही उनका सपना फाइटर जेट इंजीनियरिंग में शोध करने तथा इसी क्षेत्र में अपना करियर बनाने का रहा है। अबनीश की प्राइमरी एजुकेशन सरस्वती विद्या मंदिर मढ़ी, हाई स्कूल एजुकेशन वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मढ़ी तथा सीनियर सेकेंडरी एजुकेशन न्यू क्रिसेंट पब्लिक सीनियर सेकंडरी स्कूल जोगिंद्रनगर से हुई है व बी टेक की पढ़ाई भोपाल यूनिवर्सिटी से की है। अबनीश की माता नीता देवी गृहिणी तथा पिता शेषपाल जल शक्ति विभाग मढ़ी में शिकायत वाहक के पद पर कार्यरत हैं। बचपन से ही अबनीश मेधावी छात्र रहा है। अबनीश ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने शिक्षकों को जिन्होंने उसे सही दिशा दिखाई और अपने माता पिता को, जिनके आशीर्वाद और प्रोत्साहन ने उसे सशक्त बनाया; तथा अपने परिवार को, जो हर कदम पर उसके साथ खड़ा रहा को दिया है ग्राम पंचायत समौड के प्रधान प्रताप सकलानी ने अबनीश को बधाई देते कहा कि वे देश की सेवा में अपने वैज्ञानिक योगदान से और ऊंचाइयां प्राप्त करें।



# म्यांमार में फंसे भारतीयों की सुरक्षित वापसी के लिए केंद्र से हस्तक्षेप की मांग

**अनुज वर्धन, अनंत ज्ञान**

**चौंतड़ा।** अधिवक्ता रजनीश भारती ने भारत के प्रधानमंत्री एवं विदेश मंत्रालय से आग्रह किया है कि वे म्यांमार में अब भी फंसे सैकड़ों भारतीय नागरिकों की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करने के लिए तत्काल राजनयिक कदम उठाएं।

6 नवंबर को भारत सरकार की पूर्व घोषणा के अनुसार, भारतीय वायुसेना ने थाईलैंड की सीमा पर स्थित में सोत नगर से 270 भारतीय नागरिकों को स्वदेश वापस लाने में सफलता प्राप्त की। ये सभी लोग म्यांमार के केके पार्क साइबर ठगी परिसर से भागकर मॉय नदी पार कर थाईलैंड पहुंचे थे। इन 270 भारतीयों में 26 महिलाएं भी शामिल थीं जिन्हें मानव तस्करी और जबरन साइबर अपराधों में फंसा दिया गया था।

अधिवक्ता भारती ने चिंता व्यक्त की कि सैकड़ों भारतीय अब भी म्यांमार की सेना की हिरासत में हैं और उन्हें मायावादी क्षेत्र में रखा गया है। ये वही लोग हैं जिन्हें म्यांमार की सेना ने 23–24 अक्तूबर को बड़े सैन्य अभियान के दौरान केके पार्क परिसर से मुक्त कराया था, जहां हजारों विदेशी नागरिकों को अवैध रूप से बंदी बनाकर रखा गया था। 270 भारतीयों की वतन वापसी स्वागतयोग्य कदम है, परंतु यह अभियान अभी अधूरा है। अनेक भारतीय नागरिक अब भी म्यांमार में असुरक्षित और अमानवीय परिस्थितियों में फंसे हुए हैं। 24 अक्तूबर के बाद से उनका अपने परिवारों से कोई संपर्क नहीं हो पाया है। भारत सरकार को तुरंत और प्रभावी राजनयिक हस्तक्षेप करके उनकी सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करनी चाहिए, अधिवक्ता रजनीश भारती ने कहा। अधिवक्ता भारती ने यह भी कहा कि यह मामला अब एक गंभीर अंतरराष्ट्रीय मानवीय संकट का रूप ले चुका है, जिसमें त्वरित राजनयिक कार्रवाई की आवश्यकता है ताकि किसी भी भारतीय की जान को खतरा न रहे।

**अधिवक्ता रजनीश भारती ने सरकार से की त्वरित कार्रवाई की अपील**

## बच्चों ने सीआईएसएफ जवानों के साथ मिलकर गाया वंदे मातरम

**भीम बसेड़ू राजपूत, अनंत ज्ञान, महादेव।** राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में देशभर की सीआईएसएफ इकाइयों ने गृह मंत्रालय के निर्देशानुसार उत्साहपूर्वक कार्यक्रम आयोजित किए। इसी क्रम में सीआईएसएफ इकाई बीएसएल परियोजना सुंदरनगर में भी भव्य समारोह संपन्न हुआ, जिसमें बीएसएल स्कूल के विद्यार्थियों ने सीआईएसएफ कर्मियों के साथ मिलकर वंदे मातरम का सामूहिक गायन किया। इस अवसर पर देशभक्ति और एकता की भावना से ओत–प्रोत वातावरण बना रहा। उप कमांडेंट विशाल बंसल ने बताया कि बल की सभी इकाइयों ने सुबह 10 बजे एक साथ राष्ट्रगीत का पूर्ण संस्करण गाया तथा वंदे मातरम के साथ कराओके नामक डिजिटल अभियान में भी भाग लिया। देशभर में आयोजित कार्यक्रमों के माध्यम से सांस्कृतिक गौरव, राष्ट्रीय एकता और जनसहभागिता को सशक्त संदेश दिया गया। इस वर्षभर चलने वाले उत्सव का उद्देश्य भारत के गौरवशाली इतिहास, एकता और देशभक्ति की भावना को जन–जन तक पहुंचाना है।

**परेशानी** बल्ह घाटी में पशुओं का बढ़ा आतंक, फसल बिजाई करना हुआ मुश्किल, किसान चिंतित

# किसानों की मेहनत पर बेसहारा पशुओं का कहर

**आदर्श, अनंत ज्ञान**

**नेरचौक।** बल्ह घाटी में आवारा पशुओं की तादाद दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है जिससे घाटी का किसान खौफजदा है। किसानों को फसल बिजाई करना मुश्किल हो गया है। महंगाई के इस दौर में हजारों रुपए खर्च कर किसान अपने खेतों में बड़ी उम्मीद के साथ फसल बिजाई करता है मगर आवारा पशु इस फसल को उजाड़ कर किसानों की उम्मीद पर पानी फेर देते हैं। आवारा पशुओं के दंश को किसान बरसों से झेल रहा है, मगर किसान की इस पीड़ा को आज तक कोई भी नहीं समझ पाया है।

आवारा पशुओं के आतंक के कारण फसल बिजाई करने से किसान धीरे धीरे किनारा करने लगा है। कड़ी मेहनत कर लाखों रुपए खर्च करने के बावजूद आवारा पशु किसानों की फसल को एक झटके में नष्ट कर देते है जिससे किसान हताश व निराश है। परिणाम स्वरुप आवारा पशुओं से परेशान होकर किसान फसल बिजाई करने से कतराने लगा है । घाटी में बहुत से किसानों ने फसल बिजाई करना ही छोड़ दिया है। मजबूरन इन किसानों के उपजाऊ खेत अब धीरे–धीरे बंजर होते जा रहे हैं। आवारा पशुओं के आतंक से परेशान अधिकांश किसान फसल बिजाई के बाद अपनी फसल को बचाने के लिए रातभर खेतों में जाग कर पहरा देता है। तब जाकर बड़ी मुश्किल से किसान फसल को बचाने में कामयाब हो पता है। आवारा पशुओं के आतंक के कारण सड़कों व रास्तों पर चलना मुश्किल हो गया है। राष्ट्रीय उच्च मार्ग सहित घाटी की तमाम सड़कों पर आवारा पशुओं की बढ़ती तादाद के कारण वाहन चलाना मुश्किल हो गया है साथ ही ग्रामीण क्षेत्र के रास्तों में भी आवारा पशुओं के कारण चलना फिरना मुश्किल हो गया है। बच्चों को स्कूल भेजने पर आवारा पशुओं का चिंता अभिभावकों को हर वक्त सताती रहती है। आवारा घूम रहे पशु कभी भी बच्चों पर हमला कर सकते हैं।

## बेसहारा पशुओं पर भी हो रहा है अत्याचार

**आवारा** पशु जहां किसानों की फसल को उजाड़ कर किसानों को नुकसान पहुंचा रहे हैं वही आवारा पशुओं पर भी अत्याचार हो रहा है। जब आवारा पशु किसानों के खेतों में जाकर फसल को नुकसान पहुंचाते हैं तो कई किसान गुस्से में आकर इन पर डंडे और लोहे की रोड़ से प्रहार कर इन पर अत्याचार करते हैं।



## फाइलों में दफन गोसदन निर्माण की योजना

**पंचायत** स्तर पर प्रदेश भर में गौ सदन बनाने की सरकार की योजना महज फाइलों में दफन होकर रह गई है। इक्का दुक्का पंचायतें ही है जिसमें यह योजना सिरे चढ़ पाई है। अधिकांश पंचायतों में गौ सदन तो दूर की बात है इनमें तो गौ सदन के लिए भूमि का चयन भी नहीं हो पाया है। जिससे यह योजना भी फाइलों में ही दफन होकर रह गई है।

## पशु पंजीकरण योजना हुई फ्लॉप

**किसानों** के पशुओं के पंजीकरण को लेकर सरकार ने जो योजना शुरू की है वह भी नकारात्मक ही सिद्ध हो रही है इस योजना से भी आवारा पशुओं की तादाद में कोई गिरावट नहीं आई है। ऐसा इसलिए हो रहा है क्योंकि किसानों के पशुओं के पंजीकरण को लेकर तो सरकार ने योजना चलाई है मगर प्रदेश में घूम रहे आवारा पशुओं को लेकर सरकार की कोई योजना नहीं है और ना ही सरकार के पास आवारा पशुओं को लेकर कोई सटीक आंकड़े है।

## विशेष नीति बनाने की मांग

**आवारा** पशुओं के अत्याचार से दुखी किसान लेख राम, संजय कुमार, परशुराम, जगत सिंह, जगदीश उर्फ जग्गू सरला, रीना, मीना, भुवनेश्वरी तथा हाटेश्वरी महिला मंडल पाली की प्रधान हिमा यादव ने मुख्यमंत्री सुक्खू से आवारा पशुओं के लिए विशेष नीति बनाने की मांग की है ताकि आवारा पशुओं के अत्याचार से किसानों को राहत मिल सके तथा आवारा पशुओं पर जो अत्याचार हो रहे हैं उनसे इनकी सुरक्षा भी सुनिश्चित हो सके।

## न्यूज ब्रीफ

### चिंतपूर्णी में गोविंदम आइसक्रीम पार्लर का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** हिमाचल प्रदेश गुजरात की प्राइवेट डेरी प्रोडक्ट कंपनी भारत हॉब्स ने चिंतपूर्णी में अपना आइसक्रीम पार्लर गोविंदम आइसक्रीम पार्लर का शुभारंभ किया। यह शास्त्री स्ट्रीट शॉप की तीसरी ब्रांच है, जिसका उद्घाटन बड़ी धूमधाम से किया गया। गोविंदम आइसक्रीम पार्लर माता चिंतपूर्णी से आधा किलोमीटर पहले मुख्य रोड पर स्थित है। इस अवसर पर कंपनी के अधिकारियों ने बताया कि ग्राहकों की संतुष्टि और विश्वास बनाना उनका एकमात्र लक्ष्य है। गोविंदम आइसक्रीम पार्लर में ग्राहकों को दूध से बने पदार्थ, घी आदि की बड़ी मात्रा में वैराइटीज उपलब्ध करवाई जाएगी और विशेष रूप गुणवत्ता को ध्यान में रखकर इस बात को सुनिश्चित किया जाएगा कि ग्राहकों को उचित मात्रा में वैराइटीज दी जाए। इस अवसर पर उद्घाटन समारोह में आए हुए सम्मानित नागरिकों को स्वादिष्ट आइसक्रीम खिलाई गई, जिस पर सभी ने उसके स्वाद और गुणवत्ता की काफी सराहना की। कंपनी के डायरेक्टर महिपाल पटेल ने बताया कि गोविंदम आइसक्रीम पार्लर क्षेत्र के लोगों को गुणवत्ता पूर्ण वस्तुएं और अन्य सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध करवाएगा।

### वीपीएस स्कूल के छात्र का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, ऊना।** हिमाचल प्रदेश स्कूल स्पोर्ट्स एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित अंडर-14 बॉयज एंड गर्ल्स एथलेटिक मीट धर्मशाला में संपन्न हुई। इस प्रतियोगिता में वशिष्ट पब्लिक स्कूल, ऊना के कक्षा छठी के प्रतिभाशाली विद्यार्थी आरव चौधरी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्कूल एवं जिले का नाम रोशन किया। आरव ने अपनी शानदार गति और दृढ़ संकल्प के बल पर 200 मीटर दौड़ में सिल्वर मेडल तथा 100 मीटर दौड़ में ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त किया। यह उपलब्धि न केवल विद्यालय, बल्कि पूरे जिले के लिए गर्व का विषय है। इस प्रदर्शन के आधार पर आरव चौधरी का चयन आगामी नेशनल एथलेटिक मीट के लिए हुआ है, जो इंदौर (मध्य प्रदेश) में आयोजित की जाएगी। स्कूल के निदेशक अनुज वशिष्ट ने इस सफलता पर आरव को हार्दिक बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय के प्रधानाचार्य दीपक कौशल ने कहा कि आरव की यह उपलब्धि निरंतर मेहनत, अनुशासन व विद्यालय द्वारा प्रदान किए जा रहे खेल प्रशिक्षण का परिणाम है। हमें गर्व है कि हमारे विद्यार्थी राष्ट्रीय स्तर पर विद्यालय और जिला ऊना का प्रतिनिधित्व करेंगे।

### भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर कशिश

**अनंत ज्ञान, हरोली।** मोहनलाल दत्त राजकीय महाविद्यालय खड्ड में रोड सेफ्टी क्लब द्वारा भाषण प्रतियोगिता करवाई गई। इसमें 14 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इसकी अध्यक्षता कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर रवि राज ने की। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कशिश, द्वितीय स्थान अनु ठाकुर, तृतीय स्थान रुचि और जसप्रीत कौर ने हासिल किया। डॉ. आरती और प्रोफेसर मनीराम ने निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई। प्रतियोगिता में विजेता विद्यार्थियों को तथा प्रतिभागियों को स्मृतिचिह्न देकर सम्मानित किया। मंच संचालन रोड सेफ्टी क्लब के प्रभारी प्रोफेसर वीरेंद्र सिंह ने किया। प्रोफेसर रविराज ने सभी बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए सड़क सुरक्षा के प्रति अपने जिम्मेदारी निभाने की बात कही। इस अवसर पर कॉलेज के अन्य स्टाफ सदस्य भी उपस्थित रहे।

### कृषि विभाग ने डिजिटल फसल सर्वे के लिए मांगे आवेदन

**अनंत ज्ञान, ऊना।** हिमाचल प्रदेश के कृषि विभाग ने राज्य के सभी राजस्व गांवों में किए जाने वाले डिजिटल फसल सर्वे के लिए निजी सर्वेयरों से आवेदन आमंत्रित किए हैं। यह सर्वे एग्री-स्टैक योजना के अंतर्गत मोबाइल आधारित ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के माध्यम से संपन्न किया जाएगा, जिसके द्वारा खसरा-प्लॉट स्तर पर फसलवार बोए गए क्षेत्र का सटीक डिजिटल रिकॉर्ड तैयार किया जाएगा। कृषि विभाग ऊना के उपनिदेशक कुलभूषण धीमान ने बताया कि इस संबंध में निदेशक कृषि द्वारा दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। उन्होंने कहा कि आवेदनकर्ता की न्यूनतम आयु 18 वर्ष होनी चाहिए तथा उसके पास आधार कार्ड और बैंक विवरण अनिवार्य रूप से उपलब्ध होने चाहिए। श्री धीमान ने बताया कि कृषि विस्तार अधिकारी सहायक (एटीएम/बीटीएम), सुपरवाइजर, कृषिसखी, पशुसखी, बेरोजगार कृषि/उद्यान/वन स्नातक, स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) सदस्य, पैक्स प्रतिनिधि, पटवारी अथवा ग्राम प्रतिनिधि भी इस सर्वे कार्य के लिए आवेदन कर सकते हैं। चयनित सर्वेयरों को विभाग द्वारा निर्धारित मानक अनुसार प्रति सर्वे प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी। इच्छुक अभ्यर्थी विभाग के पोर्टल httpsN//hpsdc.agristack.gov.in/crop-survey-hp पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। सर्वे के संचालन के लिए आवश्यक डीसीएस हिमाचल प्रदेश मोबाइल एप गूगल प्ले-स्टोर पर उपलब्ध है। आवेदक के पास एंड्रॉयड स्मार्टफोन होना आवश्यक है तथा उसे मोबाइल ऐप के माध्यम से डेटा संग्रहण और अपलोडिंग का प्राथमिक ज्ञान होना चाहिए। स्थानीय कृषि एवं भौगोलिक परिस्थितियों की जानकारी रखने वाले आवेदकों को विभाग द्वारा वरीयता दी जाएगी। अधिक जानकारी एवं दिशा-निर्देश विभाग की वेबसाइट www.agriculture.hp.gov.in पर उपलब्ध हैं।

### अस्मिता ने ठठल स्कूल का नाम किया रोशन

**अनंत ज्ञान, बड़ूही।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला ठठल की छात्रा अस्मिता ने लड़कियों की अंडर 14 राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता, जो हाल ही में धर्मशाला में आयोजित हुई, उसमें भाग लेकर विद्यालय का नाम रोशन किया।अस्मिता ने 600 मी.स्प्रिंट दौड़ में गोल्ड मेडल,200 मीटर दौड़ में सिल्वर मेडल एवं रिले 100M4 मीटर की ब्रॉन्ज मेडल जीता। शानदार प्रदर्शन के बदौलत अस्मिता का चयन राष्ट्रीय स्तर के लिए हुआ है। विद्यालय के प्रधानाचार्य ब्यास देव धीमान ने कहा कि यह विद्यालय के लिए बहुत गर्व का विषय है। विद्यालय परिवार की ओर से अस्मिता की उपलब्धि पर विशेष सम्मान समारोह आयोजित किया गया और अस्मिता और उसकी माता सुनीता देवी को सम्मानित किया गया। इस मौके पर प्रधानाचार्य ब्यास धीमान, उप प्रधानाचार्य शक्ति कुमार, प्रवक्ता अनिल कुमार, नरेश कुमार,प्रवीण कुमार, राजेश कुमार, राजकुमार, संजीव भारद्वाज, अमित कुमार शर्मा, नीलम कुमारी, नीलम देवी, कोमल रानी, प्रवीण कुमारी, पूनम देवी पूनम कुमारी, भजन लाल, रविंदर भुल्लर, विपिन कुमार मौजूद रहे।

### मैहतपुर में पेयजल योजनाओं की होगी मरम्मत

**अनंत ज्ञान, ऊना।** ऊना जिले के जल शक्ति विभाग के मैहतपुर उपमंडल में पेयजल योजनाओं की मरम्मत और सुधार कार्यों पर लगभग 11.50 लाख रुपए खर्च किए जाएंगे। विभाग ने उपमंडल क्षेत्र के 15 विभिन्न कार्यों का खाका तैयार कर लिया है। नए साल से पहले इन कार्यों को अमलीजामा पहनाने की तैयारी की जा रही है। विभाग ने कार्यों के आवंटन को लेकर 13 नवंबर तक निविदाएं आमंत्रित की हैं। प्रस्तावित कार्यों में डब्ल्यूएसएस देहलान (रोरक) योजना की मरम्मत, डब्ल्यूएसएस गढ़ पुखरू में सेंट्रीफ्यूगल पंप की मरम्मत, जल आपूर्ति योजना लमलेहड़ा का नवीनीकरण तथा डब्ल्यूएसएस बेहदाला के तहत अमृत मेक के सबमर्सिबल सेट की मरम्मत शामिल हैं। इसके अलावा संतोषगढ़ (जोन-बी) में सबमर्सिबल सेट की मरम्मत, डब्ल्यूएसएस बनगढ़ को वर्षा से हुए नुकसान की बहाली तथा डब्ल्यूएसएस मैहतपुर में क्षतिग्रस्त पाइपलाइन और वितरण नेटवर्क की बहाली भी की जाएगी। बरसात के दौरान बनगढ़ योजना को विशेष रूप से भारी नुकसान पहुंचा था।

### नशा निवारण व यौन अपराधों से बचाव पर सत्र

**अनंत ज्ञान, ऊना।** मिशन वात्सल्य योजना और मुख्यमंत्री सुख-आश्रय योजना के अंतर्गत सोमवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला धमांदरी और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चलोला में जिला बाल संरक्षण अधिकारी विभाग द्वारा शिविर का आयोजन किया गया। बाल संरक्षण अधिकारी, कुलदीप सिंह ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा पूरे प्रदेश में नशे के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बच्चों को नशे से समाज में पड़ने वाले दुष्प्रभावों और यौन अपराधों के प्रति जागरूक किया गया। उन्होंने बाल सुरक्षा योजना के अंतर्गत, यौन अपराधों से बच्चों को सुरक्षा अधिनियम 2012, नशीली दवाओं, बाल तस्करी, बच्चा गोद लेने की प्रक्रिया, मनोदैहिक पदार्थ अधिनियम 1985 (छब्दे) बज 1985) व साइबर क्राइम, बाल श्रम, बाल विवाह, 0-से 18 वर्ष के अनाथ बच्चों को मिशन वात्सल्य योजना व 18 से 27 वर्ष की आयु के अनाथ बच्चों को मुख्यमंत्री सुख-आश्रय योजना 2023 के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री सुख-आश्रय योजना के अंतर्गत अनाथ बच्चों को 4000 महीना और शादी के लिए 200000 लाख रुपए, अपना व्यवसाय आरम्भ करने के लिए 200000 लाख रुपए, मकान बनाने के लिए 300000 लाख रुपए, शिक्षा पूरी करने के लिए सारा खर्च सरकार उठाती है। इस शिविर में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला धमांदरी के प्रधानाचार्य श्री नवीन कुमार और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चलोला के प्रधानाचार्य कमलेश कुमारी व स्कूल का स्टाफ तथा जिला बाल संरक्षण इकाई ऊना के सदस्य मौजूद रहे। इस कार्यक्रम में कुल 470 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

# नगर निगम क्षेत्र की नई पंचायतें में लगेंगी स्ट्रीट लाइटें, सर्वेक्षण कार्य शुरू

**अनंत ज्ञान, ऊना**

नगर निगम ऊना द्वारा हाल ही में अपने क्षेत्र में शामिल की गई 14 पंचायतों में स्ट्रीट लाइटें लगाई जाएंगी। इसके लिए निगम ने सर्वेक्षण का कार्य आरंभ कर दिया है, जो आगामी दिनों में पूरा कर लिया जाएगा। सर्वेक्षण पूरा होते ही लाइटें लगाने का काम शुरू कर दिया जाएगा। इन लाइटों के लगने से क्षेत्र रात के समय जगमगा उठेंगे और स्थानीय लोगों को बड़ी सुविधा मिलेगी।

नगर निगम ने अपने क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं को बढ़ाने के लिए कई कार्य शुरू किए हैं। इसी क्रम में नए शामिल क्षेत्रों में भी सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। लाइटों की स्थापना से रात के समय आने-जाने वाले लोगों और स्थानीय निवासियों को सुरक्षा और सुविधा दोनों मिलेंगी। सर्वेक्षण के दौरान विभिन्न स्थानों को लाइट लगाने के लिए चयनित किया जाएगा। इसके बाद स्थानीय लोगों के साथ विचार-विमर्श कर अंतिम स्थान तय किए जाएंगे। यदि किसी क्षेत्र में पार्क या अन्य सार्वजनिक स्थल हैं तो वहां भी लाइटें लगाई जाएंगी। कितनी लाइटें लगाई जानी हैं, इसका निर्धारण सर्वेक्षण रिपोर्ट के आधार पर किया जाएगा। साथ ही जहां पक्के रास्ते या अन्य आवश्यक सुविधाएं नहीं हैं, वहां उन्हें भी पूरा किया जाएगा।

इन पंचायत क्षेत्रों में पहले से पंचायतों की ओर से लगाई गई कई सोलर लाइटें भी हैं, जो फिलहाल खराब पड़ी हैं। नगर निगम ने इन्हें भी मरम्मत कर दोबारा चालू करने का निर्णय लिया है, ताकि क्षेत्रवासियों को इन लाइटों का लाभ मिल सके। मनोज कुमार, संयुक्त आयुक्त, नगर निगम ऊना ने बताया कि नगर निगम क्षेत्र में शामिल हुई पंचायतों में विकास कार्यों को प्राथमिकता के साथ किया जा रहा है। इन क्षेत्रों में स्ट्रीट लाइटें भी जल्द लगाई जाएंगी, जिससे लोगों को सुविधा मिलेगी। सर्वेक्षण कार्य शीघ्र पूरा किया जाएगा।


नगर निगम के रैंसरी वार्ड में लगाए गए समाधान शिविर में शामिल लोग।

## नगर निगम ऊना ने लगाया समाधान शिविर

**अनंत ज्ञान, ऊना।** नगर निगम ऊना की ओर से नागरिकों की शिकायतों के त्वरित निपटारे के उद्देश्य से वार्ड नंबर-3 रैंसरी में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में नगर निगम की टीम के सिविल इंजीनियर आदित्य पाठक, अर्बन प्लानर अंजु सोनी, सामुदायिक प्रबंधक मुनीश व बबली सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने स्थानीय नागरिकों की समस्याओं को सुना तथा कई मुद्दों का समाधान मौके पर ही सुनिश्चित किया। शिविर के दौरान जल निकासी, स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत, निर्माण कार्यों से जुड़ी दिक्कतों तथा सफाई व्यवस्था से संबंधित शिकायतों का निपटारा किया गया। इस अवसर पर रैंसरी की प्रधान बलविंदर कौर, पंचायत सचिव मनोज सहित क्षेत्र के गणमान्य नागरिक एवं स्थानीय कर्मचारी भी उपस्थित रहे। वहीं, नगर निगम ऊना के संयुक्त आयुक्त मनोज कुमार ने नागरिकों से अपील की है कि वे अपने क्षेत्र से संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए समाधान सेल का अधिक से अधिक उपयोग करें, जिससे नगर क्षेत्र की स्वच्छता व विकास कार्यों में और अधिक सुधार लाया जा सके।

## मुच्छाली पंचायत के चित्लियां वार्ड में सरकारी रास्ते पर व्यक्ति ने किया कब्जा, दस परिवार परेशान

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**



उपमंडल बंगाणा की मुच्छाली पंचायत के वार्ड चित्लियां में सरकारी धन से बने रास्ते पर एक व्यक्ति द्वारा कब्जा करने का मामला सामने आया है। इस कब्जे के चलते लगभग दस परिवारों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बताया जा रहा है कि सतपाल शर्मा ने पक्के रास्ते पर लकड़ियां रखकर दस परिवारों की गाड़ी सुविधा बंद की है।

पीड़ित परिवारों में मंजीत शर्मा, तरसेम शर्मा, नीलम शर्मा और शनिका शर्मा ने बताया कि हमारे गांव के सतपाल शर्मा द्वारा इस सरकारी रास्ते को बंद कर दिया है, जिससे ग्रामीणों की आवाजाही पूरी तरह बाधित हो गई है। पीड़ित परिवारों ने बताया कि यह रास्ता पंचायत और ग्रामीण विकास विभाग की निधि से बनाया गया था, लेकिन अब निजी स्वार्थ के चलते इस पर कब्जा कर लिया गया है। इस संबंध में ग्रामीणों ने पंचायत प्रधान विजय शर्मा के पास शिकायत दर्ज करवाई थी, मगर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। शिकायत के बावजूद रास्ता आज भी बंद है, जिससे स्थानीय लोग आक्रोशित हैं।

उनका कहना है कि उनके घरों तक पहुंचने का यही एकमात्र रास्ता है। एक पीड़ित परिवार ने बताया कि उनके घर में 15 दिन बाद शादी है, लेकिन रास्ता बंद होने से तैयारियों में भारी दिक्कतें आ रही हैं। वहीं, इलाके की एक बीमार महिला को इलाज के लिए मुख्य राष्ट्रीय सड़क तक पैदल पहुंचना पड़ता है, क्योंकि अब वाहनों का आवागमन बंद हो गया है। ग्रामीणों ने एसडीएम बंगाणा सोनू गोयल से मामले में हस्तक्षेप की गुहार लगाई है और जल्द से जल्द रास्ता खुलवाने की मांग की है। लोगों का कहना है कि यदि प्रशासन जल्द कार्रवाई नहीं करता, तो वे सामूहिक रूप से आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

## भारतीय जनता युवा मोर्चा ऊना की नई कार्यकारिणी का ऐलान

**अनंत ज्ञान, ऊना**

भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला ऊना के अध्यक्ष रजत राणा ने प्रदेश और जिला नेतृत्व से विचार-विमर्श के बाद जिला युवा मोर्चा की नई कार्यकारिणी की घोषणा की है। यह कार्यकारिणी संगठन की मजबूती और युवाओं की सक्रिय भागीदारी को ध्यान में रखते हुए बनाई गई है।

घोषित कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष पद पर अमन (हरोली), अमन (कुटलैहड़), निखिल (चिंतपूर्णी), विशाल (गगरेट) और अंकुश (ऊना) को नियुक्त किया गया है। महामंत्री के पद पर अभय (कुटलैहड़) और सन्नी (गगरेट) होंगे। सचिव पद पर अमन (हरोली), रजत (ऊना), ऋषव (गगरेट), बलबीर (कुटलैहड़), अक्षित (चिंतपूर्णी), सुशांत (ऊना) और विकास (हरोली) शामिल हैं। कार्यालय सचिव, कोषाध्यक्ष, प्रवक्ता, मीडिया संयोजक और सोशल मीडिया टीम सहित अन्य पदों पर भी नियुक्तियां की गई हैं। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष रजत राणा ने कहा कि नवगठित कार्यकारिणी संगठन को नई ऊर्जा प्रदान करेगी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में युवाओं को राष्ट्र निर्माण की दिशा में प्रेरित करने का कार्य करेगी।

उन्होंने कहा कि सभी नियुक्तियां तत्काल प्रभाव से लागू होंगी और युवा मोर्चा आगामी कार्यक्रमों एवं गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करेगा। नवगठित कार्यकारिणी में शामिल सदस्य संगठन की कार्यकुशलता बढ़ाने और युवाओं को जोड़ने के लिए प्रतिबद्ध हैं। यह कदम जिले में युवा नेतृत्व को मजबूत बनाने और सामाजिक-राजनीतिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

### हमीरपुर में हुई घटना पर भाजपा नेता भुट्टो का सुक्खू सरकार पर प्रहार

## सरकार के नुमाइंदे आरोपी को बचाने में जुटे

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**


कुटलैहड़ के वरिष्ठ भाजपा नेता दविंदर कुमार भुट्टो बंगाणा में मीडिया को संबोधित करते हुए।

कुटलैहड़ के वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व विधायक दविंदर कुमार भुट्टो ने बंगाणा में मीडिया से बातचीत के दौरान मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू सरकार पर तीखा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि जिला हमीरपुर के सासन गांव में हुई शर्मनाक घटना ने प्रदेश की कानून-व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। भुट्टो ने आरोप लगाया कि सुक्खू सरकार के नुमाइंदे आरोपी को बचाने में जुटे हैं, जिससे यह स्पष्ट होता है कि मौजूदा सरकार अपराधियों को खुली छूट दे रही है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में कानून की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। कभी ठेकेदारों को टेंडर की राशि मांगने पर धमकाया जा रहा है, तो कभी उन पर झूठे मुकदमे दर्ज कर डराने की कोशिश की जा रही है। भुट्टो ने कहा कि सरकार ठेकेदारों, कर्मचारियों और पेंशनरों का शोषण कर रही है, जबकि विकास कार्य पूरी तरह ठप पड़े हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि झूठे मामलों के जरिये प्रताड़ित करने वाले ध्यान रखें, क्योंकि दौर सभी का आता है और समय आने पर उन्हें मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। प्रदेश के विभिन्न इलाकों में गोलीकांड और हत्याओं की घटनाएं बढ़ रही हैं, लेकिन आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं, जिससे यह साबित होता है कि पुलिस और प्रशासन सरकार के दबाव में काम कर रहे हैं। पूर्व विधायक ने सत्ताधारी दल पर आरोप लगाया कि वह अपराधियों को संरक्षण दे रहा है और जनता की समस्याओं से पूरी तरह बेपरवाह है। उन्होंने कहा कि सुक्खू सरकार सत्ता के नशे में चूर होकर जनविरोधी रवैया अपना रही है। पेंशनर, कर्मचारी और शिक्षाकर्मी अपने हक की मांग को लेकर सड़कों पर उतर रहे हैं, पर सरकार उनकी आवाज दबाने में जुटी है। भुट्टो ने कहा कि सुक्खू सरकार विकास की बात करने के बजाय मित्र मंडली को खुश करने के लिए कर्ज पर कर्ज ले रही है। उन्होंने सासन कांड की निष्पक्ष जांच और दोषियों को कड़ी सजा देने की मांग करते हुए कहा कि भाजपा जनता के बीच जाकर सरकार की नाकामियों को उजागर करेगी।

## बाबा गरीब नाथ संपर्क मार्ग वाहनों के लिए बंद

**अनंत ज्ञान, ऊना।** रायपुर मैदान के बाबा गरीब नाथ संपर्क मार्ग (0/0 से 0/75 किलोमीटर) 11 नवंबर से 11 जनवरी, 2026 तक वाहनों के लिए पूर्णतः बंद रहेगा। इस दौरान यातायात को वैकल्पिक सड़क मार्ग आंगनबाड़ी केंद्र से एथोनो बॉटनिकल पार्क पर मोड़ा गया है। डीसी ऊना जतिन लाल ने इस संबंध में मोटर वाहन अधिनियम 1988 की धारा 115 व 116 के तहत आदेश जारी किए हैं। उन्होंने बताया कि यह आदेश सड़क के अपग्रडेशन सहित अन्य निर्माण कार्यों को त्वरित और सुचारु रूप से करने को लेकर जारी किए गए हैं। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को सड़क बंद करने को लेकर जनता को सूचित करने और मार्ग परिवर्तन की जानकारी देने के लिए अग्रिम बोर्ड लगाने के निर्देश दिए हैं।

## चिंतपूर्णी में मारपीट का मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** चिंतपूर्णी थाना में मारपीट का मामला सामने आया है। राहुल पुत्र शशी कांत गांव पट्टी डा. गुरालधार तह. जसवां कोटला जिला कांगड़ा (हिप्र) ने थाना चिंतपूर्णी में उसके साथ हुई मारपीट का शिकायत पत्र दिया है। राहुल ने बताया कि 9 नवंबर को वह अपने दोस्त साहिल और विशाल पढवाल के साथ किन्नु में ठेका के पास बने अहाते से बाहर निकल रहा था, तभी एक स्कॉर्पियो गाड़ी से करीब 6-7 लोग उतरे। उनमें से एक लड़के के साथ उसका हाथ गलती से लग गया, जिस पर वह लड़का गुस्सा हो गया और उसे गाली देने लगा। राहुल ने उस लड़के से माफी मांगी और वे तीनों वहां से जाने लगे, लेकिन उन लड़कों ने इकट्ठे होकर उसका रास्ता रोका और गाड़ी से लोहे की चीज निकालकर उसके सिर पर मार दी। इसके बाद वे लड़के अपनी गाड़ी में बैठकर उसे मारने की धमकियां देते हुए चिंतपूर्णी की तरफ भाग गए। पुलिस ने अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

## विधायक सुदर्शन बबलू ने किया धुसाड़ा पंचायत भवन का लोकार्पण


विधायक सुदर्शन सिंह बबलू धुसाड़ा पंचायत भवन का लोकार्पण करते हुए।

**अनंत ज्ञान, बड़ूही**

क्षेत्र के विकास कार्यों को नई दिशा देते हुए विधायक सुदर्शन सिंह बबलू ने धुसाड़ा पंचायत भवन का लोकार्पण किया।

लगभग एक करोड़ रुपए की लागत से बन रहा यह पंचायत भवन ग्रामीणों की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा करेगा। विधायक बबलू ने कहा कि पंचायत भवन ग्रामीण स्तर पर विकास कार्यों की योजना और क्रियान्वयन का प्रमुख केंद्र होता है। वर्तमान सरकार हर पंचायत में मजबूत आधारभूत ढांचा खड़ा करने के लिए प्रतिबद्ध है। पंचायत भवन बनने से स्थानीय जनता को सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में सुविधा होगी। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉक्टर रविंद्र, स्थानीय ग्राम पंचायत प्रधान नीरू वाला, उपप्रधान सहदेव, पंचायत सदस्य जमीला बेगम, प्रवीण कुमार, राज रानी, मीना कुमारी, कृष्ण सेठ पूर्व उपप्रधान, शुक्लांवर दत, डॉक्टर बिन्नी संजय ,सोम नाथ लठ, अजय कुमार, रवि कुमार, ब्लॉक समिति सदस्य अरविंद कुमारी मास्टर रतन चंद, सुरेंद्र ढिल्लों उपप्रधान भैरा, राकेश कुमार उपप्रधान सतोतर, चरूरू के पूर्व प्रधान राजेंद्र चौधरी सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## विक्की क्लब अंब बना वॉलीबॉल प्रतियोगिता में विजेता

**अनंत ज्ञान, बड़ूही**


विजेता टीम को महालक्ष्मी इंडस्ट्री अंबेहड़ा के उद्योगपति योगराज जोगी व उनकी धर्मपत्नी लोअर चिंतपूर्णी भाजपा मंडल की महामंत्री सुषमा कुमारी खिलाड़ियों को पुरस्कृत करते हुए।

यूथ क्लब सोहारी द्वारा दो दिवसीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। वॉलीबॉल प्रतियोगिता में सेमीफाइनल और फाइनल मैच खेले गए। रविवार देर शाम को कई रोमांचक मैच हुए।

इनमें स्थानीय टीमों के खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। फाइनल मुकाबला विक्की क्लब अंब और शोकी क्लब के बीच खेला गया। इसमें विक्की क्लब अंब की टीम ने ट्राफी पर कब्जा किया। और शोकी क्लब सोहारी की टीम उपविजेता रही। विजेता टीम को महालक्ष्मी इंडस्ट्री अम्बेहडा के उद्योगपति एवं समाजसेवी योगराज जोगी एवं उनकी धर्मपत्नी बीडीसी सदस्य एवं लोअर भाजपा चिंतपूर्णी मंडल की महामंत्री सुषमा कुमारी ने मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। जिसमें विक्की क्लब अंब को 15 हजार रुपए नकद और ट्रॉफी प्रदान की गई, जबकि उपविजेता शोकी क्लब सोहारी की टीम को 10 हजार रुपए नकद और ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। मुख्यातिथि योगराज जोगी ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं और नशे से दूर रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आज के दौर में खेल ही एक ऐसा माध्यम है, जिससे हमारा शरीर स्वस्थ रहता है और हम नशे से दूर रह सकते हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजनों से खिलाड़ियों में प्रतिस्पर्धा की भावना उत्पन्न होती है। वहीं इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि लोअर चिंतपूर्णी भाजपा की महामंत्री सुषमा कुमारी ने वॉलीबॉल प्रतियोगिता के समापन अवसर पर युवाओं को नशे से दूर रहने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया। उन्होंने युवा खिलाड़ियों को खेल में सफलता के लिए कड़ी मेहनत और अनुशासन के महत्व पर भी जोर दिया। मुख्यातिथियों ने यूथ क्लब सोहारी के पदाधिकारियों को इस सफल आयोजन के लिए बधाई दी। इस दौरान जिला ऊना की 24 टीमों ने प्रतियोगिता में भाग लिया। इस मौके पर सोहारी यूथ क्लब के पदाधिकारी मनोज राणा, महेंद्र सिंह, दीपक भलवाल, राजन शर्मा, हैप्पी, राजीव, कौब्बा, अशोकी, अविनाश जट्ट, अमन धीमान मौजूद रहे।

**निर्देश** विधायक विवेक ने बंगाणा कार्यालय में सुनी जनसमस्याएं, सीएम का जल्द होगा कुटलैहड़ प्रवास

# जनता की हर परेशानी होगी दूर, विकास की नहीं थमेगी रफ्तार

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**


बंगाणा में जनसमस्याएं सुनते हुए विधायक विवेक शर्मा।

कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक विवेक शर्मा ने सोमवार को बंगाणा कार्यालय में जनता दरबार लगाकर लोगों की विभिन्न समस्याएं सुनीं।

इस दौरान उन्होंने संबंधित विभागों को तुरंत कार्रवाई के निर्देश दिए और आश्वासन दिया कि जनता की कोई भी समस्या अब लंबित नहीं रहेगी। विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि कांग्रेस सरकार आम जनता की सरकार है और मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश में विकास की नई गाथा लिखी जा रही है। विधायक विवेक शर्मा ने बताया कि जल शक्ति विभाग की कई नल लगाने एवं अन्य पेयजल योजना पिछले चार-चार वर्षों से अटकी हुई थीं, जिनके कारण जनता को पेयजल संकट झेलना पड़ रहा था। उन्होंने कहा कि अब इन योजनाओं को स्वीकृति मिल चुकी है और जिन घरों में नल नहीं लग पाए थे, वहां जल्द ही नल लगाए जाएंगे। उन्होंने घोषणा की कि अगले माह मुख्य मंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू अगले माह कुटलैहड़ दौरे पर आएंगे और लगभग 15 करोड़ रुपए की पेयजल योजना के साथ अन्य योजनाओं की आधारशिला रखेंगे। इन योजनाओ से क्षेत्र के सैकड़ों परिवारों को स्वच्छ पेयजल की सुविधा उपलब्ध होगी।

विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि कुटलैहड़ क्षेत्र में कम वोल्टेज की समस्या लंबे समय से लोगों के लिए बड़ी परेशानी बनी हुई थी। इस दिशा में ठोस कदम उठाते हुए विभाग ने अब तक 25 से अधिक बड़े बिजली ट्रांसफार्मर लगाए हैं, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में वोल्टेज की समस्या लगभग समाप्त हो गई है। इसके साथ ही क्षेत्र में 2000 से अधिक परिवारों को डिजिटल बिजली मीटर भी लगाए जा चुके हैं, जिससे पारदर्शिता और उपभोक्ताओं की सुविधा दोनों बढ़ी हैं। विकास कार्यों का जिक्र करते हुए विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि 20 से अधिक लिंक सड़कों का कार्य, जो लंबे समय से बंद पड़ा था, अब फिर से शुरू हो गया है। सड़कें किसी भी क्षेत्र की जीवन रेखा होती हैं, और सड़क निर्माण के साथ कुटलैहड़ का संपर्क अन्य क्षेत्रों से और मजबूत होगा। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य सिर्फ घोषणा करना नहीं बल्कि धरातल पर काम करके जनता को राहत देना है। विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि कुटलैहड़ क्षेत्र विकास की दिशा में तेजी से अग्रसर है। शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली और पानी जैसी बुनियादी सुविधाओं के साथ-साथ युवाओं को रोजगार देने के प्रयास भी निरंतर जारी हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू की सोच हर घर खुशहाल हर गांव विकसित को साकार करने के लिए वे दिन-रात काम कर रहे हैं।जनता दरबार में उपस्थित लोगों ने विधायक विवेक शर्मा के प्रयासों की सराहना की और कहा कि लंबे समय बाद ऐसा प्रतिनिधि मिला है जो जनता की समस्याएं सुनने के लिए स्वयं गांव-गांव पहुंच रहा है। विवेक शर्मा ने कहा कि उनका एकमात्र लक्ष्य कुटलैहड़ की जनता की हर समस्या का समाधान करना और क्षेत्र को विकास के नए शिखर तक पहुंचाना है। विधायक विवेक शर्मा की सक्रियता से कुटलैहड़ क्षेत्र में एक नई उम्मीद जगी है कि अब रुके हुए कामों को गति मिलेगी और जनता को वास्तविक राहत महसूस होगी। इस मौके पर एसडीएम बंगाणा सोनू गोयल तहसीलदार अमित कुमार एसडीओ विद्युत रेंज ऑफिसर अंकुश आनंद लोनिवि विभाग कुटलैहड़ कांग्रेस अध्यक्ष राम आसरा शर्मा के अलावा अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

## खेलों से मिलता है आत्मविश्वास और अनुशासन: अभिषेक डोगरा

**अनंत ज्ञान, लठियानी**

यूथ क्लब सोहारी की ओर से राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सोहारी के खेल मैदान में दो दिवसीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में उत्साह और उमंग का अद्भुत संगम देखने को मिला। कार्यक्रम के मुख्यातिथि के रूप में डोगरा चैरिटेबल ट्रस्ट रौणखर के अध्यक्ष अभिषेक डोगरा विशेष रूप से उपस्थित रहे।

मुख्यातिथि अभिषेक डोगरा ने कहा कि खेल न केवल शारीरिक बल प्रदान करते हैं, बल्कि मानसिक संतुलन और आत्मविश्वास को भी सुदृढ़ करते हैं। उन्होंने युवाओं से आह्वान कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का निवास होता है इसलिए युवाओं को चाहिए कि वे अपने जीवन में खेलों को प्राथमिकता दें और इन्हें अपनी दिनचर्या का अहम हिस्सा बनाएं। अभिषेक डोगरा ने युवाओं में नशे के बढ़ते प्रचलन पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि नशा व्यक्ति और समाज दोनों के लिए विनाशकारी है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे नशे से दूर रहकर अपनी ऊर्जा को सकारात्मक और रचनात्मक कार्यों में लगाएं। उन्होंने कहा कि नशामुक्त समाज के निर्माण के लिए सामूहिक प्रयास ही सबसे प्रभावी हथियार हैं।

इस आयोजन को सफल बनाने में अशोक कुमार, मनोज राणा, विशाल राणा, दीपक भलवाल, राजेंद्र शर्मा, अमन धीमान, सचिन ठाकुर, महेंद्र सिंह एवं शारीरिक शिक्षक रजनीश ठाकुर का विशेष योगदान रहा। यूथ क्लब द्वारा मुख्य अतिथि अभिषेक डोगरा को सम्मान स्वरूप हार और स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। प्रतियोगिता में कुल 24 टीमों ने भाग लिया। विजेता टीम को 15,000 रुपए नकद पुरस्कार व ट्रॉफी प्रदान की जाएगी, जबकि उपविजेता टीम को दस हजार रुपए नकद पुरस्कार के साथ सम्मानित किया जाएगा। इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरित करना और उन्हें नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रखकर समाज में एक स्वस्थ, सशक्त एवं अनुशासित पीढ़ी का निर्माण करना है।

# बंजार में भीषण अग्निकांड, 16 मकान जले, 20 परिवार बेघर

## दो मंदिर, 6 गोशालाएं भी जलीं, सड़क न होने से फायर ब्रिगेड नहीं पहुंच पाई, करोड़ों का नुकसान

**अनंत ज्ञान, बंजार**

जिले के बंजार उपपमंडल की नोहांडा पंचायत के गांव झनियार में भीषण अग्निकांड हुआ।

सोमवार दोपहर करीब 1:30 बजे लगी आग से पूरा गांव इसकी चपेट में आ गया। इसमें करीब 16 घर और 6 गोशालाएं जलकर राख हो गई हैं। इसके अलावा देवता वीमू नाग व जोगनी माता के दो मंदिर में भी जलकर राख हुए। सड़क से करीब तीन से चार किमी दूर गांव होने से अग्निशमन विभाग के वाहन मौके पर नहीं पहुंच पाए। आग से पूरे गांव में अफरा-तफरी व चीख पुकार मची रही। सर्दी के मौसम में हुए अग्निकांड में काष्ठकुणी शैली के 16 मकान धू-धूकर जलकर राख हो गए हैं। इस दौरान तेज हवाएं भी चल रही थी, जिसने आग को तेजी से फैलने में घी का काम किया और देखते ही देखते एक घर के बाद दूसरे घर में आग लगती रही। घटना में 70 से अधिक लोग बेघर हो गए हैं। आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है। जानकारी के अनुसार सोमवार को दोपहर डेढ़ बजे झनियार गांव के कैलाश चंद पुत्र केहर सिंह की दो मंजिल गोशाला (पड़ाछा) में अचानक आग लगी। इसके बाद तेज भड़कती आग ने साथ लगते रिहायशी मकानों को अपनी चपेट में ले लिया और देखते ही देखते आग ने भयानक रूप धारण कर लिया। आग की लपटें उठता देख गांव के लोग भी घटनास्थल की ओर दौड़े, लेकिन काष्ठकुणी शैली के बने मकान एक-दूसरे मकान से सटे होने से पूरे गांव को आग ने अपनी चपेट में लिया। आग इतनी तेजी से फैल रही थी कि कई लोगों को घरों से सामान निकालने का भी समय नहीं मिल पाया। हालांकि, ऊपर की तरफ वाले मकान के परिवारों ने जैसे-तैसे सामान व अपने मवेशियों को बाहर निकाला। घटना दिन के समय हुई है अन्यथा जानमाल को बड़ा नुकसान हो सकता था। भीषण आग ने जब मकानों को अपनी तेज लपटों की चपेट में लिया, तो मंजर भयानक व रौंगटे खड़े करने वाला था। चीख पुकार के बीच आसपास गांव के लोग भह्यी घटनास्थल की ओर दौड़ पड़े। आग की सूचना दमकल को भी दी गई, लेकिन सड़क के अभाव से वह भी बेबस नजर आए। आग की सूचना मिलने के बाद बंजार के एसडीएम पंकज शर्मा अपनी प्रशासनिक टीम के साथ कई किमी पैदल चलकर गांव पहुंचे और आग से हुए नुकसान का आकलन किया गया। कहा कि प्रभावित लोगों को राहत राशि सहित अन्य सामान दिया गया है। झनियार गांव में आग की भीषण घटना के बाद चारों तरफ सन्नाटा पसर गया है। डीएसपी बंजार शेर सिंह ने कहा कि आग कैसे लगी पुलिस इसकी जांच कर रही है। झनियार गांव में हुए भीषण अग्निकांड की मजिस्ट्रेट जांच की जाएगी। एसडीएम बंजार पंकज शर्मा ने तहसीलदार बंजार नीरज शर्मा को गांव में लगी आग की जांच करने के आदेश दिए हैं। वह सात दिन के भीतर इसकी रिपोर्ट सौंपेंगे। जिसमें आग लगने के कारणों का पता चल कसेगा। उन्होंने लोगों से अपील की है कि घास के पड़ाछों को गांव से दूर बनाए ताकि इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके।


कुल्लू के बंजार उपपमंडल की नोहांडा पंचायत के गांव झनियार में भीषण अग्निकांड।

### विधायक शौरी ने पीड़ितों को बंधाया ढांढस

**जिले** की बंजार घाटी के झनियार गांव में लगी भीषण आग को काबू पाने के लिए पांच घंटे का समय लगा है। लकड़ी के बने काष्ठकुणी शैली के मकानों में भड़की भीषण आग को काबू पाने के लिए अग्निशमन विभाग के कर्मचारियों के साथ आसपास गांव के सैकड़ों लोगों को मशक्कत करनी पड़ी है। दोपहर 1:30 बजे लगी आग पर शाम करीब 6:30 बजे के आसपास काबू पाया गया। वहीं, आग की सूचना के बाद स्थानीय विधायक सुरेंद्र शौरी भी गांव पहुंचे और नुकसान का जायजा लेकर प्रभावित परिवारों को ढांढस बंधाया। कहा कि यह हृदय विदारक घटना में हमारी दुर्गम पंचायत नोहांडा का झनियार गांव पूरी तरह आग में समा गया है। शौरी ने कहा कि पीड़ा की इस घड़ी में वह ग्रामीणों के साथ खड़े हैं।

## राजनीति से ऊपर उठकर वामतट मार्ग पर ध्यान देने की जरूरत: डीआर जोशी

**अनंत ज्ञान, मनाली**



इंटक के प्रदेश प्रवक्ता डीआर जोशी ने कहा कि वामतट मार्ग की हालत लगातार खस्ता होती जा रही है।

मनाली में पत्रकारों से बातचीत करते हुए जोशी ने कहा कि राजनीति से ऊपर उठकर वामतट मार्ग पर ध्यान देने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि विपदा के समय साथ देने वाले मार्ग की हालत खस्ता हो गई है। जब हाइवे जगह जगह क्षतिग्रस्त हो गया था, तो वामतट मार्ग की लाइफ लाइन बना और सभी के काम आया। इस वामतट ने तीन महीने हाइवे का बोझ उठाकर रखा। सीमित क्षमता वाले पुलों ने क्षमता से ऊपर बोझ उठाया। इस कारण इस मार्ग के पुलों सहित डंगे कमजोर हो गए हैं। उन्होंने कहा कि इस मार्ग की हालत पर सभी को गंभीरता से विचार करना होगा। कांग्रेस सहित भाजपा के जन प्रतिनिधि मिलजुलकर विचार-विमर्श करे और इसे समस्या को प्रदेश सहित केंद्र सरकार के ध्यान में लाए। जोशी ने मुख्यमंत्री सुक्खू सहित पीडब्ल्यूडी मंत्री विक्रमादित्य से भी आग्रह किया कि वामतट मार्ग की समस्या को केंद्र सरकार के ध्यान में लाएं और इसकी हालत सुधारने की दिशा में काम करें। उन्होंने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से भी आग्रह किया कि वामतट मार्ग के प्रस्तावित डबललेन बनाने की दिशा में जल्द काम करे। सड़क की हालत खस्ता होने से वामतट मार्ग की जनता भारी समस्या का सामना के रही है। उन्होंने प्रदेश सरकार से भी आग्रह किया कि इस समस्या का केंद्र सरकार से मिलकर जल्द समाधान करें। आपदा के समय काम आने वाले इस मार्ग की अनदेखी सहन नहीं की जाएगी। यह मार्ग पर्यटन की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है। सभी जन प्रतिनिधि मिलजुलकर इस सड़क की हालत सुधारने की दिशा में काम करे, ताकि आने वाले दिनों में किसी समस्या का सामना न करना पड़े।

## न्यूज ब्रीफ

### 12-13 को कुल्लू व 14-15 को मनाली में कैंप

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** रोटरी जिला 3070 द्वारा प्रदेश के पांच जिलों में मेमोग्राफी व सर्वाइकल कैंसर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। यह कैंप 6 से 18 नवंबर तक आयोजित किए जा रहे हैं। इनमें 11 रोटरी क्लब भाग ले रहे हैं। इन कैंपों में महिलाओं के लिए ब्रैस्ट कैंसर और सरवाईकल कैंसर की जांच की जाएगी। एक विशेष वाहन जिसमें मेमोग्राफी की पूरी लैब है, पांच जिलों में आएगा और महिलाओं की जांच करेगा।रोटरी जिला 3070 के गवर्नर रोहित ओवराय और प्रोजेक्ट चैयरमेन डॉ एसपीएस ग्रोवर के प्रयास से यह मेगा प्रोजेक्ट हिमाचल में पहली बार लग रहा है। डिस्ट्रिक्ट चेयर और प्रोजेक्ट कौडिनर प्रवीन अग्रवाल ने बताया कि यह कैंप बिलकुल मुफ्त होंगे और इनमें आसपास के इलाकों की महिलाएं भाग ले सकती हैं। कैंपों की तिथियां 11 नवंबरः नेरचौक, 12-13 नवंबर कुल्लू, 14-15 नवंबर-मनाली, 16 नवंबर हमीरपुर, 17-18 नवंबर को ऊना में होगा।

### सुरक्षा गार्ड व सुपरवाइजर के पदों पर भर्ती

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** जिला रोजगार अधिकारी ललित मोहन ने कहा कि जिला लाहौल-स्पीति में एसआईसी सिक्योरिटी लिमिटेड द्वारा सुरक्षा गार्ड व सुपरवाइजर के पदों पर भर्ती के लिए योग्य उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि इन पदों के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 10वीं पास निर्धारित की गई है। उम्मीदवार की आयु 19 से 40 वर्ष के बीच होनी चाहिए। साथ ही उम्मीदवार की न्यूनतम लंबाई 168 सेंटीमीटर और वजन 55 से 95 किलोग्राम के बीच होना आवश्यक है। चयनित उम्मीदवारों को उनकी योग्यता के अनुसार 17,500 से 23,000 रुपए प्रतिमाह वेतन दिया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि इस भर्ती के लिए 17 नवंबर को प्रातः 10:30 बजे जिला रोजगार कार्यालय, केलांग में तथा 18 नवंबर 2025 को प्रातः 10:30 बजे उप-रोजगार कार्यालय, उदयपुर में साक्षात्कार आयोजित किए जाएंगे। प्रत्येक केंद्र पर लगभग 40 पदों के लिए अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा। सभी इच्छुक उम्मीदवार साक्षात्कार के दिन समय पर उपस्थित हों तथा अपने साथ शैक्षणिक प्रमाण पत्र, आयु प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, पासपोर्ट साइज फोटो आदि की मूल प्रतियां एवं छायाप्रतियां साथ लाएं। उन्होंने बताया कि यह भर्ती उन इच्छुक युवाओं के लिए एक सुनहरा अवसर है, जो सुरक्षा सेवा क्षेत्र में रोजगार प्राप्त कर अपना भविष्य बनाना चाहते हैं। इच्छुक अभ्यर्थी इस अवसर का लाभ अवश्य उठाएं।

### सड़कों पर उतरा देव समाज, कुल्लू में हुआ प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, कुल्लू।** अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरा में तहसीलदार विवाद के बाद सोमवार को देवसमाज सोमवार को सड़कों पर उतरा। देवसमाज के द्वारा भूतनाथ पुल से लेकर ढालपुर तक विशाल रैली निकाली। देवता भृगू ऋषि के अस्थायी शिविर में तहसीलदार द्वारा जूते के साथ जाने पर शुरू हुआ विवाद समाप्त होने का नाम नहीं ले रहा है।

### मानसिक तौर पर स्वस्थ रहना सिखाएंगे विशेषज्ञ

**अनंत ज्ञान, कुल्लू।** प्रदेश सहित जिला में हर बरसात आपदा की चपेट में सरकारी और निजी संपत्ति आ रही है। ऐसे में मामलों में लोग मानसिक तौर पर अस्वस्थ और तनावग्रस्त हो जाते हैं, लेकिन आपदा में मानसिक तौर पर स्वस्थ व परिस्थिति से निपटने के लिए तैयार रहना आवश्यक है। इसके लिए बेंगलुरु से आए विशेषज्ञ मानसिक तौर पर स्वस्थ कैसे रहे, इसका विशेष प्रशिक्षण दे रहे हैं। विशेषज्ञ आगामी पांच दिनों तक चार जिलों के 40 स्वास्थ्य कर्मियों को लोगों को मानसिक तनाव से उभारने का प्रयास कैसे करें, इसका प्रशिक्षण देंगे।

## 17 से रायसन में होंगे नेत्र रोगियों के ऑपरेशन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** नेत्र अस्पताल रायसन के प्रबंधन बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजीव मोहन ने कहा कि डॉ. राजेंद्र प्रसाद नेत्र विज्ञान केंद्र एम्स दिल्ली की विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम कुल्लू में रायसन स्थित नेत्र अस्पताल में आएगी, जहां नेत्र रोगों से ग्रस्त मरीजों का मुफ्त उपचार और ऑपरेशन किए जाएंगे। डॉ. राजेंद्र प्रसाद नेत्र विज्ञान केंद्र (एम्स) दिल्ली के विशेषज्ञ चिकित्सक मरीजों की आंखों की रोशनी जांचने के साथ उनके मोतियाबिंद और अन्य बीमारियों के ऑपरेशन भी करेंगे। अस्पताल में 17 से 21 नवंबर तक एम्स के चिकित्सक सेवाएं देंगे। अस्पताल में मरीजों को निशुल्क ऑपरेशन और उपचार की सुविधा दी जाती है। उन्होंने कहा कि उपचार के लिए आने वाले मरीज अपने साथ अपने बिस्तर लेकर आएं यहां मरीजों के रहने की सुविधा उपलब्ध रहेगी।

## 537 ग्राम चरस के साथ 20 वर्षीय नेपाली युवक गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

कुल्लू पुलिस की द्वारा जिले में नशे के खिलाफ अभियान चलाया हुआ है। अभियान के तहत पुलिस टीम को जिला के मणिकर्ण में एक अहम सफलता मिली है।

पुलिस टीम ने 537 ग्राम चरस के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस जानकारी के अनुसार मणिकर्ण पुलिस स्टेशन की टीम द्वारा जय नाला के पुराने पुल के पास एक गोपनीय गश्त के दौरान एक संदिग्ध को पकड़ा। जांच के दौरान 20 वर्षीय युवक सूरज के कब्जे से भारी मात्रा में 537 ग्राम चरस बरामद की गई है। आरोपी की पहचान सूरज निवासी गांव और डाकघर कसोल, तहसील भुंतर, जिला कुल्लू के निवासी के रूप में हुई है, वह मूल रूप से नेपाल का रहने वाला है और जीत सिंह बहादुर का पुत्र है। इस



बरामदगी के संबंध में, पुलिस ने तत्काल पुलिस थाना मणिकर्ण में मादक पदार्थ अधिनियम की धारा 20 के तहत मामला दर्ज कर लिया है। नियमानुसार कानूनी प्रक्रिया पूरी की जा रही है। फिलहाल, पुलिस इस पूरे नशीले पदार्थ के व्यापार की कड़ी और इसके स्रोत का पता लगाने के लिए सूरज से गहन पूछताछ और विस्तृत जांच कर रही है। उधर, एएसपी कुल्लू संजीव चौहान ने बताया कि आरोपी को चरस के साथ गिरफ्तार किया गया है।

## विज्ञान प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने प्रस्तुत किए अद्भुत मॉडल व नवाचार

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल**

अंतरराष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य पर राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कटराईं में विज्ञान प्रदर्शनी तथा विज्ञान प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम के दौरान कक्षा छठी से 12वीं कक्षा तक के विद्यार्थियों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। विज्ञान प्रश्नोत्तरी दो चरणों में आयोजित की गई। इसमें कनिष्ठ वर्ग कक्षा 6 से 8 तथा वरिष्ठ वर्ग कक्षा 9 से 12 के विद्यार्थियों ने भाग लिया। विज्ञान प्रदर्शनी में विद्यार्थियों के द्वारा तैयार किए गए मॉडल्स को प्रदर्शित किया गया।

विद्यार्थियों ने मेहमानों के सामने अपने द्वारा बनाए गए मॉडल के बारे में विस्तार से जानकारी दी। विद्यालय के एसएमसी प्रधान डॉक्टर देव नलवा पूर्व छात्र संघ के प्रतिनिधि गायत्री प्रकाश उपाध्याय तथा निर्मल चंद बोध ने विद्यार्थीयों के द्वारा बनाए गए मॉडल्स की प्रशंसा करते हुए विद्यार्थियों की हौसला अफजाई की। इस प्रकार की गतिविधियों से बच्चों की प्रतिभा निखारने, विद्यार्थियों में विज्ञान विषय के प्रति रुचि जगाने तथा बच्चों को आगे लाने में एक अच्छा मंच मिलता है। इस अवसर पर विद्यालय के प्रिंसिपल मंगल नेगी के अलावा विद्यालय स्टाफ के सभी सदस्य उपस्थित रहे।


अंतरराष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कटराईं में विज्ञान प्रदर्शनी तथा विज्ञान प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया।

## नशा विरोधी जनजागरूकता वॉकाथॉन 15 को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

जिला प्रशासन और लाहौल-स्पीति पुलिस के संयुक्त तत्वाधान में चिट्टा एवं नशा विरोधी जन-जागरूकता अभियान के तहत 15 नवम्बर (शुक्रवार) को एक वॉकाथॉन का आयोजन किया जाएगा। यह वॉकाथॉन प्रातः 10:00 बजे पुलिस ग्राउंड, केलांग से आरंभ होकर शाकस नाला तथा दुर्गा मंदिर तक जाएगी तथा वहीं से वापस पुलिस ग्राउंड में संपन्न होगी।

इस आयोजन के सफल संचालन के लिए सोमवार को उपायुक्त कार्यालय, केलांग के सभागार में एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता उपायुक्त लाहौल-स्पीति किरण भड़ाना ने की। बैठक में पुलिस अधीक्षक लाहौल-स्पीति शिवानी मेहला, विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक शिवानी मेहला ने बताया कि वॉकाथॉन का मुख्य उद्देश्य युवाओं सहित समाज के सभी वर्गों को चिट्टा और अन्य नशीले पदार्थों के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि नशा केवल व्यक्ति ही नहीं बल्कि परिवार और समाज की नींव को भी प्रभावित करता है, इसलिए हर नागरिक का दायित्व है कि वह नशामुक्त समाज के निर्माण में अपना योगदान दे। उन्होंने सभी सरकारी विभागों, शैक्षणिक संस्थानों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, पंचायत प्रतिनिधियों, महिला मंडलों, युवक मंडलों एवं स्वयंसेवी संगठनों से इस अभियान में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया। रैली में भाग लेने वाले प्रतिभागियों के लिए क्यूआर कोड स्कैनिंग के माध्यम से ई-प्रमाणपत्र प्रदान किए जाएंगे। उन्होंने बैठक में उपस्थित सभी विभागाध्यक्षों से वॉकाथॉन को सफल बनाने हेतु पूर्ण सहयोग देने की अपील की तथा सामूहिक रूप से जिला को नशामुक्त बनाने के लिए जागरूकता अभियान को जन-आंदोलन के रूप में आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।


डीसी लाहौल-स्पीति किरण भड़ाना अधिकारियों से चर्चा करती हुईं।

## कांग्रेस नेत्री व नगर परिषद की पूर्व अध्यक्ष विमला महंत का निधन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

नगर परिषद की अध्यक्षा और वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री रही विमला महंत का रविवार को देर रात निधन हो गया। उनके निधन की खबर से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। विमला मंहत ने अपने कार्यकाल के दौरान नगर परिषद में अनेक विकास कार्य करवाए और जनता के बीच एक कर्मठ, सरल और जनप्रतिनिधि के रूप में जानी जाती थी।



जिला कुल्लू में महिलाओं को पार्टी में जोड़ने और एकजुटता से हमेशा जोड़े रखने में अहम भूमिका निभाई है। हमेशा बेबाक बोलने वाली विमला मंहत का समाजसेवा में भी बड़ा योगदान रहा है। हमेशा गरीब बेटियों के शादी करवाने और उनकी मदद को हमेशा आगे रहने वाली शख्सियत पिछले कुछ लंबे समय से बीमार चल रही थी। आज उनके जाने से कुल्लू शहरवासियों में भी शोक की लहर दौड़ गई हे। कांग्रेस पार्टी में उनका योगदान उल्लेखनीय रहा। उन्होंने संगठन को मजबूत करने और महिला वर्ग को राजनीति में आगे लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कुल्लू कांग्रेस के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं सहित नगर परिषद के अध्यक्ष गोपाल कृष्ण मंहत, उपाध्यक्ष चंदन प्रेमी सहित अन्य सभो पार्षदों और कई सामाजिक संगठनों ने श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि विमला मंहत का जाना पार्टी और समाज, दोनों के लिए अपूरणीय क्षति है। उनके पार्थिव शरीर का अंतिम संस्कार सोमवार को किया जाएगा। ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करे और शोकग्रस्त परिवार को इस दुख को सहने की शक्ति दे।

## सुबह 10 नहीं, अब 12 बजे खुलते हैं दफ्तर : सुरेंद्र शौरी

**अनंत ज्ञान, बंजार।** बंजार विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुरेंद्र शौरी ने प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि ऐसा प्रतीत होता है मानो बंजार में अब सरकारी कार्यालयों का समय सुबह 10 नहीं, बल्कि दोपहर 12 बजे से शुरू होता है। शौरी ने एक विडियो जारी करते हुए कहा कि उपमंडलाधिकारी बंजार भी दो दिन के अवकाश के बाद सोमवार को सुबह 11 बजे तक कार्यालय नहीं पहुंच पाए। इसके अतिरिक्त अन्य कई आला अधिकारी भी सोमवार को 11 बजे तक आधे रास्ते में सफर कर रहे थे। उन्होंने व्यंग्य करते हुए कहा कि शायद बंजार में सरकार ने बिना किसी अधिसूचना जारी किए नया कार्यालय समय 12 बजे तय कर दिया है। विधायक शौरी ने कहा कि जब आम जनता सुबह से अपने काम के लिए सरकारी दफ्तरों के चक्कर लगा रही होती है, तब अधिकारी आराम से देर से दफ्तर पहुंच रहे हैं।

**कार्यक्रम** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जरी में सात दिवसीय एनएसएस विशेष शिविर का समापन

## स्वयंसेवियों ने सफाई, पौधरोपण व परियोजना कार्यों में सक्रिय भागीदारी दिखाई

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जरी में सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन सोमवार को हुआ। इस शिविर के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम पंचायत बराधा के उपप्रधान मोहर सिंह ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित रहे।

इस अवसर पर ग्राम पंचायत बराधा के वार्ड मेंबर लाभ चंद, स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष चुन्नीलाल ठाकुर तथा प्रबंधन समिति के सदस्य दिलीप ठाकुर भी उपस्थिति रहे। इस दौरान वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जरी का पूरा स्टाफ प्रधानाचार्य सहित और सभी छात्र-छात्राएं भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान स्वयंसेवी छात्र-छात्राओं ने विभिन्न रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए तथा इस शिविर में हुए अपने अनुभवों को भी सांझा किया इस विद्यालय की छात्रा नैंसी ने शिविर से संबंधित रिपोर्ट पढ़ते हुए बताया कि किस तरह यह शिविर नित्य 6:00 बजे के जागरण के साथ रात्रि 10:00 बजे तक निरंतर चलता था । इस शिविर के दौरान सभी स्वयंसेवकों ने अलग-अलग परियोजना कार्यों को प्रतिदिन 2 घंटे के लिए किया।

इसमें विद्यालय परिसर की सफाई जल स्रोतों की सफाई पौधरोपण का जो क्षेत्र जहां विद्यालय द्वारा आरोपित पौधे जिन्हें एक पेड़ मांग के नाम अंतर्गत पाथला के जंगल में रोपा गया था वहां जाकर उन पौधों की काट छांट की गई तथा जहां से आवारा पशु पौधों को नुकसान पहुंचा रहे थे उसे क्षेत्र में बाड़ बंदी की गई इसके अलावा विद्यालय परिसर में मैदान का कार्य प्रगति पर हैं जिसमें सभी स्वयंसेवी छात्र-छात्राओं ने श्रमदान करके सहभागिता दी समय समय पर बौद्धिक सत्र के दौरान विभिन्न स्रोत व्यक्तियों ने सभी स्वयंसेवियों का मार्गदर्शन किया। जिसमें नीलम वर्मा प्रवक्ता समाजशास्त्र राजकीय उच्च माध्यमिक पाठशाला जरी, श्यामलाल हांडा प्रवक्ता इतिहास डाइट कुल्लू, जीतराम की प्रवक्ता गणित डाइट कुल्लू, मनीष हेल्थ एजुकेटर स्वास्थ्य विभाग, छपेराम नेगी समाजसेवी तथा फायर फाइटिंग टीम अग्निशमन केंद्र जरी ने सभी स्वयंसेवी छात्र-छात्राओं का विभिन्न विषयों पर मार्गदर्शन किया। शिविर के दौरान सभी छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक संध्याओं में अलग-अलग तरह की अपनी संस्कृत क्षमता को भी दर्शाया जिसमें भजन ,देशभक्ति के गीत, हिमाचली नाटियां और हिमाचली गीतों का समन्वय रहा ।

समापन अवसर पर मुख्यातिथि ने सभी बच्चों को समाज सेवा तथा राष्ट्र सेवा के लिए सदैव तत्पर रहने का आह्वान किया और उन्होंने कहा कि इस शिविर के दौरान आप सब की जो दिनचर्या बनी है आपकी जो आदतें बनी है उनका आप अपने जीवन में सदैव पालन करें। कहीं ऐसा ना हो कि आपने जो यहां सीखा घर जाकर आप भूल जाएं। अंत में प्रधानाचार्य ने सभी अतिथियों का तथा सभी अध्यापक गणों का इस शिविर के सफल आयोजन तथा इस अवसर पर बच्चों को आशीर्वाद देने के लिए धन्यवाद किया।

इस अवसर पर प्रधानाचार्य के साथ-साथ दोनों कार्यक्रम अधिकारी टेढ़ी सिंह प्रवक्ता इकोनॉमिक्स तथा रीना वेद प्रवक्ता इंग्लिश और अन्य सभी अध्यापक अध्यापिकाएं उपस्थित रहे।


राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जरी में कार्यक्रम के समापन अवसर पर मुख्यातिथि के साथ स्वयंसेवक व अन्य गणमान्य।

## जिग्मेद, मनीष और अर्णव ने जीते पदक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में आयोजित हुई नॉर्थ जोन कराटे चैंपियनशिप में हिमाचल प्रदेश की टीम में जिला कुल्लू के चार कराटे खिलाड़ियों ने भाग लिया। इसमें मदर टच स्कूल के तीन कराटे खिलाड़ी जिग्मेद, मनीष और अर्णव ने क्रमश: रजत पदक, कांस्य पदक और कांस्य पदक हासिल किए। अजय कुमार ने सीनियर वर्ग में रजत पदक जीता। इनकी इस उपलब्धि पर जिला कराटे संघ कुल्लू के चेयरमैन वेद प्रकाश, सह चेयरमैन राकेश कुमार, अध्यक्ष हरीश शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष नीलम उपाध्याय, उपाध्यक्ष सुधांशु सूद, महासचिव केएस पराशर, कोषाध्यक्ष सोनू कुमार, सह सचिव नरोत्तम चंद और लीला बहादुर कार्की, सदस्य यादव, रजनीश कुमार और मदर टच स्कूल की एमडी अनीता क्रोफा ने सभी खिलाड़ियों व कोच अजय कुमार को बधाई व शुभकामनाएं दीं।

## पनारसा कॉलेज में शैक्षणिक और आधारभूत सुविधाओं से जुड़ी मांगों के संबंध में सौंपा ज्ञापन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**



अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) पनारसा इकाई द्वारा राजकीय महाविद्यालय पनारसा के उद्घाटन अवसर पर मुख्यमंत्री सुक्खू को ज्ञापन सौंपा गया।

इस ज्ञापन में परिषद ने महाविद्यालय में शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने, नए विषय जोड़ने और आधारभूत सुविधाओं के विकास से संबंधित कई महत्वपूर्ण मांगें रखीं। परिषद का कहना है कि इन मांगों के पूरा होने से विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ खेल व अन्य गतिविधियों में भी बेहतर अवसर मिलेंगे। नए विषय शुरू किए जाएं, महाविद्यालय में भूगोल, संस्कृत और संगीत जैसे विषय शुरू किए जाएं, ताकि विद्यार्थियों को अधिक विकल्प मिल सकें। खेल सुविधाओं में सुधार किया जाएं। कॉलेज में खेल उपकरण, मैदान और आवश्यक संसाधनों की व्यवस्था की जाए, ताकि विद्यार्थी खेलों में अपनी प्रतिभा दिखा सकें। बीएड कोर्स में सीटें बढ़ाई जाएं, विशेष रूप से छात्राओं के लिए सीटों की संख्या बढ़ाई जाए, ताकि अधिक छात्राएं उच्च शिक्षा प्राप्त कर सकें। फाइन आर्ट्स विषय शुरू किया जाए। विद्यार्थियों की रुचि व रचनात्मकता को ध्यान में रखते हुए इस विषय की भी शुरुआत की जाए। कॉलेज का आधारभूत ढांचा मजबूत किया जाए। प्रयोगशालाओं, पुस्तकालय, खेल मैदान व अन्य सुविधाओं का विकास जल्द किया जाए। परिषद ने कहा कि इन सभी मांगों का उद्देश्य विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण व समग्र विकास के अवसर प्रदान करना है। एबीवीपी पनारसा इकाई ने सरकार से आग्रह किया कि इन मुद्दों पर जल्द और सकारात्मक कार्रवाई की जाए, ताकि राजकीय महाविद्यालय पनारसा का विकास तेजी से हो सके और क्षेत्र के विद्यार्थियों को इसका लाभ मिले।

## न्यूज ब्रीफ

### वॉलीबॉल प्रतियोगिता की सीनियर टीम का चयन

**अनंत ज्ञान, सोलन।** दिल्ली के रॉय मान सिंह सीनियर सेकेंडरी स्कूल गोपाल नगर नजफगढ़ में 14 से 16 नवंबर तक होने वाली राष्ट्रीय टेनिस वॉलीबॉल के लिए सीनियर टीम का चयन कर लिया गया है। इस प्रतियोगिता में हिमाचल प्रदेश की सीनियर महिला व पुरुष टीमें भाग लेगी। हिमाचल प्रदेश टेनिस वॉलीबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष गोबिंद सिंह और नेशनल रैफरी व टेक्निकल बोर्ड के चेयरमैन ज्ञान मेहता ने बताया कि इस प्रतियोगिता में हिमाचल प्रदेश की पुरुष टीम में दिनेश कुमार, केतन ठाकुर, नितिश कुमार, सौरभ तिलक, नरेश कुमार कार्तिक चौहान, जबकि मिक्स डब्ल्स के लिए पुनीत कुमार का चयन किया गया है। इसके टीम कोच रविंद्र होंगे। इसी प्रकार महिला टीम में कृतिका कुमारी, सोनू, टीया शर्मा, अंजलि, हिमानी रमा देवी शामिल होंगी, जबकि मिक्स डब्ल्स में रचना शर्मा को चयन दिया गया है। इस टीम के कोच भादर सिंह होंगे।

### सोलन में एक रंगीन शाम दोस्तों के नाम कार्यक्रम

**अनंत ज्ञान, सोलन।** डिग्री कॉलेज सोलन के ओल्ड स्टूडेंट्स 1978 बैच ने स्थानीय होटल में एक रंगीन शाम दोस्तों के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया। इसमें सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी मदन चौहान और सेवानिवृत्त एचएएस सुभाष सकलानी विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के आयोजन में राकेश बाली, रमेश सिंगला, विपुल गोयल, कांता और शैलजा की सक्रिय भूमिका रही। कार्यक्रम में 1978 बैच के सहपाठियों ने अपनी यादें ताजा की। साथ ही गीत संगीत की गतिविधियों से मनोरंजन किया गया। इस अवसर पर सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी मदन चौहान ने कहा कि इस मिलन कार्यक्रम से हम 1974-1978 के सुनहरी दिनों में लौट आए हैं। उन्होंने कहा कि एक शाम दोस्तों के नाम कार्यक्रम से जवानी और कॉलेज के दिनों की यादें ताजा हो गईं। चौहान ने कहा कि यह कार्यक्रम भविष्य में भी और भव्य रूप से किया जाना चाहिए जिसमें हमारे जीवन साथी बच्चे और पोते पोतियां भी शामिल हो। कार्यक्रम में सुभाष सकलानी ने भी अपने विचार रखे।

### डॉ. जेसी आनंद गोल्ड मेडल अवार्ड से सम्मानित

**अनंत ज्ञान, सोलन।** खुंब अनुसंधान निदेशालय सोलन (चंबाघाट) में कार्यरत प्रधान वैज्ञानिक एवं कार्यकारी निदेशक डॉ. बृज लाल अत्री को बागवानी फसलों की कटाई उपरांत प्रौद्योगिकी में उत्कृष्ट कार्यों के लिए भारतीय बागवानी विज्ञान अकादमी नई दिल्ली की तरफ से बैंगलोर में आयोजित चार दिवसीय भारतीय बागवानी कांग्रेस में डॉ. जे.सी. आनंद गोल्ड मेडल अवार्ड से सम्मानित किया गया। डॉ. अत्री पिछले लगभग 30 वर्षों से फलों, सब्जियों और के रखरखाव एवं मूल्य संवर्धन पर कार्य कर रहे हैं तथा वर्तमान में मशरूम की भंडारण अवधि बढ़ाने व उत्तेपाद विकसित करने में कार्यरत हैं।

### सितार वादन में शुभ्रा ने झटका तृतीय स्थान

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय संजौली शिमला में आयोजित हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय युवा उत्सव ग्रुप -2 में डिग्री कॉलेज राजगढ़ की छात्रा शुभ्रा ने सितार वादन में तृतीय स्थान प्राप्त कर कॉलेज व राजगढ़ का नाम गौरवान्वित किया है। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. राजेंद्र वर्मा ने बताया कि युवा उत्सव में प्रदेश के 45 डिग्री कॉलेजों ने भाग लिया था। उन्होंने संगीत विभाग की आचार्य डॉ. सविता सहगल और डॉ. विपिन ठाकुर व विजेता छात्रा शुभ्रा को बधाई दी। शुभ्रा कॉलेज में द्वितीय वर्ष की एक मेधावी छात्रा है, जो कि पढ़ाई के साथ-साथ संगीत में भी इसकी बहुत रूचि है।

### नवगांव स्कूल में स्वयंसेवियों को किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला नवगांव में आयोजित सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) शिविर का समापन हो गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पंचायत मांगल के उपप्रधान सीताराम ठाकुर ने की। समापन अवसर पर स्वयंसेवियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। स्वयंसेवी ललीता ने सात दिनों की गतिविधियों पर आधारित संक्षिप्त रिपोर्ट मुख्यातिथि के समक्ष प्रस्तुत की। मुख्यातिथि ने ईशा ठाकुर को सर्वश्रेष्ठ महिला स्वयंसेवी तथा परीक्षित बसंत को सर्वश्रेष्ठ पुरुष स्वयंसेवी घोषित कर सम्मानित किया। अपने संबोधन में उन्होंने सभी 37 स्वयंसेवियों को सम्मानित करते हुए उन्हें देश सेवा के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि विद्यालय का वातावरण स्वच्छ बनाए रखना और सेवा की भावना को जीवन में अपनाना हर छात्र का कर्तव्य होना चाहिए। विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रमात किशोर ने स्वयंसेवियों के उत्कृष्ट कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया। कार्यक्रम अधिकारी रमेश ठाकुर और निधि शर्मा ने शिविर के सफल आयोजन में सहयोग देने वाले सभी लोगों का धन्यवाद किया।

### सिरमौर के खिलाड़ियों ने किया शानदार प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, नाहन।** प्रदेश के हमीरपुर में हाल ही में आयोजित 14वीं राज्य स्तरीय दो दिवसीय बैडमिंटन मास्टर्स गेम्स में जिला सिरमौर के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। जिला सिरमौर के खिलाड़ियों ने पुरुष वर्ग की विभिन्न आयु श्रेणियों (30+, 40+ और 50+) में कुल 11 पदक जीतकर जिले का मान बढ़ाया। टीम की सबसे बड़ी उपलब्धि जिला श्रम अधिकारी सिरमौर सोहन लाल जलोटा के नाम रही। सोहन लाल जलोटा ने अपनी शानदार फॉर्म जारी रखते हुए तीन पदक अपने नाम किए। उन्होंने 55+ पुरुष युगल वर्ग में रजत पदक और 55+ एकल वर्ग में भी रजत पदक जीता, जबकि 50+ एकल वर्ग में उन्होंने कांस्य पदक हासिल किया। सोहन लाल जलोटा के अलावा, टीम के अन्य खिलाड़ियों ने भी बेहतरीन खेल दिखाया। कर्ण शर्मा ने आयु 30+ एकल में रजत पदक जीता। वहीं, उन्होंने वसंत चौहान के साथ मिलकर 30+ युगल में भी रजत पदक अपने नाम किया। कुश ठाकुर ने 40+ एकल में रजत पदक जीता, जबकि कुश ठाकुर और वसंत चौहान की जोड़ी ने 40+ युगल में कांस्य पदक हासिल किया।इसके अलावा, कुश ठाकुर ने विक्रम कंवर के साथ मिलकर 35+ युगल में एक और रजत पदक जीता। विक्रम कंवर ने सुशील राणा के साथ 40+ युगल में भी रजत पदक जीता,वहीं सुशील राणा ने 45+ एकल और 50+ एकल दोनों ही श्रेणियों में कांस्य पदक जीतकर अपनी क्षमता साबित की। इस शानदार सफलता पर जिला सिरमौर बैडमिंटन एसोसिएशन के पदाधिकारी योगी ठाकुर ने खुशी जाहिर की। उन्होंने कहा कि प्रदेश में आयोजित होने वाले सभी खेलों में सिरमौर के खिलाड़ी लगातार बेहतरीन प्रदर्शन कर रहे हैं, जो जिले में खेल के प्रति बढ़ते उत्साह को दर्शाता है।

# बघाट बैंक सोलन का वांछित डिफाल्टर नेरवा से गिरफ्तार, 11 की तलाश जारी

**आर मोहन चौहान, अनंत ज्ञान ब्यूरो**



**सोलन।** पुलिस ने बघाट बैंक के डिफॉल्टरों की धरपकड़ को जारी रखते हुए एक और डिफाल्टर को गिरफ्तार किया।

कलेक्टर-सह-सहायक रजिस्ट्रार सहकारी समितियां सोलन द्वारा बघाट बैंक का डिफाल्टर घोषित मेघ राम शर्मा पुत्र शेर सिंह निवासी सनत डाकखाना भालू तहसील चौपाल जिला शिमला के खिलाफ 75(ए) लैंड रेवेन्यू एक्ट 1954 के तहत गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया। मेघ राम शर्मा ने बघाट बैंक सोलन से ऋण लिया था, लेकिन वह उक्त ऋण को तय सीमा के भीतर वापस करने में नाकाम रहा। इस पर बैंक ने उसे डिफॉल्टर घोषित कर दिया था। इसकी ब्याज सहित कुल देनदारी 32,79,083 रुपए बनती है। उक्त देनदारी को न चुकाने पर मेघ राम शर्मा के खिलाफ सह सहायक रजिस्ट्रार सहकारी समितियां सोलन कोर्ट में लोन रिकवरी का मामला में चल रहा है और उसे उक्त कोर्ट द्वारा बार-2 नोटिस दिए जा रहे थे, लेकिन यह पेश नहीं हो रहा था। इस पर कलेक्टर-सह-सहायक रजिस्ट्रार सहकारी समितियां ने इसके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था। पुलिस ने कोर्ट के आदेश की अनुपालना करते हुए 9 नवंबर को उक्त मामले में संलिप्त आरोपी/डिफॉल्टर मेघ राम शर्मा पुत्र शेर सिंह निवासी सनत डाकखाना भालू तहसील चौपाल जिला शिमला को नेरवा से गिरफ्तार किया। जिसे सोमवार को सहायक पंजीयक सभाएं सोलन के कोर्ट में पेश किया जा रहा है। इस संदर्भ में अभी तक कलेक्टर-सह-सहायक रजिस्ट्रार सहकारी समितियां सोलन द्वारा बघाट बैंक से ऋण लेने वाले 22 लोगों को जिन्हें बघाट बैंक सोलन द्वारा डिफॉल्टर घोषित कर दिया गया था जिनके विरुद्ध लोन रिकवरी के मामले चल रहे है। एसपी गौरव सिंह के मुताबिक उपरोक्त डिफाल्टर लोगों को उक्त कोर्ट द्वारा बार-2 नोटिस दिए जा रहे थे परन्तु यह कोर्ट में पेश नहीं हो रहे के विरुद्ध गिरफ्तारी वारंट जारी किये गए थे, जिनकी सोलन पुलिस द्वारा अनुपालना करते हुए उक्त 22 लोगों/डिफाल्टरों में से 10 आरोपियों/डिफाल्टरों की गिरफ्तारी या आत्मसमर्पण द्वारा कार्रवाई की गई है और 12 आरोपी/डिफाल्टरों की तलाश जारी है जिनमें 11 शिमला व सिरमौर जिलों के निवासी है और एक सोलन जिला से संबंधित है। एआरसीएस ने 40 ऐसे डिफॉल्टरों की सूची तैयार की है जिनकी संपत्तियां जल्द अटैच होने वाली है। इसके लिए पूरे प्रदेश के तहसीलदारों को फाइलें भेज दी गई हैं, जबकि चार फाइलें शिमला डिविजन को भेजने की तैयारी है। संबंधित तहसीलदारों द्वारा संपत्तियां अटैच करने के बाद इनकी नीलामी होगी, जिससे बैंक का एनपीए घट सकता है।

जांच में यह भी सामने आया है कि करीब एक दर्जन डिफॉल्टरों ने बैंक से दो बार लोन लिया था, जिसके चलते बैंक अधिकारियों पर भी गाज गिरने के आसार हैं। लोन रिकवरी तेज करने के लिए एआरसीएस ने 11 से 13 नवंबर तक स्पेशल अदालत लगाने का फैसला लिया है, जिसमें 151 डिफॉल्टरों को समन नोटिस जारी किए गए हैं। कलेक्टर-सह-सहायक रजिस्ट्रार सहकारी समितियां सोलन ने डिफॉल्टरों से के लिए कार्रवाई में तेजी लाने का निर्णय लिया है। इसके तहत प्रतिदिन 50 डिफॉल्टरों की सुनवाई होगी। फिलहाल बैंक का रिकवरी टारगेट 50 करोड़ रुपए तय किया गया है। आरबीआई की सख्ती के बाद बैंक का एनपीए 138 करोड़ से घटकर 132 करोड़ रह गया है।

# मार्कंडेय नदी और कालाअंब में मछलियों का हो रहा अवैध शिकार

**एसपी जैरथ, अनंत ज्ञान**

**नाहन।** मार्कंडेय नदी के पवित्र जल में इन दिनों मछलियों का बड़े पैमाने पर अवैध शिकार किया जा रहा है, जिससे न केवल नदी का पारिस्थितिकी तंत्र, बल्कि स्थानीय लोगों की धार्मिक भावनाएं भी आहत हो रही हैं।

सूत्रों के अनुसार, यह अवैध शिकार केवल जाल या कांटे तक सीमित नहीं है, बल्कि मछलियों को सामूहिक रूप से मारने के लिए ब्लीचिंग पाउडर व डायनामाइट जैसे बर्बर तरीकों का भी इस्तेमाल किया जा रहा है। स्थानीय लोगों और पर्यावरणविदों के लिए यह चिंता का विषय है, क्योंकि ब्लीचिंग पाउडर के इस्तेमाल से न केवल खाने योग्य बड़ी मछलियां मरती हैं, बल्कि नदी में पल रहे मछलियों के बीज (अंडे और छोटे बच्चे) भी पूरी तरह नष्ट हो जाते हैं। इस तरह के विनाशकारी तरीके नदी के पूरे जीवन चक्र को समाप्त करने की कगार पर हैं। अवैध रूप से किए जा रहे मछलियों के इस बर्बर शिकार को रोकने या इन पर नकेल कसने वाला कोई भी सरकारी तंत्र या अधिकारी कहीं नज़र नहीं आ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रशासन की इस निष्क्रियता के कारण शिकारी बेखौफ होकर नदी को नुकसान पहुंचा रहे हैं। लोगों ने अपनी पीड़ा व्यक्त करते हुए कहा कि मछलियों के इस अवैध और बर्बर तरीके से किए जा रहे शिकार को लेकर उनकी धार्मिक भावनाएं भी बुरी तरह आहत हो रही हैं। मार्कंडेय नदी का धार्मिक महत्व है और इस तरह जलीय जीवन को नष्ट करना आस्था पर कुठाराघात माना जा रहा है। स्थानीय निवासियों ने जिला प्रशासन और मत्स्य पालन विभाग से तत्काल हस्तक्षेप करने और इस अवैध गतिविधि में शामिल लोगों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है, ताकि नदी के पर्यावरण और धार्मिक आस्था दोनों की रक्षा की जा सके। वहीं, मत्स्य विभाग के इंस्पेक्टर तजेंद्र प्रकाश ने खेद व्यक्त करते हुए कहा कि मत्स्य विभाग में सबसे बड़ी दिक्कत स्टाफ की कमी है। ब्लीचिंग और अन्य रसायन इस्तेमाल करना न केवल घातक है, बल्कि यह पर्यावरण संतुलन को भी बिगाड़ता है। उन्होंने कहा कि वह खुद टीम बनाकर इस पर अंकुश लगाने की कोशिश करेंगे।

# साढ़े 7 करोड़ के सड़क निर्माण में गड़बड़ की आशंका

**अनंत ज्ञान, नाहन**

पांवटा साहिब के गोंदपुर, अमरकोट, कांशीपुर और अजोली बांगरण को जोड़ने वाली निर्माणाधीन साढ़े सात करोड़ रुपए की सड़क पर स्थानीय लोगों ने बड़ा हंगामा खड़ा कर दिया और काम को तुरंत बंद करवा दिया। सुबह होते ही स्थानीय लोग इकट्ठा हुए और मशीनों को रुकवा दिया।

इस दौरान सबसे अधिक गर्मागर्मी तब हुई, जब पीडब्ल्यूडी के अधिशाषी अभियंता (एक्सइएन) ने खाद्य व आपूर्ति निगम की अध्यक्ष नसीमा बेगम के साथ फोन पर कथित तौर पर दुर्व्यवहार किया और उन्हें धमकाते हुए कहा कि वह कहीं और जाकर राजनीति करें। एक्सइएन ने यह धमकी भी दी कि यदि सड़क का काम रुक गया, तो बाद में यह सड़क कभी नहीं बनेगी। स्थानीय लोग, विभाग और ठेकेदार के बीच काम की गुणवत्ता को लेकर सहमति बनने ही वाली थी कि इस बीच एक्सइएन और नसीमा बेगम के बीच फोन पर हुई इस तीखी झड़प ने लोगों को और अधिक भड़का दिया। गांव के लोगों में एक्सइएन के इस व्यवहार और सड़क नहीं बनने देने की धमकी से भारी आक्रोश फैल गया। लोगों का आरोप है कि साढ़े सात करोड़ की लागत से बन रही इस सड़क के काम में बड़ा घोटाला हो रहा है। उनका कहना है कि सड़क निर्माण अलग-अलग मापदंडों पर किया जा रहा है और सबसे बड़ी गड़बड़ी यह है कि ड्रेनेज (नालियों) का निर्माण किए बिना ही सड़क की टारिंग का काम शुरू कर दिया गया है। लोगों ने बताया कि कई हिस्सों में टाइलें लगाने के तुरंत बाद ही वे उखड़ने लगी हैं, क्योंकि टाइलें लगाने के लिए सीसी फिलिंग नहीं की गई है और न ही उन हिस्सों में ठीक से स्लोप दिया गया है। इन अनियमितताओं के चलते स्थानीय लोगों ने करोड़ों की इस सड़क निर्माण में बड़े घपले की आशंका जताई है, जिसके बाद अध्यक्ष नसीमा बेगम के साथ दर्जनों स्थानीय लोगों ने एकजुट होकर काम रुकवा दिया। नाराज लोगों ने उनके सामने अपनी शिकायतें विस्तार से रखीं। लोगों की आपत्तियां सुनने के बाद, अधिकारियों व ठेकेदार ने इस बात को माना कि टाइलें ठीक नहीं लगी हैं और उन्हें उखाड़ कर दोबारा लगाया जाएगा। मौके पर पहुंचे एसडीओ रामभज तोमर ने भी स्वीकार किया कि टारिंग से पहले नालियों का निर्माण किया जाना चाहिए। उन्होंने तुरंत ठेकेदार को निर्देश दिए कि पहले नालियों का निर्माण पूरा करें, उसके बाद ही टारिंग का काम शुरू किया जाए। एक्सइएन पीडब्ल्यूडी ने अध्यक्ष को फोन कर दिया। नसीमा बेगम ने बताया कि एक्सइएन ने उन्हें धमकाते हुए कहा कि वह कहीं और जाकर राजनीति करें, यहां राजनीति न करें, और सड़क का काम रुकवाने पर यह सड़क दोबारा नहीं बनेगी। इस कथित राजनीतिक आरोप पर दोनों के बीच फोन पर गरमागरमी हुई, जिसका वीडियो भी वायरल हो रहा है। अध्यक्ष ने एक्सइएन के दुर्व्यवहार और धमकी के बारे में तुरंत पीडब्ल्यूडी मंत्री विक्रमादित्य सिंह से बात की। मंत्री ने इस पूरे मामले में आवश्यक एक्शन लेने का आश्वासन दिया है।

# मतदान के महत्व व लोकतांत्रिक मूल्यों पर अपनी रचनात्मकता व विचार किए प्रस्तुत

**अनंत ज्ञान, सोलन**



राजकीय डिग्री कॉलेज सोलन में मतदाता साक्षरता क्लब द्वारा सही नेतृत्व चुनने में मतदान का महत्व विषय पर एकदिवसीय प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम कॉलेज की प्राचार्या डॉ. मनीषा कोहली के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इसमें छात्रों ने अत्यंत उत्साह के साथ भाग लिया।

कार्यक्रम के अंतर्गत नारा लेखन, निबंध लेखन व पोस्टर निर्माण प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इनमें छात्रों ने मतदान के महत्व और लोकतांत्रिक मूल्यों पर अपनी रचनात्मकता और विचार प्रस्तुत किए। निर्णायक मंडल में डॉ. दीपक गुप्ता, डॉ. तनेंद्र और डॉ. चमन शर्मा शामिल रहे, जिन्होंने प्रतिभागियों की प्रस्तुति का मूल्यांकन किया। पोस्टर निर्माण में प्रथम पुरस्कार विशिष्ठा कश्यप (द्वितीय वर्ष), द्वितीय निशिता (प्रथम वर्ष) तथा तृतीय मुस्कान मलिक (प्रथम वर्ष) ने प्राप्त किया। नारा लेखन में प्रथम प्रिंसी (बीए तृतीय वर्ष), द्वितीय रुचि (बीए तृतीय वर्ष) और तृतीय भारती (बीए तृतीय वर्ष) रहीं। निबंध लेखन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्रिंसी (बीए तृतीय वर्ष), द्वितीय मानवी वर्मा (बीए तृतीय वर्ष) और तृतीय साक्षी शर्मा (बीए प्रथम वर्ष) ने प्राप्त किया। ईएलसी की संयोजक डॉ. भारती गुप्ता और डॉ. प्रियंका मुल्तानी ने सभी प्रतिभागियों, निर्णायक मंडल, प्राचार्या और कॉलेज स्टाफ का धन्यवाद ज्ञापन किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां युवाओं में नागरिक चेतना को प्रोत्साहित करती हैं और लोकतंत्र की जड़ें मजबूत करती हैं।

# पार्किंग कर्मचारी को आवारा कुत्तों ने काटा

**अनंत ज्ञान, नाहन।** शहर में आवारा कुत्तों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। पक्का टैंक क्षेत्र में निजी पार्किंग कर्मचारी रवि कुमार पर कुत्तों ने हमला कर घायल कर दिया, जिसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया। यह एक महीने में तीसरा मामला है, जबकि एक मामले में पुलिस में एफआईआर दर्ज हो चुकी है। कच्चा टैंक और नया बाजार क्षेत्रों में भी हाल में दो घटनाएं दर्ज की गई हैं। सुप्रीम कोर्ट के आदेशों के बावजूद पार्कों और सड़कों पर डॉग फीडिंग जारी है, जिससे लावारिस कुत्तों का जमावड़ा बढ़ रहा है। बढ़ती घटनाओं और जनाक्रोश को देखते हुए नगर परिषद ने शहर के सार्वजनिक पार्कों में कुत्तों को घुमाने और खाना खिलाने पर सख्त प्रतिबंध लगाया है। सूचना पट्ट भी लगाए गए हैं, लेकिन कार्रवाई के अभाव में स्थिति में सुधार नहीं दिख रहा। वोट बैंक की राजनीति और सियासी हस्तक्षेप के चलते नप प्रशासन प्रभावी कदम उठाने में असमर्थ बना हुआ है।

# शूलिनी विवि में इंजीनियरिंग संकाय ने अंतर विभागीय क्रिकेट टूर्नामेंट जीता



शूलिनी विश्वविद्यालय में विजेता टीम मुख्य अतिथि के साथ।

**अनंत ज्ञान, सोलन**

शूलिनी विश्वविद्यालय ने युवराज स्टेडियम शूलिनी विश्वविद्यालय में अंतर विभागीय क्रिकेट टूर्नामेंट 2025 का आयोजन किया।

सप्ताह भर चले इस आयोजन में आठ विभागीय टीमों ने टीम वर्क, अनुशासन और उत्साह के साथ प्रतिस्पर्धा की। इस टूर्नामेंट का संचालन सहायक प्रोफेसर विक्रांत चौहान ने छात्र कल्याण के एसोसिएट डीन डॉ. नीरज गंडोत्रा के मार्गदर्शन में किया। कई प्रतिस्पर्धी मैचों के बाद, इंजीनियरिंग एवं प्रौद्योगिकी संकाय ने अंतरविभागीय चैम्पियनशिप जीती, जबकि फार्मास्युटिकल साइंसेज संकाय उपविजेता रहा। कुलाधिपति प्रो. पी.के. खोसला और प्रो. जे.एम. जुल्का ने विजेता टीमों को ट्रॉफी और पदक प्रदान किए।

अंकित को टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी और सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज, अभय को टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज और अनीश को टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ विकेटकीपर चुना गया।

# भवन निर्माण नियमों में ढील देकर जनता को राहत दे सरकार: विशाल

**अनंत ज्ञान, नाहन।** भाजपा नाहन मंडल के प्रवक्ता विशाल तोमर ने प्रदेश सरकार द्वारा भवन निर्माण नियमों में बदलाव के लिए मांगे गए सुझावों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए, सरकार से जनहितैषी दृष्टिकोण अपनाने का आग्रह किया है। तोमर ने कहा कि हिमाचल में अधिकांश लोगों के पास सीमित भूमि है, ऐसे में सरकार द्वारा सेटबैक और निर्माण क्षेत्र को बढ़ाने की तैयारी छोटे भूखंडों के मालिकों के लिए अन्यायपूर्ण है। उन्होंने स्पष्ट किया कि लोग अपनी सीमित जमीन पर ही अपना घर या रोजगार के लिए व्यावसायिक भवन बनाना चाहते हैं और बड़े सेटबैक उन्हें ऐसा करने से रोकेंगे। तोमर ने स्वीकार किया कि सुरक्षा के लिए सेटबैक और नदी-नालों के पास निर्माण नियमों का पालन आवश्यक है, लेकिन उन्होंने जो देकर मांग की कि गांवों और कम आबादी वाले क्षेत्रों में ये नियम न्यूनतम रखे जाएं।

## मानव कल्याण समिति अर्की ने किया चिकित्सा शिविर का आयोजन

# 370 रोगियों को मिला स्वास्थ्य लाभ

**कृष्ण रघुवंशी , अनंत ज्ञान**



मानव कल्याण समिति अर्की के सदस्य चिकित्सा शिविर में।

**अर्की।** मानव कल्याण समिति अर्की ने प्रधान राजेंदर गौतम की अगुवाई में अर्की उपमंडल के बथालंग में एक निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया। इस कैंप में हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रशांत पांडा, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. गौरव शर्मा, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. कमलेश शर्मा व डॉ. पल्लवी शर्मा, नाक कान गला रोग विशेषज्ञ डॉ. सोमेश, शल्य चिकित्सक डॉ. अमृतांशु शर्मा, अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. सांगे नेगी व डॉ.अमित शर्मा, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. ऋचा शर्मा एवम समिति के संस्थापक डॉ. संत लाल शर्मा द्वारा 370 से अधिक रोगियों की जांच की गई।

इनमें 91 वर्षीय वृद्धा अमरावती भी शामिल रही। सभी रोगियों को दवाएं समिति द्वारा मुफ्त उपलब्ध करवाई गईं व 70 से अधिक रोगियों को नजर के चश्मे भी फ्री वितरित किए गए। इस कैंप में 40 रोगियों की ईसीजी, 165 रोगियों का बोन मिनरल डेंसिटी टेस्ट, 79 रोगियों का कोलेस्ट्रॉल तथा 93 रोगियों की रक्त जांच की गई। स्थानीय पंचायत प्रधान यशवंत सिंह ठाकुर, समाज सेवक प्रकाश चंद व स्थानीय जनता ने इस आयोजन के लिए समिति का आभार जताया।

समिति के सचिव राजेश कपाटिया ने बताया कि 2010 में स्थापित यह समिति अपने ही संसाधनों से हर वर्ष अर्की क्षेत्र में ऐसे दो चिकित्सा शिविर आयोजित करती है, कुल मिला कर यह समिति का 19वां कैंप था। कैंप के समापन पर समिति के प्रधान राजेंदर गौतम ने अपने संबोधन में सभी जनप्रतिनिधियों, स्थानीय जनता, स्वयं सेवकों, स्थानीय स्कूल प्रबंधन व स्कूल प्रशासन, पैरा मेडिकल स्टाफ, सभी चिकित्सकों, मुख्य चिकित्सा अधिकारी सोलन व समिति के सभी सदस्यों का कैंप को सफल बनाने के लिए धन्यवाद किया। इस अवसर पर एसएमसी प्रधान मदन शर्मा, प्रथम अभिभावक नरेश शर्मा, युवक मंडल प्रधान जय कृष्ण सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# हेमा शर्मा व नवनीत चौधरी महिला मोर्चा पांवटा साहिब के महामंत्री नियुक्त

**अनंत ज्ञान, नाहन**

भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष गुरमीत कौर ने पांवटा साहिब मंडल महिला मोर्चा की नई कार्यकारिणी की घोषणा कर दी गई है।

गुरमीत कौर ने पांवटा के लोकप्रिय विधायक एवं पूर्व ऊर्जा मंत्री सुखराम चौधरी,जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष शिवानी वर्मा और मंडल अध्यक्ष हिंतेंद्र कुमार से चर्चा कर संगठन में सक्रिय भूमिका निभाने वाली महिलाओं पर भरोसा जताते हुए महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष की टीम की घोषणा कर दी है। नवनियुक्त अध्यक्ष गुरमीत कौर ने कार्यभार संभालते ही अपनी नई टीम की घोषणा कर दी टीम में अनुभवी और जुझारू कार्यकर्ताओं को जगह दी गई है ताकि महिला मोर्चा को बूथ स्तर तक मजबूत किया जा सके। उपाध्यक्ष में नीलम कुमारी, मीना कुमारी, सुषमा देवी, नीता देवी महामंत्री में हेमा शर्मा, नवनीत चौधरी, सचिव में सुनीता शर्मा, कल्पना देवी, सीता देवी, संध्या देवी, कोषाध्यक्ष में मोनिका देवी प्रवक्ता: सुनीता देवी, अनीता देवी, मीडिया प्रभारी में अविता पंवार, सोशल मीडिया प्रभारी: अनीता देवी इसके अलावा 11 महिलाओं को कार्यसमिति सदस्य बनाया गया है। अध्यक्ष गुरमीत कौर ने कहा कि महिला मोर्चा हर बार भाजपा की रीढ़ की हड्डी साबित हुआ है। यह टीम पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ आगामी पंचायत चुनावों और विधानसभा चुनावों में पार्टी की मजबूती के लिए दिन-रात काम करेगी। गुरमीत कौर ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही सभी योजनाओं को महिला मोर्चा की यह टीम हर घर तक पहुंचाएगी, ताकि अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ मिल सके। महिला कार्यकर्ता समाज में भाजपा की नीतियों व उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने में अग्रणी भूमिका निभाएंगी। प्रदेश कांग्रेस सरकार को महिला विरोधी मानसिकता की भी उजागर किया जाएगा, 1500 देने के झूठे वादे को प्रमुखता से प्रकाशित किया जाएगा। विधायक सुखराम चौधरी और जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष शिवानी वर्मा ने नई कार्यकारिणी को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि गुरमीत कौर के नेतृत्व में महिला मोर्चा संगठन को नई ऊर्जा व दिशा प्रदान करेगा, जिससे भाजपा को आने वाले चुनावों में बड़ी सफलता मिलेगी।

**तैयारी** | जिला, उपमंडल व ग्राम स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित होंगे

# चिट्टे के खिलाफ शुरू होगा जनांदोलन

**अनंत ज्ञान, सोलन**



डीसी चिट्टे के खिलाफ अभियान के संदर्भ में तैयारियों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए।

उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के निर्देशानुसार पूरे प्रदेश के साथ सोलन जिले में भी चिट्टे के खिलाफ अभियान को जन आंदोलन बनाया जाएगा।

मनमोहन शर्मा चिट्टे के खिलाफ 15 नवंबर, 2025 से कार्यान्वित किए जाने वाले अभियान के संदर्भ में तैयारियों के विषय में आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। मनमोहन शर्मा ने कहा कि इस आंदोलन में ज़िला के प्रत्येक व्यक्ति की सहभागिता सुनिश्चित करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि इस अभियान में ज़िला के समस्त सरकारी विभाग, गैर सरकारी संस्थाएं, पंचायती राज संस्थाएं, समस्त शैक्षणिक संस्थान, स्वयं सहायता समूह, युवा वर्ग और समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों के अतिरिक्त पेंशनर्स संघ के सदस्यों को भी जोड़ा जाएगा। उपायुक्त ने संबंधित विभागों को इस आयोजन को सफल बनाने के लिए तत्परता के साथ सभी तैयारियां समयबद्ध पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि चिट्टे के खिलाफ 15 नवंबर से आरंभ होने वाला यह अभियान आगामी तीन माह तक चलेगा।

यह चिट्टा के खिलाफ प्रदेश सरकार की निर्णायक लड़ाई होगी। चिट्टा के कारोबार से जुड़े किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा ताकि ज़िला से चिट्टे का समूल नाश सुनिश्चित किया जा सका। मनमोहन शर्मा ने कहा कि एंटी चिट्टा अभियान में ज़िला स्तर के अतिरिक्त उपमंडल और ग्राम पंचायत स्तर पर भी चिट्टा के खिलाफ विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन आयोजनों में विधायक और समाज के गणमान्य व्यक्ति सम्मिलित होंगे। बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त सोलन राहुल जैन, उपमंडलाधिकारी सोलन डॉ. पूनम बंसल, ज़िला पंचायत अधिकारी जोगिंद्र राणा, जिला कल्याण अधिकारी गावा सिंह नेगी, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अमित रंजन तलवार, खंड विकास अधिकारी सोलन रमेश शर्मा, खंड विकास अधिकारी धर्मपुर प्रवीण भारद्वाज उपस्थित थे। बैठक में ज़िला के अन्य अधिकारी वर्चुअल माध्यम से शामिल हुए।

# धुंदन स्कूल में स्वयंसेवियों ने रंगारंग कार्यक्रम किए प्रस्तुत

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** नेशनल पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल धुंदन में एनएसएस शिविर का समापन हुआ। यह शिविर 4 नवंबर को शुरू हुआ और 10 नवंबर को इसका समापन हुआ। इसमें स्कूल के 15 स्वयंसेवियों ने भाग लिया। इस अवसर पर मुख्यातिथि के रूप में नेशनल पब्लिक स्कूल डमलाना के मुख्य अध्यापक श्याम लाल ने शिरकत की। इस अवसर पर एनएसएस स्वयंसेवियों ने कई रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिसमें स्वागत गीत, नाटी, भाषण और नशे के दुष्परिणामों पर एक लघुनाटिका प्रस्तुत की। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधन कमेटी के सदस्य बीआर वर्मा भी मौजूद रहे। एनएसएस प्रभारी सत्या देवी ने मुख्यातिथि को शिविर की गतिविधियों से अवगत करवाया। मुख्यातिथि ने कहा कि एनएसएस का उद्देश्य युवाओं में अनुशासन, सेवा भावना और सामाजिक जिम्मेदारी का विकास करना है। प्रधानाचार्य भीमा वर्मा ने मुख्यातिथि का धन्यवाद किया और उनके द्वारा कही गई बातों को बच्चों से अपनाने के लिए कहा।

# पाइनग्रोव हिमाचल प्रदेश में सीबीएसई शैक्षणिक रिपोर्ट में शीर्ष स्थान पर

**अनंत ज्ञान, सोलन**

हाल ही में एक नए नवाचार के तहत सीबीएसई ने प्रत्येक स्कूल को स्कूल प्रदर्शन रिपोर्ट कार्ड (2024-25) जारी की, जिसमें उन्होंने सभी स्कूलों को उनके शैक्षणिक प्रदर्शन के बारे में सूचित करके उनके प्रदर्शन की घोषणा की। सीबीएसई स्कूल प्रदर्शन रिपोर्ट कार्ड (2024-25) के अनुसार, पाइनग्रोव स्कूल ने अपनी शैक्षणिक क्षमता साबित की और सीबीएसई कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षा में 90.39 फीसदी का उत्कृष्ट स्कूल औसत अंक प्राप्त करके अपनी एक अलग पहचान बनाई, जिसे हिमाचल प्रदेश राज्य में सर्वोच्च घोषित किया गया।

यह कक्षा औसत राज्य औसत 74.18 फीसदी से कहीं अधिक था। यह उपलब्धि पाइनग्रोव की शैक्षणिक उत्कृष्टता की निरंतर खोज और उच्च प्रदर्शन की उसकी परंपरा का स्पष्ट प्रमाण है। राष्ट्रीय स्तर पर, पाइनग्रोव का प्रदर्शन समान रूप से विशिष्ट बना हुआ है। सभी विषयों में स्कूल की निरंतर शैक्षणिक मजबूती का प्रदर्शन करते हुए, धीर्या शर्मा ने 98.6 फीसदी अंक प्राप्त कर हिमाचल प्रदेश राज्य टॉपर बनकर संस्थान को गौरवान्वित किया, जिसके बाद महक सिंह ने असाधारण 98.4 फीसदी अंक प्राप्त किए तथा सुयश बंसल ने उल्लेखनीय 96.6 फीसदी अंक प्राप्त कर, सभी अध्ययन क्षेत्रों में पाइनग्रोव की उत्कृष्टता की परंपरा को एक उदाहरण के रूप में प्रस्तुत किया। पाइनग्रोव भारत के अग्रणी अकादमिक प्रदर्शन करने वाले संस्थानों में से एक के रूप में अपनी स्थिति को बनाए रखना जारी रखता है।

2025 में सीबीएसई राष्ट्रीय चैंपियनशिप में तीसरे स्थान पर आने वाली उनकी गर्ल्स सॉकर अंडर-19 टीम और राष्ट्रीय बैंड प्रतियोगिता - 2024-25 में लड़कों के ब्रास बैंड के तीसरे स्थान पर आने के साथ-साथ इस वर्ष 2025 में कई सीबीएसई सॉकर, बास्केटबॉल और क्रिकेट नॉर्थ जोन चैंपियनशिप जीतने के साथ, स्कूल समग्र विकास के लिए एक उत्कृष्ट वातावरण प्रदान करता है। स्कूल के कार्यकारी निदेशक कैप्टन एजे सिंह ने कहा कि उन्हें इस बात की जानकारी नहीं थी कि उनके कक्षा 12 के स्कूल का औसत राज्य में सर्वश्रेष्ठ है और राष्ट्रीय स्तर पर बहुत अच्छी प्रतिस्पर्धा कर रहा है, लेकिन इस बात पर बहुत गर्व है कि कर्मचारी और छात्र उनकी उम्मीदों और सपनों को पूरा कर रहे हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### ट्राइडेंट ओपन गोल्फ से पहले दिए टिप्स

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** चंडीगढ़ गोल्फ क्लब में ट्राइडेंट ओपन से पहले प्रोफेशनल गोल्फ कोचों ने मैंबर्स व युवाओं को खेल से परिचित कराते हुए उन्हें अहम टिप्स दिए। इस सेशन को खास तौर पर चंडीगढ़ गोल्फ क्लब में आयोजित किया गया। यूएसए से आए डेरेक ट्रोफिमचुक व गुरसेवी शेरगिल ने कोर्स पर यंगस्टर्स के साथ बात करते हुए उन्हें टिप्स दिए। सेशन के दौरान गोल्फर्स को बताया कि गोल्फ केवल ताकत का नहीं, बल्कि धैर्य, एकाग्रता और मानसिक संतुलन का खेल है। उन्होंने युवाओं को स्विंग तकनीक, ग्रिप नियंत्रण, पटिंग के दौरान ध्यान केंद्रित करने और कोर्स पर अनुशासन के बारे में बताया। अमेरिका के 32 साल के कोच डेरेक ट्रोफिमचुक ने कहा कि इस गेम को कोई भी और किसी भी उम्र में शुरू कर सकता है। गोल्फर निरंतर अभ्यास व सही फिटनेस पर ध्यान देने से तकनीक को बेहतर बना सकते हैं। युवाओं को यह भी बताया गया कि वे छोटी गलतियों से सीखें, अपने हर शॉट का विश्लेषण करें और जल्दबाजी से बचें। डेरेक टेक्सास के फोर्ट वोर्थ के रहने वाले हैं। उन्होंने मैक्सीकन प्रोफेशनल टूर पर पिछले दो सालों से खेल रहे हैं और चाइना टूर पर भी उन्होंने अच्छा प्रदर्शन किया है। वे पहली बार भारत आए हैं और उनके लिए ये सफर यादगार रहा। वे सांता बारबरा यूनिवर्सिटी के स्टूडेंट रहे हैं जहां उन्होंने कॉलेज लेवल पर खेला। वहीं, गुरसेवी गिल 46 साल के हैं और पुणे के रहने वाले हैं। वे पीजीटीआई सर्किट पर खिताब भी जीत चुके हैं। 2009 में हुए टाटा ओपन में उन्होंने जीत दर्ज की थी वे देश के शीर्ष गोल्फ कोच में से एक हैं। उन्होंने कहा कि चंडीगढ़ के युवा बहुत प्रतिभावान हैं और वे चीजों को बहुत तेजी के साथ समझते हैं। उनके साथ काम करके अच्छा लगा।

### दिसंबर में होगा हरियाणा का शीतकालीन सत्र

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा विधानसभा का शीतकालीन सत्र दिसंबर में होगा। सत्र की तारीख की घोषणा जल्द की जाएगी। सत्र के दौरान सर्वश्रेष्ठ विधायक और सर्वश्रेष्ठ अधिकारी को सम्मानित किया जाएगा। सर्वश्रेष्ठ विधायक चुनने के लिए नियमों में संशोधन किया जाएगा। विधानसभा स्पीकर ने पत्रकारों से बातचीत में बताया कि विधानसभा की नई बिल्डिंग के लिए कार्यवाई जारी है। हमारे पास कुछ ऑप्शन हैं, उस पर सरकार काम कर रही है। विधानसभा के अधिकारी से लेकर चपरासी तक सभी को ट्रेनिंग दी जाएगी। विधानसभा के नियमों में संशोधन किया जा रहा है। इसके लिए रिटायर्ड कानून विशेषज्ञ को जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस पर पिछले चार महीने से काम चल रहा है।

### हरियाणा ही नहीं, देश में हुई है वोट चोरी : विनेश

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** जुलाना की कांग्रेस विधायक विनेश फोगाट ने कहा कि इस बार सिर्फ हरियाणा ही नहीं, बल्कि पूरे देश में वोट चोरी हुई है। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने बिना सबूतों के वोट चोरी का आरोप नहीं लगाया है। उनके पास भी कुछ पुख्ता सबूत मौजूद हैं, जिन्हें वह जल्द ही जनता के सामने उजागर करेंगे। जुलाना विधायक विनेश फोगाट सोमवार को पत्रकारों से बातचीत कर रही थीं। देशभर में हुए हालिया चुनावों में जिस तरह से मतदान प्रतिशत की जानकारी अब तक चुनाव आयोग द्वारा साझा नहीं की गई है। यह गंभीर सवाल खड़े करता है। पारदर्शिता लोकतंत्र की सबसे बड़ी पहचान होती है और अगर चुनाव आयोग इस पर स्पष्टीकरण नहीं देता है, तो जनता के मन में संदेह और गहरा होगा। विनेश फोगाट ने कहा कि अगर बिहार में वोट चोरी नहीं हुई, तो वहां निश्चित रूप से बदलाव देखने को मिलेगा और इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि विपक्ष देश की जनता की आवाज उठा रहा है। पत्रकारों से बातचीत में विधायक ने कहा कि लोकतंत्र में जनता के वोट की कीमत सबसे ज्यादा होती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और इंडिया गठबंधन इस मुद्दे को पूरे दमखम से उठाएंगे ताकि सच्चाई जनता के सामने आ सके।

### सोनीपत में 102 स्कूल वाहनों के किए चालान

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** सोनीपत पुलिस ने बच्चों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए 3 से 10 नवंबर तक सुरक्षित स्कूल वाहन अभियान चलाया। इस दौरान जिलेभर में 102 स्कूल वाहनों के चालान किए गए। अभियान के तहत ट्रैफिक पुलिस और थाना पुलिस की संयुक्त टीमों ने सभी स्कूल बसों, वैनों और अन्य परिवहन वाहनों की सघन जांच की। पुलिस ने बसों की फिटनेस, ओवरलोडिंग, फायर सिलेंडर, स्पीड नियंत्रक यंत्र, आपातकालीन निकास जैसी सुरक्षा सुविधाओं की स्थिति का निरीक्षण किया। साथ ही, चालकों के वैध ड्राइविंग लाइसेंस, यूनिफॉर्म और बच्चों की सुरक्षा से जुड़े मानकों की भी जांच की गई।

# गुरुग्राम में नागरिक सुविधाओं के संचालन में किसी भी स्तर की ढिलाई नहीं होगी स्वीकार्य : सीएम सैनी

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**




हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि गुरुग्राम प्रदेश का सबसे तेजी से विकसित होता शहर है इसलिए यहां नागरिक सुविधाओं के संचालन में किसी भी स्तर की ढिलाई या कोताही को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शहर में पानी, सीवर और सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) की वर्तमान स्थिति पर एक विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर जल्द प्रस्तुत करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता यह सुनिश्चित करना है कि गुरुग्राम में बसने वाला हर नागरिक तय समयावधि में उच्च स्तरीय मूलभूत सुविधाओं का लाभ प्राप्त करे। मुख्यमंत्री सोमवार को गुरुग्राम में जिला लोक संपर्क व कष्ट निवारण समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में पटौदी विधायक बिमला चौधरी, सोहना विधायक तेजपाल तंवर तथा गुरुग्राम विधायक मुकेश शर्मा भी उपस्थित रहे। बैठक में कुल 17 परिवाद रखे गए, जिनमें से मुख्यमंत्री ने 15 का मौके पर ही निपटारा किया, जबकि 2 मामलों को आगामी बैठक तक लंबित रखने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि इन लंबित मामलों की स्टेटस रिपोर्ट अगली बैठक में प्रस्तुत करें। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बैठक के दौरान शहर में सक्रिय टैंकर माफिया पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गुरुग्राम जैसे आधुनिक शहर में अवैध रूप से पानी की सप्लाई करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि यदि कोई व्यक्ति गैरकानूनी रूप से जल आपूर्ति या शोधन का कार्य करता पाया जाता है, तो संबंधित विभाग तुरंत नियमानुसार कार्रवाई करे। साथ ही, उन्होंने पुलिस आयुक्त को निर्देश दिए कि ऐसे मामलों में नागरिकों से प्राप्त शिकायतों पर त्वरित संज्ञान लेते हुए संबंधित क्षेत्र के एसएचओ द्वारा प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई की जाए, ताकि आमजन को शुद्ध पेयजल की आपूर्ति में कोई बाधा न हो।

बैठक के दौरान मुख्यमंत्री सैनी ने बिल्डर्स से संबंधित शिकायतों पर गंभीरता से संज्ञान लेते हुए अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि कोई भी बिल्डर अपने प्रोजेक्ट से जुड़े निवासियों को एग्रीमेंट में तय की गई मूलभूत सुविधाएं जैसे पानी, बिजली, सीवर, सड़क और सुरक्षा व्यवस्था समय पर उपलब्ध कराए। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने पटौदी के लोकरा गांव से आए एक शिकायतकर्ता की बात पर तुरंत संज्ञान लेते हुए संबंधित नायब तहसीलदार के खिलाफ जांच के आदेश जारी किए। शिकायतकर्ता ने बताया था कि उसका इंतकाल लंबे समय से ऑनलाइन दर्ज नहीं किया जा रहा है। इस पर मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के साथ होना चाहिए और किसी भी अधिकारी द्वारा लापरवाही या देरी को गंभीरता से लिया जाएगा। बैठक में गांव बहोड़ा कला के सरपंच मनवीर सिंह ने अवगत कराया कि गांव में सीवर लाइन बिछाने का कार्य पिछले तीन वर्षों से जारी है, लेकिन अब तक पूरा नहीं हो सका है। इस दौरान विभाग ने पूरे मार्ग की खुदाई कर दी है, जिससे ग्रामीणों को आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। अधिकारियों ने बताया कि विभिन्न विभागों से अनुमति और एनओसी जारी होने में देरी के कारण कार्य अधूरा रह गया। मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने इस पर कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि जनता से जुड़े कार्यों में देरी अस्वीकार्य है। उन्होंने निर्देश दिए कि जिस अधिकारी की लापरवाही से फाइल पेंडिंग रही है, उसके खिलाफ तुरंत कार्रवाई की जाए और उसका इंक्रीमेंट रोका जाए, ताकि भविष्य में कोई भी अधिकारी अपने दायित्वों से विमुख न हो।

# हरियाणा के मुख्य सचिव ने की बैंकिंग प्रगति की समीक्षा

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

हरियाणा के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने कहा कि लाभार्थियों के ऋण स्वीकृति और वास्तविक वितरण के बीच की खाई को तुरंत पाटना आवश्यक है। वे राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति (एसएलबीसी) की 174वीं बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।

मुख्य सचिव ने बैंकों से अपनी नीतियों की समीक्षा करने और यह सुनिश्चित करने को कहा कि किसानों सहित सभी पात्र लाभार्थियों को समय पर तथा पर्याप्त मात्रा में ऋण उपलब्ध कराया जाए। बैठक में राज्य के बैंकिंग क्षेत्र के प्रदर्शन का विस्तृत आकलन करने के लिए विभिन्न बैंकों, सरकारी विभागों और वित्तीय संस्थानों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। रस्तोगी ने वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को सहयोग प्रदान करने में बैंकों और सरकारी विभागों के संयुक्त प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि ग्रामीण तथा आकांक्षी ब्लॉकों में वित्तीय सेवाओं की अंतिम छोर तक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए बैंकों और जिला प्रशासन के बीच निरंतर समन्वय आवश्यक है। मुख्य सचिव ने सभी बैंकों से अप्रयुक्त सरकारी जमा राशि का विस्तृत ब्यौरा देने के निर्देश देते हुए कहा कि इस संबंध में एक समग्र रिपोर्ट वित्त आयुक्त एवं सचिव को प्रस्तुत की जाए।

उन्होंने बैंक प्रतिनिधियों के साथ प्रमुख परिचालन मुद्दों पर चर्चा की और वित्तीय पहुंच एवं दक्षता में सुधार के लिए ठोस सुझाव साझा किए। वित्तीय जागरूकता के क्षेत्र में राज्य की उपलब्धियों की भी सराहना की गई। योर मनी योर राइट अभियान के तहत 825 निष्क्रिय खातों को पुनः सक्रिय किया गया तथा 2.87 करोड़ रुपए से अधिक राशि सही लाभार्थियों को लौटाई गई। यह पहल नागरिकों को उनके भूले-बिसरे जमा धन से जोड़ने में प्रभावी साबित हो रही है। बैठक में बताया गया कि राज्य का बैंकिंग क्षेत्र निरंतर मजबूत वृद्धि के साथ आगे बढ़ रहा है। सितंबर 2025 तक राज्य में कुल जमा राशि 8,68,918 करोड़ रुपए तथा अग्रिम ऋण 7,69,537 करोड़ रुपए रहा। जमा में 12.48 प्रतिशत और अग्रिमों में 14.36 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर्ज की गई, जो हरियाणा की सशक्त आर्थिक गतिविधियों और व्यापक ऋण प्रवाह को दर्शाती है।

# अंबुजा सीमेंट्स के सीएसआर हस्तक्षेप से छत्तीसगढ़ में ग्रामीण जल सुरक्षा व बुनियादी ढांचे को मिली मजबूती

**अनंत ज्ञान, छत्तीसगढ़**

वैश्विक स्तर पर 9वीं सबसे बड़ी निर्माण सामग्री समाधान कंपनी और विविध अदाणी पोर्टफोलियो का हिस्सा, अंबुजा सीमेंट्स, जल संसाधन प्रबंधन और ग्रामीण बुनियादी ढांचे में केंद्रित निवेश के माध्यम से सार्थक सामुदायिक परिवर्तन को आगे बढ़ा रही है।

अंबुजा फाउंडेशन द्वारा कार्यान्वित, छत्तीसगढ़ के बलौदा बाजार में हस्तक्षेपों ने क्रिसिल द्वारा एक स्वतंत्र प्रभाव आकलन के अनुसार, 10.12 रुपए का उल्लेखनीय सामाजिक निवेश पर प्रतिफल (एसआरओआई) हासिल किया है। इसका मतलब है कि निवेश किए गए प्रत्येक 1 रुपए के लिए, 10.12 रुपए का सामाजिक मूल्य बनाया गया, जो स्थानीय



आजीविका, जल सुरक्षा और ग्रामीण विकास पर कार्यक्रम के गहरे व निरंतर प्रभाव को दर्शाता है। 10 गांवों में किए गए और हाशिए के समुदायों के 252 उत्तरदाताओं को शामिल करते हुए किए गए इस अध्ययन में बताया गया है कि कैसे अंबुजा सीमेंट्स की पहल ने स्वच्छ जल तक पहुंच को मजबूत किया है और दैनिक जीवन की स्थितियों में सुधार किया है। इन परियोजनाओं ने 2,20,000 घन मीटर से अधिक अतिरिक्त जल भंडारण का सृजन किया है, घरेलू जल संकट को 46 फीसदी से घटाकर 4 फीसदी कर दिया है और पानी लाने में लगने वाले समय को 55 मिनट से घटाकर केवल 12 मिनट कर दिया है। स्प्रिंकलर जैसी स्थायी सिंचाई पद्धतियों को अपनाने में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, जबकि बेहतर सड़क और स्कूल बुनियादी ढांचे ने ग्रामीण परिवारों के लिए गतिशीलता, शिक्षा और स्वच्छता को बेहतर बनाया है।

# प्राकृतिक हीरे व समकालीन डिजाइन का अनोखा संगम

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

विश्व स्तर पर प्रशंसित आभूषण ब्रांड जेन डायमंड ने चंडीगढ़ के नेक्सस एलांते मॉल में अपने नवीनतम बुटीक का उद्घाटन कर भारत में अपनी उपस्थिति और मजबूत कर दी है। यह ब्रांड 450 से अधिक स्टोर्स के साथ दुनिया भर में अपनी पहचान बना चुका है। मुंबई के बांद्रा और बोरीवली और बेंगलुरु के दो स्टोर्स की सफलता के बाद, अब जेन डायमंड उत्तर भारत में उत्कृष्ट शिल्प और आधुनिक डिज़ाइन के अनुभव को ग्राहकों तक पहुंचा रहा है। हाल ही में वैश्विक आइकन जेनिफर लोपेज को ब्रांड एंबेसडर घोषित करने के बाद यह लॉन्च विशेष महत्व रखता है, क्योंकि यह ब्रांड के लिए ग्लैमर, नवाचार और कालातीत परिष्कार का नया युग लेकर आया है।

नेक्सस एलांते मॉल में 1000 वर्ग फुट का स्टोर ब्रांड की विशिष्ट डिज़ाइन भाषा को प्रदर्शित करता है।



परिष्कृत ग्रे पैलेट, फ्लूटेड पैनल और सुरुचिपूर्ण प्लास्टर टेक्सचर जैसी प्रीमियम फिनिशेज़ से प्रत्येक रचना की चमक और बढ़ जाती है। ज़ेन डायमंड प्राकृतिक हीरों के उत्कृष्ट आभूषणों में महारत रखता है और समकालीन सौंदर्यबोध के साथ कालातीत कलात्मकता को जोड़ता है। यह ब्रांड उन समझदार ग्राहकों को आकर्षित करता है जो विशिष्टता, परिष्कार और आधुनिक डिज़ाइन को महत्व देते हैं। ब्रांड सिर्फ आभूषण तक सीमित नहीं है; यह परफ्यूम, टाई, घड़ियां, पेन और सोने के सिक्कों जैसे लक्जरी एक्सेसरीज़ का भी चयनित संग्रह प्रदान करता है। जेन डायमंड के प्रबंध निदेशक नील सोनावाला ने कहा कि चंडीगढ़ स्टोर ग्राहकों को समकालीन डिज़ाइन और कालातीत कलात्मकता का अद्वितीय अनुभव देगा।

नेक्सस एलांते मॉल के सेंटर डायरेक्टर अमित शिव जोशी ने भी कहा कि यह सहयोग ग्राहकों को विश्वस्तरीय खरीदारी अनुभव प्रदान करेगा। चंडीगढ़ स्टोर के उद्घाटन के साथ, जेन डायमंड भारत में उत्कृष्ट आभूषणों और प्रामाणिकता के नए मानक स्थापित करता है, जहां ग्राहकों का विश्वास और संतोष सर्वोपरि है।

## देश-विदेश

# राहुल बोले-साफ हवा मांगने वालों से अपराधियों जैसा व्यवहार क्यों?

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**दिल्ली** में बढ़ते एयर पॉल्यूशन के खिलाफ विरोध कर रहे लोगों को हिरासत में लेने पर राहुल गांधी ने सरकार की आलोचना की है। उन्होंने एक्स पर कहा कि शांतिपूर्ण तरीके से साफ हवा की मांग करने वाले नागरिकों के साथ अपराधियों जैसा व्यवहार क्यों किया जा रहा है? दरअसल दिल्ली में प्रदूषण के खिलाफ रविवार को इंडिया गेट पर लोगों ने विरोध-प्रदर्शन किया। शाम होते-होते पुलिस ने लोगों को इंडिया गेट से हटाया।

कई लोगों को डिटेन किया गया था। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि सरकार ने प्रदूषण से निपटने की कोई प्लानिंग नहीं की। विरोध करने वालों में मौजूद पर्यावरण कार्यकर्ता भवरीन कंधारी ने कहा कि बच्चों की सेहत तेजी से बिगड़ रही है। हर तीसरे बच्चे के फेफड़े प्रदूषण से प्रभावित हैं। एक और प्रदर्शनकारी अभिषेक ने कहा कि सरकारें एक-दूसरे पर आरोप लगाने में लगी हैं, जबकि लोगों को स्वच्छ हवा का बुनियादी अधिकार भी नहीं मिल रहा। इंडिया गेट पर कई महिलाएं अपने बच्चों के साथ पहुंची थीं। लोगों ने केंद्र और राज्य सरकार से साफ हवा की मांग की। वहीं, पुलिस ने कहा कि विरोध करने वाले बिना परमिशन के इंडिया गेट पर जमा हुए। डीसीपी देवेश कुमार महला ने कहा कि यह एक्शन एहतियातन लिया गया। विरोध के लिए केवल जंतर-मंतर ही तय जगह है। (अनंत ज्ञान)

## अमेरिका में शटडाउन से 2,100 से अधिक उड़ानें रद्द

**एजेंसी, वॉशिंगटन।** अमेरिकी विमानन कंपनियों ने रविवार को 2,100 से अधिक उड़ानें रद्द कर दीं और परिवहन मंत्री सीन डफी ने चेतावनी दी कि यदि संघीय सरकार का 'शटडाउन' (सरकारी कामकाज के लिए वित्तपोषण की कमी) 'थैंक्सगिविंग' अवकाश तक जारी रहता है तो पूरे देश में हवाई यातायात 'बहुत धीमा होकर लगभग ठप' पड़ सकता है। देश के 40 सबसे व्यस्त हवाई अड्डों पर उड़ानों में व्यवधान तीसरे दिन भी जारी है जिससे स्थिति और बिगड़ने लगी है। 'अमेरिकी फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन' ने संघीय 'शटडाउन' के बीच देशभर में उड़ानों को कम करने का आदेश दिया है। (अनंत ज्ञान)

# एसआईआर के खिलाफ बंगाल कांग्रेस भी सुप्रीम कोर्ट पहुंची

## टीएमसी का दावा- एसआईआर के डर से 15 मौतें हुईं

**एजेंसी, कोलकाता**

**बिहार** के बाद 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में शुरू वोटर लिस्ट का रिवीजन एसआईआर को लेकर पश्चिम बंगाल में सियासत गरमा गई है। अब कांग्रेस की बंगाल यूनिट ने सुप्रीम कोर्ट में एसआईआर के खिलाफ याचिका लगाई है। जस्टिस सूर्यकांत की बेंच में यह मामला उठाया गया जो बिहार एसआईआर मामले की सुनवाई कर रहे हैं।

सुप्रीम कोर्ट 11 नवंबर को तमिलनाडु सरकार की एसआईआर प्रक्रिया के खिलाफ याचिका पर सुनवाई करेगा। इधर, सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस ( टीएमसी) ने दावा किया है कि 27 अक्तूबर को एसआईआर शुरू होने के बाद से अब तक 15 लोगों की मौत हुई है, जिनमें 3 महिलाएं शामिल हैं। टीएमसी ने कहा कि एसआईआर के डर से कुछ ने आत्महत्या की, तो कुछ की मौत हार्ट अटैक या ब्रेन स्ट्रोक से हुई। हालांकि भाजपा ने इसे 'राजनीतिक प्रचार' करार देते हुए आरोपों से इनकार किया है। टीएमसी जनता को गुमराह कर रही है। पश्चिम बंगाल में विरोध के बावजूद 80,000 से ज्यादा बूथ लेवल अधिकारी एसआईआर के फॉर्म बांट रहे हैं। 9 नवंबर रात 8 बजे तक 5 5.15 करोड़ से ज्यादा एसआईआर फॉर्म बांट दिए हैं। (अनंत ज्ञान)

# फिलीपीन में तूफान से 14 लाख से अधिक लोग हुए विस्थापित



**एजेंसी, मनीला**

**फिलीपीन** में तूफान फंग-वोंग के कारण आयी भारी बाढ़ और भूस्खलन में कम से कम चार लोगों की मौत हो गयी और 14 लाख से अधिक लोग विस्थापित हो गए। मौसम विभाग ने बताया कि अब यह तूफान उत्तर-पश्चिम की ओर ताइवान की दिशा में बढ़ रहा है। फंग-वोंग का असर सबसे ज्यादा उत्तरी फिलीपीन पर पड़ा। इससे पहले फिलीपीन ने तूफान कालमेगी का सामना किया था, जिसके कारण कम से कम 224 लोगों की मौत हो गयी और बाद में वियतनाम में भी पांच लोगों की मौत हुई। तूफान के कारण लगभग 14 लाख लोगों को पहले ही सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जा चुका था, जबकि सोमवार तक तीन लाख 18 हजार लोग राहत शिविरों में रहे। तेज हवाओं और बारिश के कारण 132 गांवों में बाढ़ आ गई और लगभग 1,000 मकान क्षतिग्रस्त हो गए। फिलीपीन के राष्ट्रपति फर्डिनेंड मार्कोस जूनियर ने फंग-वोंग और कालमेगी से हुई तबाही को देखते हुए आपातकाल घोषित किया है। (अनंत ज्ञान)

# दिल्ली दंगा मामले में कपिल मिश्रा को बड़ी राहत, ट्रायल कोर्ट का आदेश रद्द

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**दिल्ली** दंगों से जुड़े मामले में दिल्ली के कानून मंत्री कपिल मिश्रा को राहत मिली है। राउज एवेन्यू कोर्ट ने ट्रायल कोर्ट



के उस आदेश को रद्द कर दिया है, जिसमें कपिल मिश्रा के खिलाफ आगे की जांच के निर्देश दिए गए थे। दंगे में 53 लोगों की हुई थी मौत फरवरी 2020 में दिल्ली दंगे में 53 लोगों की मौत हो गई थी और कई अन्य घायल हुए थे। दंगा एक सप्ताह तक चलता रहा। इस दौरान बड़े पैमाने पर आगजनी और हिंसा की घटनाएं हुईं। बाद में पुलिस ने दंगे में शामिल लोगों के खिलाफ कार्रवाई शुरू की और बड़े पैमाने पर आरोपियों की गिरफ्तारी की। दंगे में कपिल मिश्रा का नाम काफी चर्चा में आया था। उन पर दंगे को भड़काने का आरोप लगाया गया, हालांकि कपिल मिश्रा ने अपने ऊपर लगे आरोपों से इनकार किया। (अनंत ज्ञान)

# राज्य बार काउंसिल चुनावों की निगरानी के लिए सेवानिवृत्त न्यायाधीशों की नियुक्ति पर विचार

**एजेंसी, नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को संकेत दिया कि स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया के लिए सभी राज्य बार काउंसिल के चुनाव उच्च न्यायालयों के सेवानिवृत्त न्यायाधीशों की निगरानी में होंगे। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कहा कि बार काउंसिल ऑफ इंडिया (बीसीआई) के साथ-साथ राज्य बार काउंसिल में विश्वास की कमी है और इसलिए प्रक्रिया की देखरेख के लिए प्रत्येक राज्य में उच्च न्यायालयों के सेवानिवृत्त न्यायाधीशों की अध्यक्षता में एक स्वतंत्र चुनाव समिति नियुक्त की जाएगी। वरिष्ठ अधिवक्ता एवं बीसीआई अध्यक्ष मनन कुमार मिश्रा ने कहा कि यदि बार निकायों के चुनाव कराने के लिए सेवानिवृत्त न्यायाधीशों की नियुक्ति की जाती है तो काउंसिल को कोई आपत्ति नहीं है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने कहा कि राज्य बार काउंसिल या बार एसोसिएशन के चुनाव दुनिया के सबसे कठिन चुनाव हैं। मिश्रा से कहा कि वे विभिन्न राज्यों के चुनावों की अधिसूचना यथाशीघ्र जारी करें। (अनंत ज्ञान)

### जमीन के बदले नौकरी घोटाला मामला

# लालू, अन्य के खिलाफ 4 दिसंबर को आएगा फैसला

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने सोमवार को राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख और पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद, उनके परिवार के सदस्यों और कई अन्य लोगों से जुड़े कथित जमीन के बदले नौकरी मामले में आरोप तय करने पर अपना आदेश चार दिसंबर तक के लिए टाल दिया। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने राजद प्रमुख लालू प्रसाद और अन्य के खिलाफ मामले में उनकी कथित संलिप्तता को लेकर एजेंसी द्वारा दायर मामले की सुनवाई कर रहे थे। अब इस मामले पर सुनवाई चार दिसंबर को होगी। (अनंत ज्ञान)

# ट्रंप ने जॉन कोएल को बेलारूस के लिए किया विशेष दूत नामित

**एजेंसी, वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने घोषणा की कि उन्होंने जॉन कोएल को बेलारूस के लिए विशेष दूत के रूप में नामित किया है। कोएल ने हाल ही में बेलारूस से बंदियों की रिहाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। ट्रंप ने कहा कि वे अब अधिक कैदियों की रिहाई के लिए प्रयास जारी रखेंगे।

ट्रंप प्रशासन ने हाल के महीनों में बेलारूस के साथ राजनयिक संपर्कों में तेजी लाई है और इस वर्ष मिन्स्क में कई अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल भेजे हैं। बेलारूस के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर लुकाशेंको रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के करीबी सहयोगी माने जाते हैं। सितंबर में ट्रंप की अपील के बाद बेलारूस ने 52 कैदियों को रिहा किया था। ट्रंप ने 'ट्रुथ सोशल' नेटवर्क पर लिखा कि जॉन कोएल अब तक 100 बंदियों की रिहाई सफलतापूर्वक करा चुके हैं और अब 50 और लोगों की रिहाई के लिए प्रयास कर रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

# नाव डूबने से रोहिंग्या समुदाय के 11 की मौत

**एजेंसी, क्वालालंपुर**

**थाईलैंड**-मलेशिया सीमा के पास रोहिंग्या समुदाय के लोगों को ले जारी एक नाव के डूब जाने से लगभग 11 लोगों की मौत हो गई है। मलेशियाई अधिकारियों ने बताया कि एक नाव में रोहिंग्या समुदाय के लगभग 70 लोग सवार थे, जबकि एक अन्य नाव में करीब 230 यात्री सवार थे। हालांकि दूसरी नाव के यात्रियों के बारे में अभी कोई जानकारी नहीं है। मलेशिया के समुद्री प्रवर्तन एजेंसी के एक अधिकारी ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि बचाव अभियान दल ने सात शवों को बरामद किया है जबकि 13 लोगों को जीवित बचा लिया गया हैं। इस बीच थाईलैंड के अधिकारियों ने इससे पहले बताया था कि उनके राहत एवं बचाव दलों ने चार शव बरामद किए हैं। अधिकारियों ने कहा कि 230 यात्रियों वाली दूसरी नाव की तलाश जारी है, लेकिन अभी तक इस बाबत कोई जानकारी नहीं मिली है। (अनंत ज्ञान)

# सोना 1,987 बढ़कर 1.22 लाख प्रति 10 ग्राम पहुंचा

**एजेंसी, नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम में 10 नवंबर को बढ़त रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार 10 ग्राम सोना 1,987 रुपए बढ़कर 1,22,087 रुपए पर पहुंच गया है। इससे पहले सोने की कीमत 1,20,100 रुपए प्रति 10 ग्राम थी। वहीं, चांदी 2,700 रुपए बढ़कर 1,50,975 रुपए प्रति किलोग्राम पहुंच गई है। इससे पहले इसकी कीमत 1,48,275 प्रति किलोग्राम थी। 17 अक्तूबर को सोने ने 1,30,874 रुपए और 14 अक्तूबर को चांदी ने 1,78,100 रुपए का ऑल टाइम हाई बनाया था। आईबीजेए की सोने की कीमतों में 3% जीएसटी, मेकिंग चार्ज और ज्वेलर्स मार्जिन शामिल नहीं होता, इसलिए शहरों के रेट्स इससे अलग होते हैं। इन रेट्स का इस्तेमाल ,ब्क्ष्ठ सोवरेन गोल्ड बॉन्ड के रेट तय करने के लिए करता है। कई बैंक गोल्ड लोन के रेट तय करने के लिए इसे इस्तेमाल करते हैं। (अनंत ज्ञान)

# सेंसेक्स 319 अंक चढ़कर 83,535 पर बंद

**एजेंसी, मुंबई**

**हफ्ते** के पहले कारोबारी दिन सोमवार, 10 नवंबर को सेंसेक्स 319 अंक चढ़कर 83,535 पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 82 अंक की तेजी रही, ये 25,574 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 में से 18 शेयरों में तेजी देखने को मिली। इंफोसिस के शेयर में सबसे ज्यादा 2.5 फीसदी की तेजी रही। वहीं, ट्रेंट का शेयर 7.41 फीसदी गिरकर बंद हुआ। जोमैटो और पावर ग्रिड में भी गिरावट रही। निफ्टी के 50 शेयरों में 32 में तेजी रही।



एनएसई के आईटी, मेटल और फार्मा शेयरों में सबसे ज्यादा तेजी रही। मीडिया इडेक्स में सबसे ज्यादा 1.04% की गिरावट रही। 7 नवंबर को अमेरिका का डाउ जोन्स 0.16% बढ़कर 46,987.10 पर बंद हुआ। वहीं, नैस्डेक कंपोजिट 0.21% बढ़कर बंद हुआ था। अक्तूबर महीने में फॉरेन पोर्टफोलियो इन्वेस्टर्स यानी एफपीआई ने 14,610 करोड़ रुपए का निवेश किया है। सितंबर माह में एफआईआई ने 35,301.36 करोड़ के शेयर्स बेचे। डीआईआई ने 65,343.59 करोड़ की खरीदारी की थी। (अनंत ज्ञान)

# न्यूयार्क में हिंदू संगठनों का विरोध-प्रदर्शन

**एजेंसी, न्यूयॉर्क**

अमेरिका में न्यूयार्क के प्रसिद्ध टाइम्स स्क्वायर पर कुछ हिंदू संगठनों ने भारत के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई, पूर्व मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ एवं कुछ अन्य न्यायाधीशों के हिंदू विरोधी रवैये और बयानबाजी के खिलाफ प्रदर्शन किया तथा उनसे हिंदुओं से माफी मांगने और इस्तीफा देने की मांग की।

इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने उनके अल्प वस्त्रों वाले चित्रों और उनके विरुद्ध कटाक्ष वाले बयानों के बड़े-बड़े कट आउट प्रदर्शित किये। भारी तादाद में जुटे प्रदर्शनकारियों ने कहा कि गवई को उनकी हिंदू




विरोधी टिप्पणियों के लिए दुनिया भर के हिंदुओं से माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने कहा, हम ऐसे न्यायाधीशों के इस्तीफे की मांग करते हैं। प्रदर्शनकारियों ने उनकी जिन टिप्पणियों पर आपत्ति जताई है, उसमें 'लिंग' को 'पुरुष जननांग' के रूप में निरूपित करना भी शामिल है। रैली में ऐसे ही अन्य हिंदू-विरोधी और भ्रष्ट न्यायाधीशों के खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई करने की मांग की गई। उन्होंने आरोप लगाया कि एक इस्लामी संगठन की याचिका पर, उच्चतम न्यायालय ने न्यायपालिका की भागीदारी के बिना सरकार को सरकारी जमीन पर दावा करने से भी रोक लगा दी है। यह मूल रूप से वक्फ अधिनियम की जगह ले रहा है। ऐसे न्यायाधीशों हिंदू धर्म को निशाना बना रहे हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि वर्तमान न्यायपालिका के साथ राष्ट्र की प्रगति असंभव है। (अनंत ज्ञान)

## स्पोर्ट्स विंडो

### जेम्स स्क्वाश के फाइनल में कार्डेनास से हारे चोटरानी सेंट

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारतीय स्क्वाश खिलाड़ी वीर चोटरानी को अमेरिका के स्प्रिंगफील्ड में पीएसए कॉपर इवेंट सेंट जेम्स एक्सप्रेशन ओपन के फाइनल में मैक्सिको के शीर्ष वरीयता प्राप्त लियोनेल कार्डेनास से 1-3 से हार का सामना करना पड़ा दुनिया के 51वें नंबर के खिलाड़ी और यहां पांचवीं वरीयता प्राप्त चोटारानी ने दूसरा गेम जीतकर स्कोर बराबर कर दिया था, लेकिन वह अपनी लय बरकरार नहीं रख पाए और इसके बाद उन्होंने आसानी से मैच गंवा दिया। मैक्सिको के दुनिया में 15वें नंबर के खिलाड़ी कार्डेनास ने जल्द ही बढ़त बना ली और फिर मुकाबला 13-11, 4-11, 11-4, 11-3 से जीत लिया। (अनंत ज्ञान)

### विश्व सुपर कबड्डी लीग ने रवींद्र शेट्टी को बनाया तकनीकी निदेशक

**एजेंसी, नई दिल्ली।** विश्व सुपर कबड्डी लीग (डब्ल्यूएसकेएल) ने अगले साल की शुरुआत में होने वाले टूर्नामेंट से पहले अंतरराष्ट्रीय कोच रवींद्र शेट्टी को अपना तकनीकी निदेशक नियुक्त किया है। अंतरराष्ट्रीय स्तर के कबड्डी कोच शेट्टी लीग की तकनीकी और प्रतिस्पर्धा रूपरेखा तैयार करेंगे। इसके साथ ही वह खेल संरचना, रेफरी और कोच विकास तथा खेल प्रारूपों में नवाचार से संबंधित काम भी देखेंगे। उन्होंने कहा कि मैं तकनीकी रूप से मजबूत, प्रतिस्पर्धी और समावेशी लीग के निर्माण में योगदान देने के लिए उत्साहित हूं। यह लीग दुनिया को कबड्डी की वास्तविक क्षमता दिखाएगी। फ्रेंचाइजी आधारित इस लीग का आयोजन अगले साल फरवरी-मार्च में दुबई में किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

### इंग्लैंड में खेलने से इनकार करने पर शमी की वापसी की संभावना पड़ सकती है क्षीण

एजेंसी, नई दिल्ली। मोहम्मद शमी ने मौजूदा रणजी ट्रॉफी में 93 ओवर गेंदबाजी कर ली है, लेकिन भारत के सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाजों में से एक का दोबारा टेस्ट क्रिकेट में खेलना मुश्किल लग रहा है और उनकी वनडे टीम में भी नीली जर्सी पहनने की संभावना कम ही दिख रही है। इस 35 वर्षीय खिलाड़ी ने भारत की तरफ से अपना आखिरी मैच इस साल मार्च में चैंपियंस ट्रॉफी में खेला था लेकिन उसके बाद से उन्हें किसी भी प्रारूप की टीम में नहीं चुना गया। वह 2023 में वनडे विश्व कप के बाद एड़ी की चोट के कारण लंबे समय तक खेल से बाहर रहे थे। उन्हें इस चोट से निजात पाने के लिए सर्जरी करानी पड़ी थी। वर्तमान समय में भारतीय क्रिकेट जिस दिशा में आगे बढ़ रहा है उसे देखते हुए ऐसी संभावना नहीं लगती है कि शमी तीनों प्रारूपों में अब तक खेले गए 197 अंतरराष्ट्रीय मैचों में और मैच जोड़ पाएंगे। वह टेस्ट और टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट दोनों में ही राष्ट्रीय टीम में जगह बनाने की दौड़ में पिछड़ गए हैं क्योंकि प्रसिद्ध कृष्णा और आकाशदीप के रूप में भारत के पास अच्छे विकल्प हैं। ऐसा लगता है कि उनके लिए अब केवल एक दिवसीय क्रिकेट ही बचा है। अगला वनडे विश्व कप 2027 में होगा और तब तक शमी 37 साल के हो जाएंगे। ऐसे में भारतीय टीम एक उम्र दराज तेज गेंदबाज को की टीम में रखने का जोखिम नहीं उठाएगी क्योंकि शमी का करियर चोटों से जुड़ा रहा है, जिसमें घुटने की समस्या भी शामिल है। (अनंत ज्ञान)

### डेमिर डार्नेल का खूबसूरत अंदाज

**तुर्की।** तुर्की की वॉलीबॉल खिलाड़ी नेसलीहान डेमिर डार्नेल अपनी बेहतरीन जम्प सर्व, शक्तिशाली हमलों और खूबसूरती के लिए जानी जाती हैं। वह एक वैश्विक वॉलीबॉल स्टार बन गई।



# महिला जूनियर विश्व कप में भारतीय टीम की अगुवाई करेगी ज्योति सिंह

## एफआईएच हॉकी वर्ल्ड कप 2025 के लिए टीम घोषित, भारत को पूल-सी में रखा

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**हॉकी** इंडिया ने सोमवार को एफआईएच महिला जूनियर हॉकी वर्ल्ड कप 2025 के लिए भारतीय टीम की घोषणा कर दी है। यह टूर्नामेंट 25 नवंबर से 13 दिसंबर 2025 तक सैंटियागो (चिली) में खेला जाएगा।

18 खिलाड़ियों और 2 वैकल्पिक खिलाड़ियों से बनी यह 20 सदस्यीय भारतीय टीम अपने कड़े अभ्यास का नतीजा दिखाने और विश्व स्तर पर मजबूत प्रदर्शन करने के इरादे से मैदान में उतरेगी। भारत को पूल-सी में रखा गया है, जिसमें जर्मनी, आयरलैंड और नामीबिया जैसी टीमें हैं। भारत अपना पहला मुकाबला 1 दिसंबर को नामीबिया के खिलाफ खेलेगा। इसके बाद 3 दिसंबर को जर्मनी और 5 दिसंबर को आयरलैंड से भिड़ेगा। प्रत्येक पूल की शीर्ष टीमें 7 से 13 दिसंबर के बीच खेले जाने वाले नॉकआउट चरण में प्रवेश करेंगी। टीम की कप्तानी एक बार फिर ज्योति सिंह के हाथों में होगी, जबकि मुख्य कोच तुषार खांडेकर टीम की कमान संभालेंगे। मुख्य कोच तुषार खांडेकर ने कहा कि मैं इस टीम से बहुत खुश हूं। हमारा मुख्य फोकस अनुशासन पर रहा है और इसी सोच के साथ हमने यह टीम बनाई है। बीते कुछ महीनों में लड़कियों ने रक्षा और फिनिशिंग दोनों क्षेत्रों में शानदार सुधार दिखाया है। अब वे ज्यादा परिपक्व और आत्मविश्वासी नजर आ रही हैं। (अनंत ज्ञान)



#### यह होगी टीम

**गोलकीपरः** निधि, एंगिल हर्षा रानी मिन्ज।
**डिफेंडरः** मनीषा, लल्थनलुआलांगी, साक्षी शुक्ला, पूजा साहू, नंदिनी।
**मिडफील्डरः** साक्षी राणा, ईशिका, सुनेलिता टोप्पो, कप्तान ज्योति सिंह, खैदेम शिलैमा चानू, बिनिमा धान।
**फॉरवर्डः** सोनम, पूर्णिमा यादव, कनिका सिवाच, हिना बानो, सुखवीर कौर।
**वैकल्पिक खिलाड़ीः** प्रियंका यादव, पार्वती टोप्पो।

## टी-20 विश्व कप की तैयारी के लिए हमारे पास अभी तीन महीने हैं: गंभीर

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**भारतीय** क्रिकेट टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने स्वीकार किया कि उनकी टीम अगले साल होने वाले टी-20 विश्व कप की तैयारियों के मामले में अभी उस स्थिति में नहीं है, जहां वह पहुंचना चाहती है, लेकिन उन्होंने इसके साथ ही कहा कि इस मुकाम पर पहुंचने के लिए टीम के पास अभी पर्याप्त समय है। गंभीर ने बीसीसीआई टीवी से बातचीत में फिटनेस के महत्व पर भी जोर दिया। उन्होंने 46 सेकंड की क्लिप में कहा कि यह एक ऐसा ड्रेसिंग रूम है जहां बहुत अधिक पारदर्शिता और ईमानदारी है तथा हम चाहते हैं कि यह ड्रेसिंग रूम आगे भी ऐसा ही बना रहे। मुझे लगता है कि हम अभी भी उस स्थिति में नहीं हैं जहां हम टी20 विश्व कप तक पहुंचना चाहते हैं।

उन्होंने कहा कि उम्मीद है कि खिलाड़ियों को फिट रहने का महत्व पता चल जाएगा। हमारे पास उस स्तर पर पहुंचने के लिए अभी भी तीन महीने हैं, जहां हम पहुंचना चाहते हैं। टी20 विश्व कप अगले साल फरवरी-मार्च में भारत और श्रीलंका में खेला जाएगा। भारत इस प्रतियोगिता का मौजूदा चैंपियन है। गंभीर ने इसके साथ ही खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा का अच्छी तरह से अहसास कराने और उन्हें समझने के लिए उनके सामने मुश्किल चुनौतियों को रखने की बात भी दोहराई। उन्होंने कहा कि हम खिलाड़ियों के सामने जितना संभव हो सके उतनी कड़ी चुनौती रखते हैं। हमने शुभमन (गिल) के साथ भी यही किया था, जब उन्हें टेस्ट कप्तान नियुक्त किया गया था। गिल ने कप्तान के रूप में इंग्लैंड के खिलाफ अपनी पहली टेस्ट श्रृंखला में शानदार बल्लेबाजी की। उनकी अगुवाई में भारतीय टीम ने श्रृंखला 2-2 से बराबर की। इस श्रृंखला के सभी मैच रोमांचक रहे और प्रत्येक मैच पांचवें दिन तक खिंचा। (अनंत ज्ञान)

## ईश सोढ़ी ने तोड़ा बांग्लादेश के मुस्तफिजुर रहमान का रिकॉर्ड

### टी-20 में सबसे ज्यादा विकेट लेने के मामले में तीसरे नंबर पर पहुंचे

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**न्यूजीलैंड** में खेले जा रहे पांच मैचों की टी-20 सीरीज के दौरान तीसरे मुकाबले में न्यूजीलैंड के स्टार स्पिनर ईश सोढ़ी ने वेस्टइंडीज के खिलाफ तीन विकेट लेकर एक बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली है। वह टी-20 में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले दुनिया के तीसरे गेंदबाज बन गए हैं। ईश सोढ़ी ने बांग्लादेश के तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान को पीछे छोड़ा है। मुस्तफिजुर रहमान के टी-20 में 155 विकेट हैं। वहीं, अब न्यूजीलैंड के स्टार खिलाड़ी ईश सोढ़ी के नाम 156 विकेट हो गए हैं। अब अपने देश के पूर्व खिलाड़ी टिम साउदी और अफगानिस्तान के राशिद खान से पीछे हैं।

टी-20 में सबसे ज्यादा विकेट लेने का रिकॉर्ड राशिद खान के नाम है। उन्होंने अब तक 182 विकेट अपने नाम किया है। इसके बाद 164 विकेट के साथ टिम साउदी दूसरे नंबर पर है। वहीं, ईश सोढ़ी तीसरे नंबर पर पहुंच गए हैं। तीसरे टी-20 में वेस्टइंडीज के खिलाफ ईश सोढ़ी ने शानदार गेंदबाजी करते हुए न्यूजीलैंड को जीत दिला दी। ईश सोढ़ी के बेहतरीन गेंदबाजी के बदौलत 9 रनों से जीत मिली। सोढ़ी ने इस मुकाबले में तीन विकेट चटकाए। सोढ़ी ने सबसे पहले एलिक अथानाजे को आउट किया। उसके बाद रोवमैन पॉवेल को बोल्ड करके पवेलियन भेज दिया। वहीं उन्होंने तीसरा विकेट मैथ्यू फॉर्ड का लिया। इस मुकाबले में ईश सोढ़ी ने 4 ओवर में 34 रन देकर 3 विकेट अपने नाम किया। (अनंत ज्ञान)

#### सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज

| | |
|---|---|
| राशिद खान | 182 |
| टिम साउदी | 164 |
| ईश सोढ़ी | 156 |
| मुस्तफिजुर रहमान | 155 |
| शाकिब अल हसन | 149 |

### शतरंज विश्व कप

## अर्जुन का लेको और प्रज्ञाननंदा का डबोव से होगा सामना

**एजेंसी, पणजी।** भारत के शीर्ष ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगैसी, आर प्रज्ञाननंदा और पी हरिकृष्णा यहां चल रहे फिडे विश्व कप शतरंज टूर्नामेंट के पहले विश्राम दिवस के बाद चौथे दौर में भी अपना प्रभावशाली प्रदर्शन जारी रखना चाहेंगे।

भारत के सर्वोच्च रेटिंग प्राप्त खिलाड़ी अर्जुन चौथे दौर में हंगरी के अनुभवी पीटर लेको के खिलाफ प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेंगे, जबकि प्रज्ञाननंदा का सामना फिडे के ध्वज तले खेल रहे डेनियल डुबोव से होगा। तीनों भारतीय खिलाड़ियों में सबसे अनुभवी हरिकृष्णा अगले दौर में स्वीडन के निल्स ग्रैंडेलियस से भिड़ेंगे। लेको पिछले 20 वर्ष से शतरंज की दुनिया में जाना पहचाना नाम है। उनके लिए हालांकि अर्जुन का सामना करना आसान नहीं होगा। (अनंत ज्ञान)

## जापान ओपन में लक्ष्य, प्रणय की निगाहें लय हासिल करने पर




**एजेंसी, कुमामोटो (जापान)**

भारतीय शटलर एचएस प्रणय और लक्ष्य सेन मंगलवार से यहां शुरू हो रहे 475,000 डॉलर इनामी कुमामोटो मास्टर्स जापान सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में अपनी लय फिर से हासिल करने की कोशिश करेंगे।

लक्ष्य मौजूदा सत्र में अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। उन्हें यहां सातवीं वरीयता दी गई है। अल्मोड़ा के इस 24 वर्षीय खिलाड़ी को पहले दौर में जापान के कोकी वतनबे की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा। विश्व चैंपियनशिप 2023 के कांस्य पदक विजेता प्रणय को ओलंपिक से पहले चिकनगुनिया होने के बाद से संघर्ष करना पड़ रहा है। वह एक महीने से ज़्यादा समय के ब्रेक के बाद वापसी करेंगे। वह मलेशिया के जुन हाओ लियोंग के खिलाफ अपना पहला मैच खेलेंगे। अमेरिकी ओपन विजेता आयुष शेट्टी पहले दौर में थाईलैंड के शीर्ष वरीयता प्राप्त कुनलावुत विटिडसार्न से भिड़ेंगे। मकाऊ ओपन सुपर 300 के सेमीफाइनलिस्ट थारुण मन्नेपल्ली का मुकाबला कोरिया के जियोन ह्योक जिन से होगा, जबकि किरण जॉर्ज का मुकाबला क्वालीफायर से होगा। मिश्रित युगल में रोहन कपूर और रूथविका शिवानी गादे का मुकाबला प्रेस्ली स्मिथ और जेनी गाई की अमेरिकी जोड़ी से होगा। (अनंत ज्ञान)

## पहले टेस्ट के लिए कोलकाता पहुंची साउथ अफ्रीका की टीम

**एजेंसी, कोलकाता।** विश्व टेस्ट चैंपियन दक्षिण अफ्रीका की टीम भारत के खिलाफ शुक्रवार से ईडन गार्डंस में शुरू होने वाले पहले टेस्ट मैच के लिए पहुंच गई है। बेंगलुरु में भारत ए के खिलाफ मैच खेलने के बाद कप्तान तेम्बा बावुमा भी टीम से जुड़ गए हैं। दक्षिण अफ्रीका की टीम का पहला बैच रविवार को यहां पहुंचा था, जिसमें मुख्य कोच शुकरी कोनराड, तेज गेंदबाज कगिसो रबाडा और मार्को यानसन तथा पाकिस्तान में सीमित ओवरों की श्रृंखला में खेलने वाले खिलाड़ी शामिल थे। दक्षिण अफ्रीका टीम के स्थानीय मैनेजर ने पीटीआई को बताया कि बावुमा एक अन्य खिलाड़ी और कुछ अधिकारियों के साथ आज सुबह बेंगलुरु से यहां पहुंचे। मुख्य कोच सहित टीम के अधिकतर सदस्य रविवार को ही पहुंच गए थे। संभावना है कि दोनों टीम मंगलवार से अभ्यास शुरू करेंगी।' बावुमा पिंडली की मांसपेशियों में खिंचाव के कारण पाकिस्तान में दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला में नहीं खेल पाए थे। उन्होंने मैच अभ्यास के लिए भारत ए के खिलाफ दूसरे अनधिकृत टेस्ट मैच में हिस्सा लिया था। दक्षिण अफ्रीका के कप्तान बावुमा पहली पारी में शून्य पर आउट हो गए थे, लेकिन दूसरी पारी में उन्होंने 101 गेंदों में 59 रन की पारी खेली, जिससे उनकी टीम रविवार को समाप्त हुए इस मैच में जीत हासिल करने में सफल रही थी। मध्यक्रम के बल्लेबाज जुबैर हमजा भी बेंगलुरु में दोनों मैच खेलने के बाद यहां मुख्य टीम में शामिल हो गए। जहां तक भारतीय टीम की बात है तो ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीमित ओवरों की श्रृंखला से लौटने वाला दल रविवार को देर रात यहां पहुंच गया। इनमें मुख्य कोच गौतम गंभीर, कप्तान शुभमन गिल, तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह, वाशिंगटन सुंदर और अक्षर पटेल शामिल हैं। अन्य खिलाड़ियों के अलग-अलग बैच में यहां पहुंचने की संभावना है। (अनंत ज्ञान)

## न्यूजीलैंड व वेस्टइंडीज के बीच चौथा टी-20 मैच बारिश के कारण रद्द

### न्यूजीलैंड का 2-1 की बढ़त के साथ सीरीज पर कब्जा बरकरार

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**नेल्सन** में खेले जा रहे चौथे टी-20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में बारिश ने एक बार फिर खलल डाल दिया। सिर्फ 39 गेंदों की खेल के बाद ही मुकाबला रद्द कर दिया गया। इस नतीजे के साथ न्यूजीलैंड ने वेस्टइंडीज पर 2-1 की अजेय बढ़त बना ली है।

अब वेस्टइंडीज के पास वीरवार को डुनेडिन में होने वाले पांचवें और आखिरी टी20 में सीरीज़ बराबर करने का मौका रहेगा, जबकि न्यूजीलैंड उसे 3-1 से जीत सकता है। मैच शुरू होने से पहले ही आसमान में बादल छाए हुए थे और मौसम विभाग ने शाम तक बारिश की संभावना जताई थी। इसके बावजूद टॉस और मैच की शुरुआत तय समय पर हुई। खेल के पांच ओवर पूरे होने के बाद पहली बार बारिश आई और लगभग 30 मिनट का ब्रेक लेना पड़ा। खेल दोबारा शुरू हुआ तो सिर्फ नौ गेंदों के बाद फिर बारिश आ गई और अंततः मैच रद्द घोषित कर दिया गया। जब मैच रद्द किया गया, उस समय वेस्टइंडीज का स्कोर 6.3 ओवर में 1 विकेट पर 38 रन था। जिमी नीशम ने छठे ओवर में एलिक एथनाजे (18 गेंद 21 रन 2 छक्के एक चौका) को पवेलियन भेज दिया था। आमिर जंगू 12 और साईं होप 3 रन बनाकर नाबाद थे। (अनंत ज्ञान)



## लेवांडोव्स्की की हैट्रिक से बार्सिलोना जीता, रियाल मैड्रिड ने ड्रॉ खेला



**एजेंसी, मैड्रिड**

**रॉबर्ट** लेवांडोव्स्की की हैट्रिक की मदद से बार्सिलोना शानदार जीत हासिल करके स्पेनिश लीग फुटबाल टूर्नामेंट ला लिगा में शीर्ष पर काबिज रियाल मैड्रिड के करीब पहुंच गया है। रियाल मैड्रिड की अपनी बढ़त मजबूत करने की उम्मीद को तब करारा झटका लगा, जब रायो वेलेकानो ने उसे गोलरहित ड्रॉ पर रोक दिया।

इसके बाद लेवांडोव्स्की और लेमिन यामल ने बार्सिलोना को सेल्टा विगो पर 4-2 से जीत दिलाई। इससे बार्सिलोना और रियाल मैड्रिड के बीच केवल तीन अंक का अंतर रह गया है। बार्सिलोना से हार झेलने के कारण सेल्टा की सभी टूर्नामेंटों में लगातार पांच मैचों की जीत का सिलसिला रुक गया।

विलारियल ने एस्पेनयोल को 2-0 से हराकर लीग में लगातार तीसरी जीत हासिल की। वह रियाल मैड्रिड से पांच अंक पीछे तीसरे स्थान पर जबकि एटलेटिको मैड्रिड छह अंक पीछे चौथे स्थान पर है। एटलेटिको ने शनिवार को घरेलू मैदान पर लेवांते को 3-1 से हराया था। (अनंत ज्ञान)

**प्रीमियर लीग** सीजन में 7वीं जीत दर्ज की; प्वॉइंट्स टेबल में दूसरे नंबर पर पहुंची, लिवरपूल आठवें स्थान पर

# मैनचेस्टर सिटी ने लिवरपूल को 3-0 से हराया

**एजेंसी, मैनचेस्टर**

**मैनचेस्टर** सिटी ने इंग्लिश प्रीमियर लीग के हाईवोल्टेज मुकाबले में लिवरपूल को 3-0 से हरा दिया। सिटी ने शुरू से ही खेल पर कंट्रोल बनाए रखा और पूरे मैच में डिफेंडिंग चैंपियन लिवरपूल को मौके नहीं दिए। सिटी की यह लगातार दूसरी जीत है।

इस जीत के साथ टीम पॉइंट्स टेबल में दूसरे नंबर पर पहुंच गई। वहीं, लीग की मौजूदा चैंपियन लिवरपूल ने इस सीजन में अब तक पांच मैच गंवा दिए हैं और लीग टेबल में आठवें स्थान पर हैं। हालैंड ने पहले हाफ में गोल किया एतिहाद स्टेडियम में खेले गए मुकाबले के पहले हाफ में एर्लिंग हॉलैंड को पेनल्टी मिली, जिसे लिवरपूल के गोलकीपर जियोर्जी मामरदाशविली ने बचा लिया। लेकिन 29वें मिनट में हॉलैंड ने मैथ्यूस नूनेस के शानदार क्रॉस पर हेडर से गोल किया और सिटी को बढ़त दिलाई। कुछ ही मिनटों बाद हाफ टाइम से ठीक पहले निको गोंजालेज की शॉट वर्जिल वैन डाइक से टकराकर गोलपोस्ट में चली गई और सिटी 2-0 से आगे हो गई। (अनंत ज्ञान)



#### जेरेमी ने 63वें मिनट में गोल किया

**दूसरे** हाफ में लिवरपूल ने वापसी की कोशिश की, लेकिन टीम नाकाम रही। 63वें मिनट में जेरेमी डोकू ने शानदार गोल कर स्कोर 3-0 कर दिया।

#### गार्डियोला के करियर का 1000वां मैच

**मैनचेस्टर** सिटी ने अपने मैनेजर पेप गार्डियोला के करियर के 1000वें मैच को यादगार बना दिया। गार्डियोला के मैनेजमेंट करियर का यह 1000वां मुकाबला था और उन्होंने इसमें 716वीं जीत दर्ज की। उन्होंने इनमें से 388 मैच सिटी के साथ खेले।

## पोर्टिमाओ ग्रां प्री: बेजेकी ने मार्केज और एकोस्टा को पछाड़कर दर्ज की जीत

**एजेंसी, पोर्टिमाओ**

**मार्को** बेजेकी (अप्रीलिया रेसिंग) ने पोर्टिमाओ में आयोजित पुर्तगाल ग्रां प्री में शानदार प्रदर्शन करते हुए शुरू से अंत तक रेस में बढ़त बनाए रखी और जबरदस्त जीत हासिल की। 25 लैप्स की इस रेस में बेजेकी ने एक भी गलती नहीं की। इस जीत के साथ उन्होंने चैंपियनशिप में तीसरे स्थान की दौड़ में अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। वहीं, एलेक्स मार्केज (बीके8 ग्रेसिनी रेसिंग मोटोजीपी) और पेड्रो एकोस्टा (रेड बुल केटीएम फैक्ट्री रेसिंग) ने पोडियम पर क्रमशः दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त किया। लाइट्स आउट होते ही बेजेकी ने पोल पोजीशन से शानदार शुरुआत की, जबकि एकोस्टा ने भी दमदार शुरुआत की, लेकिन बढ़त हासिल नहीं कर सके।

एलेक्स मार्केज तीसरे स्थान पर आए और फिर दूसरे लैप में एकोस्टा को पछाड़कर दूसरे स्थान पर पहुंच गए। वहीं, फ्रैंको मोर्बिडेली (पार्टामिना इंद्युरो वीआर 46) शुरुआती लैप में टर्न-5 पर टक्कर का शिकार हुए, लेकिन उन्हें कोई गंभीर चोट नहीं आई। इसी बीच जोआन मिर (होंडा एचआरसी कैस्ट्रॉल) तकनीकी खराबी के कारण दूसरे लैप में ही रेस से बाहर हो गए। वहीं, फ्रांसेस्को बान्याया (डुकाटी लेनेवो टीम) चौथे स्थान पर थे, लेकिन लैप 11 में टर्न 10 पर क्रैश हो गए, जिससे उन्हें लगातार चौथे रविवार को डीड नॉट फिनिश (डीएनएफ) का सामना करना पड़ा। इससे उनके चैंपियनशिप में तीसरे स्थान की उम्मीदों को बड़ा झटका लगा। इस दौरान फर्मिन एल्डेगुएर (बीके8 ग्रेसिनी रेसिंग मोटोजीपी) ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चौथा स्थान हासिल किया, जबकि ब्रैड बिंडर (रेड बुल केटीएम) और फैबियो क्वार्टारारो (यामाहा) के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला। (अनंत ज्ञान)

